सूर्योदय 6:58 सूर्यास्त 5:19

आज का तापमान

| | | |
|---|---|---|
| शिमला | 6 न्यू | 16 अधि |
| धर्मशाला | 9 न्यू | 20 अधि |

बाजार

| | |
|---|---|
| सेंसेक्स | 84,587 |
| निफ्टी | 25,885 |
| सोना | 1,23,342 |
| चांदी | 1,57,019 |

www.anantgyaan.in

# अनंत ज्ञान

आरएनआई नं. HPHIN/25/A0284 | कांगड़ा | बुधवार, 26 नवंबर 2025 | 11 मार्गशीर्ष, विक्रमी संवत 2082 | वर्ष 2, अंक 329, कुल पृष्ठ 14 | मूल्य : 5 रुपए | follow us on: | 8894521702

## न्यूज शॉर्ट्स

### बद्रीनाथ धाम के कपाट शीतकाल के लिए बंद

**एजेंसी, देहरादून।** उत्तराखंड के चमोली स्थित बद्रीनाथ धाम के कपाट मंगलवार को शीतकाल के लिए बंद होते ही इस साल की चारधाम यात्रा भी संपन्न हो गई है। इस साल 50 लाख से ज्यादा श्रद्धालु चारधाम यात्रा पर आए। यात्रा अक्षय तृतीया के दिन, यानी 30 अप्रैल को यमुनोत्री और गंगोत्री के कपाट खुलने से शुरू हुई थी। बद्रीनाथ धाम, जिसे बद्री नारायण मंदिर भी कहा जाता है, उत्तराखंड के चार धामों में सबसे प्रमुख और पवित्र धाम है। यह धाम भगवान विष्णु को समर्पित है, जहां वे 'बदरी-विशाल' के रूप में विराजमान हैं। इस साल 4 मई को बद्रीनाथ धाम के कपाट खोले गए थे। 25 नवंबर को विधि विधान के साथ 2 बजकर 56 मिनट पर कपाट बंद कर दिए गए हैं। इस दौरान तकरीबन 5 हजार से अधिक श्रद्धालुओं के मौजूद रहे। (अनंत ज्ञान)

### जुबीन की मौत हादसा नहीं, हत्या : हेमंत बिस्वा

**एजेंसी, गुवाहाटी।** असम के मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वा सरमा ने मंगलवार को विधानसभा में बताया कि सिंगर जुबीन गर्ग की मौत कोई हादसा नहीं, बल्कि हत्या थी। सरमा ने कहा कि यह गैर इरादतन हत्या या आपराधिक साजिश नहीं, बल्कि साफ-साफ मर्डर था। ष्टरूने दावा किया कि एक आरोपी ने सिंगर की जान ली। वहीं अन्य लोगों ने हत्या में उसकी मदद की। असम विधानसभा में विपक्षी पार्टियां जुबीन की मौत पर चर्चा के लिए स्थगन प्रस्ताव लेकर आया था।, जिस पर सीएम सरमा ने मंगलवार को विधानसभा में शीतकालीन सत्र के पहले दिन जवाब दिया। उन्होंने बताया कि राज्य पुलिस की सीआईडी के तहत गठित एसआईटी ने अब तक इस मामले में सात लोगों को गिरफ्तार किया है, 252 गवाहों से पूछताछ की है और 29 सामान जब्त किया है। (अनंत ज्ञान)

### अमेरिकी राष्ट्रपति ने शुरू किया जेनिसिस मिशन

**एजेंसी, वॉशिंगटन।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने एक नया कार्यकारी आदेश जारी कर 'जेनिसिस मिशन' शुरू किया है। इसे अपोलो मून मिशन और मैनहट्टन प्रोजेक्ट (परमाणु बम प्रोजेक्ट) जितना बड़ा बताया जा रहा है। इस मिशन का मकसद आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस का इस्तेमाल करके साइंटिफिक रिसर्च और इन्वेंशन को बहुत तेज करना है। इसके तहत ऊर्जा विभाग एक बहुत बड़ा एआई प्लेटफॉर्म बनाएगा, जिसका नाम है 'अमेरिकन साइंस एंड सिक्योरिटी प्लेटफॉर्म' होगा। इसमें अमेरिका के सारे सरकारी वैज्ञानिक डेटा, सुपरकंप्यूटर, नेशनल लैब्स और प्राइवेट कंपनियों को एक साथ जोड़ा जाएगा। इसके अलावा एआई की मदद से नई दवाइयां, नई ऊर्जा (न्यूक्लियर फ्यूजन), चिप्स-सेमीकंडक्टर, क्वांटम कंप्यूटिंग, स्पेस रिसर्च जैसे क्षेत्रों में भी तेजी से खोज होगी। (अनंत ज्ञान)

## अंदर के पन्नों पर पढ़ें


- जिलाध्यक्ष के लिए तैयार होगा 6 लोगों का पैनल -पेज 2
- प्रूनिंग वेस्ट जलाने से ऊपरी शिमला में फैला धुआं, सांसें बनीं बोझिल-पेज 3
- लोकतांत्रिक और न्यायसंगत मूल्यों का प्रतीक भारतीय संविधान -पेज 4
- नशा माफिया पर कार्रवाई करने वाले अधिकारी को हटाने पर विरोध -पेज 7
- सोलन में 33 केवी लाइन टूटने से शहर में 12 घंटे ब्लैकआउट -पेज 12


# विपक्ष करेगा वार, सरकार तैयार

## धर्मशाला के तपोवन में हिमाचल विधानसभा का शीत सत्र आज से

**राजेश कुमार, अनंत ज्ञान ब्यूरो**

**धर्मशाला।** तपोवन में विधानसभा का शीतकालीन सत्र बुधवार से शुरू होगा। 10 दिन का शीतकालीन सत्र अब तक का सबसे लंबा सत्र होगा, जिसमें 8 सीटिंग होंगी, जबकि इससे पहले सबसे लंबे सत्र में सात सिटिंग हुई थी। प्रदेश विधानसभा अध्यक्ष कुलदीप सिंह पठानिया ने मंगलवार को विधानसभा परिसर तपोवन में प्रेसवार्ता में कहा कि इस बार का शीतकालीन सत्र कई मायनों में ऐतिहासिक होगा।

उन्होंने बताया कि 14वीं विधानसभा के दसवें सत्र के लिए कुल 744 प्रश्न प्राप्त हुए हैं, जिनमें 604 तारांकित, 140 अतारांकित प्रश्न शामिल हैं। इनमें मौखिक और लिखित दोनों प्रकार के प्रश्न शामिल हैं। उन्होंने कहा कि विधानसभा में ऑनलाइन और ऑफलाइन दोनों विकल्प उपलब्ध हैं, लेकिन इस बार सभी प्रश्न ऑनलाइन ही दाखिल किए गए हैं। नियम 62 के तहत 11 सूचनाएं, नियम 63 के तहत 4 सूचनाएं, प्राइवेट मेंबर डे 7 मामले, नियम 130 के तहत 16 सूचनाएं और नियम 324 के तहत 1 सूचना प्राप्त हुई हैं। अध्यक्ष ने कहा कि सत्र का शुभारंभ 26 नवंबर को पूर्वाह्न 11 बजे होगा।

**कुल 744 प्रश्न 604 तारांकित 140 अतारांकित**

पठानिया ने स्पष्ट किया कि विधानसभा परिसर में चुने हुए प्रतिनिधियों के अलावा अन्य किसी व्यक्ति के साथ मीडिया प्रतिनिधि बातचीत नहीं कर पाएंगे। यह व्यवस्था सत्र की गरिमा और कार्यवाही को व्यवस्थित रखने के लिए लागू की गई है। तपोवन के साथ बनने वाले कन्वेंशन सेंटर की भूमि हस्तांतरित किए जाने की जानकारी देते हुए अध्यक्ष ने बताया कि विधानसभा भवन को पर्यटन गतिविधियों के लिए भी खोला गया है। यहां आगंतुकों, विशेषकर छात्रों को निशुल्क प्रवेश की सुविधा दी जा रही है।

### 10 दिन के सत्र में 8 बैठकें : विस अध्यक्ष




**प्रदेश** विधानसभा के अध्यक्ष कुलदीप सिंह पठानिया ने 2025 के विधायी कार्यों का ब्यौरा देते हुए कहा कि इस कैलेंडर वर्ष में बजट सत्र की 15, मानसून सत्र की 12 और आगामी शीतकालीन सत्र की 8 बैठकों को मिलाकर कुल 35 बैठकें पूरी की जाएंगी। उन्होंने बताया कि 28 नवंबर और 4 दिसंबर को गैर-सरकारी सदस्य कार्य के लिए निर्धारित किया गया है। इसके बाद प्रश्नकाल सहित अन्य विधायी कार्य संचालित होंगे।

### सत्र से पहले ही जुबानी हमला बोल रहा विपक्ष

**विपक्ष** पहले से ही सत्तापक्ष पर लगातार जुबानी हमले बोल रहा है। शीतकालीन सत्र से पहले भाजपा के वरिष्ठ नेता एवं विधायक बिक्रम ठाकुर ने प्रेसवार्ता करके सीएम पर पहले ही सवालों की बौछार कर दी है। इसके अलावा सत्र के दौरान प्रदेश के पेंशनर्स ने जहां विधानसभा को घेरने की बात कही है, वहीं विपक्ष की ओर से 4 दिसंबर को जोरावर में रैली के साथ महाघेराव की रणनीति बना ली है।

### आज सुबह 10:15 बजे सर्वदलीय बैठक

**प्रदेश** विधानसभा अध्यक्ष कुलदीप सिंह पठानिया बुधवार सुबह शीतकालीन सत्र से पहले सर्वदलीय बैठक का आयोजन करेंगे। बैठक का आयोजन विधानसभा अध्यक्ष के चैंबर में सुबह सवा दस बजे किया जाएगा।

# विपक्ष सदन में जो भी मुद्दा उठाए तथ्यों के साथ उठाए: सीएम सुक्खू

## कहा-भाजपा पांच गुटों में बंटी, सभी के अलग-अलग मुद्दे

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला**

प्रदेश विधानसभा के शीतकालन सत्र के लिए मंगलवार को प्रदेश सरकार के मुख्यमंत्री, मंत्री, विधायक व अफसरशाही धर्मशाला में पहुंच गई है, वहीं विपक्ष के विधायक भी पहुंच चुके हैं। शीत सत्र के लिए धर्मशाला पहुंची सरकार ने बैठक करके रणनीति बनाई। कांग्रेस विधायक दल की बैठक होटल धौलाधार में मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू की अध्यक्षता में आयोजित की गई। धर्मशाला में सीएम सुक्खू ने मीडिया से कहा कि सरकार सुचारु रूप से सदन चलाती है। विपक्ष जो भी मुद्दा उठाए तथ्यों के साथ उठाए, हम न किसी चीज से घबराने वाले हैं, न ही घबराते हैं।

सीएम ने कहा कि मुद्दे भाजपा ने रखने हैं, मुद्दों में तथ्य और सच्चाई होनी चाहिए। महज राजनीतिक लाभ और सनसनी फैलाने के लिए जो मुद्दे होते हैं, ऐसे मुद्दे कुछ समय के लिए होते हैं। सीएम ने कहा कि विपक्ष में लड़ाई इसलिए ज्यादा है, क्योंकि पांच गुटों में भाजपा बंटी हुई है, हर गुट चाहता है कि मेरे मुद्दे पर वॉकआउट हो और दिल्ली जाकर हाईकमान को बताया जा सके, क्योंकि दिल्ली में इनको फटकार लगती है।

रोगी मित्रों की भर्ती को लेकर विपक्ष द्वारा लगाए जा रहे आरोपों पर सीएम ने कहा कि पहले तो इन्हें जानकारी ही नहीं है। ये रोगी मित्र, जो मरीज अस्पतालों में आते हैं, उनकी पर्ची बनाने और डॉक्टर से समय लेने के लिए लगाए जा रहे हैं। यदि रोगी दूसरे अस्पताल के लिए रेफर होता है तो रोगी मित्र दूसरे अस्पताल में फोन करेगा कि इनकी देखभाल करो। अभी मरीजों को भटकना पड़ता है। रोगी मित्र, मरीजों की सुविधा के लिए लगाए गए हैं।



धर्मशाला में मीडिया से बातचीत करते हुए मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू।

### बोले-भाजपा में कांग्रेस का एक गुट बड़ा स्ट्रांग

**सीएम** ने कहा कि मैं जानता हूं कि भाजपा में कांग्रेस का एक गुट बड़ा स्ट्रांग है, मजबूती से खड़ा है, वे विधायक आजकल अपने घर में डीनर भी देते हैं। शायद वे विधायक सोचते हैं कि मैं ही सीएम बन जाऊं, सीएम तो पूरी जिंदगी नहीं बन पाएंगे, लेकिन मंत्री की कुर्सी के लिए उनकी तड़पन है, इस तरह से वे रणनीतिकार बने हुए हैं। भाजपा में बिका हुआ गुट ज्यादा एक्टिव हुआ है, क्योंकि उनको तकलीफ हुई है, क्योंकि वे सोच रहे थे कि सरकार गिर रही है, लेकिन देवताओं व जनता के आशीर्वाद से कांग्रेस छह सीटें और जीती है। अगली बार कांग्रेस धर्मशाला की सीट भी जीतेगी। सीएम ने कहा कि कांगड़ा में टूरिज्म कैपिटल के रूप में विकसित करने के प्रयास किए जा रहे हैं, जल्द ही कांगड़ा एयरपोर्ट के विस्तार और भूमि अधिग्रहण के कार्य को तेजी से शुरू किया जाएगा।

### यह अब तक का सबसे लंबा शीतकालीन सत्र

**सीएम** सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने कहा कि जिला कांगड़ा में इतिहास का सबसे लंबा शीतकालीन सत्र होने जा रहा है। भाजपा को तथ्यों के साथ अपनी बात रखने का मौका मिलेगा। पहले शीत सत्र क्रिसमस और नववर्ष के दौरान होता था, जिसके चलते होटल कारोबारियों की बुकिंग रद्द होती थीं, इसलिए हमने निर्णय लिया कि इस बार सत्र पहले किया जाए, जिससे कि सरकार की ओर से जो बुकिंग की जाती है, उसका फायदा होटल कारोबारियों को मिले।

### इंटरनेशनल ड्रग तस्कर पवन दुबई में गिरफ्तार

**एजेंसी, नई दिल्ली।** इंटरनेशनल ड्रग तस्करी के बड़े रैकेट का मास्टरमाइंड पवन ठाकुर दुबई में गिरफ्तार कर लिया गया है। यह गिरफ्तारी भारतीय नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो के लिए एक बड़ी सफलता मानी जा रही है, क्योंकि पवन ठाकुर देश में कई हाई-प्रोफाइल ड्रग्स बरामदगी के मामलों में मुख्य आरोपी है। पवन ठाकुर की गिरफ्तारी का सीधा संबंध दिल्ली में हाल ही में द्वारा पकड़ी गई 282 करोड़ रुपए की मेथ ड्रग्स की बड़ी खेप से है। (अनंत ज्ञान)

# पीएम मोदी ने अयोध्या राम मंदिर पर फहराई धर्मध्वजा

## बोले- अब मानसिक गुलामी से मुक्त होने का लक्ष्य

**एजेंसी, अयोध्या**

अयोध्या का राम मंदिर आज संपूर्ण हो गया। प्राण प्रतिष्ठा के 673 दिनों बाद प्रधानमंत्री मोदी और आरएसएस प्रमुख मोहन भागवत ने मंदिर के शिखर पर ध्वजारोहण किया। सुबह 11.50 बजे अभिजीत मुहूर्त में बटन दबाते ही 2 किलो की केसरिया ध्वजा 161 फुट ऊंचे शिखर पर फहराने लगी। पीएम ने धर्मध्वजा को हाथ जोड़कर प्रणाम किया।

मोदी ने कहा कि आज सदियों के घाव भर गए हैं। हम देश को गुलामी की मानसिकता से मुक्त करके रहेंगे। यह मानसिकता इतनी हावी हो गई थी कि वर्षों तक भगवान राम को काल्पनिक बताया गया। पहले चर्चा थी कि ध्वजारोहण समारोह के लिए अमिताभ बच्चन समेत कई सेलिब्रिटीज को न्योता भेजा गया है, लेकिन कोई नहीं पहुंचा। चारों शंकराचार्यों को छोड़कर देशभर के मठों के संत मंदिर परिसर में मौजूद रहे। शहर को 1000 क्विंटल फूलों से सजाया गया। रामलला ने सोने और रेशम के धागों से बने पीतांबर वस्त्र धारण किए। मंदिर में 5-लेयर सुरक्षा रही। भारी संख्या मतें जवान तैनात रहे। (अनंत ज्ञान)



### मोहन भागवत के साथ रामदरबार में की पूजा

**ध्वजारोहण** से पहले पीएम मोदी ने मोहन भागवत के साथ मंदिर की पहली मंजिल पर बने रामदरबार में पूजा और आरती की। इसके बाद रामलला के दर्शन किए। मोदी रामलला के लिए वस्त्र और चंवर लेकर पहुंचे थे। पीएम ने साकेत कॉलेज से रामजन्मभूमि तक डेढ़ किमी लंबा रोड शो भी किया। इस दौरान स्कूली छात्रों ने काफिले पर फूल बरसाए और जगह-जगह महिलाओं ने उनका स्वागत किया।

### अब भारत हथियारों का खरीदार नहीं, तकनीक निर्माता: राजनाथ

**एजेंसी, नई दिल्ली।** दिल्ली में आयोजित भारतीय नौसेना के सेमिनार 'स्वावलंबन 2025' में रक्षामंत्री राजनाथ सिंह ने देश की बढ़ती आत्मनिर्भरता और बदलते रक्षा ढांचे पर बड़ा बयान दिया। उन्होंने कहा कि भारत अब केवल हथियार खरीदने वाला देश नहीं, बल्कि तकनीक बनाने, विकसित करने और निर्यात करने वाली ताकत बन रहा है। उनके मुताबिक देश में चल रहा स्वदेशीकरण आंदोलन सिर्फ नीतियों का परिणाम नहीं, बल्कि वैज्ञानिकों, इनोवेटर्स, स्टार्टअप्स और युवाओं की कड़ी मेहनत का प्रमाण है। राजनाथ सिंह ने कहा कि भारत रक्षा क्षेत्र में आयातक नहीं, बल्कि निर्माता और अगुआ बनते हुए दुनिया को नई दिशा दिखा रहा है। उन्होंने बताया कि इनोवेशन और प्रोटोटाइप्स ने यह साबित कर दिया है कि भारत अब तकनीक का उपभोक्ता नहीं, बल्कि निर्यातक बनने की राह पर मजबूती से आगे बढ़ चुका है। (अनंत ज्ञान)

### मुजम्मिल को फरीदाबाद-गुरुग्राम लेकर पहुंची एनआईए की टीम

**एजेंसी, बल्लभगढ़।** दिल्ली ब्लास्ट में शामिल अल-फलाह यूनिवर्सिटी से गिरफ्तार आतंकी डॉ. मुजम्मिल शकील को राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) फरीदाबाद और गुरुग्राम के सोहना की अनाज मंडी लेकर पहुंची। एनआईए की टीम ने फरीदाबाद, गुरुग्राम के सोहना और फतेहपुर तगा में करीब 4 घंटे तक विभिन्न लोकेशनों पर उसकी गतिविधि की पड़ताल की। टीम ने अल फलाह यूनिवर्सिटी में उसके मेडिकल केबिन, रुम और सहयोगी-स्टूडेंट से संपर्क की छानबीन की। इसके अलावा मुजम्मिल ने लक्ष्मी बीज भंडार और मदान बीज भंडार की शिनाख्त की। उसने जांच टीम को बताया कि वर्ष 2023 के जनवरी-फरवरी माह में इन्हीं दुकानों से अमोनियम नाइट्रेट खरीदा था। सूत्रों के अनुसार, मुजम्मिल ने लक्ष्मी बीज भंडार से एक हजार किलोग्राम और मदान बीज भंडार से 600 किलोग्राम अमोनियम नाइट्रेट खरीदा था। (अनंत ज्ञान)

**फैसला** सर्वोच्च न्यायालय ने खारिज की बर्खास्त आर्मी अफसर की अपील, कहा-

# 'आप सेक्युलर सेना में रहने लायक नहीं'

**एजेंसी, नई दिल्ली**

सुप्रीम कोर्ट ने मंगलवार को आर्मी के एक पूर्व ईसाई अफसर की उस याचिका को खारिज कर दिया, जिसमें उसने अपनी बर्खास्तगी को चुनौती दी थी। अफसर पर आरोप था कि उसने अपने तैनाती स्थल पर रेजिमेंट की धार्मिक गतिविधियों में भाग लेने से इनकार किया था। इसके बाद आर्मी ने उसे बर्खास्त कर दिया। सुप्रीम कोर्ट के चीफ जस्टिस सूर्यकांत और जस्टिस जॉयमाल्या बागची की बेंच ने अफसर को आर्मी के लिए मिस फिट माना और हाईकोर्ट के फैसले को बरकरार रखा। सुप्रीम कोर्ट ने कहा, यह आचरण गंभीर अनुशासनहीनता है और सेना जैसी संस्था में इसे बर्दाश्त नहीं किया जा सकता। (अनंत ज्ञान)



**आर्मी अफसर ने गुरुद्वारा में जाने से किया था इनकार**

### यह है पूरा मामला

**मामला** 2017 का है। अफसर सैमुअल कमलेसन की यूनिट में मंदिर और गुरुद्वारा था, जहां हर हफ्ते धार्मिक परेड होती थी। वह अपने सैनिकों के साथ वहां तक जाते थे, लेकिन गुरुद्वारा के सबसे अंदर वाले हिस्से में पूजा, हवन या आरती के दौरान जाने से मना करते थे। उनका कहना था कि उनकी ईसाई मान्यता इसकी अनुमति नहीं देती अफसर का आरोप था कि एक कमांडेंट लगातार उन पर दबाव डालता था और इसी वजह से मामला बढ़ा। दूसरी ओर सेना ने कहा कि उन्होंने कई बार समझाने के बाद भी रेजिमेंटल परेड में पूरी तरह हिस्सा नहीं लिया, जो स्पष्ट रूप से अनुशासनहीनता है। लंबे समय तक चली जांच और सुनवाई के बाद उन्हें 2021 में सेवा से बर्खास्त कर दिया गया था।

### हिरासत में हिंसा-मौत व्यवस्था पर बड़ा दाग

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने मंगलवार को कड़ी टिप्पणी करते हुए कहा कि पुलिस हिरासत में हिंसा और मौतें हमारी व्यवस्था पर एक 'बड़ा दाग' हैं और देश अब इसे किसी भी हालत में बर्दाश्त नहीं करेगा। सुप्रीम कोर्ट एक मामले का स्वतः संज्ञान लेते हुए सुनवाई कर रहा है, जो देशभर के पुलिस थानों में सीसीटीवी के ठीक से न चलने से जुड़ा है। अदालत ने इस दौरान राजस्थान में आठ महीनों में 11 हिरासत मौतों पर गहरी चिंता जताई। दो जजों की बेंच न्यायमूर्ति विक्रम नाथ और संदीप मेहता ने मामले में कहा, 'देश अब ऐसी घटनाओं को बर्दाश्त नहीं करेगा। यह सिस्टम पर धब्बा है।


These initiatives aim to boost employability, entrepreneurship, and innovation among students. On the occasion of Children's Day, the children of PM SHRI Government UTKRIST Senior Secondary School, Tebban Mandi have prepared by step farming, smart Agriculture @drip irrigation + natrual farming model of agriculture and it has been shown to all the children. The children have participated very well in it.






**Super 100 – JEE & NEET Results AY 2024–25**

This academic year, students from the Super 100 program continued to perform steadily in national-level entrance examinations — **JEE** and **NEET** — with several notable outcomes.

In **JEE Mains,** a total of **20 students** qualified, marking a consistent performance compared to previous years. Of these, **3 students** appeared for **JEE Advanced,** and **1 student** successfully cleared it. While a few have secured admissions, several students are aiming for even stronger results — **5 students** have decided to take a **drop year** to prepare again with greater focus.

Among those who qualified, 3 students earned admission to **NIT Hamirpur,** and **4 others** were selected for **state government technical colleges.**

In **NEET, 10 students** qualified this year. However, most were not fully satisfied with their performance and have chosen to retake the exam next year, determined to improve their scores and aim for better medical college placements.

Overall, the **Super 100** results this year reflect consistent progress, growing confidence, and a collective resolve among students to aim higher in the coming academic cycle.

Inclusive Education under Samagra Shiksha, Himachal Pradesh is dedicated to ensuring that every Child with Special Needs (CwSN) receives comprehensive support for meaningful participation in regular schooling. A range of interventions—such as assistive devices, therapeutic services, girl stipend, escort allowance, home-based education, teacher training, and parental counselling—are being implemented to promote equitable learning opportunities.

An important activity under Inclusive Education for CwSN in Samagra Shiksha is the organization of Medical Assessment Camps across all districts. Conducted in collaboration with Government Health Institutions, expert medical professionals, and ALIMCO, these camps aim to:

1. Identify disabilities early and accurately
2. Provide medical assessments and therapeutic recommendations
3. Facilitate the issuance of disability certificates
4. Recommend rehabilitation services and provide appropriate aids and appliances
5. Connect families to relevant government schemes and support services



These camps ensure timely intervention and holistic support for every CwSN, contributing to their improved academic growth, functional independence, and overall well-being.

## न्यूज ब्रीफ

### आज और कल बंद रहेगी पानी की सप्लाई

**अनंत ज्ञान, नादौन।** नादौन उपमंडल के भूंपल क्षेत्र में एनएचएआई द्वारा पाइप लाइनों की बाईपास व्यवस्था की जाएगी। जिसके चलते ग्राम पंचायत लाहड़ कोटलू व भूंपल की पानी की सप्लाई 2 दिन बाधित रहेगी। जानकारी देते हुए जल शक्ति विभाग के सहायक अभियंता ने जारी प्रैस विज्ञप्ति में बताया कि एनएचएआई द्वारा पानी की पाइप लाइनों की बाईपास व्यवस्था की जा रही है इस लिए लाहड़ कोटलू व भूंपल क्षेत्र की पानी की सप्लाई 26 नवंबर से 27 नवंबर को बाधित रहेगी। उन्होंने उपभोक्ताओं से सहयोग दिए जाने का आग्रह किया है।

### शहीद अंकुश की जयंती पर किया रक्तदान

**अनंत ज्ञान, जाहू।** शहीद अंकुश ठाकुर की जयंती बड़ी धूमधाम के साथ मनाई गई। शाहिद की जयंती पर शहीद अंकुश ठाकुर सेना मेडल चैरिटेबल ट्रस्ट के सदस्यों व परिजनों ने शाहिद की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर उन्हें याद किया। शहीदी दिवस के अवसर पर ट्रस्ट ने रक्त दान शिविर का आयोजन पीएचसी कड़ोहता में किया। रक्तदान शिविर में सूबेदार मेजर कैप्टन होशियार सिंह वर्मा ने बतौर मुख्यातिथि शिरकत की। इसमें 25 यूनिट रक्त एकत्रित किया गया। मुख्यातिथि सूबेदार मेजर कैप्टन होशियार सिंह वर्मा ने कहा कि रक्तदान महादान है और हर युवा को रक्तदान करना चाहिए। वहीं ट्रस्ट की अध्यक्षा उषा रानी ने बताया कि शाहिद अंकुश ठाकुर की जयंती बड़ी धूमधाम के साथ मनाई गई। उन्होंने रक्तदान करने वाले सभी रक्तदाताओं का आभार व्यक्त किया। उषा रानी ने लोगों से अपील की है कि यदि आपके कोई जरूरतमंद है तो वह ट्रस्ट के सदस्यों से संपर्क कर सकते है

### रैली निकालकर रक्तदान करने की अपील की

**शशि सोनल, अनंत ज्ञान, नादौन।** पीएम श्री राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय उत्कृष्ट बाल नादौन के एनएसएस के वालंटियर ने नादौन शहर के विभिन्न बाजारों में जागरूकता रैली निकालकर युवाओं व स्थानीय व्यापारियों को रक्तदान करने के बारे में जागरूक किया तथा रक्तदान करने की अपील की। इस मुहिम में विशाल, अभिशांत, अभिषेक, कृष, इरफान, निशांत, अनुज, सुजीत व अरविंद आदि ने भाग लिया। बाल स्कूल में 28 नवंबर को रक्तदान शिविर लगाया जाएगा। यह जानकारी देते हुए स्कूल के कार्यकारी प्रिंसीपल सतीश कुमार ने बताया कि सुशील कुमार व अरविंद कुमार के नेतृत्व में यह अभियान चलाया गया है।

### महिला सम्मान ही समाज की प्रगति का आधार

**अनंत ज्ञान, सुजानपुर।** मॉडल पीएचसी जंगलबैरी में अंतरराष्ट्रीय महिला शोषण उन्मूलन दिवस के अवसर पर विशेष जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता डॉ. सुरेंद्र सिंह डोगरा ने की, जबकि फीमेल हेल्थ सुपरवाइजर रविंद्र, कम्युनिटी हेल्थ ऑफिसर हिंदू धीमान और फार्मासिस्ट ऑफिसर सुरेंद्र भरवाल विशेष रूप से उपस्थित रहे। डॉ. डोगरा ने कहा कि महिलाओं के विरुद्ध किसी भी प्रकार की हिंसा–शारीरिक, मानसिक, यौन या भावनात्मक–पूरी मानवता पर कलंक है। उन्होंने मातृशक्ति को प्रकृति का मूल स्रोत बताया और कहा कि महिलाओं का सम्मान और सुरक्षा समाज की जिम्मेदारी है। उन्होंने हिंसा के चार मुख्य प्रकार–शारीरिक, यौन, मनोवैज्ञानिक और वंचना–के प्रभावों पर प्रकाश डालते हुए जागरूकता और संवेदनशीलता बढ़ाने का आग्रह किया। उन्होंने कहा कि पेशेवरों को प्रशिक्षण, शिक्षा प्रणाली में लैंगिक समानता और अपराधियों के पुनर्वास कार्यक्रम जरूरी हैं। कार्यक्रम का संदेश था कि सुरक्षित, सम्मानित और सशक्त महिला ही समाज की समृद्धि की नींव रखती है।

### वर्षा शालिका और सेल्फी स्टैंड का लोकार्पण

**अनंत ज्ञान, सुजानपुर।** सुजानपुर। विधायक कैप्टन रणजीत सिंह ने सुजानपुर शहर में विभिन्न विकास कार्यों का उद्घाटन कर जनता को समर्पित किया। उन्होंने वार्ड नंबर 2 में पुराने प्राकृतिक जल स्रोत का लोकार्पण किया, जिसे नगर परिषद ने नए सिरे से तैयार किया है। वहीं, वार्ड नंबर 9 में नए सेल्फी स्टैंड और वर्षा शालिका का उद्घाटन किया गया। विधायक ने कहा कि उनका प्रयास है कि सुजानपुर शहर को नंबर वन और विकसित शहर बनाया जाए। शहर के गली-मोहल्लों, बाजार, मुख्य बस स्टैंड और ऐतिहासिक मैदानों को सुंदर बनाने के लिए लगातार कार्य किए जा रहे हैं। नगर परिषद अधिकारी, पार्षद और कांग्रेस पार्टी के कार्यकर्ताओं ने विधायक का गर्मजोशी से स्वागत किया। उन्होंने जनता से सहयोग की अपील की ताकि हर विकास कार्य सफलतापूर्वक पूरा किया जा सके

### हिमाचल आर्थिक इमरजेंसी के कगार पर: राणा

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** हिमाचल प्रदेश भाजपा के वरिष्ठ प्रवक्ता और सुजानपुर के पूर्व विधायक राजेंद्र राणा ने सुक्खू सरकार पर तीखा हमला बोला है। राणा ने कहा कि सरकार ने हिमाचल को आर्थिक इमरजेंसी के कगार पर पहुंचा दिया है और हर वर्ग खुद को ठगा हुआ महसूस कर रहा है। उन्होंने आरोप लगाया कि कर्मचारियों, पेंशनरों, ठेकेदारों और समाज के विभिन्न वर्गों के हक मारकर सरकार अपने नजदीकी मित्रों पर जनता का पैसा लुटा रही है। राणा ने कहा कि घाटे में चल रहे निगमों में कर्मचारियों की सैलरी तक के लिए पैसे नहीं हैं, लेकिन सरकार अपने चहेतों को मोटे वेतन और सुविधाओं से भरपूर पद दे रही है। उन्होंने पंचायत चुनाव टालने, सत्ता के तीन साल के जश्न और सामान्य कांग्रेस कार्यकर्ताओं की उपेक्षा पर भी निशाना साधा। राजेंद्र राणा ने कहा कि प्रदेश में निवेशक असुरक्षित महसूस कर रहे हैं, विकास कार्य ठप पड़े हैं और यदि सरकार इसी तरह खर्च और कर्ज का खेल जारी रखती है, तो आने वाले समय में हिमाचल गंभीर आर्थिक संकट से नहीं बच पाएगा।

### नादौन कॉलेज में एथलेटिक मीट 27-28 को

**अनंत ज्ञान, नादौन।** नादौन कॉलेज में 27 व 28 नवंबर को एथलेटिक मीट का आयोजन किया जा रहा है, जिसे खेल उत्सव 2025 नाम दिया गया है। इस प्रतियोगिता के मुख्य अतिथि कॉलेज के प्रिंसीपल डॉ. सुनील कुमार बस्सी होंगे। वह प्रतिभागियों का उत्साहवर्धन करेंगे। इस एथलेटिक मीट में कॉलेज के साथ-साथ कॉलेज द्वारा गोद लिए 5 स्कूलों, जिनमें एक डाइट भी शामिल है, के छात्र-छात्राएं भाग लेंगे। कार्यक्रम के समन्वयक प्रो. विशाल ने बताया कि इस खेल उत्सव के दौरान खिलाड़ियों की प्रतिभा को निखारने के लिए 100 मीटर, 200 मीटर, 400 मीटर, 800 मीटर व 1500 मीटर दौड़ लंबी कूद, ऊंची कूद, शॉट पुट व रस्साकशी जैसी प्रमुख प्रतियोगिताएं आयोजित की जाएंगी। कॉलेज प्रशासन द्वारा इस आयोजन को सफल बनाने हेतु सभी तैयारियां पूर्ण कर ली गई हैं।

### सिक्योरिटी गार्ड व सुपरवाइजर के इंटरव्यू 3 को

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** एसआईएस इंडिया लिमिटेड आरटीए द्वारा हमीरपुर में सिक्योरिटी गार्ड और सुपरवाइजर के 70 पदों के लिए भर्ती साक्षात्कार 3 दिसंबर को सुबह 11 बजे जिला रोजगार कार्यालय हमीरपुर में आयोजित किए जाएंगे। जिला रोजगार अधिकारी सुरेंद्र शर्मा के अनुसार 19 से 40 वर्ष आयु के पुरुष उम्मीदवार इन पदों के लिए पात्र होंगे। शैक्षणिक योग्यता के रूप में दसवीं फेल, दसवीं पास या इससे अधिक योग्यता स्वीकार्य है। चयन के लिए उम्मीदवार की लंबाई कम से कम 168 सेमी तथा वजन 52 से 95 किलोग्राम के बीच होना आवश्यक है। चयनित अभ्यर्थियों को मौके पर ही ऑफर लेटर दिया जाएगा और 17,500 से 23,000 रुपये तक मासिक वेतन सहित अन्य सुविधाएं प्रदान की जाएंगी। पात्र उम्मीदवार अपने मूल प्रमाणपत्र और हिमाचली प्रमाणपत्र के साथ साक्षात्कार में भाग ले सकते हैं।

### 6 को मनाएंगे होमगार्ड्स का स्थापना दिवस

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** हिमाचल प्रदेश गृह रक्षा का 63वां राज्य स्तरीय स्थापना दिवस 6 दिसंबर को गृह रक्षा की दसवीं वाहिनी हमीरपुर में बड़े उत्साह के साथ मनाया जाएगा। दसवीं वाहिनी के कमांडेंट लेफ्टिनेंट कमांडर (सेवानिवृत्त) विनय कुमार ने बताया कि 1962 से गृह रक्षा विभाग के अधिकारी और कर्मचारी जिला प्रशासन, पुलिस और अन्य संस्थाओं के साथ मिलकर लगातार अपने कर्तव्य का पालन कर रहे हैं। इस वर्ष का राज्य स्तरीय समारोह शिमला स्थित गृह रक्षा संयुक्त केंद्रीय प्रशिक्षण संस्थान सरघीण में आयोजित होगा, जिसमें बैटल मार्च, परेड मार्च पास्ट, आपदा प्रबंधन तकनीकों का प्रदर्शन और ब्रास बैंड प्रस्तुति शामिल है। दसवीं वाहिनी ने पिछले वर्ष जिला प्रशासन, पुलिस और संस्थाओं के सहयोग से कानून व्यवस्था, आपदा प्रबंधन, यातायात, मंदिर सुरक्षा और रात्रि गश्त में महत्त्वपूर्ण योगदान दिया। उन्होंने 137 सरकारी कार्यालयों और स्कूलों में आपदा जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए, जिसमें 15,300 लोग शामिल हुए, साथ ही पर्यावरण संरक्षण और सार्वजनिक स्थानों की सफाई में भी योगदान दिया गया।

### टीजीटी अध्यापकों को भी 20 वर्ष सेवा के बाद दो विशेष वेतन वृद्धि देने की मांग

**अनंत ज्ञान, भोरंज।** हिमाचल प्रदेश प्रशिक्षित कला स्नातक संघ के प्रदेशाध्यक्ष सुरेश कौशल ने कहा कि शिक्षा विभाग टीजीटी अध्यापकों की पदोन्नति में लगातार देरी कर रहा है, जिससे अधिकांश शिक्षक बिना पदोन्नति के सेवानिवृत्त हो रहे हैं। कौशल ने बताया कि प्रदेश में लगभग 800 प्रधानाचार्य और 450 मुख्याध्यापक के पद खाली हैं, जिससे स्कूलों में शिक्षा सुधार कार्य बाधित हो रहा है। उन्होंने मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू और शिक्षा मंत्री रोहित ठाकुर से अपील की कि टीजीटी अध्यापकों, प्रधानाचार्य और मुख्याध्यापकों की पदोन्नति पर स्वयं संज्ञान लें और शिक्षा विभाग को सख्त निर्देश जारी करें। कौशल ने कहा कि सीएंडवी अध्यापकों को 20 वर्ष सेवा के बाद दो विशेष वेतन वृद्धि दी जाती है, लेकिन टीजीटी अध्यापकों को 27-30 वर्ष सेवा के बाद भी यह लाभ नहीं मिल रहा। उन्होंने इसके समान लाभ देने की मांग की। संघ के वरिष्ठ नेताओं ने भी पदोन्नतियों में तेजी लाने की आवश्यकता पर जोर दिया।

# कांग्रेस ऑब्जर्वर गोहिल बंद कमरे में कार्यकर्ताओं से 'वन टू-वन' मिले

## कहा-जिला अध्यक्ष की परफॉर्मेंस की तीन माह के भीतर होगी परख

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, हमीरपुर**

कांग्रेस के राज्यसभा सांसद और हमीरपुर जिला के ऑब्जर्वर शक्तिसिंह गोहिल के हमीरपुर पहुंचते ही कांग्रेस का हर छोटा बड़ा वर्कर और नेता अलर्ट हो गया है। उनसे मिलने के लिए वर्कर्स की भीड़ भी खास अंदाज में देखी गई।

उन्होंने टाउन हॉल में कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए साफ कहा कि इस बार संगठन का मुखिया जांच परख के होगा। 3 महीने के भीतर उसकी परफॉर्मेंस से जांच होगी। यह सारी प्रक्रिया ऑनलाइन रहेगी और यदि उम्मीदों पर खरा नहीं उतरा, तो उसे हटाने में भी पार्टी हाई कमान कोई संकोच नहीं करेगी। क्योंकि अब संगठन की जवाब देही परफॉर्मेंस के आधार पर ही रहेगी। उसकी हर एक मामले में जितनी भूमिका रहेगी, उतनी ही जवाब देही भी। गोहिल उसके बाद बाजार में स्थित पीडब्ल्यूडी के रेस्ट हाउस में भी पहुंचे। उन्होंने वहां पर एक-एक करके सभी कार्यकर्ताओं से उनकी राय जानी। इसमें जिला भर से आए वरिष्ठ नेता भी शामिल थे। कारण यह था कि जिला अध्यक्ष की तैनाती को लेकर उन्होंने सभी से राय लेनी थी, और इसमें काफी देर तक उनके कमरे के बाहर जमघट बना रहा। वर्कर्स अपनी-अपनी बारी की इंतजार में देखे गए। महिलाएं भी काफी तादाद में थीं। उन्होंने जिला की राजनीति को लेकर भी उनसे चर्चा की।


कांग्रेस ऑब्जर्वर शक्ति सिंह गोहिल से मिलने के लिए अपनी बारी के इंतजार में खड़े वर्कर्स।

सूत्रों का कहना है कि सरकार और वर्कर्स के बीच में क्या चल रहा है? उस पर भी उन्होंने हाल-चाल पूछा। वर्कर्स बैठक में खूब भीड़ जुटी हुई थी। कई ऐसे पुराने कार्यकर्ता भी देखे गए, जो अक्सर अब कांग्रेस के कार्यक्रमों में कम दिखते हैं। जिला अध्यक्ष की भूमिका में जिन नेताओं ने महत्वाकांक्षा पाली हुई है। उनकी मौजूदगी भी अपने-अपने कार्यकर्ताओं के बलबूते यहां देखी गई। ऑब्जर्वर से वन टू वन मिलने के सिलसिले में उन्होंने अपने-अपने पक्ष में माहौल बनाने के लिए भी कोई कसर नहीं छोड़ी। अगले तीन दिन गोहिल हमीरपुर जिला में ही रहेंगे और संगठन की मजबूती को लेकर जिस नए माहौल में हुए वर्कर्स को ढालने का माहौल बनाने का प्रयास कर रहे हैं। उसकी फिलहाल शुरुआत तो अच्छी दिख रही है, देखना यही होगा कि उनके दावे के मुताबिक कांग्रेस की जिला स्तर की राजनीति किस करवट बैठेगी?

## अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिताओं में शानदार प्रदर्शन करने वाली बेटियों को दी बधाई



**अनंत ज्ञान, हमीरपुर**

पूर्व केंद्रीय मंत्री और सांसद अनुराग सिंह ठाकुर ने थाईलैंड के पटाया में आयोजित आईएचएफ ट्रॉफी हैंडबॉल यूथ बालिका कॉन्टिनेंटल फेज टूर्नामेंट में रजत पदक जीतकर भारत लौटी टीम का हार्दिक अभिनंदन किया। उन्होंने टीम के सभी सदस्यों व मुख्य कोच सचिन चौधरी को शुभकामनाएं देते हुए उनके उत्कृष्ट प्रदर्शन और समर्पण की सराहना की। उन्होंने कहा कि भारतीय बेटियों ने एक बार फिर अंतरराष्ट्रीय मंच पर देश का गौरव बढ़ाया है।

अनुराग ठाकुर ने कहा कि भारतीय महिला कबड्डी टीम ने लगातार दूसरी बार महिला कबड्डी विश्व कप 2025 का खिताब जीतकर नया इतिहास रचा है। यह ऐतिहासिक उपलब्धि भारत की बेटियों की प्रतिबद्धता, मेहनत, अनुशासन और अटूट आत्मविश्वास का अद्वितीय प्रमाण है। अनुराग ने कहा कि भारतीय खिलाड़ियों का जज़्बा, अनुशासन और अदम्य हौसला देश की नई पीढ़ी को बड़े सपने देखने और उन्हें पूरे संकल्प के साथ पूरा करने की प्रेरणा देता है। उन्होंने कहा कि देश की बेटियों पर पूरे भारत को गर्व है और ये उपलब्धियां नारी शक्ति के बढ़ते सामर्थ्य का प्रतीक हैं।

**नारी शक्ति ने फिर लहराया परचमः अनुराग ठाकुर**

## कांग्रेस सरकार पंचायत चुनावों में देरी के लिए दिखा रही है 'लॉलीपॉप': भाजपा

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर**

जिला भाजपा हमीरपुर ने कांग्रेस नेतृत्व वाली राज्य सरकार पर आम जनता और प्रदेश के कर्मचारियों को लगातार भ्रमित करने का आरोप लगाते हुए कड़ी आलोचना की है। जारी संयुक्त बयान में भाजपा जिलाध्यक्ष राकेश ठाकुर, जिला महामंत्री अजय रिंटू तथा जिला मीडिया प्रभारी विक्रमजीत सिंह बन्याल ने कहा कि सुक्खू सरकार अपने चुनावी वायदों पर पूरी तरह विफल रही है। उन्होंने कहा कि अब सरकार ग्राम पंचायतों की अनावश्यक पुनर्गठन तथा डिलीमीटेशन का बहाना बनाकर पंचायत चुनावों से भागने की कोशिश कर रही है।

राकेश ठाकुर ने कहा कि राज्य निर्वाचन आयोग पहले ही मॉडल कोड ऑफ कंडक्ट की उस महत्त्वपूर्ण धारा को लागू कर चुका है, जो पंचायतों व नगर निकायों की सीमाओं में किसी भी तरह के बदलाव पर रोक लगाती है। 17 नवंबर को आयोग ने धारा 12.1 लागू करते हुए स्पष्ट कर दिया था कि 3,577 ग्राम पंचायतों, 90 पंचायत समितियों, 11 जिला परिषदों और 71 नगरीय निकायों की डिलीमीटेशन पहले ही पूरी की जा चुकी है। इसके बावजूद कैबिनेट द्वारा लिए गए निर्णय सरकार के चुनाव हारने के भय को दर्शाते हैं और चुनाव टालने की मंशा को उजागर करते हैं।

वहीं, अजय रिंटू और विक्रमजीत बन्याल ने अपने संयुक्त बयान में कहा कि सुक्खू सरकार ने 805 स्कूल प्रिंसिपलों की लंबे समय से लंबित पदोन्नतियों को भी अनावश्यक रूप से लटकाकर रखा है। प्रमोशनों को आगे बढ़ाने के नाम पर नई डिपार्टमेंटल प्रमोशन कमेटी (डीपीसी) का गठन करना सिर्फ देरी का नया बहाना है। विगत दो वर्षों से प्रशासनिक कमजोरी और कानूनी जटिलताओं के कारण ये प्रमोशन रुके हुए हैं, जिससे शिक्षकों में भारी रोष और असमंजस बना हुआ है। इस अवधि में वरिष्ठ शिक्षकों को अतिरिक्त प्रिंसिपल का कार्यभार सौंपकर ही काम चलाया गया। वर्तमान में राज्य के 805 स्कूलों में प्रधानाचार्य का पद रिक्त हैं और वरिष्ठ शिक्षकों को इस पद का अतिरिक्त कार्यभार सौंपा गया है।

# जिलाध्यक्ष के लिए तैयार होगा 6 लोगों का पैनल

## कांग्रेस का संगठनात्मक ढांचा मजबूत करने को हाईकमान चुनेगा नया अध्यक्ष: गोहिल

**विक्रम ढटवालिया, अनंत ज्ञान**

**हमीरपुर।** राज्यसभा सांसद व हमीरपुर के पार्टी प्रभारी शक्ति सिंह गोहिल ने कहा कि पार्टी के संगठनात्मक ढांचे को मजबूती देने के लिए हमीरपुर जिला की 'सरदारी' के लिए 6 नामों का पैनल तैयार होगा। इसकी मॉनिटरिंग दिल्ली में होगी। वहां पॉलीटिकल अफेयर्स कमेटी के द्वारा हमीरपुर के जिला अध्यक्ष पद पर अंतिम मोहर लगाएगी। इसके लिए आवेदन का सिलसिला शुरू हो गया है।

मंगलवार को सर्किट हाउस हमीरपुर में बुलाई गई पत्रकारवार्ता को संबोधित करते हुए गोहिल ने कहा कि कांग्रेस के संगठन का ढांचा पूरी तरह लोकतांत्रिक और पारदर्शी प्रक्रिया से आगे बढ़ रहा है। उन्होंने हमीरपुर को वीरभूमि बताते हुए कहा कि यह जिला शिक्षा और सैन्य योगदान दोनों में अग्रणी रहा है।

उन्होंने कहा कि बीती रात को कांग्रेस के कई वरिष्ठ नेताओं के साथ मिलकर संगठनात्मक ढांचे को लेकर काफी कुछ हासिल किया है। पार्टी में दावे के लिए एक आवेदन फार्म भी तैयार किया है, जिसमें सारा ब्योरा देकर बहुत जल्दी आवेदक को उनके पास जमा करवाना होगा।



प्रेस कॉन्फ्रेंस को संबोधित करते शक्ति सिंह गोहिल व साथ में हैं कई नेता।

उन्होंने कहा कि कांग्रेस लोकतांत्रिक पार्टी है व इसका संगठन भी इस आधार पर चलता है। उन्होंने एक सवाल के जवाब में कहा कि परंपरागत रूप से जो चलता रहा है, वह हो सकता है उस समय की जरूरत नहीं हो। लेकिन अब पुराने नेताओं के अनुभव और युवा शक्ति की नई ऊर्जा के साथ पार्टी के संगठनात्मक ढांचे को बूथ स्तर पर मजबूत करने का बीड़ा उठाया गया है और इसके रिजल्ट्स बेहद खास होंगे। उन्होंने कहा कि जिला अध्यक्षों से लेकर ब्लॉक स्तर तक संगठन का सारा ढांचा एक महीने के भीतर तैयार हो जाएगा। आने वाले समय में यही ढांचा सरकार को रिपीट करने के लिए काम करेगा, 'ग्रास रूट' का ढांचा मजबूत होगा। तभी 'बाई डिजाइन' सरकार बनाई जाएगी। गोहिल ने कहा कि संगठन सृजन अभियान के तहत मुकुल वासनिक की अध्यक्षता में कमेटी बनाई गई है, जो 'ग्रासरूट' स्तर पर कार्यकर्ताओं की राय लेने के बाद जिला अध्यक्ष का चयन करेगी। यह अभियान पहले गुजरात में पायलट प्रोजेक्ट के रूप में शुरू हुआ और अब हिमाचल में लागू कर दिया गया है।

**कहा-एक माह में तैयार होगा कांग्रेस का पूरा जिला-ब्लॉक ढांचा**

### अग्निवीर योजना को खत्म करना लक्ष्य

**गोहिल** ने कहा कि अग्निवीर योजना को खत्म करना कांग्रेस का मुख्य लक्ष्य है। इस योजना में बहुत सारी खामियां हैं। उन्होंने उदाहरण देकर कहा कि इससे युवाओं को बहुत निराशा हुई है। कांग्रेस बूथ को मजबूत करके ही अपने ढांचे को नेशनल लेवल पर मजबूत करेगी। भाजपा वर्कर का मान सम्मान नहीं करती है, कांग्रेस इसमें अलग नजरिया रखती है और वर्कर की पहचान करके ही अंतिम फैसला लेती है।

## नादौन की ग्राम पंचायत बड़ा का विघटन तय

**वीरेंद्र गोस्वामी, अनंत ज्ञान, बड़ा।** प्रदेश में पंचायतों के पुनर्गठन और नई पंचायतें बनाने की कैबिनेट बैठक में स्वीकृति मिलने के बाद राजनीतिक चर्चाओं का बाजार गर्म हो गया है। विशेषकर नादौन विधानसभा क्षेत्र की ग्राम पंचायत बड़ा में पंचायत विघटन का मुद्दा लोगों के बीच मुख्य चर्चा का विषय बन गया। लोगों का कहना है कि अब तय है कि पंचायत बड़ा का विघटन कर एक नई पंचायत चमराल का निर्माण किया जाएगा।

स्थानीय लोगों ने बताया कि बड़ा पंचायत जनसंख्या के हिसाब से नादौन विकास खंड की सबसे बड़ी पंचायत है। यहां कुल आबादी लगभग 3300 है और मतदाताओं की संख्या करीब 2400 पहुंच चुकी है, जबकि नई पंचायत निर्माण के लिए 1060 मतदाता का मानक निर्धारित है। पंचायत वासियों ने कई बार अपनी मांग रखी थी कि बड़ा पंचायत का विघटन किया जाए ताकि पंचायत में संतुलित विकास सुनिश्चित किया जा सके। स्थानीय लोगों का कहना है कि कैबिनेट मीटिंग में नई पंचायतों के निर्माण की स्वीकृति सही निर्णय है, क्योंकि इससे पंचायतों के पुनर्गठन और विकास की दिशा में सुधार संभव होगा। पंचायत विघटन और नई पंचायत निर्माण के बाद नादौन क्षेत्र में पंचायती चुनावों की तैयारियों को लेकर राजनीतिक गतिविधियां तेज हो गई हैं। लोगों की उम्मीद है कि अब इस लंबे समय से चली आ रही मांग को पूरा किया जाएगा और बड़ा पंचायत का विभाजन करके न केवल जनसंख्या के हिसाब से बल्कि विकास कार्यों के लिए भी नए अवसर प्रदान किए जाएंगे। इससे पंचायत वासियों को विकास की समान सुविधा मिलने की उम्मीद बढ़ गई है।

## ऑस्ट्रेलिया आर्मी में लेफ्टिनेंट बने सुमित ठाकुर का राष्ट्रीय ध्वज से सम्मानित कर किया स्वागत

**अनिल कुमार, अनंत ज्ञान**



**हमीरपुर।** ऑस्ट्रेलिया आर्मी में बतौर लेफ्टिनेंट सेवाएं देने वाले ग्राम पंचायत सौर के गांव मनसुई निवासी सुमित ठाकुर से मिलकर उन्हें देश का नाम रोशन करने के लिए जनसेवक एवं उखली पंचायत के उपप्रधान सुशील ठाकुर ने बधाई दी। इस अवसर पर अन्य गणमान्य लोग भी उपस्थित रहे। सुमित ठाकुर ने कुछ समय पहले ही ऑस्ट्रेलिया की आर्मी में लेफ्टिनेंट के पद चयनित हुए हैं। उनकी इस उपलब्धि से हमीरपुर जिला सहित हिमाचल प्रदेश और देश का नाम रोशन हुआ है। सुमित ठाकुर छुट्टी पर घर आए हुए हैं तथा उन्हें घर पर ही राष्ट्रीय ध्वज देकर उनका सम्मान किया गया। इस अवसर पर सुशील ठाकुर ने कहा कि लेफ्टिनेंट सुमित ठाकुर की यह उपलब्धि युवाओं के लिए प्रेरणा का स्रोत है। अच्छी शिक्षा प्राप्ति और लग्न से की हुई मेहनत से कोई भी मुकाम हासिल किया जा सकता है।

बता दें कि सुमित ठाकुर पुत्र सुनील कुमार की प्रारंभिक शिक्षा तीसरी कक्षा तक डीएवी स्कूल हमीरपुर में हुई है। उसके उपरांत यह परिवार ऑस्ट्रेलिया चला गया। आगे की स्कूली पढ़ाई सुमित ठाकुर ने सिडनी से प्राप्त की है। स्कूली शिक्षा प्राप्त करने के उपरांत उन्होंने मेलबर्न स्थित मोनाश यूनिवर्सिटी से बैचलर ऑफ मेकाट्रॉनिक्स इंजीनियर की डिग्री हासिल की। उनकी शैक्षिक सफलताएं और राष्ट्र सेवा के प्रति समर्पण भाव ने उन्हें ऑस्ट्रेलिया आर्मी में अधिकारी बनने के पद पर अग्रसर किया। उनका विदेशी सेवा में बतौर लेफ्टिनेंट तैनात होना पहाड़ी राज्य हिमाचल प्रदेश के लिए अत्यंत गौरव की बात है। सुशील ठाकुर ने कहा कि सुमित ठाकुर कि यह उपलब्धि युवा पीढ़ी को जीवन में सही दिशा पर आगे बढ़ने के लिए प्रेरित करने का काम करेगी। उन्होंने सुमित ठाकुर तथा उनके परिजनों को इस उपलब्धि के लिए शुभकामनाएं दी।

**उपप्रधान सुशील ठाकुर ने उपलब्धि को युवाओं के लिए बताया प्रेरणा**

### बिजली कटों से प्रभावित हो रही पेयजल आपूर्ति

**एसके ठाकुर, अनंत ज्ञान, बड़सर।** उपतहसील ढटबाल के ग्रामीण इलाकों में पेयजल आपूर्ति लगातार प्रभावित हो रही है। पिछले कई महीनों से उपभोक्ताओं को पानी समय पर नहीं मिल पा रहा है, जबकि हाल की बरसात में पानी के स्रोत पर्याप्त हैं। जल शक्ति विभाग द्वारा अधिकांश क्षेत्रों में एक दिन छोड़ तीसरे दिन पानी की सप्लाई की जाती है, लेकिन कुछ क्षेत्रों जैसे सोहारी, बरला और बिझड़ी में चार दिन बाद भी पर्याप्त पानी नहीं मिल पाता। सूत्रों के अनुसार, 99 गांवों को उठाउ पेय जल योजना के तहत पर्याप्त आपूर्ति नहीं मिल पा रही, जिससे विभागीय कर्मचारियों को वितरण में दिक्कतें हो रही हैं। जल शक्ति विभाग के कनिष्ठ अभियंता चकमोह जगरूप सिंह का कहना है कि सुबह 7 से 9 बजे तक लगने वाले विद्युत कटों के कारण सप्लाई बाधित हो रही है। स्थानीय उपभोक्ता कई बार शिकायत करने के बावजूद समाधान की उम्मीद कर रहे हैं, लेकिन समस्या बनी हुई है।

### पुष्पेंद्र वर्मा ने मुख्यमंत्री का जताया आभार

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** वरिष्ठ कांग्रेस नेता डॉ. पुष्पेंद्र वर्मा ने हमीरपुर को हिमाचल प्रदेश का दूसरा सुपर स्पेशलिटी मेडिकल कॉलेज देने के लिए मुख्यमंत्री का आभार व्यक्त किया। उन्होंने बताया कि कल हुई कैबिनेट बैठक में 9 सुपर स्पेशलिटी विभागों की स्थापना और 73 पदों (प्रोफेसर, सहायक प्रोफेसर, सीनियर रेजिडेंट) को स्वीकृति दी गई, जो जिले के स्वास्थ्य ढांचे को नई ऊंचाई देंगे। यह हमीरपुर के लिए ऐतिहासिक उपलब्धि है और शिमला के चमियाना के बाद प्रदेश का दूसरा बहु-विशेषज्ञ मेडिकल संस्थान बन रहा है। डॉ. वर्मा ने मुख्यमंत्री द्वारा पहले उत्तर भारत के सबसे बड़े कैंसर उपचार संस्थान की स्थापना करने की भी याद दिलाई। उन्होंने गवर्नमेंट बॉयज और गर्ल्स स्कूल के एकीकरण व उन्हें सीबीएसई बोर्ड के तहत लाने के निर्णय के लिए भी धन्यवाद दिया। ।

### सांस्कृतिक कार्यक्रम पेश कर मोहा मन

**अनंत ज्ञान, नादौन।** राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय नादौन का वार्षिक पारितोषिक वितरण समारोह हर्षोल्लास, सांस्कृतिक विविधता और हिमाचली परंपराओं की अनोखी छटा के बीच सम्पन्न हुआ। समारोह में एडीसी हमीरपुर अभिषेक गर्ग ने बतौर मुख्य अतिथि शिरकत की और विद्यालय की बहुआयामी उपलब्धियों की सराहना करते हुए मेधावी छात्राओं को सम्मानित किया। उन्होंने कहा कि यहां शिक्षा केवल पुस्तकों तक सीमित नहीं है, बल्कि खेल, विज्ञान, संस्कृत, संगीत और संस्कृति के संरक्षण को भी समान महत्व दिया जाता है। समारोह में पंजाबी, हरियाणवी, बंगाली, गुजराती, भोजपुरी और राजस्थानी लोकनृत्यों के साथ हिमाचली नाटी की प्रस्तुतियों ने दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। शास्त्रीय संगीत और प्रेरणादायक नाट्य प्रस्तुतियों ने शिक्षा और सामाजिक जागरूकता का संदेश भी पहुंचाया। प्रधानाचार्या राजकुमारी कौशल ने वर्षभर की गतिविधियों और उपलब्धियों पर आधारित वार्षिक रिपोर्ट प्रस्तुत की। कार्यक्रम में महिला कांग्रेस अध्यक्ष रीना देवी सहित कई गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

## सुभाष ढटवलिया ने करेर स्कूल के मेधावी बच्चों को किया सम्मानित


करेर स्कूल के वार्षिक समारोह के दौरान होनहारों को सम्मानित करते हुए।

**एसके ठाकुर, अनंत ज्ञान**

**बड़सर।** बड़सर के वरिष्ठ कांग्रेस नेता सुभाष ढटवालिया ने राजकीय उच्च विद्यालय करेर के वार्षिक पारितोषिक वितरण समारोह में बतौर मुख्य अतिथि शिरकत की।

समारोह के दौरान उन्होंने कहा की मेहनत से किसी भी मंजिल को हासिल किया जा सकता है। मेहनत ही सफलता की कुंजी है अगर आज आप मेहनत करोगे तो अपनी मंजिल आसानी से हासिल कर सकेंगे। स्कूल में पहुंचने पर मुख्य अतिथि का भव्य स्वागत किया गया। बच्चों ने रंगारंग प्रोग्राम प्रस्तुत किए। जब पंजाबी गिद्दा पेश किया गया तो बच्चों के अभिभावकों के साथ-साथ सभी गणमान्य लोगों ने खूब तालियां बटोरी। कार्यक्रम के दौरान ढटवालिया ने विद्यार्थियों के प्रोत्साहन के रूप मे 5100 रुपए प्रदान किए।

स्कूल प्रधानाचार्य में वार्षिक रिपोर्ट पढ़कर प्रस्तुत की जिसमें स्कूल का इतिहास बच्चों की साल भर की गतिविधियों का विवरण सबके सामने रखा। मुख्य अतिथि ने कार्यक्रम कि आखिर में मेधावी छात्रों को प्रमाणपत्र भेंट करके सम्मानित किया। इस अवसर पर बच्चों कि अभिभावक भी उपस्थित रहे।

### संविधान दिवस के महत्व पर डाला प्रकाश

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** करियर प्वाइंट विश्वविद्यालय, हमीरपुर के स्कूल ऑफ लीगल स्टडीज एंड गवर्नेंस द्वारा आयोजित दो-दिवसीय राष्ट्रीय संगोष्ठी 'भारतीय संविधानः एक जीवंत दस्तावेज और समकालीन चुनौतियां' का शुभारंभ हुआ। कार्यक्रम में देशभर से विधि विशेषज्ञ, शिक्षाविद, शोधार्थी और विद्यार्थी उपस्थित रहे। दीप प्रज्ज्वलन और सरस्वती वंदना के साथ संगोष्ठी का औपचारिक उद्घाटन किया गया। मुख्य अतिथि हिमाचल प्रदेश उच्च न्यायालय के पूर्व मुख्य न्यायाधीश डी.सी. चौधरी ने संविधान दिवस के महत्व पर प्रकाश डाला और संविधान सभा तथा डॉ. भीमराव अंबेडकर के योगदान को याद किया। उन्होंने भारतीय संविधान को अपनाने, उसके आदर्शों की रक्षा करने और वर्तमान सामाजिक-सांस्कृतिक चुनौतियों का सामना करने की आवश्यकता पर बल दिया।

### लंबलू अस्पताल में शुरू हो नाइट सेवाएं

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** हमीरपुर, 25 नवंबर 2025 – आयुर्वेदिक अस्पताल लंबलू में रात्रि सेवाएं लंबे समय से बंद पड़ी हैं, जिससे करीब आधा दर्जन पंचायतों के मरीजों को गंभीर असुविधा का सामना करना पड़ रहा है। अस्पताल को पहले 10 बेड तक उन्नत किया गया था, लेकिन नाइट सुविधाओं को कभी लागू नहीं किया गया। मरीज दिन में उपचार तो ले सकते हैं, लेकिन शाम होते ही अस्पताल में अंधेरा छा जाता है। आपातकालीन सेवाओं के लिए मरीजों को हमीरपुर जाना पड़ता है। स्थानीय लोग संजय कुमार, अमरजीत दलीप, राकेश, देवराज, परषोतम, हरी चंद, अरविंद कुमार, सुनील और विपिन ने जोर देकर कहा कि पर्याप्त स्टाफ उपलब्ध होने के बावजूद रात्रि सेवाओं का आरंभ नहीं हुआ। उन्होंने मुख्यमंत्री ठाकुर सुखविंदर सिंह, सलाहकार सुनील बिट्टू, विधायक आशीष शर्मा और कांग्रेस प्रत्याशी डॉ. पुष्पेंद्र वर्मा से इस मुद्दे पर ध्यान देने की मांग की। स्थानीय लोगों का कहना है कि सरकार बदलने के बाद उम्मीद थी कि 24म7 सेवाएं शुरू होंगी, लेकिन ऐसा नहीं हुआ। वे अधिकारियों से आग्रह कर रहे हैं कि रात्रि सेवाओं की लंबित मांग को जल्द जमीन पर लागू किया जाए, ताकि मरीजों को सुविधाजनक और समय पर उपचार मिल सके।

### डॉ. राज को बनाया महिला आयोग की सदस्य



**अनंत ज्ञान ब्यूरो हमीरपुर।** नादौन विधानसभा क्षेत्र के गांव कश्मीर की डॉ. राज धीमान को हिमाचल प्रदेश राज्य महिला आयोग की सदस्य नियुक्त किया गया है। प्रदेश सरकार की ओर से मंगलवार को जारी एक अधिसूचना में डॉ. राज धीमान को आयोग में तीन वर्ष के लिए गैर सरकारी सदस्य के रूप में मनोनीत किया गया है। डॉ. राज धीमान ने इस नियुक्ति के लिए मुख्यमंत्री ठाकुर सुखविंदर सिंह सुक्खू का आभार व्यक्त किया है।

### प्राकृतिक संसाधनों की रक्षा करने का आह्वान

**अनंत ज्ञान, सुजानपुर।** राजकीय महाविद्यालय सुजानपुर टीहरा में भारतीय समाज सुधारक और नर्मदा बचाओ आंदोलन की संस्थापक मेधा पाटेकर का आगमन हुआ। महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. विभा ठाकुर ने उनका स्वागत और धन्यवाद किया। छात्रों को संबोधित करते हुए मेधा पाटेकर ने कहा कि केवल भारत ही नहीं, बल्कि संपूर्ण विश्व को प्रकृति संरक्षण के विषय में गंभीर चिंतन करना चाहिए। उन्होंने उत्तराखंड, हिमाचल और अन्य पहाड़ी राज्यों में वनों की कटाई और बढ़ते औद्योगिकीकरण से होने वाले पर्यावरणीय प्रभावों पर प्रकाश डाला। मेधा पाटेकर ने युवाओं से पृथ्वी, जल, वायु और अन्य प्राकृतिक संसाधनों की रक्षा करने का आह्वान किया और कहा कि इससे स्वास्थ्य और दीर्घायु सुनिश्चित होती है। साथ ही उन्होंने महिला उत्पीड़न, लिंग भेद और जाति भेद जैसी सामाजिक कुरीतियों पर भी चर्चा की।

# शीतकालीन सत्र से पहले हिमाचल में बड़ा प्रशासनिक फेरबदल

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला।** धर्मशाला में होने वाले शीतकालीन सत्र से पहले हिमाचल सरकार ने प्रशासनिक ढांचे में व्यापक फेरबदल किया है। सोमवार रात जारी आदेशों में कई एचएएस अधिकारियों व प्रशासनिक पदों पर तबादले किए गए। कोटली के एसडीएम असीम सूद को आरटीओ फ्लाइंग स्क्वॉड कांगड़ा नियुक्त किया गया, जबकि कल्पा में सहायक आयुक्त राजस्व व तहसीलदार अभिषेक बरवाल अब एसडीएम सिविल कोटखाई होंगे। कुनिका को केलांग में एसडीएम-कम-परियोजना निदेशक डीआरडीए बनाया गया है। चंबा सदर के दीक्षित राणा अब एसडीएम कोटली होंगे। परागपुर के चिराग शर्मा को हमीरपुर उपायुक्त कार्यालय में सहायक आयुक्त का दायित्व दिया गया है। बी सिंह को बालीचौकी और वहां से देवीराम को चच्योट भेजा गया है। राजेश कुमार को एसडीएम भरमौर तथा चेतन चौहान को एसडीएम चुराह नियुक्त किया गया है। संधोल, इंदौरा और कांगड़ा के तीन सहायक आयुक्तों को सचिवालय, कार्मिक विभाग में रिपोर्ट करने के निर्देश दिए गए हैं। साथ ही कई बीडीओ व सहायक आयुक्त विकास के तबादले भी किए गए हैं। सूचना एवं जनसंपर्क विभाग के रविंद्र सहगल को पदोन्नत कर उपनिदेशक बनाया गया है।

## न्यूज ब्रीफ

### जितेंद्र भोटका का शिमला भाजपा प्रवक्ता बनने पर कुसुम्पटी मंडल ने किया स्वागत

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला।** शिमला जिला भाजपा अध्यक्ष केशव चौहान ने वरिष्ठ और सक्रिय भाजपा कार्यकर्ता जितेंद्र भोटका को जिला प्रवक्ता की जिम्मेदारी सौंपने की घोषणा की है। यह निर्णय आते ही कुसुम्पटी भाजपा मंडल ने उनका स्वागत किया। भोटका पार्टी की पृष्ठभूमि में लंबे समय से सक्रिय रहे हैं। वह इससे पहले कुसुम्पटी भाजपा मंडल के अध्यक्ष का दायित्व निभा चुके हैं और वर्तमान में प्रदेश भाजपा किसान मोर्चा में प्रवक्ता की भूमिका में कार्यरत हैं। नई जिम्मेदारी मिलने पर जितेंद्र ने प्रदेश भाजपाध्यक्ष डॉ. राजीव बिंदल, पूर्व मुख्यमंत्री जयराम ठाकुर, संगठन महामंत्री सिद्धार्थन, पूर्व मंत्री सुरेश भारद्वाज और जिला शिमला भाजपा अध्यक्ष केशव चौहान के प्रति आभार व्यक्त किया।



### महिला कबड्डी टीम की विश्व विजेता टीम को विनय कुमार व प्रतिभा सिंह ने दी बधाई

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला।** भारतीय महिला कबड्डी टीम के विश्व विजेता बनने पर हिमाचल में भी गर्व और उल्लास की लहर दौड़ गई है। प्रदेश कांग्रेस के नवनियुक्त अध्यक्ष विनय कुमार ने टीम को हार्दिक बधाई देते हुए कहा कि क्रिकेट के बाद अब कबड्डी में भी भारत की बेटियों ने अपने दमखम से दुनिया में देश का परचम ऊंचा किया है। उन्होंने कहा कि इस गौरवमयी जीत को और विशेष बनाता है यह तथ्य कि टीम में हिमाचल की पांच बेटियों ने शामिल होकर प्रदेश का नाम स्वर्णाक्षरों में दर्ज किया है, और टीम का नेतृत्व भी प्रदेश की बेटी रितु नेगी ने किया है, जो हर हिमाचली के लिए गर्व का क्षण है। वहीं, निवर्तमान अध्यक्ष प्रतिभा सिंह ने भी महिला टीम को बधाई देते हुए कहा कि यह ऐतिहासिक जीत एक बार फिर साबित करती है कि बेटियां आज हर क्षेत्र में अपनी प्रतिभा से नए कीर्तिमान गढ़ रही हैं।

### पनामा वीपीएन के जरिए 11.55 करोड़ की साइबर ठगी का हुआ खुलासा

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला।** राज्य सहकारी बैंक के सर्वर हैक कर हुई 11.55 करोड़ रुपए की साइबर धोखाधड़ी की जांच में बड़ा खुलासा हुआ है। साइबर क्राइम सेल शिमला की तकनीकी जांच में पता चला कि ठगों ने अपनी लोकेशन छिपाने के लिए पनामा के वर्चुअल प्राइवेट नेटवर्क (वीपीएन) का इस्तेमाल किया। जानकारी के अनुसार साइबर सेल ने इस वीपीएन नंबर जारी करने वाली पनामा की फर्म को नोटिस भेजकर जानकारी मांगी है। इस मामले में अब तक सात गिरफ्तारियां हो चुकी हैं, जिनमें एक नाइजीरियन बेन अरिन्जे भी शामिल है। पूछताछ में अरिन्जे ने बताया कि सर्वर हैकिंग के पीछे 'केके' नामक शख्स मास्टरमाइंड है, जिसने उससे पहले ही संपर्क कर दो प्रतिशत कमीशन तय किया था। इसी नेटवर्क से जुड़े आरोपियों ने अलग-अलग राज्यों के बैंक खातों के जरिये रकम बाहर भेजी। मामला 16 मई का है, जब बैंक के मुख्य सर्वर से 11.55 करोड़ रुपए मुंबई, जयपुर, यूपी, राजस्थान और कर्नाटक के खातों में ट्रांसफर किए गए। पुलिस और साइबर सेल की संयुक्त कार्रवाई में महाराष्ट्र, यूपी, राजस्थान और नाइजीरिया मूल के आरोपी पकड़े गए, जिनके खातों में ठगी की रकम पहुंची थी।

### हिमाचल वाटर मैनेजमेंट बोर्ड में शशि शर्मा उपाध्यक्ष नियुक्त

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला।** हिमाचल प्रदेश सरकार ने कांग्रेस नेता शशि शर्मा को हिमाचल प्रदेश वाटर मैनेजमेंट बोर्ड का उपाध्यक्ष नियुक्त किया है। मंगलवार को जल शक्ति विभाग द्वारा अधिसूचना जारी होते ही शर्मा की नई जिम्मेदारी आधिकारिक रूप से प्रभावी हो गई। संगठन में गहरी पकड़ और लंबे राजनीतिक अनुभव के कारण शशि शर्मा को यह दायित्व सौंपा जाना कांग्रेस संगठन की आंतरिक प्राथमिकताओं और नेतृत्व पर उनके भरोसे को भी दर्शाता है। वह पूर्व में जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष रह चुके हैं और पूर्व मुख्यमंत्री वीरभद्र सिंह के विश्वस्त नेताओं में गिने जाते रहे हैं। मंडी जिले में यह नियुक्ति राजनीतिक संतुलन के लिहाज से बेहद महत्वपूर्ण मानी जा रही है। वर्तमान में मंडी की दस विधानसभा सीटों में से केवल धर्मपुर कांग्रेस के पास है, जबकि शेष नौ सीटों पर भाजपा का वर्चस्व है। ऐसे में क्षेत्र में कांग्रेस की भागीदारी और सशक्त नेतृत्व की मांग लगातार उठ रही थी। राजनीतिक हलकों में इसे आगामी समय में मंडी संसदीय क्षेत्र को और बड़ी जिम्मेदारियां देने की दिशा में एक संकेत के रूप में भी देखा जा रहा है।

# प्रूनिंग वेस्ट जलाने से ऊपरी शिमला में फैला धुआं, सांसें बनी बोझिल

## कटिंग सीजन शुरू, धुएं की चादर में लिपटे सेब, नाशपाती बेल्ट

सत्यदेव भारद्वाज, अनंत ज्ञान ब्यूरो

**शिमला।** उपरी शिमला के सेब बहुल क्षेत्रों में प्रूनिंग के काम ने गति पकड़ ली है। रोहड़ू, जुब्बल-कोटखाई, चौपाल, ठियोग, कुमारसेन, रामपुर बुशहर और आसपास की मध्यम व ऊंचाई वाली बागवानी बेल्टों में बगीचों की कटिंग से निकले वेस्टेज को जगह-जगह जलाया जा रहा है। हवा में घुला धुआं अब इतनी गाढ़ी चादर बन चुका है कि गांवों और सड़कों पर हल्की घुटन महसूस की जाने लगी है। स्थानीय लोग बताते हैं कि सुबह-शाम की ठंडक को चीरती धुएं की तीखी महक अब एक आम दृश्य हो गई है, जिसने पहाड़ की ताजा हवा का सौंदर्य ही मलिन कर दिया है।

जानकारी के अनुसार यह स्थिति पहली बार नहीं है। हर वर्ष कटिंग सीजन शुरू होने के साथ ही प्रशासन की ओर से एसडीएम और डीसी स्तर पर स्पष्ट निर्देश जारी होते हैं कि बागवान वेस्टेज को खेतों में न जलाएं। कई जगह पिछले वर्षों में चालान और पेनल्टी तक लगाए गए, जिनकी खबरें, रोहड़ू, जुब्बल-कोटखाई आदि दूसरे इलाकों में सामने आती रही हैं। मगर धरातल पर समस्या जस की तस है। आदेश कागजों में रह जाते हैं और पहाड़ी ढलानों पर फिर वही धुएं की लपटें उठती दिखाई देती हैं। पर्यावरण प्रेमी इसे आदत में बदल चुकी लापरवाही बताते हैं, जिसका खामियाजा पूरे क्षेत्र को भुगतना पड़ रहा है।

मौसम वैज्ञानिकों और कृषि विशेषज्ञों का मानना है कि लगातार वेस्टेज बर्निंग स्थानीय माइक्रो-क्लाइमेट पर प्रभाव डाल रही है। धुएं की मोटी परत सूर्य की किरणों को बाधित करती है, जिससे तापमान का प्राकृतिक उतार-चढ़ाव बिगड़ता है।

अनंत ज्ञान स्पैशल

विशेषज्ञों का सुझाव है कि प्रूनिंग वेस्टेज के लिए वैकल्पिक उपयोग विकसित करना अब ज़रूरी है। बायो-श्रेड़र मशीनें, कंपोस्टिंग यूनिट, बायो-ब्रिकेट तैयार करने जैसी तकनीकें वर्षों से सुझाई जाती रही हैं, पर जमीन पर इनका विस्तार बेहद सीमित है। समाज और सरकार दोनों को मिलकर ऐसे टिकाऊ समाधान खोजने होंगे, जिससे बागवानों को वेस्ट जलाने के बजाय उपयोगी विकल्प उपलब्ध हों। पहाड़ का पर्यावरण नाजुक है, और हर साल उठती यह धुएं की राख उसके भविष्य को धीमी धमकियों में बदल रही है। नवंबर के इस मौसम में जब पहाड़ सामान्यत: साफ-सुथरी हवा और हल्की सिहरन का एहसास कराता है, वहीं इस बार भी धुएं की मोटी परत ने वातावरण को बोझिल बना दिया है।

यह समस्या सिर्फ प्रशासनिक आदेशों से नहीं, बल्कि सामूहिक जागरूकता से ही खत्म होगी। बागवानों की मेहनत से खड़े किए गए बगीचे तभी टिकेंगे, जब पर्यावरण स्वस्थ रहेगा। नहीं तो सेब बेल्ट की यह धुंध आने वाले समय में और गहरी होती जाएगी।



### धुआं बुजुर्गों और एलर्जिक मरीजों पर पड़ रहा भारी

**धुएं** का असर सीधे लोगों की सेहत पर पड़ रहा है। गांवों में बुजुर्ग, दमा और एलर्जी से पीड़ित लोग सबसे ज्यादा प्रभावित हैं। कई क्षेत्रों से शिकायतें मिल रही हैं कि सुबह उठते ही खांसी-जुकाम जैसी स्थितियाँ बढ़ जा रही हैं और घरों के भीतर भी धुएँ की हल्की गंध महसूस होती है। स्कूल जाने वाले बच्चों और महिलाओं में भी सांस संबंधी दिक्कतें बढ़ने की बात स्वास्थ्य कार्यकर्ताओं ने दर्ज की है। पहाड़ की ताज़ा हवा का दावा धुएँ की मार में खोता जा रहा है।

# चलहोग पंचायत में विक्रमादित्य ने किया पंचायत भवन का लोकार्पण

अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला



मंत्री विक्रमादित्य सिंह चलहोग में जनता को संबोधित करते हुए।

लोक निर्माण एवं शहरी विकास मंत्री विक्रमादित्य सिंह ने शिमला ग्रामीण विधानसभा क्षेत्र की ग्राम पंचायत चलहोग में 1.14 करोड़ रुपए की लागत से बने नए पंचायत घर का लोकार्पण किया। उन्होंने कहा कि आदर्श पंचायत घरों के निर्माण से ग्रामीण क्षेत्रों में प्रशासनिक कार्यों की सुगमता बढ़ेगी। चलहोग पहले शकराह पंचायत का हिस्सा रहा है और लगभग 402 की आबादी वाली इस पंचायत में सीमित संसाधनों के बावजूद निरंतर विकास कार्य हो रहे हैं। उन्होंने कहा कि पूर्व मुख्यमंत्री वीरभद्र सिंह के कार्यकाल में शिमला ग्रामीण में बड़े पैमाने पर विकास परियोजनाएं पूरी की गईं, जिनके चलते यहां लॉ यूनिवर्सिटी, ज्यूडिशियल अकादमी और फाइन आर्ट कॉलेज जैसे संस्थान स्थापित हुए हैं।

मंत्री विक्रमादित्य सिंह ने जनसभा में कहा कि चुनाव भले ही पार्टी आधार पर होते हों, लेकिन विकास कार्य कभी भी दलगत सोच से प्रभावित नहीं होने चाहिए। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार आपदा से प्रभावित क्षेत्रों में राहत कार्यों को प्राथमिकता दे रही है और मनरेगा के माध्यम से दो लाख रुपए तक के डंगे लगाने का निर्णय महत्वपूर्ण कदम है। प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना-4 के तहत प्रदेश में करीब 2300 करोड़ की सड़कें स्वीकृत हुई हैं। उन्होंने बताया कि हरी देवी-बलोह सड़क की मेटलिंग 35 लाख की लागत से पूरी कर ली गई है। घन्नाहटी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में रेडियोग्राफर और लैब टेक्नीशियन के पदों को स्वीकृति मिल चुकी है और शिमला ग्रामीण में चिकित्सकों के रिक्त पदों को भरने की प्रक्रिया शुरू हो गई है। उन्होंने कहा कि सरकारी स्कूलों में सीबीएसई बोर्ड लागू करने की दिशा में तेजी से कार्य हो रहा है और घन्नाहटी स्कूल को भी मान्यता मिल चुकी है।

मंत्री ने घोषणा की कि पंचायतघर के मैदान के विकास के लिए पांच लाख रुपए और नए फर्नीचर के लिए पचास हजार रुपए उपलब्ध कराए जाएंगे। कार्यक्रम में स्थानीय पंचायत प्रतिनिधियों ने शॉल और टोपी पहनाकर मंत्री का अभिनंदन किया।

# राममंदिर ध्वजारोहण अगाध, अटूट, अद्वितीय आस्था का अद्भुत क्षण : अनुराग ठाकुर

अनंत ज्ञान, शिमला



पूर्व केंद्रीय मंत्री और हमीरपुर सांसद अनुराग सिंह ठाकुर ने अयोध्या राम मंदिर में हुए भव्य ध्वजारोहण समारोह को केवल एक धार्मिक अनुष्ठान नहीं बल्कि सांस्कृतिक और आध्यात्मिक चेतना के नवयुग की शुरुआत बताया। उन्होंने इस अवसर पर सभी रामभक्तों को शुभकामनाएं प्रेषित कीं।

अनुराग ठाकुर ने कहा कि यह केवल ध्वज नहीं, बल्कि हमारी आस्था, अध्यात्म, सांस्कृतिक विरासत और पर्यावरणीय संदेशों का प्रतीक है। इस समारोह में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने ध्वजारोहण किया, जबकि राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सरसंघचालक डॉ. मोहन भागवत ने भी गरिमामयी उपस्थिति दर्ज कराई।

उन्होंने बताया कि ध्वजारोहण माता सीता और प्रभु श्रीराम के विवाह के पावन दिन संपन्न हुआ, जो हर रामभक्त के लिए सौभाग्य का क्षण है। यह धर्मध्वज मर्यादा पुरुषोत्तम प्रभु श्रीराम के आदर्शों का पालन करने के लिए प्रेरित करेगा। उन्होंने कहा कि यह समारोह मंदिर निर्माण कार्य के पूरा होने और राष्ट्रीय एकता, सांस्कृतिक उत्सव के एक नए अध्याय की शुरुआत का प्रतीक है। उन्होंने विश्वास जताया कि यह आयोजन देशवासियों में आध्यात्मिक चेतना और संस्कृति के प्रति नई ऊर्जा का संचार करेगा।

# अडानी एग्री फ्रेश वर्कर्स यूनियन का लेबर कोड के खिलाफ प्रदर्शन

## सीटू ने लेबर कोड को बताया मजदूर-विरोधी कदम

आत्मा सिंह अनंत ज्ञान

**रामपुर बुशहर।** अडानी एग्री फ्रेश वर्कर्स यूनियन से संबद्ध सीटू ने केंद्र सरकार द्वारा लागू किए गए चार लेबर कोडों के विरोध में मंगलवार को गेट मीटिंग कर जोरदार प्रदर्शन किया। प्रदर्शनकारियों ने लेबर कोड की प्रतियां जलाकर इस फैसले को मजदूरों के हितों पर सीधा प्रहार बताया। सीटू जिलाध्यक्ष कुलदीप सिंह, यूनियन सचिव सुनील, कपिल और संजीव भगेट ने कहा कि ये लेबर कोड मजदूरों के लोकतांत्रिक अधिकारों, सुरक्षा, वेतन और सामाजिक सुरक्षा को कमजोर करते हैं तथा पूंजीपति वर्ग को लाभ पहुंचाने की प्रक्रिया का हिस्सा हैं।

मजदूर नेताओं ने आरोप लगाया कि लेबर कोडों को मजदूर संगठनों की आपत्तियों को दरकिनार कर एकतरफा लागू किया गया, जो लोकतांत्रिक प्रक्रिया का मजाक है। उन्होंने बताया कि 26 नवंबर को लेबर कोड के खिलाफ रामपुर में बड़ा विरोध प्रदर्शन किया जाएगा।



रामपुर बुशहर में लेबर कोड की प्रतियां जलाकर विरोध जताते अडानी एग्री फ्रेश वर्कर यूनियन के सदस्य।

# भाजपा के आरोपी विधायक पर कार्रवाई क्यों नहीं : छत्तर ठाकुर

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला।** हिमाचल प्रदेश युवा कांग्रेस अध्यक्ष छत्तर सिंह ठाकुर ने राजभवन घेराव के बाद पुलिस पर सख्त कार्रवाई के लिए राज्यपाल और पूर्व मुख्यमंत्री जयराम ठाकुर द्वारा डीजीपी और एसपी को दिए गए निर्देशों को दोहरी नीति करार दिया है। उन्होंने कहा कि लोकतांत्रिक आवाज को दबाने के लिए पुलिस पर दबाव बनाना राज्यपाल और जयराम ठाकुर की राजनीतिक मंशा को उजागर करता है। उन्होंने आरोप लगाया कि यह पूरा कदम युवा कांग्रेस कार्यकर्ताओं को डराने की साजिश है, लेकिन संगठन किसी भी दबाव के आगे झुकने वाला नहीं है और वोट चोरी के खिलाफ लड़ाई जारी रखेगा।



युवा कांग्रेस का राज्यपाल और जयराम ठाकुर पर पलटवार

छत्तर ठाकुर ने सवाल उठाया कि यदि राज्यपाल और जयराम ठाकुर को सचमुच प्रदेश की कानून व्यवस्था की चिंता है, तो वे भाजपा के कथित भ्रष्ट और महिला उत्पीड़न के आरोपों में घिरे नेताओं पर कार्रवाई के लिए कभी डीजीपी या एसपी को फोन क्यों नहीं करते। उन्होंने कहा कि बलात्कार के गंभीर आरोपों से घिरे बीजेपी विधायक हंसराज पर अब तक कार्रवाई न होना महिलाओं के प्रति असंवेदनशीलता को दर्शाता है। उन्होंने कहा कि राज्यपाल और जयराम ठाकुर को हिमाचल की बेटियों के सम्मान और न्याय की जिम्मेदारी समझनी चाहिए, जबकि युवा कांग्रेस महिलाओं के अधिकारों की रक्षा के लिए लगातार संघर्ष करती रहेगी।

# हिमाचल ज्ञान-विज्ञान समिति ने मनाया 35वां स्थापना दिवस



हिमाचल ज्ञान-विज्ञान समिति के 35वें स्थापना दिवस कार्यक्रम में उपस्थित सदस्य।

अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला

हिमाचल ज्ञान विज्ञान समिति ने अपना 35वां स्थापना दिवस एक चिंतनपूर्ण माहौल में मनाया, जहां साक्षरता, शिक्षा, पर्यावरण, महिला सशक्तीकरण और स्वास्थ्य जैसे मुद्दों पर सार्थक चर्चा हुई। कार्यक्रम की अध्यक्षता भारत ज्ञान विज्ञान समिति की राष्ट्रीय अध्यक्षा कोमल श्रीवास्तव ने की।

उन्होंने कहा कि आज वह समय नहीं रहा जब शासन-प्रशासन जन संगठनों की बातों को ध्यान से सुनता था, इसलिए जनहित के मुद्दों को और मजबूती से उठाने की जरूरत है। संस्थापक अध्यक्ष डॉ. कुलदीप सिंह तंवर ने कहा कि अवैज्ञानिक और रूढ़िवादी सोच के बढ़ते प्रभाव के बीच ज्ञान-विज्ञान आंदोलन की जिम्मेदारी और भी महत्वपूर्ण हो गई है। समिति के सचिव सत्यवान पुंडीर ने कहा कि हिमाचल का पूर्ण साक्षर होना गर्व की बात है, लेकिन हाल के वर्षों में साक्षरता दर बढ़ने की गति बेहद धीमी रही है। 1990 से 2025 तक जहां साक्षरता दर में 36 प्रतिशत की बढ़ोतरी हुई।

वहीं, 2018 से 2025 के बीच मात्र एक प्रतिशत की वृद्धि चिंताजनक है। उन्होंने चेताया कि स्कूलों को बंद करने और नई शिक्षा नीति के दबाव में प्रदेश की लड़कियों, वंचितों और पिछड़े तबकों की शिक्षा अधूरी रह सकती है। समिति ने उन लाखों स्वयंसेवियों, अक्षर सैनिकों, कलाकारों, लेखकों और बुद्धिजीवियों के योगदान को भी याद किया, जिन्होंने बिना किसी स्वार्थ के प्रदेश में साक्षरता अभियान का माहौल बनाया। कार्यक्रम में राष्ट्रीय सचिव डॉ. ओम प्रकाश भूरेटा, सुमित्रा चंदेल, जीयानंद शर्मा, वीरेंद्र कपूर, टीडी वर्मा, बीएस पंवर सहित अनेक वरिष्ठ और युवा कार्यकर्ताओं ने भाग लिया।

# संगठन सृजन अभियान के तहत संजना का शिमला दौरा आज से

अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला

अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के संगठन सृजन अभियान की हलचल इन दिनों राज्य में गूंज रही है। इसी कड़ी में शिमला जिला की पर्यवेक्षक बनाई गई सांसद संजना जाटव 26 नवंबर से अपने चार दिवसीय दौरे की शुरुआत शिमला से करेंगी। संगठन को नए सिरे से मजबूत करने और जमीनी स्तर पर सक्रियता का जायजा लेने के उद्देश्य से यह यात्रा कांग्रेस संगठनात्मक गतिविधियों में एक नई ऊर्जा भरने वाली मानी जा रही है।

**शिमला में होंगी संयुक्त व एकल बैठकें**

संजना 27 नवंबर को सुबह 10 बजे राजीव भवन में जिला शिमला कांग्रेस कमेटी शहरी और ग्रामीण के पूर्व पदाधिकारियों व वरिष्ठ नेताओं के साथ पहली बैठक करेंगी। इसके बाद वह 11 से 12 बजे तक अग्रणी संगठनों, विभागों के प्रमुखों, पूर्व विधायकों, विधानसभा प्रत्याशियों, ब्लॉक अध्यक्षों, नगर निकायों के जनप्रतिनिधियों, बूथ व पंचायतीराज प्रतिनिधियों के साथ संयुक्त विमर्श करेंगी। दोपहर एक बजे से 5 बजे तक वह शिमला शहर, ग्रामीण व कसुम्पटी विधानसभा क्षेत्र के पदाधिकारियों व पूर्व पीसीसी डेलीगेट्स के साथ अलग-अलग बैठकें लेंगी।

28 नवंबर को वह सुबह 9 बजे ठियोग रवाना होंगी, जहां रामपुर, चौपाल और ठियोग विधानसभा क्षेत्रों के पदाधिकारियों व जनप्रतिनिधियों के साथ बैठकें होंगी। रात्रि विश्राम रोहड़ू में रहेगा। 29 नवंबर को हाटकोटी में जुब्बल-कोटखाई व रोहड़ू विधानसभा के नेताओं व पदाधिकारियों से मुलाकात के बाद वह शिमला लौटेंगी। 30 नवंबर को राजीव भवन में विभिन्न अग्रणी संगठनों डीवाईसी, एनएसयूआई, महिला कांग्रेस, सेवादल, किसान कांग्रेस सहित सभी विभागों व प्रकोष्ठों के जिला अध्यक्षों के साथ एकल बैठकें होंगी।

**तैयारी** — राजीव भवन में जुटेगी कांग्रेस पार्टी की शीर्ष नेतृत्व टीम

# विनय कुमार 30 को संभालेंगे हिमाचल कांग्रेस की कमान

सत्यदेव भारद्वाज, अनंत ज्ञान ब्यूरो

**शिमला।** हिमाचल की राजनीति 30 नवंबर को एक नए मोड़ की तरफ कदम बढ़ाने जा रही है, जब प्रदेश कांग्रेस कमेटी के नवनियुक्त अध्यक्ष विनय कुमार शिमला स्थित राजीव भवन में विधिवत रूप से अपना पदभार ग्रहण करेंगे। सर्दियों की इस धूप भरी सुबह में राजधानी एक विशेष राजनीतिक क्षण की साक्षी बनेगी, जहां कांग्रेस संगठन नई ऊर्जा, नए संकल्प और नए नेतृत्व के साथ भविष्य की राह तय करेगा।



जानकारी के अनुसार इस अवसर पर प्रदेश मामलों की प्रभारी सांसद रजनी पाटिल, सह-प्रभारी चेतन चौहान और विदित चौधरी विशेष तौर पर मौजूद रहेंगे। कार्यक्रम की गरिमा तब और बढ़ेगी जब मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू, उपमुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री और निवर्तमान प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष प्रतिभा सिंह भी इस समारोह में शामिल होंगे। इसके अलावा मंत्रिमंडल के सभी सदस्य, पार्टी विधायक, पूर्व विधायक और बोर्ड-निगमों के अध्यक्ष व उपाध्यक्ष अपनी उपस्थिति से इस समारोह को और प्रभावशाली बनाने वाले हैं।

इस आयोजन में पदभार ग्रहण कार्यक्रम के तहत कांग्रेस एक महासम्मेलन भी आयोजित करेगी। प्रदेशभर से पार्टी के वरिष्ठ नेता, अग्रणी संगठन युवा कांग्रेस, महिला कांग्रेस, एनएसयूआई, सेवादल एवं सभी विभागों के पदाधिकारी और हजारों कार्यकर्ता इस दिन शिमला पहुंचकर एकता, अनुशासन और संगठन की शक्ति का प्रदर्शन करेंगे और बदलते राजनीतिक परिदृश्य में यह दिन कांग्रेस के लिए नए सफर की शुरुआत के रूप में दर्ज किया जाएगा।

### सभी कार्यकर्ताओं के लिए विशेष अपील

**प्रदेश** कांग्रेस कमेटी के ने सभी नेताओं, अग्रणी संगठनों और कार्यकर्ताओं से आग्रह किया है कि वे 30 नवंबर, रविवार को सुबह 10 बजे राजीव भवन पहुंचें और इस ऐतिहासिक पदभार ग्रहण समारोह का हिस्सा बनें। उन्होंने कहा कि विनय कुमार का यह पदभार ग्रहण न सिर्फ संगठनात्मक बदलाव का प्रतीक है, बल्कि यह पार्टी के भविष्य के लिए ऊर्जा, उम्मीद और उत्साह का नया संदेश भी है।

# युवाओं को विदेश में रोजगार के नए अवसर

अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला

हिमाचल प्रदेश सरकार ने युवाओं के लिए विदेश में रोजगार के नए रास्ते खोलते हुए संयुक्त अरब अमीरात में डिलीवरी राइडर के 300 पदों पर भर्ती प्रक्रिया शुरू कर दी है। मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू के निर्देशों पर एचपीएसईडीसी लिमिटेड ने यह पहल श्रम एवं रोजगार विभाग और विदेश मंत्रालय से मान्यता प्राप्त भर्ती एजेंसी के साथ मिलकर की है, जिससे राज्य के युवाओं को सुरक्षित और पारदर्शी तरीके से नौकरी के अवसर मिल सकें।

**यूएई में 300 डिलीवरी राइडर होंगे भर्ती**

जानकारी मिली है कि इच्छुक पुरुष अभ्यर्थी 29 नवंबर तक ऑनलाइन गूगल फॉर्म के माध्यम से आवेदन कर सकते हैं। न्यूनतम योग्यता 10वीं पास और बेसिक अंग्रेजी का ज्ञान अनिवार्य है। अभ्यर्थी की आयु 20 से 37 वर्ष के बीच होनी चाहिए तथा पासपोर्ट और गियर मोटरसाइकिल का वैध ड्राइविंग लाइसेंस आवश्यक है। चयनित उम्मीदवारों को 2500 दिरहम मासिक वेतन के साथ कमीशन और टिप मिलाकर लगभग 70,000 से 1,00,000 रुपए तक मासिक आय होगी। उम्मीदवार के चेहरे या गर्दन पर टैटू नहीं होने चाहिए और रंग-अंधता स्वीकार्य नहीं है।

वहीं चयन के बाद उम्मीदवारों को यूएई ड्राइविंग लाइसेंस उपलब्ध करवाया जाएगा, जिसके लिए निर्धारित 5,500 दिरहम में से 1,000 दिरहम प्रस्थान के समय और शेष राशि वेतन से किश्तों में काटी जाएगी। बिना वैध पासपोर्ट वाले अभ्यर्थियों को अनुमति नहीं दी जाएगी। इसके साथ ही विदेश मंत्रालय द्वारा अनुमोदित 35,400 और 1,500 रुपए का चिकित्सा शुल्क भी देय होगा।

# सरस्वती नगर में शारीरिक शिक्षा स्नातक तथा टिक्कर में बीए-बीएड एकीकृत पाठ्यक्रम होगा शुरू

अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला

प्रदेश में शिक्षा के क्षेत्र में पिछले तीन वर्षों में उल्लेखनीय और ऐतिहासिक प्रगति दर्ज हुई है। यह उपलब्धि शिक्षा मंत्री रोहित ठाकुर के दूरदर्शी, सशक्त और संवेदनशील नेतृत्व की देन है।


यही भावना युवा कांग्रेस जुब्बल-नावर-कोटखाई के अध्यक्ष दीपक कालटा, प्रदेश युवा कांग्रेस सचिव तुषार स्तान, महासचिव दीक्षित भारद्वाज, कोटखाई युवा कांग्रेस अध्यक्ष अतुल चौहान, युवा कांग्रेस जुब्बल अध्यक्ष विक्रांत सिथटा, उपाध्यक्ष सार्थक बेख्टा, अमन चौहान, तुषार गुप्ता तथा एनएसयूआई सरस्वती नगर के परिसर प्रभारी ऋतिक शर्मा और सारंग शर्मा सहित युवा कांग्रेस पदाधिकारियों द्वारा जारी संयुक्त वक्तव्य में व्यक्त की गई। युवा कांग्रेस ने सरस्वती नगर स्थित स्वर्ण जयंती उत्कृष्ट लाल बहादुर शास्त्री महाविद्यालय में शारीरिक शिक्षा स्नातक (बीपीएड) पाठ्यक्रम तथा राजकीय महाविद्यालय टिक्कर में चार वर्षीय बीए-बीएड एकीकृत डिग्री आरंभ करवाने के लिए शिक्षा मंत्री रोहित ठाकुर के प्रति हार्दिक आभार प्रकट किया। पदाधिकारियों ने कहा कि प्रदेश के साथ-साथ जुब्बल-नावर-कोटखाई क्षेत्र में भी उच्च शिक्षा संस्थानों को मजबूत करने की दिशा में प्रभावी कदम उठाए जा रहे हैं। कोटखाई में केंद्रीय विद्यालय की स्वीकृति, जुब्बल में कबड्डी, वॉलीबॉल और बैडमिंटन कन्या छात्रावास, सरस्वती नगर में बीपीएड पाठ्यक्रम तथा टिक्कर महाविद्यालय में बीए-बीएड एकीकृत पाठ्यक्रम की शुरुआत से क्षेत्र में शिक्षा और खेलों का परिदृश्य बदलने जा रहा है। उन्होंने कहा कि बड़े शैक्षणिक संस्थानों की स्थापना से न केवल शिक्षा के नए अवसर खुलते हैं, बल्कि स्थानीय स्तर पर आर्थिक गतिविधियों को भी मजबूती मिलती है। 12वीं कक्षा उत्तीर्ण विद्यार्थी अब सीधे बीए-बीएड एकीकृत पाठ्यक्रम में प्रवेश प्राप्त कर सकेंगे, जबकि बीपीएड में स्नातक उपाधि के बाद प्रवेश मिलेगा। शारीरिक शिक्षा स्नातक डिग्री विद्यार्थियों को खेल शिक्षक, खेल प्रशिक्षक, फिटनेस प्रशिक्षक और खेल प्रबंधन जैसे क्षेत्रों में नए अवसर प्रदान करेगी।

**युवा कांग्रेस जुब्बल-नावर कोटखाई ने शिक्षा मंत्री रोहित ठाकुर का जताया आभार**

युवा कांग्रेस पदाधिकारियों ने संयुक्त वक्तव्य में कहा कि ये सभी निर्णय शिक्षा मंत्री रोहित ठाकुर की दूरदर्शिता, प्रतिबद्धता और क्षेत्रीय विकास के प्रति समर्पण का प्रमाण हैं। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि आने वाले वर्षों में शिक्षा और खेलों के क्षेत्र में इसकी सकारात्मक और दूरगामी प्रभाव देखने को मिलेंगे, जिससे जुब्बल-नावर-कोटखाई विधानसभा क्षेत्र ही नहीं, बल्कि पूरा हिमाचल प्रदेश लाभान्वित होगा।


# लोकतांत्रिक और न्यायसंगत मूल्यों का प्रतीक भारतीय संविधान

## संविधान बनाने की प्रक्रिया में लगे 2 साल, 11 महीने और 18 दिन




**भारतीय** संविधान दिवस, जो हर वर्ष 26 नवंबर को मनाया जाता है, हमारे देश के लोकतांत्रिक और न्यायसंगत मूल्यों का प्रतीक है। यह दिन भारतीय संविधान के महत्व और उसके द्वारा दिए गए अधिकारों और कर्तव्यों की याद दिलाने के लिए मनाया जाता है। इसे 'संविधान निर्माता दिवस' के नाम से भी जाना जाता है। इस अवसर पर हम अपने संविधान रचयिता डॉ. भीमराव अंबेडकर और संविधान समिति के सभी सदस्यों को श्रद्धांजलि अर्पित करते हैं, जिन्होंने एक मजबूत और न्यायपूर्ण संविधान तैयार किया।

संविधान हमें अधिकारों के साथ-साथ कर्तव्यों का भी बोध कराता है। यह हमारे लिए मार्गदर्शक है कि हमें अपने अधिकारों का उपयोग कैसे करना चाहिए और अपने कर्तव्यों का पालन करके समाज में सकारात्मक योगदान कैसे देना चाहिए। इस दिन का उद्देश्य नागरिकों में संविधान के प्रति सम्मान, समझ और जागरूकता बढ़ाना है। साथ ही यह दिन हमें याद दिलाता है कि लोकतंत्र केवल अधिकारों का नहीं, बल्कि जिम्मेदारियों और कर्तव्यों का भी है।


भारत का संविधान
उद्देशिका

हम, भारत के लोग, भारत को एक संपूर्ण प्रभुत्व-संपन्न, समाजवादी, पंथ-निरपेक्ष, लोकतंत्रात्मक गणराज्य बनाने के लिए तथा उसके समस्त नागरिकों को:
सामाजिक, आर्थिक और राजनैतिक न्याय,
विचार, अभिव्यक्ति, विश्वास, धर्म और उपासना की स्वतंत्रता,
प्रतिष्ठा और अवसर की समता प्राप्त कराने के लिए,
तथा उन सब में व्यक्ति की गरिमा और राष्ट्र की एकता और अखंडता सुनिश्चित करने वाली बंधुता बढ़ाने के लिए
दृढ़संकल्प होकर अपनी इस संविधान सभा में आज तारीख 26 नवंबर, 1949 ई. (मिति मार्गशीर्ष शुक्ला सप्तमी, संवत् दो हजार छह विक्रमी) को एतद्द्वारा इस संविधान को अंगीकृत, अधिनियमित और आत्मार्पित करते हैं।




### संविधान दिवस का इतिहास

भारतीय संविधान सभा ने 26 नवंबर 1949 को संविधान को अपनाया, और यह 26 जनवरी 1950 को लागू हुआ। संविधान बनाने की प्रक्रिया में लगभग 2 साल, 11 महीने और 18 दिन का समय लगा। यह दिन भारतीय लोकतंत्र के इतिहास में एक महत्वपूर्ण मोड़ था, क्योंकि इस दिन भारत ने अपने नागरिकों को 'समान अधिकार, स्वतंत्रता और न्याय' देने का वचन लिया।

### डॉ. भीमराव अंबेडकर मुख्य शिल्पकार



डॉ. भीमराव अंबेडकर, जिन्हें संविधान का मुख्य शिल्पकार माना जाता है, ने इस संविधान को तैयार करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। उन्होंने सुनिश्चित किया कि यह संविधान सभी नागरिकों के लिए न्याय, समानता और स्वतंत्रता सुनिश्चित करे। उनके अथक प्रयासों और नेतृत्व के कारण ही भारत का संविधान दुनिया के सबसे बड़े लोकतांत्रिक देशों के लिए मॉडल बन सका।

### 2015 से हुई संविधान दिवस मनाने की शुरुआत

संविधान दिवस को मनाने का फैसला इसके निर्माता डॉ. आंबेडकर को श्रद्धांजलि देने के लिए लिया गया था। पहली बार संविधान दिवस को वर्ष 2015 मनाया गया था।

### संविधान के मौलिक अधिकार

संविधान को भारत के हर नागरिक को समान अधिकार देने के लिए अंगीकृत किया गया। इसमें सभी व्यक्तियों को कुछ मूल अधिकार भी दिए गए हैं जिनका विवरण निम्नलिखित हैं-

- समानता का अधिकार।
- स्वतंत्रता का अधिकार।
- शोषण के खिलाफ अधिकार।
- धार्मिक स्वतंत्रता का अधिकार।
- सांस्कृतिक और शैक्षिक अधिकार।
- संवैधानिक उपचार का अधिकार।

### संविधान के उद्देश्य और महत्व

भारतीय संविधान केवल कानूनों का संग्रह नहीं है, बल्कि यह हमारे देश की 'सार्वभौमिकता, धर्मनिरपेक्षता और लोकतंत्र' की नींव भी है। संविधान का मुख्य उद्देश्य है :-

1. **न्याय सुनिश्चित करना :** सामाजिक, आर्थिक और राजनीतिक न्याय का निर्माण करना।
2. **समानता प्रदान करना :** सभी नागरिकों को जाति, धर्म, लिंग या क्षेत्र की परवाह किए बिना समान अधिकार देना।
3. **स्वतंत्रता का संरक्षण :** प्रत्येक व्यक्ति को अपनी सोच, बोलने और जीवन जीने की स्वतंत्रता देना।
4. **बंधुत्व का संवर्धन :** राष्ट्रीय एकता और सामूहिक विकास के लिए सभी नागरिकों में भाईचारे की भावना पैदा करना।

पर्याय है।

### संविधान की विशेषताएं

भारतीय संविधान की कुछ मुख्य विशेषताएं इस प्रकार हैं :-

1. **लिखित संविधान :** भारतीय संविधान दुनिया का सबसे लंबा लिखित संविधान है।
2. **संशोधन की सुविधा :** समय के साथ बदलती परिस्थितियों के अनुसार संविधान में संशोधन किए जा सकते हैं।
3. **लोकतांत्रिक और धर्मनिरपेक्ष :** यह सभी धर्मों और समुदायों के लिए समान अवसर सुनिश्चित करता है।
4. **संयुक्त और संघीय :** भारत में केंद्र और राज्यों के अधिकारों का संतुलन बनाए रखता है।
5. **नागरिक अधिकार और कर्तव्य :** नागरिकों को अधिकार देते हुए उनके कर्तव्यों का भी निर्धारण करता है।

### संविधान दिवस का महत्व आज

आज के समय में, जब समाज में विविधता और विभिन्न विचारधाराओं का मेल है, संविधान हमें 'एकता, समानता और न्याय' का संदेश देता है। यह हमें याद दिलाता है कि हम सभी भारतीय हैं और हमारे अधिकारों के साथ-साथ हमारे 'कर्तव्य और जिम्मेदारियां भी हैं। संविधान दिवस हमें यह संकल्प लेने का अवसर देता है कि हम अपने देश को ऐसा बनाएंगे, जहां समानता, न्याय और सम्मान हर नागरिक का अधिकार हो। यह दिन हमें प्रेरित करता है कि हम अपने कर्तव्यों का पालन करें और लोकतंत्र को मजबूत बनाएं।

# सीएम सिर्फ भाषणों में करते ग्रीन स्टेट बनाने की बातें, विजन और नीति शून्य : बिक्रम

अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला



धर्मशाला में प्रेस कॉन्फ्रेंस को संबोधित करते पूर्व मंत्री एवं विधायक बिक्रम ठाकुर।

**धर्मशाला** में मंगलवार को आयोजित प्रेस कॉन्फ्रेंस में प्रदेश की सियासत उस समय गरमा गई, जब विपक्ष ने मुख्यमंत्री पर तीखे शब्दों में हमला बोलते हुए उन्हें रोज अनाप-शनाप बयान देने वाला करार दिया। पूर्व मंत्री, भाजपा के वरिष्ठ नेता और जसवां-परागपुर के विधायक बिक्रम ठाकुर ने कहा कि पिछले तीन वर्षों से मुख्यमंत्री लगातार यह आरोप दोहरा रहे हैं कि पिछली भाजपा सरकार ने राज्य की संपदा लूटी, जबकि भाजपा सरकार ने हर निर्णय लंबी सोच के बाद और प्रदेश हित में लिए। उन्होंने दावा किया कि राज्य में निवेश बढ़ाने के लिए 2019 में धर्मशाला में ग्लोबल इन्वेस्टर्स मीट आयोजित की गई, जिसमें प्रधानमंत्री तक शामिल हुए थे। कोविड महामारी के कारण निवेश की गति प्रभावित हुई, लेकिन 2021 के अंत में सरकार ने बड़े स्तर पर निवेश आकर्षित करने के लिए चार प्रमुख सेक्टर्स एग्रीकल्चर ऑटो मैन्युफैक्चरिंग, डिफेंस, फार्मास्यूटिकल्स और ग्रीन हाइड्रोजन के लिए कस्टमाइज्ड पैकेज पॉलिसी लागू की। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री केवल भाषणों में ग्रीन स्टेट बनाने की बातें करते हैं, जबकि विजन और नीति शून्य है। उन्होंने कहा कि राज्यों की जमीन से सोना नहीं निकलता, बल्कि मेहनत और निवेश से कर और राजस्व मिलता है। उन्होंने चेताया कि यदि सरकार निवेशकों को धमकाने का सिलसिला जारी रखेगी तो भविष्य में प्रदेश गंभीर आर्थिक संकट में फंस सकता है।

## राष्ट्रीय इलेक्ट्रो होम्योपैथिक दिवस पर आयोजित होगा स्वास्थ्य शिविर

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला।** हिमाचल इलेक्ट्रो होम्योपैथिक डॉक्टर्स एसोसिएशन (हेडा) की ओर से 30 नवंबर को राष्ट्रीय इलेक्ट्रो होम्योपैथिक दिवस पर निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर आयोजित किया जाएगा। शिविर में रोगियों को मुफ्त जांच व उपचार दिया जाएगा। राज्य संयोजक सुरेंद्र ठाकुर ने बताया कि इस दिन मसीह-उल-हिंद डॉ एन एल सिन्हा का जन्म हुआ था, जिसे भारत में समस्त इलेक्ट्रो होम्योपैथ राष्ट्रीय दिवस के तौर पर मनाते हैं। उन्होंने कहा कि भारत में इस पद्धति को विकसित करने में उनकी महत्वपूर्ण भूमिका रही है। अग्रेजों के शासनकाल में कानपुर शहर में पहला नेशनल कैंसर हॉस्पिटल स्थापित करने वाले पहले भारतीय चिकित्सक थे। उन्होंने अपने जीवनकाल में असंख्य रोगियों को इलेक्ट्रो होम्योपैथी दवाओं से ठीक किया और उतर प्रदेश सरकार के स्वास्थ्य विभाग द्वारा दिए गए कुष्ठ रोगियों का उपचार किया। सुरेंद्र ने कहा कि देश के सभी राज्यों में डॉ. सिन्हा की 137वीं जयंती मनाई जा रही है। धर्मशाला स्थित सर्वोदय इंस्टीट्यूट ऑफ इलेक्ट्रो होम्योपैथी बगली में आयोजित कार्यक्रम में प्रदेश के सभी जिलों से चिकित्सक शामिल होंगे और विशेष अतिथि द्वारा उत्कृष्ट सेवा प्रदान करने वाले चिकित्सकों को सम्मानित किया जाएगा ।

## न्यूज ब्रीफ

### दुकान की दूसरी मंजिल पर चढ़ गया बैल

**पिंकी, अनंत ज्ञान, डाडासीबा।** डाडासीबा बाजार में मंगलवार को तालाब के पास स्थित एक दुकान की दूसरी मंजिल की छत पर अचानक एक बैल पहुंच गया। ऊपर खड़े बैल को देखकर दुकानदार सन्न रह गए और लोगों का हुजूम मौके पर उमड़ पड़ा। दुकानदारों ने तरह-तरह के जतन किए, लेकिन नतीजा शून्य निकला। इसके बाद दमकल विभाग को फोन किया गया। फायर चौकी की टीम ने बैल को सीढ़ियों से बैल को नीचे उतारा। डाडासीबा फायर चौकी प्रभारी अजय कुमार ने बताया कि कड़ी मशक्कत के बाद बैल को दूसरी मंजिल से सुरक्षित नीचे उतार लिया गया।



### अधिवक्ताओं ने दी मुख्य न्यायाधीश को बधाई

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला।** धर्मशाला में जिला बार एसोसिएशन के अधिवक्ता भवनेश चौधरी, सुशील कुमार, अनुज सोनी, तरण शर्मा, नेहा, काजल, मोहिंद्र धीमान, टीसी राणा, विनोद शर्मा सहित अन्य सदस्यों ने न्यायमूर्ति सूर्यकांत के भारत के 55वें मुख्य न्यायाधीश के रूप में शपथ ग्रहण करने पर न्यायालय परिसर में मिठाई बांटकर खुशी मनाई। अधिवक्ताओं ने उन्हें हार्दिक शुभकामनाएं दीं। न्यायमूर्ति सूर्यकांत वर्ष 2018 में हिमाचल प्रदेश उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश रह चुके हैं।

### नगरोटा सूरियां स्कूल की ईशा जाएगी चीन

**शिव गुलेरिया, अनंत ज्ञान, नगरोटा सूरियां।** पीएमश्री राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय नगरोटा सूरियां की जमा दो की छात्रा ईशा ने सेवा पर्व नामक राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्राप्त कर विद्यालय और प्रदेश का नाम रोशन किया। सितंबर माह में प्रदेश स्तर पर प्रथम आने के बाद ईशा ने 18 राज्यों के प्रतिभागियों के बीच राष्ट्रीय स्तर पर भी पहला स्थान हासिल किया। इसके परिणामस्वरूप उसका चयन चीन के हाइकु शहर में होने वाले प्रथम वेटलैंड स्कूल नेटवर्क एशिया सम्मेलन के लिए हुआ है। ईशा के साथ विद्यालय की ईको क्लब प्रभारी अध्यापिका मीना रानी का भी चयन हुआ है। दोनों 10 से 12 दिसंबर तक सम्मेलन में भाग लेंगी। प्रधानाचार्य हरभजन सिंह सोहल ने ईशा, उसके माता-पिता और पंचायत सुगनाडा को बधाई दी। चयन की सूचना मिलते ही विद्यालय तथा क्षेत्र में खुशी की लहर दौड़ गई।

### प्रयास भवन धर्मशाला में चल रहा नशा निवारण केंद्र

**अनंत ज्ञान, धर्मशाला।** कांगड़ा जिला रेडक्रॉस सोसायटी के सचिव ओपी शर्मा ने बताया कि धर्मशाला स्थित प्रयास भवन में संचालित जिला नशा निवारण केंद्र में 15 व्यक्तियों को भर्ती करने की सुविधा उपलब्ध है। यहां नशे से जूझ रहे लोगों को परामर्शदाता और मनोवैज्ञानिक द्वारा निःशुल्क काउंसिलिंग दी जाती है। केंद्र में पारिवारिक एवं व्यक्तिगत परामर्श, योग, कला चिकित्सा, मनोरंजन चिकित्सा सहित अनेक उपचार सुविधाएं उपलब्ध हैं। भर्ती व्यक्तियों को निःशुल्क दवाइयां भी दी जाती हैं। अधिक जानकारी के लिए 01892-224408 पर संपर्क किया जा सकता है।

### आंगनबाड़ी सहायिकाओं के लिए आवेदन आमंत्रित

**अनंत ज्ञान, बैजनाथ।** बाल विकास परियोजना अधिकारी रणजीत सिंह ने बताया कि बैजनाथ परियोजना के तहत आंगनबाड़ी केंद्र मैहता बस्ती, महाल पम्बड्डु, घिरथेड़ा 2, उप्पर कुकैना, धानग 3, हारचकोल तथा गुनेहड़ में रिक्त आंगनबाड़ी सहायिकाओं के पदों को भरने के लिए आवेदन आमंत्रित किए गए हैं। महिला अभ्यर्थी की आयु 18-35 वर्ष तथा योग्यता 12वीं उत्तीर्ण होना आवश्यक है। आवेदिका संबंधित केंद्र के फीडर क्षेत्र की स्थायी निवासी हो और पारिवारिक वार्षिक आय 50 हजार रुपए से कम होनी चाहिए। इच्छुक महिलाएं 22 दिसंबर तक आवेदन कर सकती हैं। चयन 29 दिसंबर को साक्षात्कार के माध्यम से किया जाएगा।

### सतीश ने संभाला शिक्षा खंड अधिकारी का कार्यभार



**राकेश डोगरा, अनंत ज्ञान, डरोह।** सतीश कुमार राणा ने प्रारंभिक शिक्षा खंड अधिकारी थुरल के रूप में अपना कार्यभार संभाला। इससे पहले सतीश कुमार प्रारंभिक शिक्षा खण्ड डाडासीबा में बतौर प्रारंभिक शिक्षा खंड अधिकारी सेवारत थे। सतीश गांव चूला डाकघर बैरघाट के स्थायी निवासी हैं। उन्होंने कहा कि शिक्षा खंड थुरल की सभी प्राथमिक पाठशालाओं को अव्वल बनाने के लिए भरसक प्रयास किए जाएंगे। इसके लिए उन्होंने प्रारंभिक शिक्षा खंड थुरल के सभी शिक्षकों से सहयोग की अपील की।

### अंतरराष्ट्रीय महिला हिंसा उन्मूलन दिवस मनाया

**अनंत ज्ञान, डरोह।** महाराजा संसार चंद स्मारक राजकीय महाविद्यालय थुरल में महिला शिकायत निवारण प्रकोष्ठ द्वारा अंतरराष्ट्रीय महिला हिंसा उन्मूलन दिवस मनाया गया। कार्यक्रम में महाविद्यालय की प्राचार्या राका शर्मा ने मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत की। उन्होंने छात्राओं को भविष्य में सशक्त होकर सामाजिक कुरीतियों का सामना करने, अपने खिलाफ हो रही हिंसक गतिविधियों का विरोध करने के प्रति जागरूक किया। वहीं, भाषण प्रतियोगिता में इशिका ने प्रथम स्थान, दीक्षा द्वितीय स्थान एवं यामिनी तृतीय स्थान पर रही। कार्यक्रम का संचालन प्रो. नबिता के द्वारा किया गया।

# राजगुंदा के लिए प्रस्तावित 11 केवी एचटी विद्युत लाइन का ज्वॉइंट इंस्पेक्शन


अधिकारियों के साथ संयुक्त निरीक्षण करते उपमंडलाधिकारी संकल्प गौतम।

जितेंद्र कौशल, अनंत ज्ञान

**बैजनाथ।** उपमंडलाधिकारी (ना.) बैजनाथ संकल्प गौतम की अध्यक्षता में 33/11 केवी बीड़ सब-स्टेशन से राजगुंदा गांव तक प्रस्तावित 11 केवी एचटी लाइन के मार्ग का विभिन्न विभागों के अधिकारियों के साथ संयुक्त निरीक्षण किया गया। निरीक्षण में विद्युत, लोक निर्माण, जल शक्ति, राजस्व विभाग के अधिकारी तथा ग्राम पंचायत बीड़ और बड़ाग्रां के प्रतिनिधि उपस्थित रहे। निरीक्षण दल ने लाइन मार्ग का विस्तृत अध्ययन किया, जिसमें रूट अलाइनमेंट, भू-भाग की परिस्थितियों, तकनीकी सुरक्षा मानकों, पराग्लाइडिंग साइट और संवेदनशील क्षेत्रों पर संभावित प्रभाव, आवश्यक अनुमतियाँ और पर्यावरण सुरक्षा संबंधी कारकों का मूल्यांकन शामिल था। संबंधित विभागों ने अपने सुझाव प्रस्तुत किए और तकनीकी व प्रशासनिक बिंदुओं पर सहमति जताई। एसडीएम संकल्प गौतम ने सभी विभागों को आवश्यक दिशानिर्देश जारी किए और कहा कि विभागीय औपचारिकताएं समयबद्ध पूर्ण की जाएं। उन्होंने विभागों से आपसी समन्वय, तकनीकी सुरक्षा, पर्यावरणीय संरक्षण और स्थानीय नागरिकों की सुविधा को प्राथमिकता देने का निर्देश दिया। इस दौरान तहसीलदार बैजनाथ रमन ठाकुर, तहसीलदार मुल्थान हरीश कुमार, साडा पर्यवेक्षक रणविजय एवं अन्य अधिकारी और कर्मचारी उपस्थित रहे। यह कार्य राजगुंदा क्षेत्र में विद्युत आपूर्ति सुदृढ़ बनाने के लिए महत्वपूर्ण कदम है।

# शिक्षा बोर्ड कार्यालय आओ, मिलकर करेंगे नेहरू की किताब 'द विजनरी' का प्रचार-प्रसार : डॉ. राजेश

अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला

**हिमाचल** विधानसभा के शीतकालीन सत्र से ठीक पहले देश के प्रथम प्रधानमंत्री पंडित जवाहर लाल नेहरू की फिलोसॉफी को समझाती द विजनरी नामक किताब ने प्रदेश की सियासत में तूफान खड़ा कर रखा है। विपक्ष लगातार इस किताब पर सवाल उठा रहा है तो हिमाचल प्रदेश स्कूल शिक्षा बोर्ड के चेयरमैन डॉ. राजेश शर्मा की भूमिका को भी कटघरे में खड़ा कर रहा है। इस किताब को लेकर लगातार विपक्ष के हमलावर रुख के बीच सामने आते हुए बोर्ड अध्यक्ष डॉ. राजेश शर्मा ने कहा कि नेहरू कांग्रेस के नहीं बल्कि देश के प्रथम प्रधानमंत्री थे। विपक्ष को भी उनकी नीतियों के प्रचार-प्रसार का करना चाहिए।

डॉ. राजेश शर्मा ने विपक्ष से रिक्वेस्ट की है कि वह बुधवार से शुरू होने जा रहे विधानसभा के शीतकालीन सत्र से पहले शिक्षा बोर्ड के धर्मशाला स्थित कार्यालय में आएं, वहां बैठकर हमारे साथ नेहरू पर जारी हुई किताब को समझने का प्रयास करें। उन्होंने कहा कि नेहरू देश के प्रथम प्रधानमंत्री थे, इस नाते उनसे जुड़ी हर बात एक अलग मायने रखती है, उन्हीं के चलते आज हम खुले में आजादी की सांसें ले रहे हैं। नेहरू अपने आप में एक विचारधारा है, उस विचारधारा को मिटाने के पिछले कुछ वर्षों से जो प्रयास हो रहे हैं, मैं तो बस उसी बीच में से नेहरू की विचारधारा को जिंदा रखने की बात कर रहा हूं। रही बात कांग्रेसी विचारधारा की तो जब नेहरू का नाम आता है तो कांग्रेस का नाम अपने आप ही जुड़ने लगता है। नेहरू के विजन उनकी फिलोसॉफी से अगर बच्चों को अवगत करवाने में भी विपक्ष को दिक्कत है तो हम इसमें क्या कर सकते हैं।




### बोले- चिट्टा मिटाना है तो किताब का विरोध नहीं, समर्थन करे विपक्ष

**डॉ.** राजेश ने विपक्ष से आग्रह किया कि अगर हिमाचल प्रदेश से चिट्टा को मिटाना चाहते हैं, तो इस किताब का विरोध नहीं बल्कि इसके समर्थन में आगे आकर इस किताब को थाम लें, ताकि हम अपनी युवा पीढ़ी का ध्यान दूसरी तरफ डायवर्ट कर सके। इस किताब के दो फायदे होंगे, एक तो हमारी युवा पीढ़ी का ध्यान डायवर्ट होगा, दूसरा मोबाइल से उसे दूर ले जाने में भी कहीं ना कहीं मदद होगी। डॉ. राजेश ने विपक्ष से इस किताब पर विवाद खड़ा करने के बजाय सहयोग की अपील की है।

# एंटी माइक्रोबियल रेजिस्टेंस की गंभीरता पर डाला प्रकाश

अनंत ज्ञान, कांगड़ा



विश्व एंटीबायोटिक जागरूकता सप्ताह के तहत व्याख्यान का आयोजन किया।

**टांडा** मेडिकल कॉलेज के माइक्रोबायोलॉजी विभाग की ओर से विभागाध्यक्ष डॉ. अनुराधा सूद के मार्गदर्शन में विश्व एंटीबायोटिक जागरूकता सप्ताह 2025 के तहत जागरूकता व्याख्यान, स्किट, पोस्टर एवं रंगोली प्रतियोगिताओं सहित विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया गया। इसका उद्देश्य एंटीमाइक्रोबियल रेजस्टिंस (एएमआर) एवं एंटीबायोटिक के विवेकपूर्ण उपयोग के प्रति जागरूकता बढ़ाना रहा। समापन दिवस पर प्राचार्य डॉ. मिलाप शर्मा, ज्वॉइंट डायरेक्टर मेजर डॉ. अवनिंदर सिंह, हेड ऑफ डिपार्टमेंट मेडिसिन डॉ. धीरज कपूर, एवं फार्माकोलॉजी विभाग से डॉ. सुषमा स्वराज ने मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थिति दर्ज की तथा विजेता प्रतिभागियों को पुरस्कृत किया। अतिथियों ने एंटीमाइक्रोबियल रेजिस्टेंस की गंभीरता पर प्रकाश डाला एवं स्वास्थ्य सुरक्षा के लिए एंटीबायोटिक के जिम्मेदार उपयोग की आवश्यकता पर जोर दिया। यह आयोजन संस्थान में संक्रमण नियंत्रण उपायों तथा एंटीबायोटिक नीति के प्रभावी क्रियान्वयन की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम साबित हुआ।

## फोरलेन के निर्माणाधीन पुल से नीचे गिरने पर व्यक्ति की मौत

**कोहली, अनंत ज्ञान, शाहपुर।** थाना शाहपुर के अंतर्गत सोमवार देर शाम को फोरलेन निर्माण में पुहाड़ा में फ्लाईओवर ब्रिज का काम करते समय पृथ्वी (40) पुत्र अमरीक मसीह निवासी गांव फतेह नंगल ब्लॉक धारीवाल तहसील व जिला गुरदासपुर फ्लाई ओबवर ब्रिज से उतरने के लिये सरिये का सहारा लिया, तो पृथ्वी का सरिये से हाथ फिसल गया, जिससे फ्लाईओवर ब्रिज से करीब 20 मीटर नीचे गिर गया। पृथ्वी के सिर में चोटें आई और कान व नाक से खून निकल रहा था। जिसे सिविल हॉस्पिटल शाहपुर ले जाया गया, जहां डॉक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया। थाना प्रभारी शाहपुर करतार सिंह ठाकुर ने बताया कि पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है

# धर्मशाला में 4 दिसंबर को होगा 'महाघेराव'

## भाजपा नेताओं ने जोरावर स्टेडियम में तैयारियों का लिया जायजा

अनंत ज्ञान ब्यूरो। धर्मशाला



**धर्मशाला** के जोरावर स्टेडियम में 4 दिसंबर को हिमाचल प्रदेश सरकार के खिलाफ भाजपा द्वारा आयोजित किए जाने वाले प्रदेश स्तरीय विशाल प्रदर्शन की तैयारियां जोरों पर हैं। मंगलवार को स्टेडियम में व्यवस्थाओं और तैयारियों का विस्तृत निरीक्षण किया गया। इस अवसर पर वरिष्ठ भाजपा नेता एवं विधायक विपिन सिंह परमार ने अधिकारियों और पार्टी पदाधिकारियों से प्रदर्शन के लिए की जा रही व्यवस्थाओं की जानकारी ली। परमार ने कहा कि जनता में कांग्रेस सरकार के प्रति बढ़ते असंतोष को देखते हुए यह प्रदर्शन ऐतिहासिक होने वाला है। निरीक्षण के दौरान प्रदेश भाजपा के वरिष्ठ प्रवक्ता त्रिलोक कपूर, प्रदेश प्रवक्ता संजय शर्मा, प्रदेश प्रवक्ता राकेश शर्मा, तथा जिला कांगड़ा महामंत्री देवेंद्र कोहली भी मौजूद रहे। सभी नेताओं ने स्थल पर सुरक्षा, जनसभा स्थल, पार्किंग, मार्ग-व्यवस्थाओं और अन्य तैयारियों को लेकर संबंधित टीमों को दिशा-निर्देश दिए। भाजपा नेताओं ने दावा किया कि 4 दिसंबर को धर्मशाला में होने वाला यह महा-आंदोलन कांग्रेस सरकार की विफलताओं के खिलाफ जनता की आवाज बनेगा।

# विधानसभा शीत सत्र को लेकर पुलिस ने बनाया ट्रैफिक प्लान

## धर्मशाला बाजार में सुबह आठ से रात आठ बजे तक माल वाहनों की नो एंट्री

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला**

**तपोवन** विधानसभा परिसर में बुधवार से शुरू हो रहे शीतकालीन सत्र के दौरान जिला मुख्यालय धर्मशाला के बाजार में सुबह 8 बजे से रात 8 बजे तक बड़े माल वाहनों के लिए पूरी तरह बंद रहेगा। इस दौरान बड़े वाहनों से सामान की लोडिंग-ऑनलाडिंग नहीं की जाएगी। जानकारी के अनुसार, विधानसभा सत्र को लेकर पुलिस प्रशासन द्वारा ट्रैफिक प्लान तैयार कर लिया गया है।

**सड़क किनारे वाहन को पार्क करना पूरी तरह से निषेध**

इसके तहत धर्मशाला शहर से लेकर सर्किट हाउस, कचहरी अड्डा, कोतवाली बाजार, दाड़ी, शीला चौक, सिद्धपुर, योल व तपोवन विधानसभा परिसर तक सड़क किनारे किसी प्रकार के वाहन को पार्क करना पूरी तरह से निषेध रहेगा। इसके साथ ही कोतवाली बाजार से खनियारा रोड वाहनों के जाने के लिए वन-वे रहेगा, जबकि शहर में प्रवेश करने के लिए आने वाले वाहनों को कोतवाली बाजार के स्थान पर बाबा मेडिकल रोड का उपयोग करना होगा। विधानसभासत्र को लेकर शहर में सुरक्षा-व्यवस्था को पुख्ता किया जा रहा है। विभिन्न जिलों से पुलिस जवान सुरक्षा व्यवस्था के लिए धर्मशाला पहुंच चुके हैं, जिन्हें मंगलवार को ब्रीफिंग के बाद अपने संबंधित स्थल पर तैनात कर दिया गया है। उधर, एएसपी जिला कांगड़ा बीर बहादुर ने कहा कि विधानसभा शीतकालीन सत्र को लेकर सुरक्षा-व्यवस्था के विशेष इंतजाम कर लिए गए हैं। प्रतिबंध के बाबजूद भी शहर में कोई मालवाहन पाया गया तो उसका चालान किया जाएगा।

### तपोवन से धर्मशाला तक सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम

**अनंत ज्ञान ब्यूरो। धर्मशाला।** तपोवन विधानसभा भवन में बुधवार से शुरू हो रहे शीत सत्र को लेकर सुरक्षा के लिहाज से चप्पे-चप्पे पर पुलिस व होमगार्ड जवान तैनात किए गए हैं। तपोवन से लेकर धर्मशाला तक सत्र को लेकर सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गए हैं। शीतकालीन सत्र के दौरान लगभग 1100 पुलिस जवान और अधिकारी सुरक्षा का जिम्मा संभाल रहे हैं। तपोवन सहित धर्मशाला शहर को विभिन्न सेक्टरों में बांटा गया है।विधा

### सीएम व मंत्रियों से मिलने वालों ने जमाया डेरा

**सत्र** के दौरान सीएम, मंत्रियों, विधायकों से मिलने आने वाले लोगों ने भी धर्मशाला में डेरा जमा लिया है। गौरतलब है कि सत्र के दौरान प्रदेश के विभिन्न हिस्सों से डेलीगेटस सरकार से मिलने व अपनी मांगों से अवगत करवाने पहुंचते हैं। यही नहीं कई लोग लंबे समय से लंबित कार्यों को जल्द करवाने की फरियाद लगाने भी सरकार के समक्ष तपोवन में आते हैं।

### जोरावर स्टेडियम से मिलेगी निगम की सेवा

**शीत** सत्र के दौरान सरकार से मिलने आने वाले फरियादियों व आगुंतकों को जोरावर स्टेडियम से तपोवन पहुंचाने के लिए एचआरटीसी की ओर से दो इलेक्ट्रिक वैन उपलब्ध करवाई गई हैं। जिनके माध्यम से लोगों को जोरावर स्टेडियम से आगे विधानसभा तक पहुंचाया जाएगा। इन वैन के माध्यम से बारी-बारी लोगों को विधानसभा भवन के बाहर तक पहुंचाया जाता है।

### डीजीपी ने खुद लिया सुरक्षा व्यवस्था का जायजा

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला।** विधानसभा सत्र के दौरान सुरक्षा व्यवस्था का जिम्मा की अगुवाई करने के लिए हिमाचल प्रदेश पुलिस महानिदेशक डीजीपी आईपीएस अशोक तिवारी खुद मौके पर पहुंचे हुए हैं। डीजीपी की ओर से पुलिस अधिकारियों के साथ सुरक्षा व्यवस्था को लेकर बैठकें आयोजित की जा रही हैं, जबकि दिशा-निर्देश भी जारी किए जा रहे हैं। डीजीपी खुद विधानसभा परिसर सहित अन्य महत्वपूर्ण स्थानों को दौरा कर सुरक्षा व्यवस्था का जायजा ले रहे हैं। वहीं, नेताजी सुभाष च्रंद बोस पुलिस मैदान धर्मशाला में पुलिस विभाग कांगड़ा के अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक बीर बहादुर सिंह की ओर से ब्रिफिंग कर जवानों को सुरक्षा व्यवस्था का जिम्मा सौंपा गया।

# पंचायत के विकास कार्यों को तय समय में पूरा करें अधिकारी: आरएस बाली

## मलां में ग्रामीणों के साथ किया नए पंचायत भवन का उद्घाटन

**अनंत ज्ञान, नगरोटा बगवां**



आरएस बाली ने लोगों की समस्याओं को भी सुना और निपटारा किया।

**नगरोटा** बगवां विधानसभा क्षेत्र में करोड़ों रुपए के विकास कार्य किए जा रहे हैं, जो नगरोटा के विकास को और गति देने में मील के पत्थर साबित होंगे। यह बात हिमाचल प्रदेश पर्यटन विकास निगम के अध्यक्ष व पर्यटन विकास बोर्ड के उपाध्यक्ष (कैबिनेट रैंक) आरएस बाली ने मलां पंचायत में पहुंच कर ग्रामीणों के साथ मिलकर नए पंचायत भवन का उद्घाटन करते हुए कही। इस दौरान उनके साथ समस्त विभागों के अधिकारी भी मौजूद रहे।

उन्होंने कहा कि बारिश के कारण टूटी सड़कों और रास्तों के निर्माण के कार्य तेज गति से चल रहे हैं। बैठक में उन्होंने अधिकारियों को गांवों के समग्र विकास के लिए किए जा रहे बिजली, पानी, स्वास्थ्य और सिंचाई आदि के सभी कार्यों को पूरा करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि गांव गरीब का विकास हमारी प्राथमिकता है। पंचायत में इस नए पंचायत भवन के बनने से यहां के समस्त ग्रामीणों को इसका फायदा होगा। प्रधान समस्त पंचायत सदस्य और अधिकारी अपना कार्य और अधिक दृढ़ता से कर सकेंगे। उन्होंने बताया कि इस पंचायत भवन को बनाने के लिए 7 लाख रुपए की राशि लगाई गई है।

उन्होंने लोगों द्वारा बताई गई ब्रिज की समस्या को भी जल्द दूर करने की बात कही और इसके लिए अधिकारियों को जल्द कार्रवाई करने के निर्देश दिए। उन्होंने लोगों की समस्याओं को भी सुना और मौके पर उनका निपटारा किया।

### सालगिरह मुबारक



बेई के बलकार पठानिया व प्यारो पठानिया को शादी की सालगिरह पर 'अनंत ज्ञान' परिवार की ओर से हार्दिक शुभकामनाएं।

### अनिल गोमा सूचना एवं जनसंपर्क विभाग में बतौर उपनिदेशक नियुक्त

**अनंत ज्ञान, जयसिंहपुर।** अनिल गोमा सूचना एवं जनसंपर्क विभाग में उपनिदेशक पद पर पदोन्नत हुए हैं। वह जिला कांगड़ा की तहसील जयसिंहपुर की पंचायत भुआणा के खजूरनू गांव के निवासी हैं। वर्तमान में वह शिमला स्थित निदेशालय में सूचना अधिकारी पद पर सेवाएं प्रदान कर रहे हैं। इस से पूर्व अनिल गोमा जिला शिमला और चंबा में डी पी आर ओ रह चुके हैं, उन्हें विकासात्मक पत्रकारिता के लिए राज्य सम्मान से पुरस्कृत किया जा चुका है।

## ऑर्गेनिक खेती में दक्षता प्राप्त करने पालमपुर पहुंचा ओडिशा कृषि विभाग का प्रतिनिधिमंडल

**अजय पाल, अनंत ज्ञान, पालमपुर।** चौधरी सरवण कुमार हिमाचल प्रदेश कृषि विश्वविद्यालय पालमपुर में भुवनेश्वर, ओडिशा के कृषि एवं खाद्य उत्पादन विभाग के अधिकारियों के लिए जैविक खेती पर पांच दिवसीय प्रशिक्षण शिविर कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। यह कार्यक्रम विश्वविद्यालय के जैविक एवं प्राकृतिक खेती विभाग में आयोजित किया जा रहा है। विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ. अशोक कुमार पांडा ने कार्यक्रम का उद्घाटन किया तथा प्रतिनिधिमंडल से संवाद किया। उन्होंने विश्वविद्यालय द्वारा जैविक एवं प्राकृतिक खेती में किए जा रहे अनुसंधान कार्यों पर प्रकाश डाला। उन्होंने बताया कि ये खेती प्रणालियां गौ-आधारित एवं स्थानीय संसाधनों पर आधारित होती हैं तथा पूरी तरह से रसायन मुक्त हैं।

डॉ. पांडा ने अधिकारियों को वैज्ञानिक तकनीकों के समन्वय के माध्यम से सुरक्षित खाद्य उत्पादन, गुणवत्ता सुधार तथा पर्यावरण-सम्मत कृषि को बढ़ावा देने का आह्वान किया। गौरतलब है कि इस प्रशिक्षण कार्यक्रम में ओडिशा के पांच जिलों से आए 20 अधिकारियों का प्रतिनिधिमंडल भाग ले रहा है। कार्यक्रम निदेशक डॉ. जनार्दन सिंह ने कुलपति एवं प्रतिनिधिमंडल का स्वागत किया तथा वर्तमान कृषि परिदृश्य में जैविक एवं प्राकृतिक खेती के उद्देश्यों, महत्व एवं संभावनाओं पर विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने गुणवत्ता युक्त फसल उत्पादन एवं पर्यावरण-अनुकूल कृषि पद्धतियों पर भी चर्चा की।

# चिट्टे के खिलाफ धर्मशाला में वॉकथान पहली दिसंबर को

## मुख्यमंत्री सुखविंद्र सुक्खू बतौर मुख्यातिथि करेंगे शिरकत

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला**

**शिमला** के बाद अब धर्मशाला में भी चिट्टे के खिलाफ वॉकथान एक दिसंबर सोमवार को आयोजित की जाएगी। नेताजी सुभाष चंद्र बोस पुलिस मैदान धर्मशाला में होने वाली एंटी चिट्टा अवेयरनेस वॉकथान में मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू बतौर मुख्यातिथि उपस्थित रहेंगे। जिसमें प्रदेश सरकार के मंत्री-विधायक, हिमाचल प्रदेश पुलिस जवान, हज़ारों युवक-युवतियां, महिला मंडल, युवक मंडल सहित कई गणमान्य लोग भाग लेंगे। चिट्टा फ्री हिमाचल किए जाने के लिए हिमाचल प्रदेश पुलिस विभाग की ओर से अब सोशल मीडिया में भी बड़ा अभियान चलाया जा रहा है, जिसमें हिमाचल के प्रसिद्ध चेहरों व पुलिस जवानों की ओर से सोशल में संदेश दिया जा रहा है। इसमें युवाओं को नशे व चिट्टे से दूर रहने, नशे के खिलाफ कड़ी कार्रवाई में सहयोग करने व अवेयरनेस वॉकथान में बढ़-चढ़ कर भाग लेकर नशे को हिमाचल से दूर करने का आह्वान किया जा रहा है। यह कार्यक्रम राज्य सरकार की उस व्यापक मुहिम का महत्तवपूर्ण हिस्सा है, जो युवाओं को नशे के दुष्प्रभावों से बचाने और समाज को नशामुक्त बनाने के उद्देश्य से लगातार चलाई जा रही है। महा वॉकथॉन का उद्देश्य नशे के खिलाफ सामूहिक चेतना का निर्माण, युवाओं में जागरूकता फैलाना, समाज के सभी वर्गों को इस जनअभियान से जोडना और जिला कांगड़ा को नशामुक्त बनाने की दिशा में एक मजबूत संदेश देना है। उपायुक्त हेमराज बैरवा ने कहा कि कांगड़ा जिला में पंचायत स्तर पर एंटी चिट्टा तथा नशा निवारण समितियां गठित की जा रही हैं। ये समितियां स्कूलों और अन्य सार्वजनिक स्थलों पर नशा निवारण व इससे होने वाले दुष्प्रभावों के बारे में विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन करेंगी। उन्होंने कहा कि धर्मशाला में वॉकथॉन के आयोजन साथ ही कांगड़ा जिला में चिट्टे के खिलाफ अभियान का आगाज किया जाएगा। इसके पश्चात उपमंडल और अन्य स्तरों पर भी एंटी चिट्टा रैलियां आयोजित की जाएंगी।

## न्यूज ब्रीफ

### तंबाकू नियंत्रण कानून के तहत काटे 10 चालान

**अनंत ज्ञान, गगल।** पुलिस थाना प्रभारी उधम सिंह राजपूत तथा उनकी टीम ने तियारा गांव में जाकर स्कूलों के आसपास दुकानों तथा ढाबों का निरीक्षण किया। गगल थाना प्रभारी ने बताया कि निरीक्षण के दौरान कुल 10 चालान काटे गए तथा 1000 दंड के रूप में लिए गए। लोगों तथा दुकानदारों को कानून के बारे में जागरूक किया। उन्होंने दुकानदारों को पैकिंग के खुले सिगरेट बेचने पर कानूनी कार्रवाई की चेतावनी भी दी तथा उपस्थित लोगों को खुले में धूम्रपान करने के संबंधी जागरूक किया।

### सुधार सभा ने किया नशा विरोधी अभियान का समर्थन

**सालविया शर्मा, अनंत ज्ञान, गरली।** नशा माफिया की जड़ों को खत्म करने के लिए देहरा पुलिस द्वारा चलाए जा रहे विशेष अभियान को ग्राम सुधार सभा रजोल करियाडा ने खुलकर समर्थन दिया है। सभा की प्रधान सीमा जशरोटिया ने कहा कि ढलियारा के धनोटू बल्ला क्षेत्र में पकड़ी गई पौने चार किलो चरस की खेप पुलिस की सख्त कार्रवाई का परिणाम है। उन्होंने बताया कि एसपी मयंक चौधरी के नेतृत्व में छेड़ा गया यह अभियान नशा माफिया को बेनकाब कर रहा है। सीमा जशरोटिया ने प्रशासन से अपील की कि अभियान को और तेज किया जाए ताकि क्षेत्र पूरी तरह नशामुक्त बन सके।

### संगठन सृजन अभियान के तहत बैठक आयोजित

**जितेंद्र कौशल, अनंत ज्ञान, बैजनाथ।** संगठन सृजन अभियान कार्यक्रम के आयोजन पर बैजनाथ विधानसभा क्षेत्र के विधायक किशोरी लाल की अध्यक्षता में बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में मुख्यातिथि के रूप में कांग्रेस पार्टी के सीडब्ल्यूसी सदस्य एवं जिला कांगड़ा के पर्यवेक्षक विकार रसूल वानी मौजूद रहे। बैठक में कांग्रेस संगठन और पार्टी की अन्य गतिविधियों को लेकर विस्तृत रूप से कार्यकर्ताओं के साथ विचार विमर्श किया। इस अवसर पर अनुराग शर्मा, रविंदर राव, शशी राणा, वीरेंद्र जंबाल, रमेश चड्डा आदि अन्य कार्यकर्ता मौजूद रहे।

### रिड़कमार कॉलेज में करियर मार्गदर्शन पर व्याख्यान

**कोहली, अनंत ज्ञान, शाहपुर।** गवर्नमेंट डिग्री कॉलेज रिड़कमार में विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास के लिए करियर मार्गदर्शन व्याख्यान का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का संचालन कार्यवाहक प्राचार्य मनोज कुमार के निर्देशन में किया गया। मुख्य वक्ता, पंजाब विश्वविद्यालय और एसएसजीआरसी होशियारपुर के सहायक प्रोफेसर सतीश कुमार ने करियर योजना, उच्च शिक्षा, प्रतियोगी परीक्षाओं और रोजगार के अवसरों पर विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने विद्यार्थियों को लक्ष्य निर्धारण, अनुशासन और निरंतर प्रयास के महत्व के बारे में भी मार्गदर्शन किया। कार्यक्रम में हाकम चंद, भूपिंदर सिंह और डॉ. आशा मिश्रा भी उपस्थित रहे। यह कार्यक्रम विद्यार्थियों के लिए अत्यंत लाभप्रद साबित हुआ।

### मुख्यमंत्री और विधायक का जताया आभार

**अनंत ज्ञान, देहरा।** मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू की अध्यक्षता में 24 नवंबर को कैबिनेट की बैठक में हरिपुर गुलेर स्थित चंद्रधर गुलेरी डिग्री कॉलेज को फाइन आर्ट्स कॉलेज में परिवर्तित करने का निर्णय लिया गया। इस फैसले से क्षेत्र के कांग्रेस कार्यकर्ताओं में खुशी की लहर दौड़ गई। कार्यकर्ताओं ने हरिपुर रेस्ट हाउस में बैठक कर मुख्यमंत्री और विधायक कमलेश ठाकुर का आभार जताया और बाजार में लड्डू बांटे। फाइन आर्ट्स विषय से छात्रों को लाभ मिलेगा और प्रवेश मैरिट आधार पर होगा। इसके अलावा इलेक्ट्रिक वाहनों के लिए बस अड्डे पर चार्जिंग प्वॉइंट की सुविधा भी शुरू की गई।

## निफ्टेम-कुंडली टीम की रक्कड़ में जागरूकता गतिविधियां आयोजित

**अनंत ज्ञान, धर्मशाला।** निफ्टेम-कुंडली के ग्राम अंगीकरण कार्यक्रम 2025-26 के तहत मंगलवार को ग्राम रक्कड़ में विभिन्न जागरूकता एवं प्रशिक्षण गतिविधियां आयोजित की गईं। निफ्टेम की टीम में 10 विद्यार्थी और संकाय सदस्य डॉ. आसिफ इंतेजार, डॉ. शीतल माने, मयंक निगम एवं संकेत कोकणे शामिल रहे। डॉ. संजय शर्मा, प्रधान वैज्ञानिक, केवीके कांगड़ा ने किसानों को मिट्टी परीक्षण, उर्वरक उपयोग और फसल उत्पादन बढ़ाने के वैज्ञानिक तरीके समझाए। राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में स्वच्छ भारत रैली आयोजित की गई, जिसमें छात्रों, ग्रामीणों और निफ्टेम टीम ने भाग लिया। रैली का उद्देश्य स्वच्छता, कचरा प्रबंधन और स्वस्थ जीवनशैली के प्रति जागरूकता बढ़ाना था। प्रतिभागियों को एड्स जागरूकता, रोकथाम और मिथकों को दूर करने की जानकारी भी दी गई। निफ्टेम-कुंडली की यह पहल ग्रामीण समुदाय में स्वास्थ्य, स्वच्छता और वैज्ञानिक कृषि पद्धतियों के प्रति जागरूकता बढ़ाने में महत्वपूर्ण रही।

## राष्ट्रीय ताइक्वांडो चैंपियनशिप में स्प्रिंग डेल स्कूल के छात्र ने जीता सिल्वर मेडल

**अनंत ज्ञान, जवाली**

**ताइक्वांडो** फेडरेशन ऑफ इंडिया के तत्वावधान में 21 से 23 नवंबर तक पंजाब ताइक्वांडो एसोसिएशन द्वारा जालंधर के पंजाबी आर्म्ड पुलिस (पीएपी) स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स स्टेडियम में आठवीं राष्ट्रीय कैडेट कयोरूगी एवं पूमसे ताइक्वांडो चैंपियनशिप का आयोजन किया गया।

इस प्रतियोगिता में ओवर 65 किलोग्राम भार वर्ग में हिमाचल प्रदेश का प्रतिनिधित्व करते हुए जिला कांगड़ा के स्प्रिंग डेल कॉन्वेंट सीनियर सेकेंडरी स्कूल जवाली के छात्र ईशान ने अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया है।

ईशान ने पहले राउंड में केरल के मोहम्मद अरफात को पराजित किया और फाइनल में गोल्ड मेडल के लिए इंडियन आर्मी (एसएससीबी) के खिलाड़ी कवीश के साथ कड़ी टक्कर दी। इस रोमांचक मुकाबले के बाद ईशान को सिल्वर मेडल से नवाजा गया। स्प्रिंग डेल कॉन्वेंट स्कूल के



प्रधानाचार्य डॉ. राजीव व अध्यक्ष डॉ. राजेंद्र एमडी पवन ने दी बधाई।

प्रधानाचार्य डॉ. राजीव सिंह निरयाल ने बताया कि यह बहुत बड़ी उपलब्धि है कि जवाली के छात्र ने जिला कांगड़ा का प्रतिनिधित्व करते हुए राष्ट्रीय स्तर पर अपनी क्षमता दिखाई है।

ईशान के स्वागत और सम्मान के दौरान प्रधानाचार्य डॉ. राजीव सिंह निरयाल, अध्यक्ष डॉ. राजेंद्र एमडी पवन चौधरी और अन्य कमिटी मेंबर्स ने उन्हें इस उपलब्धि पर बधाई दी। उन्होंने कहा कि ईशान की यह सफलता अन्य छात्रों के लिए प्रेरणा का स्रोत बनेगी और उन्हें भी खेलों में आगे बढ़ने के लिए प्रेरित करेगी। विद्यालय ने इस अवसर पर खेलों के महत्व और विद्यार्थियों में फिटनेस और अनुशासन के प्रति जागरूकता बढ़ाने पर जोर दिया। ईशान की मेहनत और समर्पण ने साबित कर दिया कि कठिन परिश्रम और लगन से राष्ट्रीय स्तर पर भी सम्मान प्राप्त किया जा सकता है।

### लेखक और शायर भी थे अभिनेता धर्मेंद्र: डॉ. गगन

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला।** बॉलीवुड अभिनेता स्वर्गीय धर्मेंद्र शायर और लेखक भी थे, यह बात बहुत कम लोगों को पता है। इस संबंध में जानकारी साझा करते हुए बॉलीवुड गायक और नूरपुर के पुखेर सुल्याली निवासी डॉ. गगन जम्वाल ने बताया कि उन्होंने धर्मेंद्र के कई गीतों को कंपोज किया और अपनी आवाज भी दी। उन्होंने धर्मशाला में पत्रकारों को संबोधित करते हुए कहा कि हेमा मालिनी के म्यूजिक गुरु होने के नाते जब उन्होंने पहली बार उनके घर का दौरा किया, तो धर्मेंद्र उनके सामने आए और अपनी गजल सुनाई। डॉ. जम्वाल ने धर्मेंद्र की प्रसिद्ध गजलों जैसे हुस्न ने हाथ, मेरे इश्क का छोड़ दिया, नेकी की किताब पढ़ ले का भी जिक्र किया। उन्होंने बताया कि उनके कई हिमाचली, पंजाबी और डोगरी प्रोजेक्ट चल रहे हैं, जिनमें स्थानीय संस्कृति और गीतों को प्रस्तुत किया जाएगा। उन्होंने युवाओं को प्रेरित किया कि नशे से बचने के लिए संगीत को अपनाएं। इस अवसर पर कैप्टन अजय और आशीष भी मौजूद रहे।

## एचआरटीसी के उपाध्यक्ष ने ढुगियारी स्कूल में मेधावी नवाजे




ढुगियारी स्कूल में वार्षिक पारितोषिक समारोह आयोजित किया।

**अनंत ज्ञान, गगल**

**राजकीय** वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला ढुगियारी में वार्षिक पारितोषिक समारोह आयोजित किया गया। समारोह में एचआरटीसी के उपाध्यक्ष अजय वर्मा ने मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत की मुख्य अतिथि का स्वागत स्कूल के प्रधानाचार्य शक्ति प्रसाद व स्कूल के अध्यापकों ने फूल मलाये पहनाकर स्वागत किया। इस अवसर पर अजय वर्मा ने कहा कि शिक्षा एक ऐसा हथियार है, जो विद्यार्थी के जीवन में अति आवश्यक है, क्योंकि शिक्षा के बिना विद्यार्थी का जीवन अधूरा है उन्होंने कहा कि बच्चों के अभिभावकों को भी चाहिए कि समय-समय पर स्कूल में आकर बच्चों की गतिविधियों पर नजर रखें और अध्यापकों के साथ तालमेल रखें। इस अवसर पर स्कूल में रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए अजय वर्मा ने मेधावी छात्र-छात्राओं को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया और बच्चों को नकद राशि भी प्रदान की। उन्होंने स्कूल के लिए दो सोलर लाइटें देने की घोषणा की।

# तपोवन विस घेराव को नगरोटा सूरियां से जाएंगे 100 पेंशनर्स

**शिव गुलेरिया, अनंत ज्ञान**

**देहरा।** पेंशन वेलफेयर एसोसिएशन के प्रदेश प्रधान सुरेश ठाकुर के आह्वान पर पेंशनर्स अपनी मांगों को लेकर 28 नवंबर को धर्मशाला के तपोवन में गरजेंगे और विधानसभा का घेराव करेंगे। एसोसिएशन के खंड नगरोटा सूरियां प्रधान गुरदेव भारती ने बताया कि नगरोटा सूरियां से सौ पेंशनर तपोवन जाएंगे।



पेंशनर्स वेलफेयर एसोसिएशन खंड नगरोटा सूरियां ने बैठक की।

पेंशनर्स वेलफेयर एसोसिएशन खंड नगरोटा सूरियां की बैठक मंगलवार को प्रधान गुरदेव भारती की अध्यक्षता में हुई। इसमें सभी पेंशनरों ने रोष प्रकट किया कि मंत्रियों और विधायकों ने सर्वसम्मति से अपने वेतन व भत्ते बढ़ा लिए, लेकिन कर्मचारियों व पेंशनरों की देनदारियां देने के लिए सरकार वित्तीय संकट का हवाला देकर टालती आ रही है। उन्होंने सरकार के इस दोहरे रवैये से तंग आकर पेंशनरों को सरकार के खिलाफ मजबूरन आंदोलन का रास्ता अपनाना पड़ रहा है। उन्होंने कहा कि इससे पहले भी पेंशनर अपनी समस्याओं को लेकर मुख्यमंत्री से मिले, लेकिन पेंशनरों की समस्याओं को दरकिनार ही किया जा रहा है। हाल ही में पेंशनरों व कर्मचारियों के 18 संगठनों ने मिलकर धर्मशाला ने अपनी बकाया देनदारियों को लेकर रोष रैली निकाली। अब 28 नवंबर को पेंशनर सरकार के खिलाफ तपोवन धर्मशाला में रोष रैली निकालेंगे और विधानसभा सत्र का घेराव करेंगे। बैठक में महासचिव सुभाषना भारती ने मंच का संचालन किया। इस अवसर पर मुख्य संरक्षक पीसी विश्वकर्मा, वित्तसचिव रामपाल धीमान, वरिष्ठ उपप्रधान करतार सिंह, उपप्रधान सुदर्शन कुमार, संगठन सचिव पूर्ण चंद, मनोहर सिंह भारती, शमशेर सिंह जग्गी, जोध सिंह सिद्धू, पवन तलवार, सरूप चंद शर्मा, विजय कुमार, अशोक कुमार, देशराज शास्त्री, जोगिंद्रा कुमारी, खरुदी लाल, जोगिंदर कुमार, नरेश कुमार, दलगिर सिंह उपस्थित रहे।

**बैठक** विधायक ने की महिला सशक्तिकरण और विकास कार्यों की समीक्षा, बोले- लापरवाही बर्दाश्त नहीं होगी

# क्षेत्र की महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाना लक्ष्य: मलेंद्र

**अशोक ठाकुर, अनंत ज्ञान**

**इंदौरा।** विधायक मलेंद्र राजन ने विकास खंड इंदौरा में चल रहे विभिन्न विकास कार्यों और महिला सशक्तिकरण योजनाओं की विस्तृत समीक्षा बैठक की। बैठक में बीडीओ सुदर्शन सिंह, महिला कांग्रेस अध्यक्षा सुनीता कटोच, विभागीय अधिकारी तथा विभिन्न महिला मंडलों और स्वयं सहायता समूहों की प्रतिनिधियों ने भाग लिया। बैठक में विधायक ने कहा कि इंदौरा उत्सव क्षेत्र की महिलाओं की प्रतिभा को उजागर करने का सशक्त मंच बनेगा। इस उत्सव में महिलाएं अपनी कला, कौशल और स्थानीय उत्पादों की प्रदर्शनी लगा सकेंगी, जिससे उन्हें आत्मनिर्भर बनने और अपनी पहचान स्थापित करने का अवसर मिलेगा। उन्होंने यह भी कहा कि महिला मंडल और स्वयं सहायता समूह द्वारा बनाए गए उत्पाद उत्सव में प्रदर्शित और बेचे



विधायक मलेंद्र ने विकास खंड इंदौरा में चल रहे विभिन्न विकास कार्यों और महिला सशक्तिकरण योजनाओं की समीक्षा की।

जाएंगे, जिससे महिलाओं की आजीविका को नई दिशा मिलेगी। विधायक ने क्षेत्र में बांस की प्रचुरता का उल्लेख करते हुए कहा कि इसका उपयोग कर महिलाएं और स्थानीय कारीगर नवीन उत्पाद तैयार कर सकते हैं, जो इंदौरा की पहचान बढ़ाएंगे। उन्होंने जानकारी दी कि सरकार को दमतल के पास बड़े पार्क निर्माण का प्रस्ताव भेजा गया है, जहां स्थानीय संस्कृति, हस्तशिल्प और उत्पाद प्रदर्शित किए जाएंगे। विधायक ने महिला मंडलों और स्वयं सहायता समूहों को 1.60 लाख रुपए की प्रोत्साहन राशि प्रदान की। उन्होंने कहा कि यह राशि महिलाओं को आर्थिक रूप से सशक्त बनाने और उन्हें नए अवसर प्रदान करने का महत्वपूर्ण कदम है। इसके अलावा विधायक राजन ने सभी विभागीय अधिकारियों को निर्देश दिए कि विकास कार्य गुणवत्ता और समयबद्ध तरीके से पूरे किए जाएं। उन्होंने स्पष्ट किया कि जनता से जुड़े कार्यों में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। बैठक में सभी अधिकारियों और प्रतिनिधियों ने सुझाव साझा किए और महिलाओं के सशक्तिकरण व क्षेत्रीय विकास के लिए सहयोग की प्रतिबद्धता जताई।

## न्यूज ब्रीफ

### आज मनाई जाएगी डॉ. वर्गीज कुरियन की जयंती

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर।** भारत में श्वेत क्रांति के जनक डॉ. वर्गीज कुरियन की जयंती के उपलक्ष्य में 26 नवंबर को दूधसागर नेशनल अमूल अवशीतन केंद्र पनराली (बंदला) में कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। सरदार पटेल को-ऑपरेटिव डेयरी फेडरेशन (एसपीडीसीएफ) महेसाणा जिला सहकारी दूध उत्पादक संघ और सुमन एग्रो पनराली के संयुक्त तत्वाधान में आयोजित किए जाने वाले इस कार्यक्रम में उपायुक्त राहुल कुमार बतौर मुख्यातिथि शिरकत करेंगे। एसपीडीसीएफ के प्रदेश को-ऑर्डिनेटर शरद तिवारी ने बताया कि कार्यक्रम में क्षेत्र के सभी दुग्ध उत्पादक और समितियों के पदाधिकारी भाग लेंगे।

### सड़क सुरक्षा नियमों के पालन का दिया संदेश

**अनंत ज्ञान, झंडूता।** राजकीय महाविद्यालय झंडूता की एनएसएस इकाई एवं रोड सेफ्टी क्लब द्वारा मंगलवार को सड़क सुरक्षा जागरूकता हेतु एक भव्य रैली का आयोजन किया गया। रैली का शुभारंभ महाविद्यालय के प्राचार्य प्रोफेसर संजय कुमार एवं अन्य प्राध्यापक वर्ग ने किया, जिसमें एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी प्रोफेसर प्रतीक देसवाल, रोड सेफ्टी क्लब प्रभारी, प्रोफेसर राजेंद्र कुमार के साथ प्रोफेसर नितेश कुमार, प्रोफेसर रेखा देवी, प्रोफेसर दीपक कुमार, कॉलेज के विद्यार्थियों के साथ उपस्थित रहे। रैली के दौरान विद्यार्थियों ने सड़क सुरक्षा से संबंधित नारे लगाते हुए आमजन को यातायात नियमों के पालन के लिए प्रेरित किया। प्रतिभागियों ने हेलमेट एवं सीट बेल्ट के उपयोग, तेज गति से वाहन न चलाने, नशे में वाहन न चलाने तथा सड़क संकेतों का पालन करने जैसे महत्वपूर्ण संदेश दिए।

### बिलासपुर में एचपीयू युवा महोत्सव ग्रुप-4 कल से

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर।** राजकीय महाविद्यालय बिलासपुर में 27 नवंबर से हिमाचल प्रदेश विश्वविद्यालय युवा महोत्सव ग्रुप-4 (थियेटर) का आयोजन किया जा रहा है। यह युवा महोत्सव 27 नवंबर से शुरू होकर 30 नवंबर तक चलेगा। उन्होंने कहा कि इस युवा महोत्सव का शुभारंभ पूर्व विधायक बंबर ठाकुर द्वारा किया जाएगा और समापन समारोह के मुख्यातिथि नगर एवं ग्राम योजना,आवास और तकनीकी शिक्षा मंत्री, राजेश धर्माणी होंगे। उन्होंने कहा कि इस महोत्सव में हिमाचल प्रदेश विश्वविद्यालय के अन्तर्गत आने वाले सभी महाविद्यालय के विद्यार्थी अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन करेंगे। महाविद्यालय प्राचार्य डॉ. पीएस कटवाल ने कहा कि इस युवा महोत्सव में विभिन्न महाविद्यालयों से आने वाले विद्यार्थियों के खाने और रहने की व्यवस्था महाविद्यालय प्रशासन द्वारा महाविद्यालय में ही की गई है। युवा महोत्सव भाषा एवं संस्कृति विभाग के सभागार निकट गर्ल्स स्कूल में आयोजित किया जाएगा। इस महोत्सव में थियेटर के अन्तर्गत चार आइटम्स प्ले, स्किट, माइम और मीमिकरी होगी।

### होटल लेक व्यू के मैनेजर तुलसी राम सम्मानित

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर।** हिमाचल प्रदेश टूरिज्म डेवलपमेंट कॉरपोरेशन के अंतर्गत होटल लेक व्यू मैनेजर तुलसी राम को पर्यटन के क्षेत्र में बेहतरीन सेवाएं देने हेतु महिला एवं बाल विभाग जिला बिलासपुर के अधिकारियों ने किया सम्मानित। गौरतलब है कि होटल लेक व्यू में गत दिवस वात्सल्य ट्रेनिंग के समापन अवसर पर उपायुक्त जिला बिलासपुर राहुल कुमार एवं पुलिस अधीक्षक संदीप धवल ने शिरकत की। जिसमें विशेष रूप से तुलसीराम ठाकुर को भी महिला बाल विकास विभाग के जिला कार्यक्रम अधिकारी द्वारा सम्मानित किया गया। हिमाचल प्रदेश टूरिज्म डेवलपमेंट कॉरपोरेशन के अंतर्गत जिला हमीरपुर, जिला मंडी एवं जिला बिलासपुर के डीडीओ तुलसी राम ठाकुर पिछले लगभग 38 वर्षों से कॉरपोरेशन में अपनी बेहतरीन सेवाएं दे रहे हैं।

### वरिष्ठ नागरिक सभा में मस्तराम वर्मा सम्मानित

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर।** वरिष्ठ नागरिक सभा की मासिक बैठक की अध्यक्षता डॉ. जऐन मिश्रा ने की, जबकि संचालन महासचिव मस्तराम वर्मा ने किया। बैठक की शुरुआत हाल ही में दिवंगत हुए व्यक्तियों को श्रद्धांजलि देने के साथ हुई, जिसमें बरठी बस दुर्घटना में सोलह लोगों की हुई दर्दनाक मौत पर गहरा शोक व्यक्त किया गया। सभा ने हाल ही में राज्य स्तरीय वरिष्ठ नागरिक दिवस समारोह में मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू द्वारा महासचिव मस्तराम वर्मा को दिए गए सम्मान पर प्रसन्नता व्यक्त की और उन्हें बधाई दी। इसी उपलक्ष्य में वरिष्ठ सदस्य और समाजसेवी राजपाल सारीन ने भी उन्हें शॉल और टोपी भेंट कर सम्मानित किया।

### पेंटिंग व कहानी लेखन में घुमारवीं कॉलेज फर्स्ट

**अनंत ज्ञान, घुमारवीं।** युवा सेवा एवं खेल विभाग बिलासपुर द्वारा आयोजित जिला स्तरीय युवा महोत्सव में स्वामी विवेकानंद राजकीय महाविद्यालय घुमारवीं के छात्रों ने विभिन्न प्रतियोगिताओं में भाग लिया और बेहतर प्रदर्शन किया। इसमें पेंटिंग और कहानी लेखन में महाविद्यालय की छात्राओं ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। वहीं लोक समूह गान में द्वितीय स्थान, भाषण प्रतियोगिता में द्वितीय स्थान, कविता लेखन में भी द्वितीय स्थान प्राप्त किया। इस अवसर पर महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो. प्रीतम लाल ने संगीत विभाग की अध्यक्षा प्रो. अंजना व विजेता प्रतिभागियों को बधाई देते हुए इन विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की है।

### मोरसिंघी स्कूल में वार्षिक समारोह की धूम

**अनंत ज्ञान, घुमारवीं।** राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला मोरसिंघी में वार्षिक पुरस्कार वितरण समारोह बड़े हर्षोल्लास एवं अनुशासनपूर्ण वातावरण में आयोजित किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में पूर्व विधायक सदर चुनाव क्षेत्र के बम्बर सिंह ठाकुर ने शिरकत की। उनके आगमन से समारोह की गरिमा और अधिक बढ़ गई। विद्यालय प्रबंधन, एसएमसी सदस्यों और छात्रों ने मुख्य अतिथि का गर्मजोशी से स्वागत किया। समारोह में प्रधान ग्राम पंचायत मोरसिंघी, पूर्व प्रधान, एसएमसी प्रधान राजपाल, पंचायत प्रतिनिधि, अभिभावक तथा क्षेत्र के अनेक ग्रामीणजन विशेष अतिथि के रूप में मौजूद रहे। सभी ने विद्यार्थियों के उत्साह और विद्यालय की प्रगति की सराहना की। समारोह के मुख्यातिथि बंबर सिंह ठाकुर ने शैक्षणिक, खेल एवं सांस्कृतिक गतिविधियों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले मेधावी विद्यार्थियों को पुरस्कार प्रदान किए।

# दसलेहड़ा स्कूल के बाहर गंदगी का अंबार

## ग्रामीण बोले- स्कूल के भीतर चलते हैं सफाई अभियान, बाहर गंदगी अपार

**भूपेश नड्डा, अनंत ज्ञान**

**घुमारवीं।** एक ओर जहां विद्यालयों को शिक्षा के मंदिर कहा जाता है और बच्चों को स्वच्छता के महत्व से अवगत कराने के लिए एनएसएस शिविर, इको क्लब और विभिन्न जागरूकता अभियानों का संचालन किया जाता है, वहीं दूसरी ओर राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय दसलेहड़ा के मुख्य गेट के बाहर गंदगी का अंबार लगा हुआ है। इससे विद्यालय की छवि पर न केवल प्रतिकूल प्रभाव पड़ रहा है, बल्कि प्रशासन की कार्यप्रणाली पर भी गंभीर प्रश्नचिह्न खड़ा हो गया है। विद्यालय के बाहर रोजाना जमा हो रही गंदगी और कूड़े के ढेर से स्थानीय लोगों, अभिभावकों और विद्यार्थियों में नाराजगी बढ़ती जा रही है। कूड़े से उठती बदबू और फैलता प्रदूषण बच्चों के स्वास्थ्य के लिए खतरा बनता जा रहा है।




**ग्रामीण बोले- कई बार बता चुके समस्या, आज तक नहीं हुआ कोई समाधान**

ग्रामीणों का कहना है कि कई बार इस समस्या को उठाया गया, लेकिन आज तक इस दिशा में किसी भी प्रकार की ठोस कार्रवाई नहीं हुई।

**विद्यालय प्रशासन की कार्यप्रणाली पर भी लग रहे गंभीर प्रश्नचिन्ह**

इस विद्यालय में जहां भीतर स्वच्छता अभियान चलाए जाते हैं, वहीं बाहर की स्थिति इसके ठीक विपरीत दिखाई देती है। यह विरोधाभास विद्यालय प्रशासन की लापरवाही को उजागर करता है।

### गंदगी की वजह से बीमारियों का खतरा

**स्थानीय** लोगों का कहना है कि यदि विद्यालय प्रशासन और पंचायत समय रहते कदम उठाती, तो हालात इतने बिगड़ते नहीं। अभिभावकों का कहना है कि गेट के बाहर फैली गंदगी के कारण सुबह बच्चों को स्कूल छोड़ना और दोपहर को वापस लाना भी परेशानी भरा हो गया है। कई अभिभावकों ने चिंता जताते हुए कहा कि कचरे की वजह से बीमारियों का खतरा बढ़ रहा है। ग्रामीणों ने प्रशासन से मांग की है कि विद्यालय के आसपास के क्षेत्र की नियमित सफाई करवाई जाए और कूड़ा डालने के लिए उचित स्थान निर्धारित किया जाए। साथ ही विद्यालय प्रशासन से भी अपेक्षा की जा रही है कि वह इस मुद्दे को गंभीरता से लेते हुए संबंधित विभागों के साथ मिलकर समस्या का समाधान करे। यदि समय रहते कदम नहीं उठाए गए, तो यह समस्या न केवल पर्यावरण को प्रभावित करेगी बल्कि विद्यालय के शैक्षिक वातावरण को भी दूषित करेगी।

## चरस तस्करी के दोषी को मिली 10 साल की सजा

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर।** विशेष न्यायाधीश घुमारवीं (कैंप एट बिलासपुर) मोहित बंसल की अदालत ने सोमवार को एनडीपीएस एक्ट की धारा-20 के एक मामले में आरोपी सौरभ फुल उर्फ सोनू पुत्र सुधीर कुमार निवासी हार्डिंग विल्ला धोबी घाट रोड़ छोटा शिमला को दोषी करार देते हुए दस वर्ष का कठोर कारावास तथा एक लाख रुपए जुर्माने की सजा सुनाई है। जुर्माना अदा न करने की सूरत में एक साल का अतिरिक्त कारावास भुगतना होगा। यह जानकारी देते हुए उप न्यायवादी अभय गुप्ता ने बताया कि 30 जनवरी 2024 को पुलिस थाना घुमारवीं की टीम इंस्पेक्टर कर्म चंद की अगवाई में गश्त पर थी कि रोहिण फोरलेन के पास यातायात चैकिंग के दौरान एक अल्टो कार में चैंकिग के दौरान एक किलो तथा 216 ग्राम चरस बरामद हुई। जिस पर थाना घुमारवीं में एनडीपीएस एक्स की धारा 20 के तहत मामला दर्ज किया गया। उन्होंने बताया कि अभियोजन पक्ष की ओर से 11 गवाह पेश किए गए। अभियोजन पक्ष की दलीलों को सुनने के बाद माननीय अदालत ने आरोपी को दोषी करार देते हुए उक्त सजा सुनाई।

## स्मार्ट मीटर से खत्म हुई गलत रीडिंग की समस्या : गौरव शर्मा

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर**

हिमाचल प्रदेश स्टेट इलेक्ट्रिसिटी बोर्ड लिमिटेड बिजली व्यवस्था को आधुनिक बनाने की दिशा में बड़ा कदम उठा रहा है। बोर्ड द्वारा पूरे प्रदेश में लगभग 29 लाख स्मार्ट मीटर चरणबद्ध तरीके से स्थापित किए जा रहे हैं। इसी अभियान में बिलासपुर जिले में अब तक 2000 स्मार्ट मीटर लगाए जा चुके हैं।

**कहा- जिले में अब तक दो हजार स्मार्ट मीटर लगाए**

हिमाचल प्रदेश राज्य विद्युत बोर्ड बिलासपुर के अधीक्षण अभियंता गौरव शर्मा ने बताया कि स्मार्ट मीटर मानव हस्तक्षेप के बिना अत्यंत सटीक रीडिंग प्रदान करते हैं, जिससे किसी भी प्रकार की गलती की संभावना लगभग समाप्त हो जाती है। पहले उपभोक्ताओं द्वारा गलत रीडिंग की शिकायतें आती थीं, लेकिन स्मार्ट मीटरों के लगने से यह समस्या लगभग पूरी तरह समाप्त हो गई है। अधीक्षण अभियंता गौरव शर्मा ने कहा कि स्मार्ट मीटर रीयल टाइम डेटा उपलब्ध कराते हैं, जो न केवल बिलिंग प्रक्रिया को पारदर्शी और आसान बनाता है, बल्कि विद्युत वितरण प्रणाली में सुधार, भविष्य की बिजली मांग का आकलन और तकनीकी खामियों की पहचान करने में भी अत्यंत उपयोगी है।

उन्होंने बताया कि ये आधुनिक मीटर बिजली चोरी का स्वत: पता लगाने में सक्षम हैं, जिससे अनधिकृत खपत पर रोक लगाने में मदद मिलेगी। भविष्य में इन्हीं स्मार्ट मीटरों के माध्यम से उपभोक्ताओं को प्री-पेड बिजली सुविधा भी उपलब्ध करवाई जाएगी, जिससे उपभोक्ता अपनी खपत तुरंत देख और नियंत्रित कर सकेंगे।

### सरकार की आदर्श स्वास्थ्य संस्थानों की अवधारणा दे रही सकारात्मक नतीजे

## घुमारवीं अस्पताल में पहली बार सफल सिजेरियन प्रसव

**अनंत ज्ञान, घुमारवीं**

घुमारवीं सिविल अस्पताल ने आज स्वास्थ्य सेवाओं के क्षेत्र में एक महत्वपूर्ण उपलब्धि दर्ज की है। अस्पताल के इतिहास में पहली बार सिजेरियन प्रसव (सी-सेक्शन) सफलतापूर्वक करवाया गया है। अस्पताल में यह उपलब्धि डॉ. अनुपम शर्मा, डॉ. अभिनव गौतम, तकनीकी स्टाफ उमेश, पूजा, अंकुश तथा वार्ड स्टाफ सीता और रमा की उत्कृष्ट टीमवर्क का परिणाम है। टीम ने अत्यंत संवेदनशील प्रक्रियाओं को गति, सूझबूझ और कुशलता के साथ अंजाम दिया, जिससे दोनों प्रसूता महिलाएं और उनके बच्चे पूर्णत: स्वस्थ हैं। इस अवसर पर प्रदेश सरकार के नगर नियोजन, आवास, तकनीकी शिक्षा, व्यावसायिक एवं औद्योगिक प्रशिक्षण मंत्री राजेश धर्माणी ने इस ऐतिहासिक सफलता पर संपूर्ण चिकित्सा दल को बधाई दी। उन्होंने कहा कि घुमारवीं सिविल अस्पताल में पहली बार इस प्रकार का जटिल



सिजेरियन प्रसव सफलतापूर्वक होना, प्रदेश सरकार की उस दूरदर्शी सोच का प्रमाण है, जिसके तहत हर विधानसभा क्षेत्र में 'आदर्श स्वास्थ्य संस्थान' स्थापित करने का लक्ष्य रखा गया था। उन्होंने कहा कि अब इन प्रयासों के परिणाम धरातल पर स्पष्ट रूप से दिखाई देने लगे हैं। मंत्री धर्माणी ने कहा कि सरकार का उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि लोगों को गुणवत्तापूर्ण चिकित्सीय सेवाएं घर-द्वार पर ही प्राप्त हों और जटिल प्रसव मामलों के लिए बड़े अस्पतालों की ओर जाने की मजबूरी समाप्त हो। इससे सामान्य परिवारों पर आर्थिक बोझ भी कम होगा और समय तथा जोखिम दोनों की बचत होगी। उन्होंने विश्वास जताया कि घुमारवीं में हुई यह सफलता आने वाले समय में स्वास्थ्य सेवाओं के नए आयाम स्थापित करेगी। बीएमओ डॉ. अनुपम शर्मा ने बताया कि आज जिन दो महिलाओं का सफलतापूर्वक सिजेरियन प्रसव करवाया गया, उनमें टकरेड़ा की वह महिला शामिल है जो 19 वर्षों बाद गर्भवती हुई थी तथा जिसका मामला अत्यंत संवेदनशील था। वहीं दूसरी महिला जोल-कुठेडा की निवासी है, जिनके पेट में रसौली पाए जाने के चलते उनका प्रसव अत्यधिक जटिल था। दोनों मामलों में चिकित्सा दल ने सावधानीपूर्वक ऑपरेशन किया और दोनों महिलाओं तथा नवजात शिशुओं को सुरक्षित स्वास्थ्य प्रदान किया गया।

## खुले में कूड़ा फेंकने पर वसूला 4 हजार रुपए जुर्माना

### बरठीं पंचायत ने बाजार क्षेत्र में गंदगी फैलाने वालों पर पहली बार की कड़ी कार्रवाई

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर**

विकास खंड झंडूता की ग्राम पंचायत बरठीं ने स्वच्छ भारत मिशन के नियमों को कड़ाई से लागू करते हुए बरठीं बाजार क्षेत्र में पहली बार खुले में कूड़ा फेंकने वालों पर कार्रवाई की है। पंचायत प्रधान कुलदीप धीमान और उपप्रधान राकेश मेहता ने बताया कि पंचायत निवासी नवीन कुमार ने शिकायत दर्ज करवाई थी कि कुछ स्थानीय तथा प्रवासी लोग खुले में कूड़ा फेंक रहे हैं। शिकायत को गंभीरता से लेते हुए विकास खंड अधिकारी झंडूता संजीत पुरी ने क्षेत्र का दौरा किया। निरीक्षण के दौरान बाजार में भारी गंदगी पाई गई, जिस पर उन्होंने पंचायत को सख्त निर्देश दिए कि खुले में कचरा फेंकने वालों से 5000 रुपए प्रति व्यक्ति जुर्माना वसूला जाए। इसी निर्देश के तहत

**भविष्य में खुले में कूड़ा फेंका तो लगेगा 5 हजार जुर्माना**

**बरठीं** पंचायत ने स्थानीय लोगों से अपील की है कि वे खुले में गंदगी न फैलाएं। साथ ही चेतावनी भी जारी की है कि भविष्य में कोई भी स्थानीय, प्रवासी या दुकानदार खुले में कचरा फेंकता हुआ पाया गया, तो उससे सीधे 5000 रुपए का जुर्माना वसूला जाएगा। पंचायत ने यह भी घोषणा की है कि यदि कोई व्यक्ति खुले में कचरा फेंकने की सूचना पंचायत को देता है, तो उसे उचित इनाम प्रदान किया जाएगा। इस मौके पर पंचायत सचिव राजेंद्र सिंह सहित सभी वार्ड पंच उपस्थित रहे। प्रधान कुलदीप धीमान और उपप्रधान राकेश मेहता ने स्पष्ट किया कि आगे बाजार और आसपास के क्षेत्रों में गंदगी फैलाने वालों पर और भी सख्त कार्रवाई की जाएगी।

**चार लोगों से एक-एक हजार जुर्माना वसूला गया**

पंचायत ने कार्रवाई करते हुए चार लोगों को खुले में कूड़ा फेंकते हुए पकड़ लिया। उन्हें पंचायत कार्यालय बुलाया गया और पंचायत के इतिहास में पहली बार प्रति व्यक्ति 1000 रुपए का जुर्माना वसूल किया गया।

जुर्माना भरने वालों में सुरेश कुमार, गोविंद सिंह, आकाश कुमार और मंजीत सिंह शामिल हैं, जिनमें दो स्थानीय और दो प्रवासी निवासी बताए जा रहे हैं।

## एससी/एसटी विकास निधि के लिए तेज होगा संघर्ष : प्रो. धीर

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर**

अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति विकास निधि कानून के लिए राज्य गठबंधन हिमाचल प्रदेश की ओर से प्रो. केएस धीर ने प्रेस को जारी बयान में बताया कि नगर के जिला परिषद भवन के सभागार में संविधान दिवस पर कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा, जिसमें राजनीतिक दलों के साथ हिमाचल प्रदेश में बनाये अनुसूचित जाति, जनजाति विकास निधि कानून बनाने के मुद्दे पर राज्य स्तरीय परामर्श होगा। उन्होंने कहा कि भारतीय संविधान के अनुच्छेद 46 के अंतर्गत छठी पंचवर्षीय योजना के दौरान निम्न उद्देश्यों के साथ अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति उप योजना की शुरुआत हुई। राज्यों को इस उप योजना के अंतर्गत कुल योजना बजट का राज्य में अजा,जजा की जनसंख्या के अनुपात में बजट का आवंटन सुनिश्चित करना होगा तथा यह आवंटित बजट अजा,जजा के शैक्षणिक और आर्थिक विकास पर ही खर्च करना सुनिश्चित करना होगा। उन्होंने कहा कि यह आवंटित बजट अन्य स्कीमों में डायवर्ट नहीं किया जा सकता है और न ही यह बजट लैप्स होगा इसे अगले वर्ष के लिए कैरी फॉरवर्ड किया जाएगा।

## डीसी ने किया 'हिमाचल दर्शन' पुस्तक का विमोचन

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर**

जिला बिलासपुर के उपायुक्त राहुल कुमार ने सिविलस्टैप पब्लिकेशन एवं कोचिंग इंस्टीट्यूट द्वारा तैयार की गई 'हिमाचल दर्शन' पुस्तक का विधिवत विमोचन किया। यह पुस्तक हिमाचल एडमिनिस्ट्रेटिव सर्विसेज तथा हिमाचल एलाइड सर्विसेज की प्रीलिम्स परीक्षा के लिए उपयोगी सामग्री पर आधारित है। उपायुक्त राहुल कुमार ने सिविलस्टैप के एमडी विनय जोशी और विशाल ठाकुर से बात आग्रह किया कि जिला



बिलासपुर की सभी लाइब्रेरियों में 'हिमाचल दर्शन' पुस्तक सहित करंट अफेयर्स की मैगजींस हर महीने निशुल्क उपलब्ध करवाई जाएं, ताकि जिले के युवाओं को प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी के लिए आवश्यक अध्ययन सामग्री सुलभ हो सके। उपायुक्त ने सिविलस्टैप के एमडी विनय जोशी और विशाल ठाकुर से जिले में एक विशेष कार्यशाला आयोजित करने का भी अनुरोध किया, जिसमें जिले के विभिन्न कॉलेजों में अध्ययनरत फाइनल ईयर के विद्यार्थियों को सिविल सर्विसेज, हिमाचल एडमिनिस्ट्रेटिव सर्विसेज तथा हिमाचल एलाइड सर्विसेज की तैयारी के संबंध में मार्गदर्शन दिया जा सके।

## शक्तिपीठ श्री नयना देवी मंदिर के सौंदर्यीकरण के लिए प्लान तैयार

**अनंत ज्ञान, श्री नयना देवी।** शक्तिपीठ श्री नयना देवी के दरबार में मंदिर न्यास ने पूरी तरह से सौंदर्यीकरण को लेकर प्लान तैयार कर लिया है। जिलाधीश राहुल कुमार ने श्री नयना देवी मंदिर न्यास के द्वारा किए जा रहे विकास कार्यों का निरीक्षण करने के उपरांत पत्रकारों को बताया कि मंदिर क्षेत्र में लाइटिंग की बहुत बढ़िया व्यवस्था की जा रही है, ताकि माता जी का मंदिर दूर-दूर तक पंजाब के शहरों से भी नजर आए। उन्होंने कहा कि इसका कार्य इसी वर्ष 2026 से पहले पहले पूर्ण कर दिया जाएगा। इसके अलावा जो मंदिर को जाने वाली सड़क कॉरिडोर माता तक जाता हैं, यहां पर जगह-जगह पर साइन बोर्ड एलईडी लगाकर माता के मंदिर के बारे में श्रद्धालुओं को व्यापक जानकारी दी जाएगी।

## असल मुद्दों से ध्यान भटका रही केंद्र सरकार : संदीप

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर**

प्रदेश कांग्रेस के पूर्व मीडिया को-ऑर्डिनेटर संदीप सांख्यान ने केंद्र सरकार पर निशाना साधते हुए कहा है कि देश मे बढ़ रही बेरोजगारी व महंगाई जैसे मुद्दे गौण होते जा रहे हैं। वर्तमान में जो बेरोजगारी के आंकड़े आए हैं, वे बहुत चौकाने वाले हैं। देश में करीब 39.37 करोड़ युवा, महिलाएं और प्रौढ़ असुरक्षित रोजगार से



पीड़ित हैं और इनकी संख्या साल 2014 के बाद बढ़ती ही जा रही है। संदीप सांख्यान ने कहा कि केंद्र सरकार देश में कई व्यर्थ के मुद्दों पर बहस छेड़ती है, लेकिन जिन मुद्दों से देश की गरीबी मिटेगी, उन मुद्दों पर से ध्यान हटाया जा रहा है, जो कि किसी भी विकासशील देश के लिए हानिकारक है। संदीप सांख्यान ने कहा कि वैसे भारत में बेरोजगारी की कहानी जटिल है, जिसमें सरकारी आंकड़ों में वर्तमान में गिरावट दिखती है, साथ में कौशल की कमी, लैंगिक असमानता और अनौपचारिक रोजगार जैसी गहरी चुनौतियां भी उभर कर सामने आई हैं, जबकि हालिया सरकारी सर्वेक्षणों से बेरोजगारी दर भी बढ़ी है। संदीप सांख्यान ने कहा कि लोगों के लिए निम्न गुणवत्ता वाली नौकरियों और असुरक्षित रोजगार की स्थिति से प्रभावित है।

## लोकनृत्य और लोक गायन में सदर ब्लॉक रहा अव्वल

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर**

जिला युवा सेवा एवं खेल कार्यालय बिलासपुर के सौजन्य से जिला स्तरीय युवा उत्सव प्रतियोगिता का आयोजन कहलूर खेल परिसर बिलासपुर में किया गया। कार्यक्रम में हाई परफार्मेंस मैनेजर (एचपीएम) खेलो इंडिया केंद्र बिलासपुर डॉ. भावना चौहान ने बतौर मुख्यातिथि शिरकत की और प्रतिभागियों का उत्साहवर्धन किया। कार्यक्रम में लोकनृत्य, लोक संगीत, पेंटिंग, कहानी लेखन, कविता लेखन तथा भाषण प्रतियोगिताओं को आयोजन किया गया, जिसमें जिला बिलासपुर के विभिन्न ब्लॉकों से आए प्रतिभागियों ने बढ़-चढ़ कर भाग लिया। इस प्रतियोगिता के निर्णायक मंडल में मीना वर्मा, अंजना, रवि प्रकाश तथा राजेश जसवाल शामिल रहे, जिन्होंने सभी प्रस्तुतियों का सूक्ष्म मूल्यांकन किया। जिला खेल अधिकारी उत्तम डोड ने कहा कि इस प्रतियोगिता में प्रथम, द्वितीय और तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले प्रतिभागी राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में भाग लेंगे।

**कहलूर खेल परिसर में करवाई गई जिला स्तरीय युवा उत्सव प्रतियोगिता**

प्रतियोगिता के विजेताओं को पुरस्कृत भी किया गया। लोकनृत्य व लोक गायन में सदर ब्लॉक, पेंटिंग में शैलजा तथा भाषण में आभा चंदेल प्रथम रही।

कविता लेखन में आशा कुमारी प्रथम और कनिका कुमारी द्वितीय स्थान पर रहीं। कहानी लेखन प्रतियोगिता में आरती बंसल ने प्रथम स्थान हासिल किया।

## इंटर यूनिवर्सिटी क्रिकेट स्पर्धा में हिमाचल ने जीत से किया आगाज

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर।** इंटर यूनिवर्सिटी क्रिकेट प्रतियोगिता (नॉर्थ जोन) में हिमाचल ने जीत से खाता खोला है। मंगलवार को उत्तर प्रदेश के अलीगढ़ में श्रीदेव सुमन उत्तराखंड यूनिवर्सिटी के साथ हुए रोमांचक मुकाबले में एचपीयू शिमला ने 2 विकेट से जीत हासिल की। हिमाचल की इस जीत में आगामी दिसंबर माह में ऑस्ट्रेलिया के दौरे पर जाने वाली इंडियन यूनिवर्सिटीज क्रिकेट टीम में चयनित आर्यव्रत शर्मा की नाबाद कप्तानी पारी की अहम भूमिका रही। अलीगढ़ में मंगलवार सुबह श्रीदेव सुमन उत्तराखंड यूनिवर्सिटी ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 18 ओवर में 93 रन बनाए। जीत के लिए 94 रनों का लक्ष्य लेकर मैदान में उतरी एचपीयू शिमला ने 24 रनों पर 2 विकेट गंवा दिए। कप्तान आर्यव्रत शर्मा ने मुश्किल हालातों में मोर्चा संभाला और 3 छक्कों के साथ 35 गेंदों में 40 रनों की नाबाद पारी खेलकर टीम को विजयश्री दिलवाने में अहम भूमिका निभाई।

**महोत्सव** डीसी राहुल बोले-महोत्सव में सामाजिक सहभागिता और जनसेवा का दिखा अनोखा संगम

## जल तरंग-जोश महोत्सव में रेडक्रॉस मेला रहा मुख्य आकर्षण

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर**

जिला बिलासपुर में आयोजित जल तरंग-जोश महोत्सव 2025 का समापन हो चुका है। महोत्सव के दौरान लगाए गए रेडक्रॉस मेले ने इस पूरे आयोजन को नई ऊर्जा, व्यापक जनसहभागिता और विशिष्ट पहचान प्रदान की। महोत्सव के बाद जिला प्रशासन द्वारा जारी जानकारी में उपायुक्त बिलासपुर राहुल कुमार ने बताया कि जल तरंग-जोश महोत्सव की सफलता में रेडक्रॉस मेले की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण रही।

रेडक्रॉस मेले का उद्देश्य मानव सेवा, स्वास्थ्य सुरक्षा, जनजागरूकता और संवेदनशील वर्गों के लिए सरकार द्वारा संचालित कल्याणकारी कार्यक्रमों की जानकारी को व्यापक स्तर पर जनता तक पहुंचाना था। जनसेवा, स्वास्थ्य शिविरों, रक्तदान, मनोरंजन और प्रदर्शनियों का यह अनूठा संगम महोत्सव का मुख्य केंद्र बना रहा। जिले के सभी विभागों द्वारा स्थापित ज्ञानवर्धक और जनहितकारी प्रदर्शनी स्टॉल मेले की विशेष आकर्षण का कारण रहे। इन स्टॉल्स ने बिलासपुर में विकसित हो रहे सुशासन, सेवाभाव और जागरूकता की तस्वीर को प्रभावी ढंग से प्रस्तुत किया। स्वास्थ्य एवं जनसेवा गतिविधियों के अंतर्गत वृद्धजनों एवं दिव्यांग व्यक्तियों हेतु विशेष स्वास्थ्य जांच शिविर लगाए गए। जिला स्वास्थ्य विभाग द्वारा दिव्यांगता प्रमाण-पत्र जारी करने के लिए मेडिकल बोर्ड का आयोजन किया गया तथा अलिमको, मोहाली के सहयोग से सहायक उपकरणों का असेसमेंट कैंप भी संचालित किया गया। रेडक्रॉस द्वारा आयोजित रक्तदान शिविर ने भी लोगों को प्रत्यक्ष रूप से लाभान्वित किया और मानव सेवा की भावना को नई ऊंचाई प्रदान की।




मेले में वृद्धजनों की रिले रेस, मटका फोड़, म्यूजिकल चेयर, बच्चों के लिए हेल्दी बेबी शो तथा दिव्यांग एवं वरिष्ठ नागरिकों के फैशन शो जैसी गतिविधियों ने पूरे माहौल को उत्साहपूर्ण बनाए रखा और प्रतिभागियों के आत्मविश्वास तथा ऊर्जा का सशक्त प्रदर्शन किया। जिला की विभिन्न सामाजिक संस्थाओं—सामर्थ्य हमारी पहचान, नया सवेरा, वरिष्ठ नागरिक सभा, पेंशनर्स एसोसिएशन, अर्धनारीश्वर संस्थान, अपना घर वृद्धाश्रम घाघस, दिव्यांग कल्याण संघ और मुकांबिका स्पेशल चिल्ड्रेन स्कूल बरमाणा—की सक्रिय भागीदारी ने मेले को और प्रभावी बनाया।

नशामुक्त बिलासपुर के संदेश को आगे बढ़ाते हुए फिटनेस को भी विशेष स्थान दिया गया। वेट लिफ्टिंग प्रतियोगिता में 25 प्रतिभागियों ने भाग लिया, जिसमें दो युवा माताओं द्वारा 145 किलोग्राम भार उठाने का प्रदर्शन विशेष आकर्षण का केंद्र रहा। 23 नवम्बर को हुए बॉडी बिल्डिंग प्रदर्शन में 6 युवाओं ने अपनी फिटनेस क्षमता का शानदार प्रदर्शन किया, जिन्हें मुख्यातिथि आरएस बाली, उपाध्यक्ष, पर्यटन निगम, हिमाचल प्रदेश ने सम्मानित किया। जिले के 75 सरकारी एवं निजी स्कूलों, आईटीआई बरठी, हाइड्रो इंजीनियरिंग कॉलेज बंदला, राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय बिलासपुर, नर्सिंग संस्थान कोल वैली, गुरुकुल तथा जीवन ज्योति की जूनियर/यूथ रेडक्रॉस इकाइयों ने भी बढ़-चढ़कर भाग लिया। जीवन ज्योति नर्सिंग संस्थान ने स्वास्थ्य जांच शिविर में सेवा प्रदान की, जबकि अनेक शिक्षण संस्थानों ने 'डोनेशन फॉर ह्यूमैनिटी' के तहत रेडक्रॉस के लिए दान राशि एकत्रित कर मानवता का उत्कृष्ट परिचय दिया।

## न्यूज ब्रीफ

### दो मामलों में एफआईआर दर्ज, जांच तेज

**अनंत ज्ञान, चंबा।** चंबा जिले में पुलिस ने अलग-अलग गंभीर मामलों में दो एफआईआर दर्ज कर जांच तेज़ कर दी है। थाना सदर में दर्ज एफआईआर नंबर 284/25 बीएनएस में गुरवचन सिंह ने आरोप लगाया कि एचआईसी क्यूआईबी, एचडीएफसी सिक्योरिटीज प्राइवेट लिमिटेड द्वारा उन्हें धमकाकर ₹14,71,192 की राशि वसूली गई और अब अतिरिक्त ₹7,74,000 की मांग भी की जा रही है। पुलिस ने आर्थिक धमकाने और जबरन वसूली के इस मामले में जांच शुरू कर दी है। दूसरी एफआईआर नंबर 283/25 में शिकायतकर्ता आरती ने बताया कि 24 नवंबर को जमीन की नाप-तौल के दौरान सिमरन और अन्य व्यक्ति ने उन पर और उनके परिवार पर हमला किया, गाली-गलौच की और लाठी से पीटा। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ उचित धाराओं में केस दर्ज कर जांच प्रारंभ कर दी है। पुलिस ने कहा कि दोनों मामलों की जांच जारी है और साक्ष्यों के आधार पर कठोर कार्रवाई की जाएगी।

### पीएमकेएसवाई से मिलेगा नया संबल: प्रमोद

**अनंत ज्ञान, चंबा।** प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना (पीएमकेएसवाई) किसानों और बागवानों के लिए लाभकारी साबित हो रही है। उद्यान विभाग, चंबा के डिप्टी डायरेक्टर डॉ. प्रमोद शाह ने बताया कि इस योजना का उद्देश्य 'हर खेत को पानी' और 'पानी की हर बूंद का अधिकतम उपयोग' सुनिश्चित करना है। योजना के तहत माइक्रो इरिगेशन सिस्टम जैसे ड्रिप और स्प्रिंकलर सिंचाई को बढ़ावा दिया जा रहा है, जिससे कम पानी में अधिक क्षेत्र की सिंचाई संभव हो रही है। इससे जल संरक्षण के साथ-साथ फसलों की पैदावार और गुणवत्ता में सुधार हो रहा है। डॉ. शाह ने किसानों को अनुदान के माध्यम से आधुनिक सिंचाई तकनीक अपनाने की सलाह दी और इच्छुक किसानों से उद्यान विभाग कार्यालय संपर्क करने का आग्रह किया। योजना किसानों की आय बढ़ाने और जल संरक्षण में महत्वपूर्ण योगदान दे रही है।

### कलसूई में 78 ग्रामीणों की जांचा स्वास्थ्य

**अनंत ज्ञान, चंबा।** एनएचपीसी चमेरा-II परियोजना की मोबाइल मेडिकल यूनिट द्वारा कलसूई गांव में निःशुल्क चिकित्सा शिविर का सफल आयोजन किया गया। शिविर में कुल 78 ग्रामीणों की स्वास्थ्य जांच की गई तथा उच्च रक्तचाप, मधुमेह, एनीमिया सहित अन्य बीमारियों के लिए आवश्यक दवाएं निःशुल्क प्रदान की गईं। शिविर को सफल बनाने में फार्मासिस्ट मयंक राठी, नर्स शीतल शर्मा और एम्बुलेंस ऑपरेटर मिथुन कपूर का महत्वपूर्ण योगदान रहा, जिनकी तत्परता और सेवाभाव से ग्रामीणों को समय पर उपचार और परामर्श मिल सका। चिकित्सा अधिकारी डॉ. मोनाल ठाकुर ने बताया कि सीएसआर प्रमुख, सीएमओ चंबा तथा डीसी चंबा के मार्गदर्शन में ऐसे स्वास्थ्य शिविर पूरे चमेरा-II क्षेत्र के गांवों में क्रमवार आयोजित किए जाएंगे, ताकि ग्रामीणों को उनके डोरस्टेप पर प्राथमिक स्वास्थ्य सुविधाएँ उपलब्ध कराई जा सकें।

### ब्लॉक स्तरीय क्रियान्वयन व प्रगति पर दिए सुझाव

**अनंत ज्ञान, तीसा।** शिक्षा खंड तीसा में जीवन कौशल शिक्षा और समग्र शिक्षा कार्यक्रमों की मासिक समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में खंड के सभी विद्यालयों के मुखियाओं और प्रधानाचार्यों ने सक्रिय भाग लिया। बैठक का उद्देश्य विद्यालयों में शैक्षणिक गतिविधियों, प्रशासनिक प्रगति और कार्यक्रमों की स्थिति की विस्तृत समीक्षा करना था। खंड कार्यक्रम अधिकारी (समग्र शिक्षा) और खंड विकास अधिकारी तीसा विशेष रूप से उपस्थित रहे। जीवन कौशल शिक्षा कार्यक्रम के मास्टर ट्रेनर और परियोजना टीम ने अब तक आयोजित सत्रों, शिक्षकों और विद्यार्थियों की भागीदारी पर विस्तृत प्रगति रिपोर्ट प्रस्तुत की। कल्पना चांदला (नीति आयोग) और सनी कुमार (मैजिक बस इंडिया फाउंडेशन) ने ब्लॉक-स्तरीय क्रियान्वयन और प्रगति पर सुझाव दिए। खंड विकास अधिकारी ने प्रधानाचार्यों को निर्देशित किया कि कार्यक्रमों को समयबद्ध और प्रभावी ढंग से लागू करें, ताकि विद्यार्थियों के समग्र विकास को सुनिश्चित किया जा सके।

### शहर में गूंजा समर्पण व सद्भाव का संदेश

**अनंत ज्ञान, चंबा।** चंबा में गुरु तेग बहादुर की 350वीं शहादत वर्षगांठ के अवसर पर श्रद्धा और सम्मान से प्रभातफेरी का आयोजन किया गया। सन 1675 में दिल्ली के चांदनी चौक पर गुरु ने हिन्दू धर्म की रक्षा और तिलक-जनेऊ की गरिमा के लिए अपना जीवन बलिदान किया था। प्रभातफेरी की शुरुआत गुरुद्वारा गुरु अर्जुनदेव से हुई, जिसमें बड़ी संख्या में संगत ने भाग लिया। यह फेरी बाबा श्रीचंद महाराज स्थान तक गई, जहाँ माथा टेककर शहर के मुख्य मार्गों से होते हुए पुनः गुरुद्वारा गुरु अर्जुनदेव में समाप्त हुई। संगत के कीर्तन, जागरूकता संदेश और भाईचारे का वातावरण पूरे शहर में दिखाई दिया। श्रद्धालुओं ने गुरु तेग बहादुर के अद्वितीय बलिदान को याद करते हुए आपसी एकता, धार्मिक स्वतंत्रता और मानवीय मूल्यों को बढ़ावा देने का संकल्प लिया।

### क्रिसमिस व विंटर कार्निवल आयोजन की तैयारी

**अनंत ज्ञान, डलहौजी।** डलहौजी के एसडीएम कार्यालय में मंगलवार को विंटर कार्निवल की बैठक आयोजित की गई, जिसकी अध्यक्षता एसडीएम अनिल भारद्वाज ने की। जिला पर्यटन अधिकारी राजीव मिश्रा भी विशेष रूप से उपस्थित रहे। बैठक में क्रिसमिस से लेकर नववर्ष की पूर्वसंध्या तक विशेष कार्यक्रम आयोजित करने पर चर्चा हुई। 24 दिसंबर से 31 दिसंबर तक प्रदर्शनियों और सांस्कृतिक कार्यक्रमों की योजना बनाई गई। 30 दिसंबर को सुभाष चौक पर सांस्कृतिक प्रस्तुतियों का आयोजन किया जाएगा, जबकि 31 दिसंबर को गांधी चौक में डी जे की धुनों पर नववर्ष स्वागत समारोह होगा। एसडीएम अनिल भारद्वाज ने बताया कि कार्निवल की अंतिम रूपरेखा शीघ्र तैयार की जाएगी और इसे होटल एसोसिएशन तथा स्थानीय जनता का सहयोग लिया जाएगा। यह पहल डलहौजी में पर्यटन को बढ़ावा देने और पर्यटकों के मनोरंजन का अवसर प्रदान करेगी।

### जोगिंद्रनगर में सड़क पर पैच लगाकर भरे गड्ढे

**अनंत ज्ञान, जोगिंद्रनगर।** बस स्टैंड के पास एनएसएस मार्केट सड़क पर पिछले चार महीनों से बने गड्ढों को आखिरकार ठीक कर दिया गया है। लंबे समय से राहगीर और वाहन चालक इस खराब सड़क के कारण परेशान थे। मंगलवार को लोक निर्माण विभाग ने सड़क पर पैच लगाकर गड्ढों को भर दिया। लोक निर्माण विभाग के अधिशासी अभियंता जे.पी. नायक ने बताया कि मार्ग पर पड़ी टूट-फूट को सुधार दिया गया है और आवाजाही अब सुचारु रहेगी। उन्होंने कहा कि विभाग समय-समय पर रखरखाव के कार्य कर रहा है ताकि जनता को असुविधा न हो। स्थानीय लोगों ने सड़क सुधार कार्य शुरू होने पर राहत की सांस ली है और विभाग से आगे भी इसी तरह समय पर मरम्मत की अपेक्षा जताई है।

### सुंदरनगर बाल स्कूल में एनएसएस कैंप शुरू

**अनंत ज्ञान, सुंदरनगर।** राजकीय उत्कृष्ट वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला सुंदरनगर में सोमवार को एनएसएस का राज्य स्तरीय यूथ लीडरशिप कैम्प धूमधाम से आरंभ हुआ। कार्यक्रम में पूर्व सीपीएस सोहन लाल ठाकुर ने बतौर मुख्यातिथि शिरकत कर कैंप का विधिवत शुभारंभ किया। मेजबान स्कूल बाल सुंदरनगर के प्रधानाचार्य एलआर भारद्वाज, स्टाफ सदस्यों, विभिन्न जिलों से आए एनएसएस कोऑर्डिनेटर और कैंप में भाग ले रहे स्वयंसेवियों ने मुख्यातिथि का गर्मजोशी से स्वागत कर उन्हें सम्मानित किया। 25 से 29 नवंबर तक आयोजित इस पांच दिवसीय राज्य स्तरीय कैम्प में लाहौल-स्पीति, मंडी और कुल्लू जिलों से कुल 450 स्वयंसेवी भाग ले रहे हैं। मुख्यातिथि सोहन लाल ठाकुर ने अपने संबोधन में मेजबान स्कूल, एनएसएस कोऑर्डिनेटरों और सभी स्वयंसेवियों को कैम्प आयोजन के लिए बधाई दी और कहा कि एनएसएस की मूल भावना 'युथ फॉर भारत' और 'युथ फॉर डिजिटल लिटरेसी' आज के समय की बड़ी आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि ऐसे कैंप युवाओं में राष्ट्र सेवा, अनुशासन, नेतृत्व क्षमता और समाज के प्रति समर्पण का भाव विकसित करते हैं। उन्होंने स्वयंसेवियों को कैंप की गतिविधियों में पूरी लगन, निष्ठा और सेवा भाव के साथ जुड़ने का आह्वान किया। कैंप के प्रथम दिन विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया गया, जिसमें स्वयंसेवियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।

### चंबा में राजस्व लोक अदालतें 28 व 29 को

**अनंत ज्ञान, चंबा।** जिला राजस्व अधिकारी विक्रमजीत सिंह ने बताया कि प्रदेश सरकार के निर्देशानुसार प्रत्येक माह के अंतिम दो कार्य दिवसों को राजस्व लोक अदालत के रूप में आयोजित किया जाएगा। इस कड़ी में 28 और 29 नवंबर को चंबा जिले के विभिन्न तहसील और उप तहसीलों में विशेष शिविर आयोजित होंगे। इन शिविरों में लोगों के लंबित इंतकाल, तकसीम, निशानदेही और राजस्व प्रविष्टियों से संबंधित मामलों का निपटारा किया जाएगा। तहसील चंबा, भरमौर, होली, भटियात, सिहुंता, चुराह, सलूणी, डलहौजी और पांगी के अलावा उप तहसील बनीखेत, भलेई, टिक्कर और पुखरी में निर्धारित स्थानों पर यह कार्य किया जाएगा। जिला राजस्व अधिकारी ने हितधारकों से अपील की है कि वे अपनी पैरवी हेतु निर्धारित तिथियों पर संबंधित स्थानों पर उपस्थित रहें, ताकि उनके लंबित मामले समय पर निपटाए जा सकें। यह पहल जनता को अपने राजस्व मामलों का समाधान सहजता से प्राप्त करने का अवसर प्रदान करेगी।

# नशा माफिया पर सख्त कार्रवाई करने वाले अधिकारी को हटाने पर विरोध

## चंबा में एडिशनल एसपी हितेश लखनपाल के तबादले पर नागरिकों में नाराजगी

**राहुल सहगल, अनंत ज्ञान**

**चंबा।** चंबा में नशा माफिया और अवैध गतिविधियों पर निर्णायक प्रहार करने वाले एडिशनल एसपी हितेश लखनपाल के अचानक हुए तबादले ने पूरे जिले में गहरी बेचैनी, आक्रोश और निराशा पैदा कर दी है। स्थानीय नागरिकों में पूर्व सैनिक रमेश कुमार, समाजसेवी नरेश रावत, प्यारे मोहम्मद, पंकज पलभर, सुरेश ठाकुर तथा अनेक अन्य लोगों ने मंगलवार को एक विस्तृत, प्रभावशाली और सामूहिक प्रार्थना-पत्र एडीएम चंबा अमित मेहरा को सौंपा, जिसे हिमाचल प्रदेश के मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सूक्खू को प्रेषित किया गया है।

नागरिकों ने प्रार्थना-पत्र में लिखा है कि एडिशनल एसपी हितेश लखनपाल की तैनाती के



एडिशनल एसपी हितेश लखनपाल के अचानक तबादले से जनता में आक्रोश।

दौरान पिछले दो महीनों में चंबा में नशा तस्करी, अवैध कारोबार और आपराधिक नेटवर्क पर सबसे सख़्त कार्रवाई की गई। इन कार्रवाइयों के बाद चंबा में लंबे समय बाद लोगों का पुलिस पर विश्वास तेजी से बढ़ा, और सिर्फ 3-4 दिन पहले ही चंबा में 'चंबा पुलिस ज़िंदाबाद' के नारे गूंजे थे, जिसने जनता में नई उम्मीद और सुरक्षा की भावना पैदा की थी। लेकिन उनके तबादले की खबर सामने आते ही लोगों में गहरी उदासी और निराशा छा गई है।

प्रार्थना-पत्र में नागरिकों ने चेतावनी दी है कि यदि ऐसे कर्मठ, सख्त-मिजाज और ईमानदार अधिकारी को हटाया गया, तो इससे नशा माफिया को अप्रत्यक्ष बढ़ावा मिलेगा और चंबा दोबारा असुरक्षा की ओर धकेला जा सकता है। नागरिकों के अनुसार, 'इस समय चंबा को एडिशनल एसपी हितेश लखनपाल जैसे अधिकारी की अत्यंत आवश्यकता है, जिन्होंने दो महीनों में वह कर दिखाया जो वर्षों से नहीं हो पाया था।'

स्थानीय लोगों ने सरकार से आग्रह किया है कि जनभावनाओं और सार्वजनिक हित को सर्वोपरि रखते हुए इस तबादले पर तुरंत पुनर्विचार किया जाए, ताकि चंबा में चल रहा नशा विरोधी अभियान बिना किसी बाधा के और अधिक प्रभावी ढंग से जारी रह सके।

### बिजली बिल वसूली पर सख्ती, 375 डिफॉल्टरों को नोटिस जारी

**अनंत ज्ञान, चंबा।** विद्युत उपमंडल चंबा नंबर-01 में बकाया बिजली बिलों की वसूली को लेकर बिजली बोर्ड ने कड़ा रुख अपनाया है। सहायक अभियंता तेजू ठाकुर ने जानकारी देते हुए बताया कि क्षेत्र में कुल 375 उपभोक्ताओं को डिफॉल्टर घोषित करते हुए नोटिस जारी किए गए हैं। इन उपभोक्ताओं पर लगभग 80 लाख रुपये की राशि बकाया है, जो अभी तक जमा नहीं हो पाई है।

उन्होंने बताया कि बार-बार की जा रही अपीलों के बावजूद कई उपभोक्ताओं ने बिजली बिलों का भुगतान नहीं किया, जिसके चलते अब विभाग ने सख्त कार्रवाई शुरू कर दी है। यदि निर्धारित समय सीमा के भीतर बकाया राशि जमा नहीं की गई तो संबंधित उपभोक्ताओं के बिजली कनेक्शन काटे जा सकते हैं। तेजू ठाकुर ने उपभोक्ताओं से अपील की है कि वे समय रहते अपने बकाया बिलों का भुगतान कर दें ताकि किसी भी प्रकार की असुविधा से बचा जा सके और विभागीय कार्रवाई से राहत मिल सके।

# 200 मीटर दौड़ में कीर्ति ने मारी बाजी

## पुलिस ग्राउंड में गर्ल्स स्पोर्ट्स मीट में 88 बालिकाओं ने दिखाया दमखम

**अनंत ज्ञान, चंबा**

जिला युवा सेवा एवं खेल कार्यालय चंबा द्वारा बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ अभियान के तहत महिला एवं बाल विकास विभाग चंबा के सहयोग से पुलिस ग्राउंड चंबा में एक दिवसीय गर्ल्स स्पोर्ट्स मीट का भव्य आयोजन किया गया। इस आयोजन में लगभग 88 बालिकाओं ने भाग लिया और विभिन्न खेलों में अपनी प्रतिभा का उत्कृष्ट प्रदर्शन किया।

प्रतियोगिता में 100 मीटर और 200 मीटर दौड़, शॉटपुट, बैडमिंटन, कबड्डी और रस्साकस्सी जैसी विभिन्न खेल विधाओं को शामिल किया गया। 100 मीटर दौड़ में जाहिदा ने प्रथम स्थान प्राप्त किया, जबकि उषा और कनिका क्रमशः दूसरे और तीसरे स्थान पर रहीं। 200 मीटर दौड़ में कीर्ति ने प्रथम, उपा ने द्वितीय और दिवांशी ने तृतीय स्थान हासिल किया। शॉटपुट में कीर्ति, कृतिका और यशस्वी ने क्रमशः प्रथम, द्वितीय और तृतीय स्थान प्राप्त किया। बैडमिंटन में मन्नत ने प्रथम और मुस्कान ने द्वितीय स्थान हासिल किया। टीम इवेंट्स में भी बालिकाओं



पुलिस ग्राउंड में गर्ल्स स्पोर्ट्स मीट के दौरान मुख्यातिथि को सम्मानित करते हुए।

ने शानदार प्रदर्शन किया। कबड्डी में राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय, चंबा विजेता रहा, जबकि महारिषि दयानंद आदर्श उच्च विद्यालय, चंबा उपविजेता रहा। रस्साकस्सी में भी राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय ने जीत दर्ज की, जबकि किड्स इंटरनेशनल सीनियर सेकेंडरी स्कूल, सुल्तानपुर उपविजेता रहा।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि पूर्व राष्ट्रीय खिलाड़ी एवं जिला एथलेटिक्स संघ के अध्यक्ष शौकत अली ने विजेताओं को मेडल और मोमेंटो देकर सम्मानित किया। समापन समारोह में जिला युवा सेवा एवं खेल अधिकारी रुपेश कुमार ने सभी बालिकाओं से अपील की कि वे बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ के संदेश को समाज तक पहुंचाने, भ्रूण हत्या रोकने और शिक्षा एवं खेलों में लड़कियों को आगे बढ़ाने के लिए स्वयंसेवी रूप में कार्य करें।

इस कार्यक्रम ने चंबा में लड़कियों की खेल प्रतिभा को उजागर किया और समाज में उनके योगदान और संभावनाओं को नया आयाम दिया। उत्साह और ऊर्जा से भरे इस आयोजन ने दिखाया कि बेटियां किसी क्षेत्र में भी पीछे नहीं हैं और उन्हें समान अवसर मिले तो वे उत्कृष्ट प्रदर्शन कर सकती हैं।

### संदिग्ध अवस्था में मिला महिला का शव

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** ग्राम पंचायत स्वाहल के गांव सेर में मंगलवार सुबह एक महिला का शव मिलने से सनसनी फैल गई। प्राप्त जानकारी के अनुसार महिला का शव संदिग्ध अवस्था में गांव के खेतों में मिला। इसकी सूचना पुलिस को दी। घटना की सूचना मिलते ही हमीरपुर पुलिस मौके पर पहुंच गई तथा शव को कब्जे में लेकर मामले की जांच में जुट गई। ग्राम पंचायत स्वाहल के प्रधान प्रीतम धीमान ने बताया कि 63 वर्षीय शकुंतला देवी का का शव मंगलवार सुबह खेतों में संदिग्ध अवस्था में मृतका के पति सीता राम ने मिला। जिसकी सूचना पंचायत प्रतिनिधियों व पुलिस को दी गई। महिला के पति ने बताया कि वह सोमवार शाम से गायब थी व मंगलवार को सुबह खेतों में उसका शव मिला। पुलिस ने डॉ राधाकृष्णन मेडिकल कॉलेज हमीरपुर शव का पोस्टमार्टम करवाकर परिजनों को सौंप दिया है। पुलिस मामले की गहनता से जांच कर रही है। एसपी हमीरपुर भगत सिंह ने बताया कि सेर स्वाहल में एक महिला ने जहरीला पदार्थ खाकर आत्महत्या का मामला सामने आया है पुलिस ने केस दर्ज कर लिया है। पुलिस मामले की गहनता से जांच कर रही है।

## न्यायिक परिसर मंडी व तांदी-सिरिम बटाहण सड़क को चरण-दो की मंजूरी

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी**

**वन भूमि उपयोग परिवर्तन के 139 मामलों की समीक्षा**

वन संरक्षण अधिनियम 1980 के अंतर्गत वन भूमि उपयोग परिवर्तन मामलों की समीक्षा के लिए वन स्वीकृति सलाहकार समिति की बैठक आज उपायुक्त मंडी अपूर्व देवगन की अध्यक्षता में आयोजित की गई। बैठक में जिले के 139 मामलों की विस्तृत समीक्षा की गई। उपायुक्त ने जानकारी दी कि न्यायिक परिसर मंडी तथा लोक निर्माण विभाग मंडी डिवीज़न-1 के अंतर्गत तांदी-सिरिम बटाहण सड़क को भारत सरकार द्वारा वन स्वीकृति के दूसरे चरण की अंतिम मंजूरी प्रदान कर दी गई है। उन्होंने कहा कि ये मंजूरियां जिले में लंबित विकास कार्यों को गति देने में महत्वपूर्ण साबित होंगी।

उपायुक्त ने बताया कि समिति की नियमित बैठकों के कारण वन स्वीकृति प्रक्रियाएं अधिक सुव्यवस्थित और तेज हुई हैं तथा विभिन्न विभागों की परियोजनाओं को समयबद्ध स्वीकृतियां प्राप्त हो रही हैं। उन्होंने विभागों को निर्देश दिया कि लंबित मामलों से संबंधित सभी औपचारिकताएं निर्धारित समय सीमा में पूरी की जाएं। साथ ही, थाना-पलौन बिजली परियोजना से संबंधित लंबित औपचारिकताओं को प्राथमिकता के आधार पर पूरा करने पर भी जोर दिया। बैठक में न्यायिक परिसरों के 9 मामलों, परिवेश पोर्टल 1.0 के 33 मामलों, परिवेश पोर्टल 2.0 के 74 मामलों और सैद्धांतिक मंजूरी के 23 मामलों की अवस्थिति पर विस्तार से चर्चा की गई।

बैठक का संचालन समिति के सदस्य सचिव एवं डीएफओ (मुख्यालय) अंबरीश शर्मा ने किया। बैठक में सीजेएम मंडी असलम बेग, डीएफओ मंडी बसु डोगर, डीएफओ नाचन एस.एस. कश्यप, डीएफओ करसोग केबी नेगी, एसीएफ सुकेत मनीष रांगडा, एसीएफ जोगिंद्रनगर अश्विनी कुमार सहित लोक निर्माण, जलशक्ति और अन्य संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

### 24 ग्राम चिट्टे सहित युवक गिरफ्तार

**अनंत ज्ञान, मंडी।** धर्मपुर क्षेत्र में पुलिस ने एक युवक से 24 ग्राम चिट्टा/हीरोइन बरामद की है। आरोपी को मौके पर ही गिरफ्तार कर लिया गया है। पुलिस ने अभियोग पंजीकृत कर आगामी अन्वेषण शुरू कर दिया है। आरोपी को कल माननीय न्यायालय में प्रस्तुत किया जाएगा।

### कंसा खेल मैदान बचाने के लिए आगे आए जनता

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी।** हिमाचल किसान सभा, बल्ह इकाई के अध्यक्ष प्रेम चौधरी ने बल्ह क्षेत्र की सभी पंचायतों की जनता से कंसा खेल मैदान को बचाने के लिए एकजुट होकर आगे आने की अपील की है। उन्होंने बताया कि कंसा खड़ के बीचों-बीच डीएवी स्कूल द्वारा बनाई जा रही दीवार के कारण जहां खेल मैदान का अस्तित्व खतरे में पड़ सकता है, वहीं सिंचाई एवं जन स्वास्थ्य विभाग का पेयजल स्रोत और डडोर-बग्गी पुल भी गंभीर रूप से प्रभावित होने की आशंका है। बरसात के समय इस निर्माण कार्य से पानी का प्राकृतिक बहाव बदल सकता है, जिससे सियांह, डडोर, छातडू और कुम्मी गांवों में जलभराव जैसी गंभीर समस्या पैदा हो सकती है। उन्होंने स्थानीय जनता, विधायक, पूर्व मंत्री, स्कूल प्रबंधन, जिला तथा उपमंडल प्रशासन से संयुक्त निरीक्षण कर स्थिति का मूल्यांकन करने और संभावित नुकसान को समय रहते रोकने की अपील की है। इसी संदर्भ में 29/11/2025 को शाम 3:00 बजे प्रस्तावित संयुक्त बैठक में अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होने का आग्रह भी किया गया है ताकि आंदोलन को सफल बनाया जा सके।

# चलती एचआरटीसी बस पर गिरा पेड़, शीशा तोड़कर अंदर घुसा, एक यात्री घायल, बड़ा हादसा टला

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी**

जिला मंडी के सराज क्षेत्र में एचआरटीसी बस के साथ एक बड़ा हादसा पेश आया, जिसमें चलती बस पर अचानक एक विशाल कायल प्रजाति का पेड़ गिर गया और बस के आगे वाले शीशे को चीरता हुआ सीधा अंदर जा घुसा। यह हादसा सराची-मंडी सड़क पर सुबह करीब 9:15 बजे उस समय हुआ जब बस में लगभग 40 यात्री सवार थे।

पेड़ के एकदम से गिरने के चलते बस की फ्रंट सीटों पर बैठे एक यात्री को मामूली चोटें आई हैं, जबकि बाकी सभी यात्री बाल-बाल बच गए। बस चालक चुन्नीलाल ने बताया कि हादसे में बस का आगे का शीशा पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया, और पेड़ का बड़ा हिस्सा सीटों तक पहुंच गया था। सवारियों और स्थानीय लोगों की मदद से बस में घुसे पेड़ को बाहर निकाला गया, जिसके बाद यात्रियों को सुरक्षित अन्य बसों से आगे



मंडी के सराज क्षेत्र में एचआरटीसी बस में घुसे पेड़ को निकालते हुए लोग।

भेजने की व्यवस्था की गई। घटना के बाद क्षेत्र में कुछ समय तक यातायात बाधित रहा और ग्रामीणों ने बताया कि बरसात व हवा के कारण पहाड़ी से पेड़ों के गिरने की घटनाएं पहले भी सामने आती रही हैं, इसलिए सड़क के किनारे खड़े कमजोर पेड़ों को समय पर काटने या हटाने की जरूरत है ताकि

**सराज में पेश आया हादसा बस में सवार 40 यात्रियों की जान बाल-बाल बची**

भविष्य में किसी बड़े हादसे को रोका जा सके। पुलिस व विभागीय अधिकारी भी मौके पर पहुंचे और स्थिति का जायजा लिया।

## राडी पंचायत के सपैड़ा गांव में वृद्ध के घर में आईं दरारें, खतरा बना

**अनंत ज्ञान, धरवाला**

ग्राम पंचायत राडी के अंतर्गत पड़ने वाले गांव सपैडा में एक वृद्ध के घर को पड़ी दरारें घर के सदस्यों वह मवेशियों को बना खतरा। मौहरी राम पुत्र होडी गांव सपैडा डाकघर राडी जिनकी उम्र अब लगभग 85 साल हो चुकी है का कहना है कि मैंने अपने जीवन भर की जमा पूंजी इकट्ठा कर अपने वह अपने परिवार के लिए एक छोटा सा आशियाना बनाने में लगा दी। जहां मैं और मेरा परिवार सुरक्षित रह सके लेकिन मेरे घर को बहुत बड़ी-बड़ी दरारें पड़ चुकी हैं जिससे मेरे पूरे परिवार सहित मवेशियों को भी खतरा उत्पन्न हो गया है।

मौहरी राम ने जानकारी देते हुए बताया कि जल विद्युत परियोजना चरण 3 धरवाला की भूगर्भीय टनल जो की ग्राम पंचायत राडी के गांव बकल,राड़ी, सोला, भटवाड़ा, बतोग इत्यादि गांव से होते हुए गुजरती है। जिसमें गांव सपैडा भी अछूता नहीं है क्योंकि बिल्कुल ठीक सपैडा गांव के नीचे इस जल विद्युत परियोजना का निर्माण हुआ है। मौहरी राम ने जानकारी



देते हुए बताया की महज चंद लोगों जिनके घर इस जल विद्युत परियोजना से क्षतिग्रस्त हुए हैं मात्र दो-तीन लोगों को ही कोर्ट के द्वारा धनराशि मिली है। जबकि इस विद्युत जल परियोजना से सबसे ज्यादा नुकसान राडी पंचायत के लोगों के घरों को पहुंचा है। नौकरी के नाम पर भी सिर्फ आश्वासन ही मिला है वहां भी बाहरी लोगों को रखा गया है जबकि स्थानीय लोगों को प्राथमिकता मिलनी चाहिए थी। बृद्ध मौहरी राम का कहना है की उम्र के इस पड़ाव में अब घर का पुनर्निर्माण करना मेरे लिए नामुमकिन है।

### भरमौर में खंड स्तरीय जेंडर अभियान शुरू

**अनंत ज्ञान, भरमौर।** भरमौर लघु सचिवालय में खंड स्तर पर 'नई चेतना जेंडर कैंपेन' के अंतर्गत बैठक आयोजित की गई। ऑनलाइन वेबकास्ट के माध्यम से स्वयं सहायता समूहों की महिलाओं ने अभियान के बारे में जानकारी प्राप्त की। भरमौर ब्लॉक के एरिया कॉर्डिनेटर संजय कुमार ने बताया कि यह अभियान लिंग आधारित हिंसा को खत्म करने और लैंगिक समानता को बढ़ावा देने के उद्देश्य से चलाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि इसका लक्ष्य महिलाओं में जागरूकता बढ़ाना, समाज में हिंसा के विभिन्न रूपों के प्रति चेतना फैलाना, और महिलाओं को हिंसा के खिलाफ बोलने व कार्रवाई की मांग करने के लिए प्रोत्साहित करना है। अभियान 25 नवंबर से 23 दिसंबर 2025 तक ब्लॉक और ग्राम पंचायत स्तर पर आयोजित किया जाएगा। कार्यक्रम में नुक्कड़ नाटक, सांस्कृतिक कार्यक्रम और स्वयं सहायता समूहों के माध्यम से ग्रामीण क्षेत्रों में महिलाओं को संगठित करने के प्रयास शामिल हैं। इस पहल से समुदाय और सरकारी संस्थान मिलकर महिलाओं के अधिकारों और सुरक्षा को सशक्त बनाएंगे।

### सुंदरनगर में मारपीट का मामला दर्ज

**अनंत ज्ञान, मंडी।** सुंदरनगर थाना क्षेत्र में मारपीट का मामला सामने आया है जिसमें पुलिस ने शिकायत के आधार पर कार्रवाई करते हुए अभियोग पंजीकृत कर लिया है। पुलिस के अनुसार दोनों पक्षों से प्राप्त बयान दर्ज कर आगामी अन्वेषण जारी है।

### 508 ग्राम चरस व 70,000 नकदी की बरामद

**अनंत ज्ञान, सुंदरनगर।** पुलिस थाना सुंदरनगर की टीम ने पुंघ क्षेत्र में नाकाबंदी के दौरान एक बुलेरो पिकअप एचपी87 2462 की तलाशी में भारी मात्रा में चरस और नकदी बरामद की है। एएसआई दौलत राम के नेतृत्व में मौजूद मु0आ0 हंसराज और सतीश कुमार ने मंडी की ओर से आ रही पिकअप को रोककर कार्गो संबंधी कागज़ मांगे, जिस पर चालक टालमटोल करने लगा। शक के आधार पर जब वाहन की तलाशी ली गई, तो चालक की सीट के नीचे से 508 ग्राम चरस और डैशबोर्ड से 70,000 रुपये नकद बरामद किए गए। टीम ने मौके पर ही आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। आरोपी की पहचान पूर्णचंद सुपुत्र श्री मोती राम, निवासी गांव मुराख, डाकघर शिकावरी, तहसील थुनाग, जिला मंडी, उम्र 42 वर्ष के रूप में हुई है। पुलिस ने मामला दर्ज कर आगे की कार्रवाई शुरू कर दी है।

### तंबाकू व सिगरेट की अवैध बिक्री पर कार्रवाई

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी।** जिले के अलग-अलग थाना क्षेत्रों में तंबाकू, सिगरेट एवं इससे संबंधित सामग्री की अवैध बिक्री पर पुलिस द्वारा लगातार अभियान चलाया जा रहा है। सरकाघाट में दो फिर तंबाकू की अवैध बिक्री के मामले सामने आए हैं। इसके बाद जोगिंद्रनगर में भी तंबाकू बिक्री को लेकर दो फिर दर्ज किए गए हैं। इसी प्रकार पत्र थाना क्षेत्र में एक दुकान में तंबाकू बेचे जाने की शिकायत पर कार्रवाई की गई है। कोटली क्षेत्र में भी तंबाकू खाने से संबंधित मामला सामने आया है। वहीं सुंदरनगर थाना क्षेत्र में दो फिर दर्ज किए गए हैं तथा धर्मपुर में सिगरेट आदि की अवैध बिक्री को लेकर एक फिर का मामला दर्ज किया गया है। पुलिस का कहना है कि तंबाकू एवं इससे संबंधित उत्पादों की अवैध बिक्री पर आगामी दिनों में भी कठोर कार्रवाई जारी रहेगी।

### पुलिस ने चालान कर वसूला 4,800 रुपए जुर्माना

**अनंत ज्ञान, मंडी।** जिला पुलिस मंडी ने मोटर वाहन अधिनियम के अंतर्गत 244 चालान किए हैं। इसके अतिरिक्त कोटपा के अंतर्गत 48 चालान कर कुल 4,800 रुपये जुर्माना वसूला गया है। पुलिस अधीक्षक मंडी ने बताया कि यह अभियान आगे भी लगातार जारी रहेगा।

### बल्ह में अभिनेता धर्मेंद्र को दी श्रद्धांजलि



**अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी।** मंडी जिला के बल्ह विधानसभा क्षेत्र में बॉलीवुड के महानायक और ही-मैन कहलाए जाने वाले धर्मेंद्र के निधन पर मंगलवार को एक शोक सभा का आयोजन किया गया, जिसमें क्षेत्र के लोगों ने भारी भावुकता के साथ दिवंगत आत्मा को श्रद्धांजलि अर्पित की। इस अवसर पर पूर्व ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज मंत्री प्रकाश चौधरी मुख्य रूप से उपस्थित रहे, वहीं विशेष अतिथि के रूप में एपीएमसी मंडी के चेयरमैन संजीव गुलेरिया भी मौजूद रहे। कार्यक्रम में पूर्व जिला परिषद सदस्य चमन राही, ग्राम पंचायत बड़सू के प्रधान गोविंद राम बर्धन तथा क्षेत्र के कई गणमान्य लोग, सामाजिक कार्यकर्ता और स्थानीय निवासी शामिल हुए। शोकसभा में वक्ताओं ने धर्मेंद्र के फिल्मी जीवन, सरल स्वभाव और समाज के प्रति उनके योगदान को याद करते हुए कहा कि उनका निधन फिल्म इंडस्ट्री के साथ-साथ देशभर के प्रशंसकों के लिए अपूरणीय क्षति है।

अनंत Classifieds

**नाम परिवर्तन**

**मैं, पीयूष शर्मा** पुत्र कृष्ण लाल शर्मा निवासी घर क्रमांक 196/11 नया बाजार कॉलोनी, तहसील सुंदरनगर, जिला मंडी हिमाचल प्रदेश पिन-174402 घोषणा करता हूं कि मैंने अपना नाम पीयूष से बदलकर पीयूष शर्मा रख लिया है। सभी संबंधित नोट करें।

अनंत Classifieds

**नाम दुरुस्ती**

**मैं, खेम राज** निवासी वीपीओ शिवा बदार तहसील सदर जिला मंडी हि.प्र., घोषणा करता हूं कि मेरे पुत्र का सही नाम जीयांश है, जो सभी सरकारी दस्तावेजों में है, लेकिन आधार कार्ड में उनका नाम गलत तरीके से जीयनाश लिखा गया है। कृपया इसे जीयांश में सुधार किया जाए। सभी संबंधित नोट करें।

अनंत Classifieds

**नाम दुरुस्ती**

**मैं, चमन लाल** निवासी गांव नेरान पोस्ट ऑफिस तरनोह तहसील कोटली जिला मंडी हि.प्र., घोषणा करता हूं कि मेरी पुत्री का सही नाम धृति ठाकुर है, जो सभी सरकारी दस्तावेजों में है, लेकिन आधार कार्ड में उनका नाम गलत तरीके से धरिति दर्ज किया गया है। कृपया इसे धृति ठाकुर में सुधार किया जाए। सभी संबंधित नोट करें।

> **विश्वास** का जन्म हृदय से होता है, बुद्धि से नहीं। हृदय ही एक ऐसी जगह है जहां इसके सिवाय और कोई वस्तु उपलब्ध नहीं होती।
> –मेक्सिम गोर्की

## संपादकीय

# विस के शीतकालीन सत्र से उम्मीदें

धर्मशाला के तपोवन में एक बार फिर हिमाचल प्रदेश विधानसभा का बहुप्रतीक्षित शीतकालीन सत्र बुधवार से प्रारंभ होने जा रहा है। यह सत्र कई मायनों में ऐतिहासिक है, क्योंकि यह अब तक धर्मशाला में आयोजित सत्रों में सबसे लंबा होगा। पूरे दस दिनों तक प्रदेश की कांग्रेस सरकार, उनके मंत्रीगण, सभी विधायक तथा विपक्ष के भाजपा विधायकों की राजनीतिक गतिविधियां यहीं केंद्रित रहेंगी। सरकार का पूरा प्रशासनिक ढांचा भी अगले दिनों तक धर्मशाला में ही कार्यरत रहेगा, जहां महत्वपूर्ण फाइलों पर हस्ताक्षर होंगे, नई नीतियां आकार लेंगी और विधानसभा के भीतर बहसें तथा निर्णय होंगे। यह लंबा सत्र इसलिए भी महत्वपूर्ण है क्योंकि इससे न केवल सरकार के पास प्रदेश हित में योजनाएं आगे बढ़ाने का समय मिलेगा, बल्कि विधायकों को भी अपने क्षेत्रीय और राज्यस्तरीय मुद्दों को प्रभावी ढंग से उठाने का पर्याप्त अवसर प्राप्त होगा।

सत्र से पहले ही दोनों दलों–सत्तारूढ़ कांग्रेस और विपक्षी भाजपा ने अपनी–अपनी रणनीतियां तैयार कर ली हैं। भाजपा सरकार की तीन साल की कार्यप्रणाली को कटघरे में खड़ा करने के लिए तैयार बैठी है। इसके लिए 4 दिसंबर को जोरावर सिंह स्टेडियम में एक विशाल महारैली आयोजित किए जाने की तैयारी है, जिसके लिए प्रदेशभर से कार्यकर्ताओं को बुलाया जा रहा है। इस रैली का उद्देश्य सत्र के समानांतर सरकार पर दबाव बनाना होगा। वहीं, कांग्रेस भी इस राजनीतिक जंग के लिए पूरी तरह तैयार है। उसके पास भी भाजपा के हर आरोप का मजबूत जवाब है, जिसे वह समय आने पर सामने रखेगी। दोनों धड़ों की यह रणनीतिक तैयारी संकेत देती है कि सत्र के दौरान आरोप–प्रत्यारोप का जोरदार दौर चलेगा और विधानसभा के भीतर–साथ ही बाहर राजनीतिक तापमान गर्म रहेगा।

सत्र में कई महत्वपूर्ण मुद्दों पर दोनों दलों के बीच तीखी बहस होना तय है। सबसे प्रमुख मुद्दा है–प्रदेश में आई प्राकृतिक आपदा के लिए प्रधानमंत्री द्वारा घोषित 1500 करोड़ रुपए की सहायता अब तक न मिलना। कांग्रेस इसे केंद्र की उदासीनता बता सकती है, जबकि भाजपा अपने तर्कों के साथ सरकार को घेरने की कोशिश करेगी। एक अन्य महत्वपूर्ण मुद्दा पंचायत चुनावों का है। भाजपा, बिहार चुनावों में मिली सफलता के बाद उत्साहित है और पंचायत चुनावों को 2027 के विधानसभा चुनावों से पहले का 'सेमीफाइनल' मान रही है। वह चाहती है कि जल्द से जल्द चुनाव हों ताकि वो अपनी बढ़त प्रदर्शित कर सके। दूसरी ओर, कांग्रेस इस मामले में सतर्क है और यह बहस सत्र में खूब जोर पकड़ने वाली है। हालांकि, पंचायत चुनाव पार्टी चिन्ह पर नहीं लड़े जाते, लेकिन यह सर्वविदित है कि दोनों दल इन चुनावों में अंदरखाते गहरी पकड़ रखते हैं। राजनीतिक दखल, धनबल, शराब का चलन और रातों–रात वोटों का पलटना–ये सभी पहलू चुनावों को और अधिक जटिल बनाते हैं। भाजपा सत्र में प्रदेश की कानून–व्यवस्था पर बड़ा हमला बोलने की तैयारी कर रही है। ऊना और हमीरपुर में हुए गोलीकांडों, हमीरपुर में दुष्कर्म के प्रयास के दौरान महिला की मौत और मंडी में तेजाब हमले में महिला की मृत्यु जैसे मुद्दों को भाजपा जोर–शोर से उठाएगी। भाजपा का आरोप है कि कांग्रेस सरकार नशे और अपराधों पर प्रभावी नियंत्रण नहीं कर पा रही है। इसके विपरीत कांग्रेस भी शांत रहने वाली नहीं है। वह भाजपा के चुराह विधायक के खिलाफ दुष्कर्म मामले का हवाला देगी, मंडी के एक अन्य भाजपा विधायक की संलिप्तता पर भी सवाल उठाएगी और साथ ही भाजपा प्रदेशाध्यक्ष तथा एक सांसद के भाई पर लगे गंभीर आरोपों को सामने लाकर विपक्ष को कठघरे में खड़ा करने की कोशिश करेगी।

स्पष्ट है कि इन आरोपों–प्रत्यारोपों के चलते विधानसभा का माहौल बेहद गर्म रहने वाला है। कई बार मर्यादाएं टूटने की आशंका भी बढ़ जाती है, क्योंकि जब राजनीतिक हित टकराते हैं तो विवेक और धैर्य अक्सर पीछे छूट जाते हैं। इस बार का सत्र बेहद लंबा है, जिसमें कुल 8 बैठकें होंगी और 744 सवालों पर चर्चा होगी, लेकिन यदि पूरा सत्र केवल शोर–शराबे, वॉकआउट, धरना–प्रदर्शन और बेमतलब की बहसों में निकल गया, तो शिमला से पूरा सरकारी ढांचा करोड़ों रुपए खर्च कर धर्मशाला लाने का क्या औचित्य बचेगा? लंबे सत्र का उद्देश्य यही है कि विपक्ष और सत्ता पक्ष दोनों प्रदेश हित के मुद्दों पर सार्थक बहस करें, योजनाएं बनें, निर्णय हों और लोगों की अपेक्षाएं पूरी हों। यदि सत्र केवल राजनीतिक शक्ति प्रदर्शन का मंच बनकर रह गया तो लोकतंत्र की भावना को ही क्षति पहुंचेगी। ■

अनंत ज्ञान दैनिक समाचार पत्र

## आज की प्रमुख हस्ती

### श्वेत क्रांति के जनक

**वर्गीज** कुरियन (26 नवंबर 1921–9 सितंबर 2012) को भारत में श्वेत क्रांति का जनक माना जाता है। उन्हें देश में सहकारी दुग्ध उद्योग की आधारशिला रखने और भारत को दुनिया का सबसे बड़ा दूध उत्पादक देश बनाने का श्रेय प्राप्त है। 'मिल्कमैन ऑफ इंडिया' के नाम से प्रसिद्ध कुरियन का जन्म चेन्नई में हुआ। शुरुआती शिक्षा पूरी करने के बाद उन्होंने अमेरिका के मिशिगन स्टेट विश्वविद्यालय से 1948 में डेयरी इंजीनियरिंग में मास्टर डिग्री हासिल की। भारत लौटने पर उन्होंने गुजरात के आनंद में सरकारी डेयरी में काम किया, लेकिन सात माह बाद सरकारी सेवा छोड़कर 'कैरा जिला सहकारी दुग्ध उत्पादक संघ' में कार्यभार संभाला। कुरियन ने किसानों को संगठित कर सहकारी मॉडल स्थापित किया और महाराष्ट्र सहित कई राज्यों में लाखों किसानों को जोड़कर 60,000 सहकारी समितियां बनाई। ये समितियां प्रतिदिन तीन लाख टन दूध सप्लाई करती हैं। इस प्रयास को 'ऑपरेशन फ्लड' के नाम से जाना जाता है। उनके नेतृत्व में अमूल ब्रांड विश्वविख्यात हुआ। भारत में भैंस के दूध से मिल्क पाउडर और कंडेन्स्ड मिल्क बनाने की तकनीक विकसित कर उन्होंने नेस्ले जैसी कंपनियों को चुनौती दी।



वर्गीज कुरियन
जन्म : 26 नवंबर,2021
मृत्यु : 9 सितंबर, 2012

कुरियन की मेहनत से भारत ने दूध उत्पादन का रिकॉर्ड बनाया। उन्होंने गुजरात कोऑपरेटिव मिल्क मार्केटिंग फेडरेशन की स्थापना की और 34 साल तक इसके अध्यक्ष रहे। उनके योगदान से असंगठित ग्रामीण दुग्ध उत्पादकों को आर्थिक सुरक्षा और सम्मान मिला।

भारत सरकार ने उन्हें पद्म श्री (1965), पद्म भूषण (1966) और पद्म विभूषण (1999) से सम्मानित किया। इसके अलावा उन्हें रेमन मैग्सेसे पुरस्कार, वर्ल्ड फूड प्राइज, कृषि रत्न और अमेरिका का 'इंटरनेशनल पर्सन ऑफ द ईयर' सम्मान भी मिला। कुरियन ने अपने जीवन में किसानों और ग्रामीण भारत की स्थिति सुधारने के लिए अद्वितीय प्रयास किए और वैश्विक स्तर पर सहकारी मॉडल की पहचान बनाई। वर्गीज कुरियन का योगदान केवल दूध उत्पादन तक सीमित नहीं था, बल्कि उन्होंने लाखों गरीब किसानों की जिंदगी संवारने और उन्हें सम्मान दिलाने का मार्ग प्रशस्त किया। 9 सितंबर 2012 को उनका निधन हुआ, लेकिन उनका अमूल मॉडल और उनके आदर्श आज भी भारत और विश्व के लिए प्रेरणा का स्रोत बने हुए हैं। ■



कविता

### घटा दुःख की

विवेक कुमार, गांव-यान्वी, त. भोरंज, जिला हमीरपुर (हि.प्र.)

**अजब** है रंगत दुनिया की,
बदलती रहती है तेवर,
किसी पर सेहरा बंधता है,
लगी जलने सारी दुनिया,
आग जी में जल जाने से,
हवा हो गया हमारा सुख,
घटा दु:ख की घिर आने से

**पाठकों से अनुरोध है कि वे अपनी प्रतिक्रिया, सुझाव, आलेख कविताएं और अपनी बात कॉलम के लिए सामग्री *editoranantgyaan@gmail.com* पर या व्हाट्सऐप नंबर 8894521702 व 8091450407 पर भेज सकते हैं।**

# किसान आंदोलन की पांचवीं वर्षगांठ : सफलता के बावजूद वादे अधूरे



डॉ. बलदेव सिंह नेगी
फैकल्टी, ग्रामीण विकास, हि.प्र. विश्वविद्यालय, शिमला
bsnsince79@gmail.com



भारत में 26 नवंबर 2020 को आरंभ हुआ किसान आंदोलन अपनी व्यापकता, अनुशासन, लोकतांत्रिक प्रतिबद्धता, और सामाजिक एकजुटता के कारण स्वतंत्र भारत की सबसे ऐतिहासिक राजनीतिक जन–आंदोलन श्रृंखलाओं में दर्ज हो चुका है। केंद्र सरकार द्वारा 5 जून 2020 को अपवादात्मक स्थिति में तीन कृषि अध्यादेश जारी किए गए, जिन्हें बाद में संसद के मानसून सत्र में विधेयक बनाकर कृषि कानूनों के रूप में पारित किया गया।

ये कानून–कृषक उपज व्यापार एवं वाणिज्य, मूल्य आश्वासन एवं कृषि सेवा करार तथा आवश्यक वस्तु अधिनियम में संशोधन–सरकार द्वारा कृषि सुधार के तौर पर प्रस्तुत किए गए, परंतु देशभर के अधिकांश किसानों के लिए ये कानून कृषि बाजार ढांचे के निजीकरण, मंडियों के कमजोर होने, न्यूनतम समर्थन मूल्य व्यवस्था के असुरक्षित होने, कॉन्ट्रैक्ट फार्मिंग में कॉरपोरेट नियंत्रण बढ़ने और किसानों की आय एवं आजीविका पर गंभीर प्रभावों के रूप में देखे गए। इन्हीं आशंकाओं ने एक अभूतपूर्व किसान आंदोलन का रूप लिया, जिसने भारत के राजनीतिक इतिहास में जन–संघर्ष की नई परिभाषा गढ़ी।

यह आंदोलन–जो 26 नवंबर 2020 से आरंभ होकर 384 दिनों तक दिल्ली की सीमाओं पर डटा रहा। देशभर के 500 से अधिक छोटे–बड़े किसान संगठनों के संयुक्त मंच, संयुक्त किसान मोर्चा द्वारा संचालित हुआ। यह आंदोलन अपनी विशिष्टता में अद्वितीय रहा। यह पूर्णतः शांतिपूर्ण, अनुशासित और धर्मनिरपेक्ष था; इसमें खेती–किसानी के सभी वर्ग, सभी जातियां, सभी धर्म और सभी भारतीय भाषाई पृष्ठभूमियां सम्मिलित रहीं।

आंदोलन ने केंद्र, उत्तर प्रदेश और हरियाणा की भाजपा सरकारों द्वारा किए गए दमन–जैसे आंसू गैस, पानी की बौछारें, लाठीचार्ज और मनमानी गिरफ्तारियां इत्यादि का दृढ़ता से सामना किया। इसे खालिस्तानी, माओवादी, नक्सली और पाकिस्तान–चीन प्रेरित आंदोलन बताने के राजनीतिक प्रयासों का भी धैर्यपूर्वक और तर्कसंगत प्रतिरोध किया गया। यह आंदोलन पहली बार उस कॉरपोरेट–राजनीतिक गठजोड़ को खुली चुनौती देने में सफल रहा, जिसे किसान अपने हितों के विरुद्ध मानते थे। अंबानी–अडानी के उत्पादों और सेवाओं के बहिष्कार की राष्ट्रव्यापी अपील ने इस आंदोलन के राजनीतिक प्रभाव और जनस्वीकृति को और गहरा किया। भारत की राजधानी में हुआ यह संघर्ष वैश्विक स्तर पर भी विरल उदाहरण माना जा रहा है, जिसमें लाखों किसानों ने दिन–रात 384 दिन तक डेरा डाले रखा, 736 किसान शहीद हुए, और समाज के सभी वर्गों–विशेषकर मजदूर संगठनों ने कंधे से कंधा मिलाकर समर्थन दिया। यही दबाव था जिसने अंततः एनडीए–2 सरकार को तीनों कृषि कानूनों को वापस लेने पर मजबूर किया।

9 दिसंबर 2021 को सरकार और एसकेएम के बीच हुए औपचारिक समझौते, जिस पर कृषि विभाग के सचिव ने हस्ताक्षर किए में कानूनी गारंटी के साथ C2 + 50% पर न्यूनतम समर्थन मूल्य सुनिश्चित करने, बिजली क्षेत्र के निजीकरण और प्रीपेड स्मार्ट मीटरों का विरोध, आंदोलन में शहीद हुए किसानों के परिवारों को मुआवजा, सभी मामलों की वापसी, तथा पराली जलाने से जुड़े दंडात्मक प्रावधानों को हटाकर किसानों को आपराधिक उत्तरदायित्व से मुक्त करने जैसी महत्वपूर्ण शर्तें शामिल थीं।

**समझौते की अधूरी प्रतिबद्धताएं :** तीन विवादित कृषि कानून रद्द होने के बावजूद बाकी प्रतिबद्धताएं पूरी नहीं हुई हैं। इसी परिप्रेक्ष्य में एसकेएम ने किसानों का संघर्ष पुनः संगठित किया। 10 जुलाई 2024 को नई दिल्ली में राष्ट्रीय परिषद की बैठक में 17 राज्यों के 145 प्रतिनिधियों ने साझा संघर्ष की घोषणा की। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने मुलाकात से इनकार किया, जिससे न्यूनतम समर्थन मूल्य, लागत और ऋण संकट जैसे मुद्दों पर संवाद का अवसर चूक गया। एसकेएम ने नए कृषि बाजार ढांचे और श्रम संहिताओं पर भी चिंता जताई, जिन्हें वे कॉरपोरेट–समर्थक और मजदूर व किसान विरोधी मानते हैं।

**आगे की राह :** पांच वर्ष बाद भी यह ऐतिहासिक आंदोलन हमें लोकतांत्रिक चेतना, सामूहिक संघर्ष की शक्ति और किसानों के अदम्य साहस की याद दिलाता है; परंतु अधूरी मांगें, अपूर्ण समझौते और बदलते वैश्विक व्यापारिक दबाव भारतीय कृषि को निर्णायक मोड़ पर खड़ा कर रहे हैं। वैश्विक टैरिफ युद्ध, जलवायु असुरक्षा, तकनीकी असमानताएं और कृषि बाजारों की अस्थिरता किसानों के लिए नई चुनौतियां पैदा कर रही हैं। नवउदारवादी नीतियों का आ, ामक विस्तार, प्राकृतिक संसाधनों पर बढ़ता कॉरपोरेट नियंत्रण और राजनीतिक गठजोड़ इस संकट को और गहरा कर रहे हैं। जिस तरह श्रम क्षेत्र में नए कोडों ने मजदूरों के अधिकारों और सामाजिक सुरक्षा को कमजोर किया, वैसे ही कृषि क्षेत्र में नीतिगत परिवर्तन किसानों की आजीविका को असुरक्षित बना रहे हैं।

बहरहाल, ऐसे समय में किसानों और मजदूरों की ऐतिहासिक एकजुटता न केवल विकल्प, बल्कि अस्तित्व की शर्त बन चुकी है। संघर्ष ही शक्ति है, सामूहिकता ही सुरक्षा। भविष्य इस मजबूत, संगठित और निर्भीक एकता और सरकार के वादों के सही क्रियान्वयन पर निर्भर करेगा, ताकि लोकतांत्रिक अधिकार, सामाजिक न्याय और आर्थिक सुरक्षा सुनिश्चित हो।

**( ये लेखक के निजी विचार हैं )**

# भारत की श्रम संहिताएं : आधुनिक नियामक ढांचे की ओर



विद्या सौंदरराजन
उन्नत अर्थशास्त्र अनुसंधान एवं शिक्षण केंद्र




दूसरे राष्ट्रीय श्रम आयोग (2002) ने इस बात पर प्रकाश डाला था कि भारत में श्रम कानूनों का जाल अत्यधिक जटिल और खंडित हो गया है। सरकार ने इसकी सिफारिशों पर अमल करते हुए, पिछले सप्ताह वेतन (2019), औद्योगिक संबंध (2020), सामाजिक सुरक्षा (2020), और व्यावसायिक सुरक्षा, स्वास्थ्य एवं कार्यदशा (ओएसएचडब्ल्यू) (2020) पर चार प्रमुख श्रम संहिताओं को अधिसूचित किया।

इसके साथ ही 29 पुराने कानूनों को प्रभावी रूप से एक अधिक सुसंगत ढांचे में समाहित कर दिया गया। यह एक स्वागत योग्य कदम है। लंबे समय से प्रतीक्षित और हाल के वर्षों में सबसे प्रतीक्षित सुधारों में से एक है। परिभाषाओं को सरल बनाकर, डिजिटल अनुपालन को सक्षम बनाकर और पंजीकरण एवं निरीक्षणों को सुव्यवस्थित करके, ये नई संहिताएं लालफीताशाही को कम करती हैं, कानूनी अनिश्चितता को कम करती हैं और व्यापार करना, विशेष रूप से विनिर्माण और सेवा क्षेत्र के लिए, आसान बनाती हैं।

वेतन संहिता एक वैधानिक राष्ट्रीय न्यूनतम वेतन लागू करके एक बड़ा बदलाव लाती है। इससे पहले, न्यूनतम वेतन केवल राज्यों के लिए एक दिशा–निर्देश के रूप में कार्य करता था और यह कानूनी रूप से बाध्यकारी नहीं था। यह संहिता न्यूनतम वेतन को सभी क्षेत्रों तक विस्तारित करती है और पहले की उस व्यवस्था का स्थान लेती है जो केवल अनुसूचित रोजगारों की एक सूची पर लागू होती थी।

पुराने ढांचे के अंतर्गत, निजी सुरक्षा, कूरियर और देखभाल सेवाओं जैसे कई व्यवसायों को अक्सर अलग–अलग राज्य अनुसूचियों से बाहर रखा जाता था। यह सुधार कवरेज को सार्वभौमिक बनाकर और एक बाध्यकारी न्यूनतम वेतन स्थापित करके, श्रमिकों के लिए आय सुरक्षा को मजबूत करता है, साथ ही नियोक्ताओं के लिए श्रम लागत में अधिक पूर्वानुमान प्रदान करता है, जिससे अधिक निष्पक्ष औद्योगिक संबंध और अधिक सूचित व्यावसायिक योजना दोनों को समर्थन प्राप्त होता है।

सामाजिक सुरक्षा संहिता नौ पुराने कानूनों को एक साथ लाती है और पहली बार असंगठित, गिग और प्लेटफॉर्म कर्मचारियों को भी कवरेज प्रदान करती है। इसमें निश्चित अवधि के कर्मचारी भी शामिल हैं, जो अब स्थायी कर्मचारियों के समान आनुपातिक ग्रेच्युटी और लाभ के हकदार हैं। यह संहिता गिग और प्लेटफॉर्म जैसे गैर–पारंपरिक कार्य रूपों को मान्यता देकर भारत के बदलते श्रम बाजार की वास्तविकताओं को दर्शाती है। शोध से पता चलता है कि सामाजिक सुरक्षा तक पहुंच से श्रमिकों का कल्याण बढ़ता है, उत्पादकता सुधारती है, अनुपस्थिति कम होती है और कर्मचारियों को बनाए रखना आसान होता है। इसके साथ ही, इन मानकों को अपनाने वाली कंपनियां प्रतिष्ठा संबंधी लाभ प्राप्त कर सकती हैं और वैश्विक मूल्य शृंखलाओं के साथ बेहतर जुड़ सकती हैं। ओएसएचडब्ल्यू संहिता कार्यस्थल कल्याण और सुरक्षा के दायरे का महत्वपूर्ण विस्तार करती है। यह वार्षिक स्वास्थ्य जांच (40 वर्ष से अधिक आयु के कर्मचारियों के लिए) और कैंटीन, शौचालय, प्राथमिक चिकित्सा केंद्र तथा क्रेच जैसी सुविधाओं को अनिवार्य बनाती है। ये प्रावधान पुराने कारखाना अधिनियम की तुलना में स्पष्ट सुधार दर्शाते हैं, जिनका कार्यान्वयन अक्सर असमान रूप से होता था और जो मुख्य रूप से कारखानों तक ही सीमित थे।

नई औद्योगिक संबंध संहिता कार्यबल प्रबंधन को अधिक सुगम बनाती है। अब छंटनी और बंद करने के लिए पूर्व अनुमोदन की सीमा 100 से बढ़ाकर 300 कर्मचारियों तक कर दी गई है। इससे कंपनियां बदलती बाजार स्थितियों के अनुरूप अपने कर्मचारियों के साथ तालमेल बिठा सकती हैं और औपचारिक रोजगार सृजन को प्रोत्साहित करती हैं। 'इंस्पेक्टर–राज' से 'इंस्पेक्टर–कम–फैसिलिटेटर' मॉडल ने अनुपालन को पारदर्शी, डिजिटल और कम दखलंदाज बनाया है। गिग और प्लेटफॉर्म श्रमिकों को सामाजिक सुरक्षा में शामिल करना समावेशी श्रम सुधार की दिशा में पहला कदम है।

**( ये लेखिका के निजी विचार हैं )**

# एसिड अटैक : दम तोड़ती संवेदनाओं का भयावह सच



मृदुला शर्मा
गागल, जिला मंडी




महिलाओं पर होने वाली हिंसा हमारे समाज की एक गहरी और लगातार बढ़ती समस्या है। कभी एसिड अटैक, कभी घरेलू प्रताड़ना, तो कभी मानसिक अत्याचार–इन अपराधों के कारण अनगिनत महिलाएं हर दिन अपनी ही पहचान, सुरक्षा और सम्मान के लिए संघर्ष करती हैं। यह हिंसा अक्सर घर की चारदीवारी में शुरू होती है और समाज की चुप्पी इसे और मजबूत करती है। दुखद यह है कि हमले के बाद भी पीड़िता की पीड़ा पर ध्यान देने के बजाय लोग उसके पहनावे, स्वभाव या स्वतंत्रता पर सवाल उठाते हैं।

हां, वही एसिड–जो सिर्फ त्वचा ही नहीं, इंसान की चीखें और उसकी पहचान तक को पिघला देता है। मंडी जिले में नंदलाल नाम के एक व्यक्ति ने अपनी पत्नी पर एसिड फेंका और इतना ही उसके लिए काफी नहीं था, उसने उसे पहली मंजिल से नीचे फेंक दिया। तीन दिन तक वो दर्द से लड़ती रही, हर सांस कितनी भारी रही होगी? अंतमें PGI में उसने दुनिया छोड़ दी। यह कोई अचानक हुई घटना नहीं थी। यह घरेलू हिंसा की वह लंबी और घुटनभरी कहानी थी, जिसमें एक महिला धीरे–धीरे टूटती जाती है, पर समाज सिर्फ देखता रहता है। सवाल यह है कि, मरने से पहले उसने समाज को कौन–सा आखिरी चेहरा दिया? चेहरे का मांस पिघला कर बाहर दिखती हुई हड्डियां या फिर बाहर निकली हुई आंखें?

क्यों अब भी महिलाओं की जिंदगी किसी की मानसिकता की कैदी बनी हुई है? क्यों अब भी औरत और उसकी जान को लोग अपनी संपत्ति समझते हैं? कब तक महिलाएं और बेटियां ऐसे दरिंदों की हैवानियत झेलती रहेंगी? यह हमारे समाज के मुंह पर एक करारा तमाचा है। जहां सामाजिक चुप्पी और परिवार द्वारा दी गई सहन करने की सीख महिलाओं की मौत का कारण बनती है।

मैं सभी महिलाओं से, बच्चियों से कहना चाहती हूं–चुप्पी तोड़ो। हिंसा प्यार नहीं होती। धमकी 'घर की बात' नहीं होती। और सहना कोई कर्तव्य नहीं होता। अपनी सुरक्षा को प्राथमिकता दो। हिंसा का पहला संकेत ही, आपकी आखिरी सहन सीमा होनी चाहिए।

सबसे दुखद बात यह है कि उसकी मौत के बाद भी कुछ लोग उसकी जिंदगी की छोटी–छोटी बातों पर उंगली उठा रहे हैं–जैसे किसी भी महिला की स्वतंत्रता उसकी सुरक्षा की जिम्मेदारी कम कर देती हो। ऐसी सोच रखने वाले लोग कम हैं, पर बहुत ही जहरीले हैं। वो रील बनाती थी, वो खुले में हंसती थी, वो मेकअप करती थी, इसलिए उसके साथ ऐसा हुआ, क्या यही है हमारा समाज? जहां एक महिला की मुस्कान, उसकी आजादी, उसके पहनावे, उसके सपनों को मापने के लिए लोग अदालत बनकर बैठ जाते हैं और जब कोई दरिंदा उस पर हमला कर देता है, तो लोग उसके घावों के बजाय उसके लाइफ स्टाइल पर बात करते हैं?

सच्चाई यह है कि हमारा समाज अब भी उस मानसिकता का कैदी है जहां औरत का अस्तित्व उसके पति, उसके घर और उसकी चुप्पी तक सीमित समझा जाता है। और जब वो अपनी शर्तों पर जीने की कोशिश करती है, तो उसे चरित्र, परवरिश और संस्कारों के तराजू में तोला जाने लगता है। एक महिला की आजादी कोई अपराध नहीं है। उसकी इच्छाओं को कुचलना, उसे अपनी संपत्ति समझना–यही सबसे बड़ा अपराध है। हमें ऐसे दरिंदों के खिलाफ एकजुट होकर आवाज उठानी होगी। कोई भी कारण किसी भी हाल में इतना बड़ा नहीं हो सकता कि आप किसी को इतनी बड़ी अमानवीय सजा दे दो।

एसिड का बदला एसिड, आग का बदला आग, और बलात्कार का बदला फांसी जैसी सजा से ही लिया जा सकता है, क्योंकि अपराधी स्वयं सुधरते नहीं। हमें अपनी बेटियों, बहुओं और बच्चों के लिए सुरक्षित समाज बनाना होगा। चुप्पी और डर को तोड़ना होगा, अन्यथा यह आग हर घर तक फैल सकती है। यह लड़ाई किसी एक महिला की नहीं, बल्कि हर उस महिला की है जो अपनी जिंदगी अपनी शर्तों पर जीने की हिम्मत रखती है।

**( ये लेखिका के निजी विचार हैं )**

# भारत का संविधान : लोकतंत्र और विविधता में एकता को मजबूत करने का मार्गदर्शक



ऋषि कुमार
प्रवक्ता, राजनीति विज्ञान



भारत की स्वतंत्रता के बाद देश के लिए ऐसा संविधान आवश्यक था, जो विविधता में एकता बनाए रखते हुए लोकतांत्रिक शासन व्यवस्था को मजबूत कर सके। इस उद्देश्य की पूर्ति के लिए संविधान निर्माताओं ने एक ऐसा संविधान तैयार किया, जो भारतीय समाज की सामूहिक चेतना, सर्वोच्च मानव मूल्यों और लोकतांत्रिक आदर्शों का प्रतीक है।

यह संविधान न केवल शासन का ढांचा तय करता है, बल्कि नागरिकों को अधिकार और कर्तव्य दोनों प्रदान करता है, जिससे समाज में न्याय, समानता और स्वतंत्रता सुनिश्चित होती है। भारत विश्व का सबसे बड़ा लोकतांत्रिक देश होने के साथ–साथ जिम्मेदार राष्ट्र के रूप में भी अपनी भूमिका निभा रहा है।

संविधान 26 नवंबर 1949 को संविधान सभा द्वारा अपनाया गया और 26 जनवरी 1950 को लागू हुआ। इसी कारण हर वर्ष 26 नवंबर को संविधान दिवस के रूप में मनाया जाता है। भारतीय संविधान के माध्यम से देश को संप्रभु, समाजवादी, पंथनिरपेक्ष और लोकतांत्रिक गणराज्य घोषित किया गया। इसकी प्रस्तावना देश के आदर्शों–न्याय, स्वतंत्रता, समानता और बंधुत्व को प्रतिपादित करती है। संविधान विभिन्न धर्मों, जातियों और संस्कृतियों को एक सूत्र में पिरोकर 140 करोड़ से अधिक नागरिकों को एक राष्ट्र के रूप में जोड़ता है। इसके अंतर्गत सुप्रीम कोर्ट, हाईकोर्ट, संसद, राज्य विधानमंडल, प्रधानमंत्री, मुख्यमंत्री और अन्य संवैधानिक संस्थाएं कार्य करती हैं। संविधान नागरिकों को बिना किसी भेदभाव के अधिकार प्राप्त कराने का मार्ग प्रदान करता है, ताकि सभी स्वतंत्र और गरिमामय जीवन जी सकें।

संविधान निर्माण के लिए संविधान सभा गठित की गई थी, जिसमें जवाहरलाल नेहरू, डॉ. राजेन्द्र प्रसाद, डॉ. भीमराव अंबेडकर, सरदार वल्लभभाई पटेल, श्यामा प्रसाद मुखर्जी, मौलाना अबुल कलाम आजाद और अन्य प्रमुख सदस्य शामिल थे। संविधान सभा ने कुल 22 समितियां बनाई, जिनमें मसौदा समिति का कार्य प्रमुख था। डॉ. भीमराव अंबेडकर इस सात सदस्यीय मसौदा समिति के अध्यक्ष थे और उनके नेतृत्व, ज्ञान और दूरदर्शिता के कारण उन्हें 'संविधान निर्माता' के रूप में सम्मानित किया गया। संविधान सभा ने कुल 11 सत्र आयोजित किए और 2 वर्ष, 11 महीने तथा 18 दिनों में यह तैयार हुआ। मूल संविधान में 395 अनुच्छेद, 22 भाग और 8 अनुसूचियां थीं, जो वर्तमान में 448 अनुच्छेद, 25 भाग और 12 अनुसूचियों में परिवर्तित हो गई हैं। इसके सुंदर रूपांकन और सजावट का श्रेय प्रेम बिहारी नारायण रायजादा और शांतिनिकेतन के कलाकारों को जाता है। संविधान हमें केवल मौलिक अधिकार नहीं देता, बल्कि हमारे कर्तव्यों की भी याद दिलाता है। यह हमें राष्ट्र के प्रति अपनी जिम्मेदारी और सामाजिक दायित्व का अहसास कराता है।

डॉ. भीमराव अंबेडकर ने चेतावनी दी थी कि यदि संविधान के आदर्शों को लागू करने वाले जिम्मेदार नहीं हुए, तो यह केवल कागजों का पुलिंदा बनकर रह जाएगा। यही कारण है कि संविधान का उद्देश्य केवल शासन की रूपरेखा तय करना नहीं, बल्कि नागरिकों के जीवन में न्याय, समानता और सुरक्षा सुनिश्चित करना भी है। 26 जनवरी 1950 को संविधान लागू होने के साथ ही भारत में एक नई संवैधानिक व्यवस्था और लोकतांत्रिक युग की शुरुआत हुई।

संविधान दिवस हमें इसके महत्व, मूल्यों और नागरिक अधिकारों और कर्तव्यों की याद दिलाता है। यह दिन हमें प्रेरित करता है कि हम संवैधानिक आदर्शों के अनुसार अपने कर्तव्य निभाएं, लोकतांत्रिक मूल्य स्थापित करें और समाज में न्याय व समानता सुनिश्चित करें। एक जिम्मेदार और जागरूक नागरिक बनकर ही हम संविधान निर्माताओं के सपनों के भारत का निर्माण कर सकते हैं।

**( ये लेखक के निजी विचार हैं )**

**अनंत ज्ञान**

प्रकाशक, मुद्रक एवं मुख्य संपादक डॉ. दिलीप धाकड़ द्वारा फोकस हिमाचल मीडिया प्रा. लि. के लिए बायोसर्ट इंटरनेशनल प्रा. लि. प्लॉट नंबर 8, फेज-2 इंडस्ट्रियल एरिया, नगरोटा बगवां, जिला कांगड़ा (हि.प्र.), पिन नंबर-176047 से मुद्रित एवं प्रकाशित। समस्त समाचारों के चयन एवं संपादन के लिए पीआरबी एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी।

आरएनआई संदर्भ संख्या-HPHIN/25/A0284
ई-मेल : anantgyaanmedia@gmail.com
फोन नंबर : 01892-299098

# बरसाती मलबे में दबा भौणधार-मैरामसीत मार्ग

## दस किलोमीटर लंबा पुराना मार्ग वर्षों से खस्ताहाल, अवरुद्ध मार्ग से यातायात और पदयात्रियों को खतरा

भीम बसेडू राजपूत, अनंत ज्ञान





**महादेव।** गांव धनेश्वरी फोरलेन के पास से जुड़ने वाला धार्मिक स्थली भौणधार-मैरामसीत मार्ग लंबे समय से खस्ताहाल हालत में है और सुधार की राह देख रहा है। बरसाती मलबे, गिरा हुआ पत्थर और लकड़ी मार्ग को अवरुद्ध कर चुके हैं, जिससे सुचारू यातायात ठप हो गया है। ऊंचाई से गिरी मिट्टी और गोल चिकने पत्थरों को हटाने का कार्य अब तक नहीं हुआ है, जिससे मार्ग का उपयोग करना मुश्किल हो गया है।

करीब दस किलोमीटर लंबा यह पुराना मार्ग 1980 के आसपास वाहन प्रयोग के लिए खोला गया था। यह सुंदरनगर विधानसभा क्षेत्र के साथ-साथ बल्ह और गोपालपुर को जोड़ता है। इस मार्ग को चौड़ा करने और बरसाती पानी की निकासी के लिए पक्की नालियों की सुविधा की मांग लंबे समय से की जा रही है, लेकिन संबंधित विभाग और मंत्री मौन साधे हुए हैं। मार्ग के किनारों पर अवैध रूप से जमा पत्थर, मलबे और सड़ती लकड़ी के ढेर यातायात के लिए खतरा बन गए हैं। दोपहिया वाहन चालक और पदयात्री लगातार दुर्घटना का शिकार हो रहे हैं। कुछ जगहों पर नालियों की स्थिति इतनी खराब है कि खुले में बहते गंदे पानी में मिट्टी और कीचड़ जमा हो गया है। स्थानीय

### नालियों की खराब स्थिति व अवैध मलबे की समस्या

लोगों का कहना है कि मार्ग पर थोड़ी भी चूक गंभीर दुर्घटना का कारण बन सकती है।

स्थानीय निवासी और यात्री नियमित रूप से इस मार्ग पर गंदगी, मलबे और टूट-फूट के कारण परेशान हैं। उन्होंने बताया कि बरसाती मलबे और खस्ताहाल सड़क की वजह से यात्रा जोखिम भरी हो गई है। मार्ग की सुरक्षा और सफाई का जिम्मा लेकर

### स्थानीय लोगों की सरकार से सुधार व सुरक्षा की मांग

जिम्मेदार विभागों की लापरवाही चिंता का विषय है।

सोहन लाल, सोनी, अश्वनी कुमार, कामी, चंद,भागमल,चिंता देवी, परस राम, आलमु राम, गीता देवी, गोपी, संत राम, हुक्म चंद, लीला, कैली, निर्बला, गुजरी, सुखराम आदि ने डीसी मंडी और हिमाचल प्रदेश की सुखविंदर सिंह सुक्खू सरकार से अपील की है कि अगर समय रहते भौणधार-मैरामसीत मार्ग की मरम्मत और साफ-सफाई नहीं की गई, तो गिरते मलबे और खस्ताहाल हिस्से मार्ग को पूरी तरह बाधित कर सकते हैं। उन्होंने जोर देकर कहा कि सड़क की सुरक्षा, चौड़ाई और पक्की नालियों के निर्माण के लिए ठोस और शीघ्र उपाय किए जाएं।

इस मार्ग की स्थिति सुधार न होने पर न केवल वाहन चालक बल्कि पदयात्री भी गंभीर हादसों का शिकार हो सकते हैं। स्थानीय लोगों की मांग है कि सड़क की मरम्मत के साथ-साथ मार्ग किनारे जमा मलबे और अवैध ढेर हटाए जाएं, ताकि यातायात सुचारू और सुरक्षित हो सके। भौणधार-मैरामसीत मार्ग की खस्ताहाल स्थिति से स्पष्ट कर दिया है कि समय रहते कार्रवाई न होने पर आने वाले दिनों में मार्ग पर गंभीर दुर्घटनाओं और यातायात बाधा की स्थिति बन सकती है। स्थानीय प्रशासन और सरकार से इसे प्राथमिकता पर सुधारने की अपील की जा रही है।

# पड्डल मैदान में होगा प्रदेश सरकार का राज्यस्तरीय कार्यक्रम, डीसी ने अधिकारियों को जिम्मेदारियां सौंपी

अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी



राज्यस्तरीय कार्यक्रम को लेकर बैठक की अध्यक्षता करते हुए डीसी मंडी अपूर्व देवगन।

प्रदेश सरकार के तीन वर्ष का कार्यकाल पूरा होने पर मंडी में आयोजित होने वाले राज्य स्तरीय समारोह की तैयारियों के दृष्टिगत उपायुक्त अपूर्व देवगन की अध्यक्षता में एक बैठक का आयोजन किया गया। इसमें समारोह के सफल आयोजन के लिए रूप-रेखा तय करते हुए विभिन्न विभागीय अधिकारियों को जिम्मेदारियां सौंपी गईं।

उपायुक्त ने कहा कि इस कार्यक्रम के लिए प्रस्तावित स्थल पड्डल मैदान में सभी प्रबंध समय पर पूरे किए जाएं। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार का यह अति महत्वपूर्ण कार्यक्रम है और सभी अधिकारी एवं कर्मचारी आपसी समन्वय व पूरी गंभीरता के साथ अपने-अपने कर्तव्यों का निर्वहन करें। कार्यक्रम के सफल आयोजन के लिए विभिन्न समितियां भी गठित की जा रही हैं। प्रदेश सरकार की कल्याणकारी योजनाओं व कार्यक्रमों की जानकारी लोगों तक पहुंचाने के लिए समारोह स्थल पर विभागीय प्रदर्शनियां भी लगाई जाएंगी।

उन्होंने सभी विभागाध्यक्षों को इसके लिए समय रहते प्रबंध पूरे करने के कहा। बैठक में समारोह स्थल पर बैठने की व्यवस्था सहित परिवहन एवं गाड़ियों के पार्किंग स्थल चिह्नित करने व यातायात के लिए समुचित योजना तैयार करने पर भी चर्चा की गई। मंडी तथा अन्य जिलों से आने वाले लाभार्थियों के आवागमन, ठहराव एवं भोजन इत्यादि की समुचित व्यवस्था करने के निर्देश दिए गए। उपायुक्त ने समारोह स्थल पर साफ-सफाई की उचित व्यवस्था तथा मोबाइल शौचालयों की स्थापना के लिए नगर निगम को आवश्यक प्रबंध समय रहते पूरे करने को कहा। इनमें जल की समुचित आपूर्ति भी सुनिश्चित करने को कहा। इसके अतिरिक्त विभिन्न स्थानों पर आवश्यकतानुसार कूड़ेदान इत्यादि स्थापित करने के भी निर्देश दिए गए।

समारोह के दौरान सुरक्षा व्यवस्था को लेकर भी चर्चा की गई और सभी आगंतुकों के लिए सुरक्षा के व्यापक प्रबंध करने को कहा गया। उपायुक्त ने पुलिस सहित सभी सुरक्षा एजेंसियों को इसमें आपसी समन्वय से कार्य करने के निर्देश दिए। बैठक में अतरिक्त उपायुक्त गुरसिमर सिंह, अतिरिक्त जिला दंडाधिकारी डॉ. मदन कुमार, एसडीएम मंडी रुपिंदर कौर, सहायक आयुक्त के.एस. पटियाल सहित संबंधित विभागों के उच्चाधिकारी उपस्थित थे।

## न्यूज ब्रीफ

### ट्रैकिंग के दौरान घायल हुए युवक का रेस्क्यू

**अनंत ज्ञान, जोगिंद्रनगर।** विंच कैंप में पैदल यात्रा के दौरान सुलह निवासी 20 वर्षीय युवक के घायल होने पर पुलिस, अग्निशमन विभाग और शानन बिजली घर की संयुक्त टीम ने सफल बचाव अभियान चलाया। जानकारी के अनुसार वंश अपने दो साथियों के साथ सुबह विंच कैंप पैदल यात्रा के लिए पहुंचा था। दोपहर बाद नीचे लौटते समय उसका पांव फिसला और वह ढलान पर लुढ़कते हुए गंभीर रूप से घायल हो गया। युवक की टांग और बाजू में गंभीर चोटें आईं, जिससे वह खुद से चलने में असमर्थ था। घटना के तुरंत बाद साथी युवकों ने जोगिंद्रनगर पुलिस थाना को सूचना दी। इसके बाद पुलिस और अग्निशमन टीम ट्रॉली से 18 नंबर तक पहुंची और वहां से पैदल विंच कैंप की कठिन चढ़ाई पार करते हुए घायल युवक तक पहुंची। टीम ने युवक की स्थिति का जायजा लेकर उसे स्ट्रेचर पर बांधा और कंधों पर उठाकर वापस 18 नंबर तक लाया। इसके बाद सामान ढुलाई ट्रॉली के माध्यम से उसे शानन लाया गया। पुलिस टीम ने घायल युवक को तुरंत जोगिंद्रनगर अस्पताल पहुंचाया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद चिकित्सकों ने उसकी स्थिति को देखते हुए उसे टांडा चिकित्सालय रेफर कर दिया। घायल युवक की पहचान वंश (20) निवासी सुलह, स्नातक प्रथम चरण के विद्यार्थी के रूप में हुई है।

### धनोटू-महादेव मार्ग पर जाम से लोग परेशान

**अनंत ज्ञान, महादेव।** धनोटू-महादेव संपर्क मार्ग पर दिन-प्रतिदिन बढ़ता ट्रैफिक जाम अब आम समस्या बन गया है। राष्ट्रीय उच्च मार्ग-21 से सटे इस घनी आबादी वाले क्षेत्र से शिमला, करसोग, रामपुर और किन्नौर की ओर जाने वाले वाहन भी गुजरते हैं, जिससे मार्ग पर दबाव लगातार बढ़ रहा है। हालात यह हैं कि धनोटू चौक से महादेव और चांबी तक कई बार वाहनों की आड़ी-तिरछी पार्किंग और अवैध कब्जों के कारण लंबा जाम लग जाता है। संकरी सड़क और अव्यवस्थित यातायात प्रबंधन के चलते किसी भी समय दुर्घटना की आशंका बनी रहती है। स्थानीय लोगों का कहना है कि मार्ग के किनारों पर कई वाहन इस तरह खड़े रहते हैं कि हटाए जाने की स्थिति में भी नहीं होते, जिससे समस्या और गंभीर हो जाती है। लोगों ने पुलिस प्रशासन और मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू से मांग की है कि यहां यातायात व्यवस्था को आधुनिक तरीके से दुरुस्त करने के लिए जल्द प्रभावी कदम उठाए जाएं।

### पूर्व सैनिक लीग सरकाघाट के चुनाव 3 को

**अनंत ज्ञान, सरकाघाट।** भूतपूर्व सैनिक लीग सरकाघाट इकाई के चुनाव 3 दिसंबर को सरकाघाट में संपन्न होंगे लीग के अध्यक्ष कैप्टन प्यार चंद ने बताया कि लीग की बैठक में सर्व समिति से निर्णय लिया गया कि एक्स सर्विसमैन लीग के चुनाव नए सिरे से करवाए जाएंगे, जिसे लेकर एक्स सर्विसमैन लीग हेड क्वार्टर धर्मशाला को भी सूचना दी गई थी और वहां से स्वीकृति मिलने और बाकायदा वहां से आब्जर्वर तैनात करने के बाद ही चुनावी प्रक्रिया शुरू कर दी गई है, जिसके तहत 3 दिसंबर को सैनिक विश्राम गृह सरकाघाट में सैनिक लीग के चुनाव संपन्न किए जाएंगे। लीग के अध्यक्ष कैप्टन प्यार चंद ने सरकाघाट उपमंडल की तमाम वीर नारियों और पूर्व सैनिकों से इस चुनावी प्रक्रिया में भाग लेने का आग्रह किया है।

### बच्चों ने रंगारंग कार्यक्रम पेश कर मोहा मन

**अनंत ज्ञान, बरोट।** कुटगढ़ वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला में मंगलवार को वार्षिक पारितोषिक वितरण समारोह बड़े ही उत्साह के साथ मनाया गया। बरोट पंचायत के पूर्व प्रधान व समाजसेवी सुभाष चंद ठाकुर ने बतौर मुख्यातिथि शिरकत की। कार्यक्रम के दौरान कार्यवाहक प्रधानाचार्य वीरभद्र सिंह ठाकुर, अध्यापकगण, प्रवक्ता, स्कूल प्रबंधन कमेटी, छात्र-छात्राएं व अभिभावकों ने मुख्यातिथि का भव्य स्वागत किया। बच्चों ने एकल व समूह गायन, नाटक व पहाड़ी नाटियों की आकर्षक प्रस्तुतियां दीं। प्रधानाचार्य ने वार्षिक रिपोर्ट विस्तार से प्रस्तुत की। मुख्यातिथि सुभाष चंद ठाकुर ने विद्यालय को 11,000 रुपए की सहायता राशि व बच्चों के कार्यक्रम हेतु 3,300 रुपए भेंट किए। इसके साथ ही विभिन्न गतिविधियों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले बच्चों को सम्मानित किया तथा छठी से जमा दो तक सभी विद्यार्थियों को वालपेन और कॉपियां वितरित कीं। मौके पर वार्ड सदस्य तवारू राम, सुरेश कुमार सहित कई गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

### मुख्यमंत्री व उपमुख्यमंत्री से मिलेंगे जल रक्षक

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी।** पंचायतों के माध्यम से कार्यरत जल रक्षक अपने कार्य से जुड़े महत्वपूर्ण मुद्दों को लेकर 1 दिसंबर को तपोवन धर्मशाला में मुख्यमंत्री तथा उपमुख्यमंत्री से मुलाक़ात करेंगे। जल रक्षकों का मुख्य आग्रह यह रहेगा कि सरकार द्वारा हाल ही में लिए गए कॉन्ट्रैक्ट पर आने की अवधि 8 वर्ष वाले निर्णय की अधिसूचना शीघ्र जारी की जाए। जल रक्षक संगठन का कहना है कि यह फैसला जल रक्षकों के हित में अत्यंत महत्वपूर्ण है, जिसके चलते पूरे प्रदेश के जल रक्षकों और उनके परिवारों में खुशी की लहर है। जल रक्षक संघ के प्रदेशाध्यक्ष ज्वालू राम ने बताया कि जल्द ही हिमाचल प्रदेश के सभी जल रक्षकों द्वारा सरकार के समर्थन में एक बड़ा महासम्मेलन आयोजित किया जाएगा, जिसमें समस्त जल रक्षक सक्रिय रूप से भाग लेंगे।

### 31 साल बाद कॉलेज बैच का भव्य रीयूनियन

**अनंत ज्ञान, जोगिंद्रनगर।** 31 वर्षों बाद पंडित अमरनाथ स्मारक महाविद्यालय जोगिंद्रनगर के 1994-95 बैच के सहपाठी एक बार फिर एकत्रित हुए। स्थानीय होटल अंशदीप में आयोजित इस भावनात्मक रीयूनियन में लगभग 30 पूर्व छात्र-छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। जयपुर, शिमला, कांगड़ा, मंडी, कुल्लू, सरकाघाट और पालमपुर सहित विभिन्न क्षेत्रों से आए सभी ने कॉलेज जीवन की खट्टी-मीठी यादों को ताजा किया। रीयूनियन की शुरुआत परिचय और अनुभूतियों के आदान-प्रदान से हुई, इसके बाद डीजे की धुनों पर सहपाठियों ने जमकर मस्ती की। कलाकार रावत और मनोहर के गीतों व नाटकों ने माहौल को और मनोरंजक बना दिया। अधिकांश साथी आज सरकारी और गैर-सरकारी संस्थानों में उच्च पदों पर कार्यरत हैं, वहीं सभी ने अपने परिवारों में बच्चों को बेहतर शिक्षा देने पर जोर दिया। कार्यक्रम का समापन स्वादिष्ट लंच और अगले वर्ष फिर मिलने के संकल्प के साथ हुआ, जहां सभी भावनाओं से भरी यादें संजोकर अपने-अपने गंतव्यों के लिए रवाना हुए।

### नशा मुक्ति व पर्यावरण संरक्षण का दिया संदेश

**अनंत ज्ञान, जंजैहली।** हिमाचल ज्ञान विज्ञान समिति और मंडी साक्षरता एवं जन विकास समिति के संयुक्त तत्वावधान में युवा बचाओ अभियान के तहत कला जत्था द्वारा राजकीय वरिष्ट माध्यमिक पाठशाला जंजैहली, दूसरा लंबा थाच कालेज व तीसरा थुनाग स्कूल के प्रांगण में अपना कार्याक्रम प्रस्तुत किया। कला जत्था कलाकारों द्वारा नुक्कड़ नाटक व गीतों के माध्यम से नशा मुक्ति तथा पर्यावरण संरक्षण व सामाजिक सुरक्षा बारे संदेश दिया गया। इस मौके मुख्य अतिथि तहसीलदार जितेंद्र सिंह, देवीसिंह, स्कूल प्रबधन समित्ति अध्यक्ष खूबे राम, जिला परिषद हिमाचल ज्ञान विज्ञान समिति की अध्यक्ष खेमदासी, ज्ञान विज्ञान कार्यकर्ता ईशा देवी, सीतादेवी, रेशमा, ऊषा, धमेसरू, दीपा, दिलेराम, गोयला, पार्वती, प्रधान संतोष कुमार सुनाह, सहित स्कूल व कालेज के बच्चे मौजूद रहे।

# तीन दिन में नोडल अधिकारियों की लिस्ट अपडेट करने के निर्देश

अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी

### शीतकालीन मौसम की तैयारियों को लेकर समीक्षा बैठक आयोजित

जिला प्रशासन मंडी ने शीतकालीन मौसम 2025-26 की तैयारियों की व्यापक समीक्षा की। उपायुक्त अपूर्व देवगन की अध्यक्षता में आयोजित बैठक में बर्फबारी संभावित क्षेत्रों में सड़क बंद होने, बिजली और पानी की आपूर्ति, स्वास्थ्य सेवाओं तथा आपदा प्रतिक्रिया से जुड़ी सभी व्यवस्थाओं को समय रहते मजबूत करने पर विशेष जोर दिया गया। उपायुक्त ने कहा कि सभी विभाग पूरी तैयारी रखें, पूर्व-तैयारी व प्रतिक्रिया व्यवस्था को दुरुस्त व सक्रिय बनाए रखें ताकि किसी भी आपदा अथवा आपात स्थिति में त्वरित सहायता प्रदान की जा सके। उन्होंने सभी विभागों को 3 दिन में नोडल अधिकारियों की अद्यतन सूची डीईओसी को भेजने के निर्देश दिए।

उपायुक्त ने सभी एसडीएम को, विशेषकर मंडी और सुंदरनगर में, यह सुनिश्चित करने को कहा कि कोई भी बेघर व्यक्ति ठंड में बिना आश्रय के न रहे। इसके लिए सभी नगर निकायों को भी आवश्यक प्रबंध तत्काल करने के निर्देश दिए गए। उन्होंने पुलिस, राजस्व और अन्य विभागों को निर्देश दिए कि मौसम संबंधी चेतावनी जारी होते ही कोई भी व्यक्ति पराशर, शिकारी देवी, शंकर देहरा, देवीदढ़ सहित अन्य ट्रैकिंग रूटों पर न जाए। एसडीएम को अलर्ट जारी होने पर सोशल मीडिया के माध्यम से लोगों को जागरूक करने और टैक्सी ऑपरेटरों को भी जानकारी उपलब्ध करवाने को कहा गया। बैठक में जिला खाद्य एवं आपूर्ति विभाग ने जानकारी दी कि जिले के बर्फबारी संभावित क्षेत्रों की 84 उचित मूल्य दुकानों में से 50 दुकानों में 5 माह का राशन पहुंचा दिया गया है, जबकि अन्य दुकानों में 3 माह का भंडार उपलब्ध करवा दिया गया है। उपायुक्त ने इस कार्य को भी समय रहते पूरा कराने को कहा। डीसी ने शिक्षा विभाग को निर्देश दिए कि जिन स्कूलों की सुरक्षा योजना अब तक तैयार नहीं हुई हैं, उन्हें तुरंत तैयार करवाया जाए व शीतकालीन परिस्थितियों के अनुसार अपडेट किया जाए।

# हमारे विकास की रिपेयर तक नहीं करवा पा रहे विधायक : चौधरी

## पूर्व मंत्री ने बड़सू पंचायत घर का किया लोकार्पण, भाजपा और इंद्र सिंह पर बोला जुबानी हमला

अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी



पंचायत प्रधान को सराहनीय कार्यों के लिए सम्मानित करते हुए मुख्यातिथि व गणमान्य।

ग्राम पंचायत बड़सू (मंडी) में पंचायत घर का लोकार्पण कार्यक्रम मंगलवार को आयोजित हुआ, जहां मुख्यातिथि पूर्व ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज मंत्री प्रकाश चौधरी ने मंच से ही स्थानीय राजनीति पर तीखे प्रहार किए। कार्यक्रम की अध्यक्षता ग्राम पंचायत बड़सू के प्रधान गोविंद राम बर्धन ने की, जबकि विशेष अतिथि के रूप में संजीव गुलेरिया, चेयरमैन एपीएमसी जिला मंडी तथा विशेष उपस्थिति में पूर्व जिला परिषद सदस्य चमन राही मौजूद रहे।

मुख्यातिथि प्रकाश चौधरी ने स्थानीय विधायक इंद्र सिंह गांधी पर सीधा हमला बोलते हुए कहा कि मेरे कार्यकाल में जो योजनाएं आई थीं, उनकी रिपेयर तक नहीं करवा पा रहे हैं। हमारे करवाए अथाह विकास की रिपेयर करवाने में स्थानीय विधायक पूरी तरह नाकाम रहे हैं। विधायक निधि की सभी प्राथमिकताएं ठंडे बस्ते में पड़ी हुई हैं। इंद्र सिंह गांधी बताए कि विधायक निधि का क्यों दुरुपयोग किया जा रहा है और विधायक प्राथमिकताएं जनता के सामने रखी जाएं, ताकि सच सामने आ सके। उन्होंने आगे भाजपा पर वार करते हुए कहा कि भाजपा के 9 विधायक आज किसी मुंह से जनता की पैरवी कर रहे हैं, जब सबने एम्स को बिलासपुर ले जाने के लिए लिख कर दिया था और आज हड़ताल कर ड्रामे रच रहे हैं।

विशेष अतिथि संजीव गुलेरिया ने भी विधायक पर हमला बोलते हुए कहा कि बल्ह विधानसभा क्षेत्र में शीघ्र ही बहुउद्देशीय सब्जी मंडी भवन का मुख्यमंत्री से शिलान्यास करवाया जाएगा। उन्होंने आरोप लगाया कि स्थानीय विधायक मानसिक संतुलन खो चुके हैं और सरकार के खिलाफ अनाप-शनाप बयानबाजी कर रहे हैं।

पूर्व जिला परिषद सदस्य चमन राही ने अपने संबोधन में कहा कि 'जाति-पाति और बिरादरी के आधार पर विधायक बनाया जाता है तो यह लोकतंत्र के लिए घातक होता है और आज बल्ह के लिए विकास को ग्रहण लग गया है। कार्यक्रम के दौरान भवन के लोकार्पण मौके पर मुख्यातिथि ने कई गणमान्य व्यक्तियों को सम्मानित किया। इनमें कर्मसिंह सैनी (पिछड़ा वर्ग के संयोजक), सेवानिवृत्त लोक संपर्क कुलदीप गुलेरिया, गौरव मरवाह (एमडी विजय मेमोरियल कॉलेज), ब्लॉक समिति सदस्य परमानंद आजाद, लोहारा पंचायत प्रधान पन्ना लाल, नवदुर्गा महिला मंडल बड़सू प्रधान हेमलता, सचिव ऋतु, लक्ष्मी महिला मंडल गडसौल प्रधान रमा देवी, सचिव कौशल्या देवी, समाजसेवी सोहन लाल, शेरसिंह, राधेश्याम (पार्षद नगर परिषद नेरचौक), युकां नेता नवीन राणा, नितिश राव, अश्वनी सैनी, लुदर सिंह, अमर सिंह, घनश्याम, यशवंत, गीतांजलि आदि शामिल रहे।

इस अवसर पर विभिन्न विभागों के अधिकारी और कर्मचारी भी उपस्थित रहे। विजय मेमोरियल कॉलेज के छात्रों ने रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत कर समूचे समारोह का माहौल उत्साहित कर दिया। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए ग्राम पंचायत बड़सू के प्रधान गोविंद राम बर्धन ने मुख्यातिथि को शॉल व टोपी पहनाकर सम्मानित किया तथा अपने अध्यक्षीय भाषण में पंचायत की उपलब्धियां बताईं और आगामी आवश्यक मांगों को भी पटल पर रखा।

### राष्ट्रीय आईएसपीपीडी सम्मेलन-2025 में हिमाचल डेंटल कॉलेज की धूम

# प्रो. वसुंधरा पठानिया बनीं आकर्षण का केंद्र पीजी छात्रा अक्षिता ने झटका प्रथम स्थान

उमेश, अनंत ज्ञान



राष्ट्रीय आईएसपीपीडी सम्मेलन के दौरान सम्मानित करते हुए।

**सुंदरनगर।** भुवनेश्वर में आयोजित 46वें राष्ट्रीय आईएसपीपीडी सम्मेलन पीडोधाम-2025 में हिमाचल डेंटल कॉलेज सुंदरनगर ने अपने उत्कृष्ट शैक्षणिक स्तर और वैज्ञानिक योगदान से सबका ध्यान आकर्षित किया। इस प्रतिष्ठित सम्मेलन में देशभर के प्रख्यात पीडियाट्रिक डेंटिस्ट्स, शोधकर्ता और पोस्ट ग्रेजुएट छात्र शामिल हुए। इस अवसर पर कॉलेज की प्रोफेसर डॉ. वसुंधरा पठानिया ने 'स्लीप एप्निया' विषय पर अतिथि वक्ता के रूप में अपनी महत्वपूर्ण प्रस्तुति दी। अपनी प्रस्तुति के दौरान उन्होंने बच्चों में स्लीप एप्निया के शुरुआती लक्षण, स्वास्थ्य पर इसके गहरे प्रभाव और दंत चिकित्सकों की प्रारंभिक जांच में महत्वपूर्ण भूमिका पर विस्तारपूर्वक चर्चा की।

उनके वैज्ञानिक दृष्टिकोण और व्याख्यान की गुणवत्ता को विशेषज्ञों द्वारा विशेष सराहना मिली। डॉ. पठानिया ने सम्मेलन के दौरान अनेक वैज्ञानिक एवं तकनीकी सत्रों की अध्यक्षता भी की, जिससे सम्मेलन की शैक्षणिक गुणवत्ता उल्लेखनीय रूप से समृद्ध हुई।

सम्मेलन में विभिन्न राज्यों से आए पीडियाट्रिक डेंटिस्ट्स और पोस्ट ग्रेजुएट छात्रों ने सक्रिय रूप से हिस्सा लिया और अपने शोध व अनुभवों को साझा किया। इसी मंच पर हिमाचल डेंटल कॉलेज की पोस्ट ग्रेजुएट छात्रा डॉ. अक्षिता ने स्टूडेंट पेपर प्रेजेंटेशन कैटेगरी में प्रथम स्थान हासिल कर कॉलेज और प्रदेश दोनों का नाम रोशन किया। उनकी इस उपलब्धि ने संस्थान को एक बार फिर राष्ट्रीय स्तर पर गौरवान्वित किया है। इस आयोजन ने न केवल अकादमिक उत्कृष्टता का उदाहरण प्रस्तुत किया, बल्कि हिमाचल डेंटल कॉलेज के लिए प्रेरणा और प्रगति का एक विशेष अवसर भी प्रदान किया। इस अवसर पर संस्थान, संकाय और छात्रों ने इन उपलब्धियों पर हर्ष व्यक्त करते हुए डॉ. वसुंधरा पठानिया और डॉ. अक्षिता को बधाई दी है।

# हेमांग मार्शल आर्ट अकादमी की 11 छात्राओं ने खेलो इंडिया अस्मिता लीग में बिखेरी चमक

अनंत ज्ञान, जोगिंद्रनगर




अकादमी की 11 छात्राओं ने 8 स्वर्ण, 2 रजत व 1 कांस्य पदक पर किया कब्जा।

हेमांग मार्शल आर्ट एकेडमी जोगिंद्रनगर की होनहार छात्राओं ने खेलो इंडिया अस्मिता पेंचक सिलाट वूमेंस सिटी लीग में शानदार प्रदर्शन करते हुए कुल 11 पदक अपने नाम किए। यह प्रतियोगिता भारत सरकार खेल मंत्रालय एवं भारतीय खेल प्राधिकरण के सहयोग तथा इंडियन पेंचक सिलाट फेडरेशन के मार्गदर्शन में हिमाचल प्रदेश पेंचक सिलाट फेडरेशन द्वारा मंडी के स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स के बैडमिंटन हॉल, पड्डल में 23 नवंबर 2025 को आयोजित की गई।

प्रतियोगिता में प्रदेश भर की लगभग 120 महिला खिलाड़ियों ने हिस्सा लिया।एकेडमी निदेशक एवं कोच राकेश कुमार ने बताया कि जोगिंदर नगर की 11 खिलाड़ी इसमें उतरीं और बेहतरीन प्रदर्शन करते हुए 8 स्वर्ण, 2 रजत व 1 कांस्य पदक जीतकर क्षेत्र का मान बढ़ाया। जूनियर वर्ग में अंजलि ने 59 किलोग्राम भार वर्ग में स्वर्ण, प्री-टीन वर्ग में सूर्यानी ने 28 किलोग्राम में स्वर्ण, पलक वन ने 34 किलोग्राम में स्वर्ण, आरुषि ने 44 किलोग्राम में स्वर्ण, जबकि दिव्या ने 54 किलोग्राम भार वर्ग में स्वर्ण पदक जीता।

सब-जूनियर वर्ग में रिद्धिमा ने 42 किलोग्राम में कांस्य, नव्या ने 45 किलोग्राम में स्वर्ण, ईशानी ने 51 किलोग्राम में स्वर्ण और कृतिका धीमान ने 39 किलोग्राम में स्वर्ण पदक अर्जित किया। वहीं जूनियर में चेष्टा बलिया ने 51 किलोग्राम में रजत तथा पलक-2 ने प्री-टीन वर्ग में 32 किलोग्राम में रजत पदक हासिल किया। कोच राकेश कुमार ने सभी विजेता खिलाड़ियों को बधाई देते हुए हिमाचल प्रदेश पेंचक सिलाट फेडरेशन के अध्यक्ष जोगिंदर सिंह आजाद सहित सभी पदाधिकारियों का आभार व्यक्त किया। अस्मिता खेलो इंडिया वूमेन'स लीग तीन स्तर सिटी लेवल, जोनल लेवल और ऑल इंडिया लेवल पर आयोजित की जाती है, जिसके माध्यम से महिला खिलाड़ियों को प्रोत्साहन और मंच उपलब्ध करवाया जाता है। प्रतियोगिता में विजेता बनी हेमांग एकेडमी की खिलाड़ी अब जोनल लेवल वूमेन लीग में अपना दमखम दिखाएंगी।

### बरोट-घटासनी सड़क गुराहला में क्षतिग्रस्त

**रूपी ठाकुर, अनंत ज्ञान, बरोट।** बरोट-घटासनी मुख्य सड़क मार्ग पर गुराहला क्षेत्र में भारी बारिश के बाद हुए भूस्खलन से सड़क लंबे समय तक बाधित रही। लोक निर्माण विभाग ने मशीनरी लगाकर मार्ग तो बहाल कर दिया, पर अब भी स्थिति गंभीर बनी हुई है। बरोट की ओर सड़क के एक किनारे पर की गई पत्थरों की सोलिंग बाहर निकलने से गहरे गड्ढे बन गए हैं, जिससे गुजरते समय खासकर छोटे चारपहिया वाहनों की बॉडी सड़क से टकरा रही है और चालकों को भारी दिक्कत झेलनी पड़ रही है। छोटे वाहन चालक जय चंद, बलदेव सिंह, राज कुमार, दान सिंह व राजेंद्र कुमार ने बताया कि नीचे की ओर जाते हुए सड़क पर एक चढ़ाईदार हिस्सा आता है जहां वाहन का निचला भाग सीधे सड़क से छू जाता है, जिससे वाहन चलाना काफी मुश्किल हो जाता है। सभी वाहन चालकों ने लोक निर्माण विभाग से आग्रह किया है कि उक्त चढ़ाईदार किनारे को समतल किया जाए ताकि छोटे वाहनों की आवाजाही सुचारू रूप से हो सके।

**अनदेखी** पहली बारिश में ही डंगों की पोल खुली, सोहर चौक से लेकर पूरे मार्ग तक निर्माण विवादों में घिरा

# बाल्याली-टकरेड़ सड़क निर्माण दो साल बाद भी अधूरा

रितेश चौहान, अनंत ज्ञान

**सरकाघाट।** धर्मपुर विधानसभा क्षेत्र में सत्ता परिवर्तन के तीन सालों बाद अधिकतर विकास कार्यों को ग्रहण लग चुका है। बिजली पानी व सड़क समेहत अन्य जन सुविधाओं के तमाम कार्य अधिकतर बंद पड़े हैं। यहां तक कि पीएमजीएसवाई सड़कों के निर्माण भी कछुआ गति से चले हुए हैं।

प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के अंतर्गत बाल्याली से टकरेड़ सड़क का निर्माण निर्धारित समय सीमा बीत जाने के बावजूद अभी तक पूरा नहीं हो पाया है। मौके पर किए जा रहे कार्य व विभागीय दावों के बीच जमीनी हकीकत कुछ और ही कहानी बयां कर रही है। करीब 13 करोड़ के खर्च से उन्नयन होने वाले इस सड़क पर करीब 6 करोड़ निर्माण तथा करीब सात करोड़ पांच वर्षों तक सड़क के रख रखाव पर खर्च होने हैं। अभी तक सड़क के किनारे ड्रेनेज नालियां तक भी नहीं बनाई गई हैं। ग्रामीणों के अनुसार पिछले कई महीनों से सड़क निर्माण की गति बेहद धीमी रही। अब जाकर नगेनी खड्ड क्रेशर के पास सड़क को पक्का करने का काम शुरू किया गया है और साथ ही विभाग द्वारा बोर्ड भी लगाए जा रहे हैं। स्थानीय लोगों का कहना है कि यह काम भी पूर्ण गुणवत्ता के साथ नहीं हो रहा और डंगे (कंक्रीट की सपोर्ट दीवारें) शुरू से ही खराब निर्माण की पोल खोल रहे हैं। पहली ही बारिश में टेढ़े हो गए डंगे, विभाग कर रहा लीपापोती।

नागरिकों का आरोप है कि निर्माण के दौरान तकनीकी मानकों की अनदेखी की गई जिसका नतीजा यह रहा कि पहली ही बरसात में डंगे




टेढ़े होकर झुक गए। अब विभाग इन्हें फिर से 'लीपने-पोतने' में लगा हुआ है, जबकि असली सवाल निर्माण की गुणवत्ता का है।

स्थानीय लोगों का कहना है कि अगर डंगे पहली बारिश भी नहीं सह पाए तो आने वाले दिनों में भारी बारिश या वाहनों के भार को कैसे झेलेंगे? एक बड़ा विवाद सोहर चौक क्षेत्र से जुड़ा है, जहां विभाग ने सड़क की भूमि अपने कब्जे में तो ले ली, मगर इस हिस्से को पक्का करने से ठेकेदार और विभाग दोनों बचते नजर आ रहे हैं। ग्रामीणों का आरोप है कि इस हिस्से को जानबूझकर अधूरा छोड़ा जा रहा है, जबकि सड़क की संपूर्णता इसी खंड पर निर्भर करती है।

कार्य समय पर पूरा न होने से लोगों को भारी दिक्कत हो रही है, रोजाना आने-जाने वालों को उबड़-खाबड़ मार्ग से गुज़रना पड़ रहा है, धूल, कीचड़ और मिट्टी की समस्या बनी हुई है। ग्रामीणों ने यह भी पूछा कि जब बोर्ड पर निर्माण लागत, आरंभ व समाप्ति की तारीख और 5 साल तक टिकाऊ गारंटी का दावा लिखा है, तो फिर गुणवत्ता की यह स्थिति कैसे हो गई? लोगों ने सरकार से मांग की है कि निर्माण कार्य की स्वतंत्र तकनीकी जांच करवाई जाए, दोषी पाए जाने पर ठेकेदार पर कार्रवाई हो, अधूरा छोड़े गए हिस्सों, विशेषकर सोहर चौक वाले खंड को तुरंत पक्का किया जाए, डंगों को 'सतही मरम्मत' की बजाय पूरी तरह से दोबारा मजबूती से बनाया जाए।

### जल्द ही पूरा किया जाएगा कार्य : घनश्याम

**लोक** निर्माण विभाग उपमंडल मढ़ी के सहायक अभियंता घनश्याम ने बताया कि सड़क का निर्माण कार्य अभी पूरा नहीं हुआ है। सोहर चौक के पास सड़क को जल्द ही पक्का करवाया जाएगा, ड्रेनेज अभी बनाई जानी है और डंगे जो बरसात में थोड़ा टेढ़े हुए थे अब वहां क्रेट लगाए जा रहे हैं। सड़क को जल्द ही पूरा किया जाएगा।

## न्यूज ब्रीफ

### स्टोन क्रशर एसोसिएशन ने किया समर्थन

**अनंत ज्ञान, ऊना।** स्टोन क्रशर एसोसिएशन ऊना ने अवैध खनन के विरुद्ध जिला प्रशासन के कड़े फैसलों के अनुपालन में अपनी तत्परता प्रदर्शित की है। एसोसिएशन ने कहा कि भारी वाहनों की आवाजाही संबंधी नई नियमावली से उन्हें कुछ असुविधा हो सकती है, लेकिन वे इसके लिए पूरी तरह तैयार हैं। गैर-कानूनी गतिविधियों पर हर तरह की सख्ती को वे स्वीकार करते हैं। एसोसिएशन ने स्पष्ट किया कि जिले के व्यापक हित, सुव्यवस्थित व्यवस्था और कानून-व्यवस्था बनाए रखने के लिए वे प्रशासन के साथ मजबूती से खड़े हैं। हालांकि, एसोसिएशन ने डीसी और एसपी से मिलकर कुछ स्थानों पर वाहनों की आवाजाही के रूट में संशोधन का निवेदन भी किया है।

### दंपती ने दंडवत लगाई मां चिंतपूर्णी के दर हाजिरी

**अनंत ज्ञान, चिंतपूर्णी।** मां चिंतपूर्णी के दरबार में एक दंपती ने दंडवत होकर हाजिरी भरी और माता का शुकराना अदा किया। पंजाब राज्य के हाजीपुर मुकेरियां के रहने वाले राजेश कुमार और उनकी पत्नी सारिका ने भारी ठंड के मौसम में मंगलवार सुबह के समय माता रानी के दरबार में दंडवत होकर हाजिरी भरी। दंपती ने बताया कि उनकी शादी को 10 साल हो गए थे और उनके कोई संतान नहीं थी। उन्होंने माता रानी के दरबार में संतान प्राप्ति की अरदास लगाई थी और माता रानी की कृपा से उन्हें संतान प्राप्त हुई। अब 2 वर्ष के बाद वे माता रानी के दरबार में दंडवत होकर हाजिरी भरकर माता का शुकराना अदा कर रहे हैं।

### कुठयाडी में राधा-कृष्ण मूर्तियों का दिव्य स्नान

**अनंत ज्ञान, बडूही (ऊना)।** उपमंडल अंब की पंचायत कुठयाडी में भगवान राधा-कृष्ण की दिव्य मूर्तियों का पवित्र स्नान समारोह भक्तिभाव और उत्साह के साथ आयोजित हुआ। कालेश्वर ब्यास महादेव के पावन तट पर मूर्तियों का विधिवत स्नान कराया गया। इसके उपलक्ष्य में भव्य कलश यात्रा निकाली गई, जिसमें क्षेत्रभर से आए श्रद्धालुओं ने जयकारों, भजन-कीर्तन और डोल-नगाड़ों के साथ उत्साहपूर्वक भाग लिया। यात्रा पंजोआ, ठठल हनुमान मंदिर व नंदपुर होकर कुठयाडी मंदिर पहुंची, जहां मूर्तियों को विधिवत स्थापित किया गया। पूरे क्षेत्र में धार्मिक उल्लास का वातावरण रहा। आयोजकों के अनुसार 27 नवंबर को श्री श्री 1008 नारायण पुरी जी महाराज द्वारा मूर्तियों को जीवन दान दिया जाएगा, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं के आने की संभावना है।

### सरकार को नहीं लोगों की कोई चिंता : राजेश

**अनंत ज्ञान, गगरेट।** जिला ऊना में बिगड़ती कानून व्यवस्था को लेकर प्रदेश भाजपा उपाध्यक्ष एवं पूर्व विधायक राजेश ठाकुर ने प्रदेश सरकार व जिला प्रशासन को आड़े हाथों लिया है। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार अपने नागरिकों की सुरक्षा नहीं कर सकती तो उसे सत्ता में रहने का कोई अधिकार नहीं है। ऊना जिला हिमाचल प्रदेश का प्रवेश द्वार है, लेकिन जिस तरह से यहां बाहरी राज्यों के असामाजिक तत्वों द्वारा दहशत फैलाई जा रही है और प्रदेश सरकार मौन है, उससे साफ जाहिर है कि जनता जिए या मरे प्रदेश सरकार को कुछ फर्क नहीं पड़ता। उन्होंने कहा कि हालात जल्द न सुधरे तो भाजपा को मजबूरन सड़कों पर उतर कर प्रदेश सरकार के विरुद्ध उग्र प्रदर्शन करने पर विवश होना पड़ेगा।

### टिहरा में मशरूम खेती प्रशिक्षण शिविर संपन्न

**अनंत ज्ञान, ऊना।** पंजाब नेशनल बैंक ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान (पीएनबी आरएसटी) ऊना ने 13 से 22 नवंबर तक बंगाणा ब्लॉक के गांव टिहरा में दस दिवसीय मशरूम खेती प्रशिक्षण शिविर सफलतापूर्वक आयोजित किया। शिविर में 25 महिलाएं और 2 पुरुष, कुल 27 प्रतिभागियों ने भाग लिया। प्रशिक्षण में प्रतिभागियों को मशरूम उत्पादन की सभी तकनीकें, आवश्यक कौशल और व्यावहारिक ज्ञान प्रदान किया गया। निदेशक सुधीर कुमार शर्मा ने बताया कि यह निःशुल्क पाठ्यक्रम ग्रामीण युवाओं को स्वरोजगार हेतु सशक्त बनाने के उद्देश्य से आयोजित किए जाते हैं। प्रशिक्षण प्राप्त प्रतिभागियों को दो वर्ष तक उद्यम स्थापना में बैंक ऋण (क्रेडिट लिंकेज) और मार्गदर्शन सहित हैंडहोल्डिंग सहायता भी दी जाएगी। पीएनबी आरएसटी ऊना दिसंबर 2025 में बंगाणा ब्लॉक में 14 दिवसीय जूट बैग निर्माण प्रशिक्षण और 38 दिवसीय कंप्यूटर कोर्स आरंभ करेगा। इच्छुक युवक-युवतियां कार्यालय में आवश्यक दस्तावेजों के साथ संपर्क कर सकते हैं।

### ऊना जिले में खनन गतिविधियों पर कड़ा प्रहार, बंगाणा, टाहलीवाल व अंब में 5 एफआईआर दर्ज

# शाम 5 बजे के बाद खनन सामग्री की ढुलाई पर बैन

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, ऊना**

**डीसी** जतिन लाल ने जिले में कानून-व्यवस्था को सुदृढ़ बनाने और अवैध गतिविधियों पर प्रभावी नियंत्रण स्थापित करने के लिए कड़े कदम उठाए हैं। जिला पुलिस ने खनन सामग्री ले जाने वाले टिप्परों पर सख्त कार्रवाई करते हुए कड़ा प्रहार किया है। पुलिस अधीक्षक अमित यादव ने प्रेसवार्ता में बताया कि शाम 5 बजे के बाद टिप्परों के जरिए खनन सामग्री की ढुलाई पर पूर्ण प्रतिबंध है।

इस नियम का उल्लंघन करने पर जिले में 5 एफआईआर दर्ज की गई हैं। इनमें 2 एफआईआर बंगाणा क्षेत्र में दर्ज हुईं, जिनमें 9 टिप्पर जब्त किए गए हैं। वहीं, टाहलीवाल क्षेत्र में 2 तथा अंब क्षेत्र में 1 एफआईआर दर्ज की गई है। अमित यादव ने कहा कि शाम 5 बजे से क्रशर एरिया से जिला सीमा तक टिप्परों की आवाजाही पूर्णतः बंद है। पंजाब की ओर से आने वाले एक्सटेंडेड बॉडी टिप्परों पर भी कड़ी दंडात्मक कार्रवाई की जा रही है। इसके तहत हाल ही में तीन एक्सटेंडेड बॉडी टिप्परों पर भारी जुर्माना लगाया गया है। उन्होंने बताया कि खनन सामग्री ढुलाई के लिए निर्धारित कॉरिडोर तय किए गए हैं और पुलिस इन मार्गों पर भी लगातार कड़ी निगरानी रख रही है। इसके साथ ही, टिप्पर संचालकों को निर्देश दिए कि वाहन से संबंधित सभी दस्तावेज पूर्ण रखें तथा नंबर प्लेट स्पष्ट एवं मानक के अनुरूप हो। किसी भी प्रकार की कोताही पाए जाने पर कार्रवाई अमल में लाई जाएगी।

### डीसी चौक से मैहतपुर बैरियर सड़क तक टिप्परों के जाने पर लगाया बैन

**डीसी** चौक से मैहतपुर बैरियर सड़क तक भारी वाहनों की आवाजाही पर बैन लगाया है। जिला प्रशासन ने यह निर्णय ऊना शहर में बढ़ते जाम और आम जनता की परेशानी को मध्यनजर रखते हुए लिया है। टिप्परों की आवाजाही को इस पूरे मार्ग पर पूरी तरह प्रतिबंधित रहेगी। व्यवसायिक भारी वाहनों की आवाजाही सुबह 8 बजे से रात 9 बजे तक बंद की गई है। प्रतिबंध अवधि में वाहन झलेड़ा-डीसी चौक-संतोषगढ़-अजौली मोड़ मार्ग का उपयोग करेंगे। इसके साथ ही, लोडिंग-अनलोडिंग पर भी सुबह 8 से रात 9 बजे तक रोक रहेगी।

### स्वां नदी के समीप वाहनों की आवाजाही बंद

**जिला** प्रशासन ने खनन संबंधित गतिविधियों पर पूर्ण बैन लगा दिया है। वैध खनन के लिए भी समय और कॉरिडोर तय कर दिए गए हैं। जिले में शाम 5 बजे से सुबह 6 बजे तक सभी प्रकार की खनन गतिविधियां पूर्ण रूप से प्रतिबंधित कर दी गई हैं। इसी अवधि में खनन से जुड़े वाहनों और सामग्री के परिवहन पर भी सख्त रोक लगाई गई है। वैध खनन लीज धारकों को सुबह 6 बजे से शाम 5 बजे तक खनन कार्य की अनुमति रहेगी, लेकिन खनन सामग्री ढुलाई के लिए सुबह 10 बजे से शाम 5 बजे तक ही अनुमति होगी। आदेशों का उल्लंघन करने वालों पर तत्काल दंडात्मक कार्रवाई होगी।

### खनन सामग्री ढुलाई के लिए विशेष कॉरिडोर चिन्हित

**डीसी** ने बताया कि निर्धारित समय अवधि के भीतर सामग्री ढुलाई के लिए विशेष कॉरिडोर भी चिन्हित किए गए हैं। सभी लीज धारकों को निर्धारित समय और निर्धारित मार्ग का पालन अनिवार्य रूप से करना होगा। इन रूट पर निगरानी के लिए चेकपोस्ट बनाई गई हैं। इनमें ऊना से नंगल वाया मैहतपुर, टाहलीवाल से गढ़शंकर (भंगला रोड़ वाया बाथड़ी), दुलैहड़ से गढ़शंकर वाया गोंदपुर जयचंद, जननी से माहलपुर वाया जननी खड्ड, घालूवाल से होशियारपुर वाया पंडोगा, गगरेट से होशियारपुर वाया आशा देवी बैरियर, वीरभद्र चैक से नंगल वाया सैंजोवाल बैरियर, अजौली से पंजाब की ओर और दौलतपुर से तलवाड़ा वाया मरबाड़ी कॉरिडोर तय किया गया है।

**शराब बिक्री के समय निर्धारण और अहातों पर नजरः** पुलिस अधीक्षक ने बताया कि ऊना जिले में शराब बिक्री के लिए रात 10 बजे तक का समय निर्धारित है। बार, पब, होटल और शराब ठेके निर्धारित समय के भीतर ही बिक्री सुनिश्चित करें। समय के बाद शराब वितरण के मामलों में दंडात्मक कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने बताया कि जिले में 100 से अधिक लीकर वेंड हैं, जिनमें से केवल कुछ को ही अहाता संचालन की अनुमति है। एसपी ने स्पष्ट किया कि जिन विक्रेताओं के पास अहाता संचालन की अनुमति नहीं है, वे तुरंत अहाता बंद करें, अन्यथा लिकर वेंड संचालक के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।

**अवैध खनन व शराब से संबंधित शिकायतें करने की अपील :** एसपी ने आम जनता से अपील की कि यदि अवैध खनन या शराब संबंधी गतिविधियों की सूचना मिलती है, तो वे पुलिस को अवश्य सूचित करें। नागरिक ऐसी जानकारी उनके निजी मोबाइल नंबर पर टेक्स्ट या व्हाट्सऐप के माध्यम से भी दे सकते हैं। सूचना देने वाले का नाम पूर्णतः गोपनीय रखा जाएगा।

**हथियार जमा कराने के निर्देश :** जिले के सभी लाइसेंसधारियों को बुधवार तक हथियार जमा करवाने के निर्देश जारी किए गए हैं। सत्यापन उपरांत ही आवश्यक लाइसेंसधारकों को पुनः अनुमति प्रदान की जाएगी। एसपी अमित यादव ने कहा कि जिले में कानून-व्यवस्था से कोई समझौता नहीं किया जाएगा। जिला प्रशासन हर हाल में शांति, सुरक्षा और पर्यावरण संरक्षण सुनिश्चित करने के लिए प्रतिबद्ध है।

### निबंध लेखन स्पर्धा में मोनिका प्रथम

**अनंत ज्ञान जोल।** राजकीय महाविद्यालय चौकीमन्यार में रोड सेफ्टी क्लब द्वारा निबंध लेखन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में चार विषय-शराब पीकर गाड़ी चलाने के दुष्परिणाम, वाहन प्रदूषण और पर्यावरण, इलेक्ट्रिक वाहन और पर्यावरण पर विद्यार्थियों ने अपनी प्रतिभा प्रस्तुत की। इस कार्यक्रम में 52 विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। प्राचार्य डॉ. बलविंदर सिंह राणा मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे और प्रतिभागियों का उत्साहवर्धन किया। परिणामस्वरूप मोनिका देवी ने प्रथम, मीनाक्षी व काजल ने संयुक्त रूप से द्वितीय और खुशी ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। प्राचार्य डॉ. राणा ने विजेताओं को बधाई देते हुए सड़क सुरक्षा के महत्व पर विशेष जोर दिया। कार्यक्रम में महाविद्यालय की एनएसएस इकाई, ईको क्लब, रेड रिबन, आपदा प्रबंधन तथा रेड क्रॉस क्लब के सदस्यों ने सक्रिय भागीदारी निभाई। इसके अतिरिक्त प्राध्यापक वर्ग में प्रो. कविता कौशल, डॉ. रामकुमार नेगी, डॉ. राम सिंह, डॉ. सगुन डोगरा, प्रो. नवीन शर्मा एवं समस्त कार्यालय स्टाफ उपस्थित रहे।

## ऊना शहर में व्यवस्था की मजबूती को फील्ड में उतरे डीसी और एसपी

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, ऊना**

**जिला** मुख्यालय ऊना में व्यवस्थाओं को सुव्यवस्थित करने के लिए जिला प्रशासन ने मंगलवार को सख्त रुख अपनाया। जिलाधीश ऊना जतिन लाल और एसपी अमित यादव पुलिस तथा नगर निगम अधिकारियों की टीम के साथ स्वयं फील्ड में उतरे। टीम ने मुख्य बाजार से हाईवे तक लगभग डेढ़ किलोमीटर क्षेत्र का पैदल निरीक्षण किया और यातायात व अतिक्रमण से जुड़ी स्थितियों का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान अधिकारियों ने लोगों और दुकानदारों से बातचीत कर उनकी समस्याएं समझीं तथा व्यापारियों से अतिक्रमण हटाने और पार्किंग नियमों का पालन करने का आग्रह किया। इस दौरान नगर निगम के कर्मचारी और आधा दर्जन से अधिक पुलिस जवान भी टीम के साथ मौजूद रहे। डीसी जतिन लाल ने कहा कि मुख्य बाजार और हाईवे पर बढ़ती अव्यवस्था से लोगों को भारी परेशानी हो रही है। उन्होंने व्यापारियों से सहयोग की अपील करते हुए कहा कि गाड़ियां निर्धारित पार्किंग में ही खड़ी की जाएं, अतिक्रमण हटाएं और शहर की व्यवस्था को सुधारने में प्रशासन का साथ दें। उन्होंने बताया जीवन मार्केट की खराब स्थिति कसंज्ञान लेते हुए नगर निगम को सख्त कार्रवाई के निर्देश दिए। डीसी ने कहा कि शहर की व्यवस्था को चरणबद्ध ढंग से दुरुस्त करने के लिए जल्द ही निर्णायक कदम उठाए जाएंगे। प्रशासन वन-वे सिस्टम लागू करने पर विचार कर रहा है। साथ ही, नो पार्किंग जोन और सरकारी व निजी पार्किंग के रेट भी निश्चित किए जाएंगे। नगर निगम को पंजीकरण अनिवार्य करने के निर्देश दिए गए हैं, जिसमें पुलिस भी सहयोग करेगी। वहीं, एसपी अमित यादव ने कहा कि शहर की अव्यवस्था को दूर करने के लिए सख्ती आवश्यक है, क्योंकि अवैध पार्किंग के कारण दुर्घटनाएं बढ़ रही हैं और पैदल चलने वालों को भारी कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। उन्होंने व्यापारियों को आगाह किया कि दुकानें सड़क तक न फैलाएं और सड़क पर किसी भी प्रकार का कब्जा न करें।

**वन-वे सिस्टम और पार्किंग रेट तय करने पर विचार**

## डिप्टी सीएम अग्निहोत्री ने किया हरोली खड्ड पर 4 करोड़ के बो-स्ट्रिंग पुल का लोकार्पण

**अनंत ज्ञान, हरोली**

**उपमुख्यमंत्री** मुकेश अग्निहोत्री ने मंगलवार को हरोली खड्ड पर 4 करोड़ की लागत से बने 36 मीटर स्पैन के 'बो-स्ट्रिंग आरसीसी बीम पुल' का लोकार्पण किया। यह पुल एक वर्ष से भी कम समय में तैयार हुआ और बरसात के दौरान स्थानीय लोगों और वाहनों की आवाजाही को सुरक्षित व सुगम बनाता है। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि हरोली विस में निर्णायक विकास हो रहा है। 126 करोड़ की लागत से 8 पुल और 85 करोड़ की लागत से 10 सड़कों का निर्माण कार्य चल रहा है।

जेजों मोड़ से टाहलीवाल लिंक रोड का स्तरोन्नयन 48.69 करोड़ में किया जाएगा और तीन नए पुल-बढ़ेड़ा, कांगड़ और पालकवाह-का निर्माण होगा। क्षेत्र में 75 करोड़ की बीत क्षेत्र सिंचाई योजना फेज 2 तथा 100 करोड़ की पानी की दूसरी योजना पर भी काम चल रहा है। बल्क ड्रग पार्क परियोजना को केंद्र से पर्यावरणीय मंजूरी मिल चुकी है। उपमुख्यमंत्री ने उपायुक्त को जिले में पनप रहे हथियार कल्चर को नेस्तनाबूत करने और आपराधिक तत्वों के खिलाफ सख्त कार्रवाई के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि जिला में सीसीटीवी कैमरे स्थापित किए जाएंगे ताकि अपराधियों की पहचान और प्रभावी कार्रवाई सुनिश्चित हो सके। इस अवसर पर उपायुक्त जतिन लाल, स्थानीय जनप्रतिनिधि, कांग्रेस नेता और अन्य गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे।



हरोली खड्ड पर 4 करोड़ की लागत से बने पुल का लोकार्पण करते उपमुख्यमंत्री मुकेश।

# महासंघ के प्रधान को धमकी मिलने पर भड़के ट्रक ऑपरेटर

### हरियाणा से आया धमकी भरा फोन, सैकड़ों ट्रक ऑपरेटर्स ने डीएसपी कार्यालय पहुंकर कार्रवाई की मांग की

**अनंत ज्ञान, गगरेट**

**जिला** मुख्यालय पर हुई गैंगवार से फैली दहशत अभी खत्म नहीं हुई थी कि अब बाहरी राज्यों से आ रही दहशत भरी फोन कॉल ने ऊना को डराकर रख दिया है।

ताजा घटनाक्रम में द विशाल हिमाचल गुड्स ट्रांसपोर्ट सोसायटी गगरेट के प्रधान व जिला ट्रक ऑपरेटर महासंघ के प्रधान सतीश कुमार गोगी को हरियाणा से एक धमकी भरी फोन कॉल आई है। सतीश की शिकायत पर गगरेट पुलिस ने मामला दर्ज कर मामले की संवेदनशीलता को देखते हुए जांच तेज कर दी है। सतीश कुमार गोगी द्वारा पुलिस को दिए गए शिकायत पत्र में कहा है कि उन्नीस नवंबर को सोसायटी का आम इजलास था, जिसमें सर्वसम्मति से फैसला लिया गया कि उपमंडल के बाहर से जो सोसायटी के सदस्य नहीं है और जो गाड़ियां बाहरी लोगों के नाम रजिस्ट्रर हैं उन्हें सोसायटी से बाहर किया जाए। क्योंकि सोसायटी फैक्ट्रियों के लाखों रुपये के माल की ढुलाई करती हैं। ऐसे में अगर कोई गड़बड़ हुई तो बाहरी मालिकों से इसकी भरपाई कैसे होगी। इसी के चलते सोसायटी के एक सदस्य द्वारा बाहरी लोगों के चलाए जा रहे दो ट्रक बाहर कर दिए। उस समय भी उस सदस्य ने सबके सामने उसके साथ गाली गलौच किया और जान से मारने की धमकी तक दी। यही नहीं बल्कि उसने कहा कि हरियाणा में उसके ट्रक चलने नहीं देगा और ट्रक में मादक द्रव्य पदार्थ रखवाकर ट्रक अंदर करवा देगा। उस समय उन्होंने इस धमकी को हल्के में लिया लेकिन सोमवार को अंबाला के समीप से उनका ट्रक यह कहते हुए पुलिस ने पकड़ लिया कि उस ट्रक ने कार को टक्कर मारी है। कुछ देर बाद उसे हरियाणा से एक फोन काल आई और उससे कहा कि उसका ड्राइवर बदतमीज है। खैर शाम को पुलिस ने ट्रक यह कहते हुए छोड़ दिया कि कार वाले नहीं आए हैं। उसी दिन रात को उसी फोन नम्बर से हरियाणा से फिर फोन आया।

फोन करने वाले ने सीधे धमकी दी कि जिस सदस्य की गाड़ियां तूने निकाली हैं उन्हें जल्द लगा ले। तेरे पास तीन दिन का समय है। वरना तुझे खींच कर चंडीगढ़ घसीट लूंगा। यही नहीं उस व्यक्ति ने कहा कि जिस दिन ऊना में मर्डर हुआ उस दिन भी वह उसके पास आ रहा था लेकिन उसे यू-टर्न लेना पड़ा अन्यथा कुछ भी हो सकता था। अपनी सलामती चाहता है कि जल्दी से गाड़ियां लगा ले। उधर सतीश कुमार गोगी को धमकी भरा फोन आने से ट्रक आपरेटर भड़क गए और सैकड़ों ट्रक आपरेटर सतीश कुमार गोगी के समर्थन में डीएसपी अंब के कार्यालय पहुंच गए और तत्काल कार्रवाई की मांग की। जिस पर डीएसपी अनिल पटियाल ने उचित कार्रवाई का आश्वासन दिया और उसके बाद गगरेट पुलिस थाना में प्राथमिकी दर्ज कर ली गई है। उधर ट्रक आपरेटरों ने चेताया है कि अगर आरोपी जल्द न पकड़े गए तो वे चक्का जाम करने से भी गुरेज नहीं करेंगे। सतीश कुमार गोगी ने कहा कि अगर उन्हें या उनके किसी पारिवारिक सदस्य को कुछ होता है तो इसकी जिम्मेवारी प्रशासन की होगी। उधर डीएसपी अनिल पटियाल ने कहा कि पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है। किसी को कानून व्यवस्था से खिलवाड़ करने की इजाजत नहीं दी जाएगी।



डीएसपी अंब को शिकायत पत्र सौंपते द विशाल हिमाचल गुड्स ट्रांसपोर्ट सोसायटी गगरेट के सदस्य व प्रधान सतीश गोगी।

## विधायक विवेक ने सड़क हादसे में जान गंवाने वाले विजय के परिजनों को बंधाया ढांढस

### परिवार को दी 25 हजार रुपए की फौरी राहत, हरसंभव मदद करने का दिया भरोसा

**अनत ज्ञान, बंगाणा**

**कुटलैहड़** विधानसभा क्षेत्र के लोअर बसाल में शनिवार को हुए दर्दनाक सड़क हादसे ने पूरे क्षेत्र को शोक में डुबो दिया। हादसे में 35 वर्षीय विजय कुमार पुत्र योगराज की बस से टक्कर लगने पर मौके पर ही मृत्यु हो गई। बस चालक के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया गया है, जबकि परिवार अपने सहारे को खो देने के दर्द से उभर नहीं पा रहा। मंगलवार को कुटलैहड़ के विधायक विवेक शर्मा मृतक के घर पहुंचे और विजय कुमार की वृद्ध मां राम आसरी देवी सहित परिवार को सांत्वना दी।

विधायक ने कहा कि वे हर परिस्थिति में परिवार के साथ खड़े रहेंगे और आवश्यकता पड़ने पर तुरंत सहायता उपलब्ध करवाएंगे। उन्होंने पीड़ित परिवार को 25 हजार रुपये की फौरी राहत भी प्रदान की। विवेक शर्मा ने बताया कि विजय कुमार परिवार का जिम्मेदार बेटा था और उसके असमय निधन से मां गहरे संकट में है। परिवार में एक अन्य भाई भी है, जो साधारण स्थिति में है, इसलिए जिम्मेदारी और बढ़ गई है। स्थानीय लोगों और सामाजिक कार्यकर्ताओं ने भी विधायक के संवेदनशील कदम की सराहना की और परिवार को सहयोग का आश्वासन दिया। क्षेत्रवासियों ने प्रशासन से सड़क सुरक्षा को लेकर ठोस कदम उठाने की मांग की है, क्योंकि लोअर बसाल क्षेत्र में सड़क संकरी है और तेज गति से वाहन चलाने वाले चालक दुर्घटनाओं का कारण बनते हैं। विधायक विवेक शर्मा ने आश्वासन दिया कि वे प्रशासन के साथ मिलकर सड़क सुरक्षा सुधारों पर कार्य करेंगे। युवक की अकाल मृत्यु ने पूरे गांव को शोकाकुल कर दिया है, और लोग उसे एक सरल, मेहनती व मिलनसार व्यक्तित्व के रूप में याद कर रहे हैं।



### कुनेरन स्कूल में वार्षिक पारितोषिक वितरण समारोह आयोजित

# राकेश कालिया ने मेधावियों को नवाजा




कुनेरन स्कूल में वार्षिक पारितोषिक वितरण समारोह के दौरान रंगारंग कार्यक्रम पेश करतीं छात्राएं।

**अनंत ज्ञान, दौलतपुर चौक**

**राजकीय** वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला कुनेरन में मंगलवार को वार्षिक पारितोषिक वितरण समारोह आयोजित किया गया। इसमें गगरेट क्षेत्र के विधायक राकेश कालिया ने बतौर मुख्य अतिथि शिरकत की। प्रधानाचार्य तथा स्टाफ ने मुख्यातिथि को शॉल, पगड़ी तथा स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया। प्रधानाचार्य कुलदीप चंद ने स्कूल की वार्षिक रिपोर्ट पढ़ी। इस मौके पर विद्यार्थियों ने रंगारंग कार्यक्रम पेश किए। मुख्यातिथि ने कहा शिक्षा अपने चारों ओर की चीजों को सीखने की एक प्रक्रिया है। यह हमें किसी भी वस्तु या परिस्थिति को आसानी से समझने, किसी भी तरह की समस्या से निपटने और पूरे जीवनभर विभिन्न आयामों में संतुलन बनाए रखने में मदद करती है। विधायक ने स्कूल के निर्माण के लिए 2 लाख तथा सांस्कृतिक कार्यक्रम पेश करने वाले बच्चों को पांच हजार रुपए देने की घोषणा वहीं, विद्यालय का नाम पढ़ाई, खेल एवं अन्य सांस्कृतिक गतिविधियों में नाम रोशन करने पर अनमोल कौंडल, अवनीत कौर, हनीश चौधरी, अनमोल चौधरी, साक्षी, आदित्य,सिमरन, निखिल, प्रिया, अरुण परमार, विनीत, हेमंत भारद्वाज, सक्षम भारद्वाज, नक्श, शरणदीप, नीतिका, रितिका धीमान को सम्मानित किया गया। इस अवसर पर पंचायत प्रधान, एसएमसी प्रधान राजविंद्र कौर, पूर्व एसएमसी प्रधान नेत्र कलसी आदि मौजूद रहे।

## टाहलीवाल पुलिस ने आंधे घंटे में चोर को दबोचा, 7 हजार की नकदी की बरामद

**अनंत ज्ञान, टाहलीवाल**

**स्थानीय** पुलिस की त्वरित कार्रवाई चर्चा का विषय बन गई है। टाहलीवाल पुलिस ने दो दुकानों में चोरी मामले को आधे घंटे में सुलझा दिया। पुलिस ने चोर को गिरफ्तार कर लगभग 70,000 की नकदी बरामद की है। पुलिस ने दोनों जगहों से चोरी हुई पूरी नकदी बरामद कर ली है। घटना रात करीब 1:30 बजे की है। टाहलीवाल बाजार स्थित ठाकुर फीड स्टोर का शटर खुलने की आवाज सुनकर दुकान मालिक बाहर आए, जहां उन्होंने एक व्यक्ति को काले बैग के साथ दुकान का ताला तोड़ते देखा। शिकायतकर्ता के मुताबिक, जब वह अपने चाचा के साथ वापस दुकान पर पहुंचे तो आरोपी बाहर आया और उन पर पिस्तौल जैसी वस्तु दिखाकर धमकाते हुए बाथड़ी रोड की ओर भाग गया। सूचना मिलते ही 112 हेल्पलाइन के माध्यम से पुलिस तुरंत सक्रिय हुई और क्षेत्र में सघन तलाशी अभियान शुरू किया। पुलिस टीम की त्वरित और सजग कार्रवाई के चलते मात्र आधे घंटे में ही एक संदिग्ध व्यक्ति को दबोच लिया गया। पूछताछ में उसने स्वयं को पंजाब के जिला नवांशहर का निवासी बताया। शिकायतकर्ता ने भी उसे पहचान लिया। दुकान से करीब 2,000 की नकदी आरोपी द्वारा चोरी की हुई पाई गई। तलाशी के दौरान यह भी पता चला कि उसी रात सचदेवा क्लीनिक का शटर भी टूटा हुआ था, जहां से 66,380 की नकदी चोरी हुई थी। सीसीटीवी फुटेज में उसी आरोपी की मौजूदगी स्पष्ट दिखाई दी। आरोपी से दोनों स्थानों की पूरी नकदी बरामद कर ली गई है। जांच में पता चला कि आरोपी द्वारा दिखाई गई पिस्तौल नकली (खिलौना) थी। आरोपी के विरुद्ध थाना टाहलीवाल में अन्य धाराओं के तहत मुकदमा दर्ज किया गया है।थाना प्रभारी रिंकू सूर्यवंशी ने पुष्टि की है।

## डेयरी व्यवसाय ने बदली चुरूड़ू के विजय की किस्मत

**अनंत ज्ञान, ऊना**

**ग्रामीण** अर्थव्यवस्था को मजबूत बनाना और सरकारी योजनाओं का लाभ गरीब तबके तक पहुंचाना किसी भी सरकार की संवेदनशीलता और दूरदर्शिता को दर्शाता है। मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू द्वारा हाल ही में दूध के दामों में की गई बढ़ोतरी ने छोटे पशुपालकों के लिए आय के नए रास्ते खोले हैं। ऊना जिला के कई पशुपालक इस बदलाव का लाभ उठाते हुए अपनी आय में उल्लेखनीय वृद्धि कर रहे हैं। चुरूड़ू गांव के विजय कुमार इसी परिवर्तन का एक सफल उदाहरण हैं, जिन्होंने डेयरी व्यवसाय को अपनाकर गांव में प्रेरणादायक मिसाल कायम की है। अंब तहसील के चुरूड़ू गांव के विजय कुमार पिछले चार वर्षों से डेयरी व्यवसाय से जुड़े हुए हैं। शुरुआत उन्होंने मात्र दो दुधारु पशुओं से की थी, लेकिन समय-समय पर सरकार द्वारा दूध के दाम बढ़ाए जाने से उन्हें अपने डेयरी व्यवसाय को आगे बढ़ाने का भरोसा मिला। आज उनके पास 12 गायें और 8 बछियां हैं और वे पूरी तरह संगठित और आधुनिक ढंग से अपनी डेयरी यूनिट का संचालन कर रहे हैं।



20 पशुओं की डेयरी से कमा रहे प्रतिमाह 60 हजार का शुद्ध मुनाफा।

वर्तमान में विजय कुमार अपने फार्म से प्रतिदिन लगभग 80 लीटर दूध का उत्पादन कर रहे हैं। उन्हें दूध की गुणवत्ता (फैट प्रतिशता) के आधार पर 50 से 52 रुपए प्रति लीटर का मूल्य मिल रहा है। परिवार के सदस्य भी कार्यों में सहयोग देते हैं, साथ ही उन्होंने अपने फार्म पर एक व्यक्ति को रोजगार भी उपलब्ध करवाया है। विजय बताते हैं कि, 'दूध के अच्छे दाम मिलने से ही मैं अपने साथ एक व्यक्ति को रोजगार दे पा रहा हूं।' विजय की डेयरी यूनिट से प्रतिमाह लगभग 1 लाख 10 हजार रुपये की आय होती है। चारा, फीड, दवाइयां, बिजली और श्रम सहित सभी खर्चों को घटाने के बाद वे लगभग 60 हजार रुपये का शुद्ध मुनाफा कमा लेते हैं। गांव की परिस्थितियों में यह आय एक मजबूत और स्थायी आर्थिक आधार का संकेत है। विजय कुमार बताते हैं कि पशुपालन विभाग के अधिकारी समय-समय पर उनके फार्म का निरीक्षण करते हैं और फीड प्रबंधन, दवाइयों, चारे तथा स्वास्थ्य संबंधी पहलुओं पर आवश्यक दिशा-निर्देश देते हैं। इससे दूध की गुणवत्ता और उत्पादन में उल्लेखनीय सुधार हुआ है। विजय कुमार ने मुख्यमंत्री सुखविंद्र सुक्खू का आभार व्यक्त किया और कहा कि सरकार की नीतियां पशुपालकों के लिए एक नई उम्मीद बनकर उभरी हैं। ग

# 34 करोड़ देने के बाद भी एनएच-305 के काम में सुस्ती शर्मनाक : सुरेंद्र शौरी

**अनंत ज्ञान बंजार**

बंजार विधानसभा क्षेत्र के विधायक सुरेंद्र शौरी ने एनएच-305 की बदहाल स्थिति पर गंभीर चिंता व्यक्त करते हुए राज्य सरकार और राष्ट्रीय राजमार्ग (एनएच) अनुभाग पर भारी लापरवाही के आरोप लगाए हैं। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार द्वारा पिछले दो वर्षों में सड़क सुधार, चौड़ीकरण और आपदा के बाद पुनर्स्थापन हेतु पर्याप्त धनराशि जारी की गई, लेकिन राज्य सरकार का एनएच प्रभाग इस महत्वपूर्ण राजमार्ग पर कार्य को अपेक्षित गति से आगे नहीं बढ़ा पाया है।



विधायक शौरी के अनुसार केंद्र ने बंजार–घियागी टारिंग कार्य के लिए 7 करोड़, बंजार–औट सड़क की मरम्मत और चौड़ीकरण हेतु 10 करोड़, केंद्रीय राज्य सड़क परिवहन मंत्री अजय टमटा की अनुशंसा पर आपदा नुकसान के लिए 3 करोड़, पैचवर्क के लिए 4 करोड़ तथा एफडीआर मद में हालिया बरसात से हुए नुकसान की मरम्मत हेतु 10 करोड़ रुपए स्वीकृत किए। इस प्रकार कुल लगभग 34 करोड़ रुपए राजमार्ग को बेहतर बनाने के लिए उपलब्ध करवाए गए। उन्होंने आरोप लगाया कि इसके बावजूद सड़क पर कोई ठोस प्रगति नहीं दिख रही है। बंजार से औट तक एनएच-305 के निर्माण की विभिन्न परियोजनाओं को एकीकृत डीपीआर के रूप में केंद्र को भेजने में राज्य सरकार का एनएच प्रभाग एक वर्ष से अधिक का समय ले चुका है। यह देरी जनता की प्राथमिक आवश्यकताओं और सुरक्षा के बिल्कुल विपरीत है, क्योंकि यह राजमार्ग आपदा-प्रवण क्षेत्र में आता है। विधायक शौरी ने कहा कि डीपीआर समय पर न भेजने और कार्यों को गुमराह करने की सुस्ती से न केवल निर्माण गति ठप पड़ी है, बल्कि करोड़ों रुपए का सार्वजनिक धन भी सही उपयोग से वंचित हो रहा है। उन्होंने सरकार से मांग की कि विभाग की जवाबदेही तय की जाए, कार्य प्रगति की नियमित समीक्षा हो और एनएच-305 पर सभी मरम्मत एवं निर्माण कार्यों को युद्धस्तर पर पूरा किया जाए।

## न्यूज ब्रीफ

### प्राकृतिक खेती से तैयार मक्की की खरीद पहली से

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू।** उप परियोजना निदेशक आत्मा कृषि विभाग जिला कुल्लू प्रदीप ठाकुर ने जानकारी दी कि हिमाचल सरकार ने प्राकृतिक खेती की तकनीक से तैयार मक्की, गेहूँ, जौ और हल्दी का न्यूनतम समर्थन मूल्य तय किया है। जिला कुल्लू में पिछले वर्ष की भांति इस वर्ष भी जिले के किसानों से प्राकृतिक खेती से तैयार मक्की की खरीद की जाएगी। मक्की की खरीद एक दिसम्बर से सिविल सप्लाई स्टोर कुल्लू और धामन में की जाएगी। प्रदेश सरकार द्वारा इस बार मक्की के न्यूनतम समर्थन मूल्य को 30 रुपये से बढ़ाकर 40 रुपये प्रति किलो किया गया है। इस प्रकार की पहल न केवल किसानों की आय बढ़ाएगी, बल्कि प्रदेश में प्राकृतिक खेती को एक नयी दिशा देने में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी। उन्होंने कहा कि इस बार मानसून सीजन मे भारी बारिश से मक्की की फसल को काफी नुकसान हुआ है, ऐसे में इस बार कुल अनुमानित 45.5 क्विंटल मक्की 37 किसार्नो से सिविल सप्लाई निगम के माध्यम से खरीदी जाएगी ।

### डीसी ने किया ईवीएम-वीवीपैट वेयरहाउस का निरीक्षण

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू।** उपायुक्त तोरुल एस रवीश ने मंगलवार को निर्वाचन कार्यालय भवन स्थित ईवीएम (इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन) और वीवीपैट (वोटर वेरीफाएबल पेपर ऑडिट ट्रेल) मशीनों के वेयर हाउस का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उपायुक्त ने मशीनों के रख-रखाव, सुरक्षा व्यवस्था और प्रबंधन से जुड़ी तैयारियों का विस्तृत जायजा लिया। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि वेयरहाउस में सभी सुरक्षा मानकों और दिशानिर्देशों का कड़ाई से पालन सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने कहा कि ईवीएम और वीवीपैट मशीनों की सुरक्षित देखभाल और उचित प्रबंधन, निष्पक्ष व पारदर्शी चुनाव प्रक्रिया की पहली शर्त है। इस अवसर पर तहसीलदार वीना कुमारी भी उपस्थित रहे।

### संगठन मजबूत करने के लिए रणनीति की साझा

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, केलांग।** जिला लाहौल-स्पीति के युवा मोर्चा की परिचय बैठक अध्यक्ष अमीर ठाकुर की अध्यक्षता में संपन्न हुई। इस मौके पर विशेष रूप से प्रदेश सचिव भाजयुमो एवं वन बूथ टेन यूथ के जिला संयोजक रुचिन चौहान व उनके साथ जिला अध्यक्ष रिग्जिन, जिला महामंत्री, संजय कटोच, महिला मोर्चा की अध्यक्ष मीना ठाकुर, एससी मोर्चा के अध्यक्ष प्रेम, एसटी मोर्चा के अध्यक्ष मंगल चंद मनेपा, केलंग मंडल युवा मोर्चा के अध्यक्ष शुभम बोध ने अपने अपने विचार रखे। सभी पदाधिकारियों ने संगठन को मजबूत करने पर बल दिया। युवा मोर्चा के अध्यक्ष अमीर ठाकुर ने बताया कि सभी ने संगठन को मजबूत करने के लिए रणनीति साझा की। उन्होंने कार्यकर्ताओं को एकजुटता का पाठ पढ़ाया और अधिक से अधिक लोगों को संगठन में जोड़ने की बात कही। पूर्व विधायक एवं भाजपा प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य रवि ठाकुर ने कहा कि भाजपा की नीतियों से प्रभावित होकर लोग भाजपा में शामिल हो रहे है। उन्होंने बताया कि भाजपा लाहुल स्पीति जिला में लगातार मजबूत हो रही है।

### अनु देवी संच कुल्लू ग्रामीण प्रथम स्थान पर

**अनंत ज्ञान, मनाली।** संभाग दक्षिण हिमाचल अंचल मनाली के 10 दिवसीय आचर्य प्राथमिक वर्ग का समापन मंगलवार को उमा ठाकुर के द्वारा किया गया। इस वर्ग का शुभारंभ मान विशाल मेहरा द्वारा किया गया था। यह वर्ग 10 दिवसीय रहा इस में मनाली अंचल के कार्यकर्ता ने पूर्ण रूप से व्यवस्था पर प्रशिक्षण के लिए उपस्थित रहे। इस समापन समारोह में मान गोपी चंद विभाग प्रचारक मंडी, रूम सिंह प्रधानाचार्य अनिल महाजन सरस्वती विद्या मंदिर रागड़ी, बदल अंचल अध्यक्ष अंचल बंजार, भाग टोली से, शेर सिंह, बेगमा व मनोहर उपस्थित रहे। इस वर्ग में प्रथम स्थान पर अनु देवी संच कुल्लू ग्रामीण व शिवानी त्रिलोकनाथ से दूसरे स्थान रीना नगर तृतीय स्थान पर आशा जी उदयपुर संच से रही। वर्ग में अंचल मनाली अभियान प्रमुख चंद्रमणि अंचल प्रशिक्षण प्रमुख सुमन लता, गतिविधि प्रमुख नीलम व सभी संचो के संच प्रशिक्षक इस वर्ग में 10 दिन उपस्थित रहे।

### तृतीय श्रेणी कर्मियों को भी मिले लाभ: धीमान

**अनंत ज्ञान भुंतर।** हिमाचल प्रदेश सरकार द्वारा चतुर्थ श्रेणी कर्मचारियों को पुरानी पेंशन योजना (ओपीएस) का लाभ देने के हालिया निर्णय का स्वागत करते हुए जिला कुल्लू के वरिष्ठ इंटक नेता वेद राम धीमान ने तृतीय श्रेणी कर्मचारियों को भी इसी सुविधा में शामिल करने की जोरदार मांग उठाई है। उन्होंने कहा कि सुप्रीम कोर्ट के आदेश के बाद चतुर्थ श्रेणी कर्मियों के लिए पेंशन का रास्ता खुलना सराहनीय कदम है, लेकिन तृतीय श्रेणी कर्मचारियों को इससे बाहर रखना न्यायसंगत नहीं है। उन्होंने बताया कि सरकार के नोटिफिकेशन के अनुसार चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी–चाहे उन्हें 15 मई 2003 से पहले या बाद में नियमित किया गया हो–ओपीएस का लाभ प्राप्त कर सकेंगे, बशर्ते नियमित और दैनिक वेतन अवधि को मिलाकर उनकी सेवा 10 वर्ष पूरी हो। एनपीएस वाले कर्मचारियों के लिए भी ओपीएस विकल्प उपलब्ध रहेगा। धीमान ने कहा कि यह फैसला दैनिक वेतन पर वर्षों तक काम करने वाले हजारों कर्मचारियों को बड़ी राहत देता है। इसलिए सरकार तृतीय श्रेणी कर्मचारियों के हित में भी इसी प्रकार का निर्णय लेकर असमानताओं को दूर करे।

### मल्टी टास्क वर्कर्स 27 को करेंगे विस का घेराव



**अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू।** लोक निर्माण विभाग मल्टी टास्क वर्कर्स 27 को विधानसभा तपोवन धर्मशाला का घेराव करेंगे। जारी बयान में प्रदेश अध्यक्ष शेर सिंह ने बताया कि 27 नवंबर को धर्मशाला विधानसभा तपोवन में 3000 मल्टी टास्क वर्कर्स के साथ अपनी मांगों को लेकर यह घेराव करेंगें और सरकार के पास अपनी मांग रखेंगें। इस दौरान मुख्य मांग यह रहेगी कि प्रदेश के मल्टी टास्क वर्करज को मिनिमम वजेज दिया जाए या सरकारी दिहाड़ी दी जाए। क्योंकि मल्टी टास्क वर्कर 9 से 5 बजे तक ड्यूटी करते है और हमारे लिये स्थाई नीति बनाई जाए। उन्होंने बताया कि जब 2022 में भाजपा सरकार थी तब हमारी भर्ती की गई थी और हमें अब तक पॉलिसी के अंतर्गत नहीं लाया गया है। इसलिए सरकार से आग्रह रहेगा कि हमारे लिये पॉलिसी भी जल्दी से जल्द बनाई जाए।

# भुंतर नपं अध्यक्ष पर पांच पार्षदों की बगावत, बोले-1 साल से विकास ठप

## अध्यक्ष रविंद्रा डोगरा के खिलाफ 5 पार्षदों का अविश्वास प्रस्ताव

**अनंत ज्ञान, भुंतर**

नगर पंचायत भुंतर में एक बार फिर से एक साल पहले बनी प्रधान के खिलाफ पार्षदों ने अविश्वास प्रस्ताव लाया है। नगर पंचायत भुंतर की प्रधान रविंद्रा डोगरा के खिलाफ सात में से 5 पार्षदों ने अविश्वास प्रस्ताव लाया है और पार्षदों का आरोप है कि पिछले एक साल में भुंतर नगर पंचायत में सभी विकास कार्य ठप पड़े हैं।

विरोध में आए 5 पार्षदों में पार्षद कर्ण ठाकुर वार्ड 1 से मीना ठाकुर वार्ड 2, अजय किशोर उप प्रधान नगर पंचायत भुंतर वार्ड 4, पवन कुमार पार्षद वार्ड नंबर 5 व उर्मिला देवी वार्ड नंबर 6 ने प्रधान के खिलाफ अविश्वास पत्र लाया है। बता दें हिमाचल प्रदेश नगरपालिका अधिनियम 1994 की धारा 25 और हिमाचल प्रदेश नगर पालिका चुनाव नियम 2015 के नियम 92 के अनुसार नगर पंचायत भुंतर के सभी निर्वाचित सदस्य मंगलवार को उपायुक्त कुल्लू से मिले और पत्र के माध्यम से प्रधान के खिलाफ अविश्वास पत्र लाकर डीसी को वर्तमान स्थिति के बारे में अवगत करवाया। यह सभी सदस्य नगर पंचायत की प्रधान रविंद्रा डोगरा के कामकाज से असंतुष्ट हैं। एक वर्ष में ही रविंद्रा डोगरा के कामकाज से पार्षद असंतुष्ट हो गए हैं। उपरोक्त पार्षदों का कहना है कि 1 साल से भुंतर में सारे विकास कार्य ठप पड़े हैं। सनद रहे कि इससे पूर्व मीना ठाकुर नगर पंचायत भुंतर की प्रधान थी, लेकिन गत वर्ष 27 अगस्त को चार पार्षदों ने उनके खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव पारित किया था जिसके बाद 23 सितंबर को रविंद्रा डोगरा नगर पंचायत भुंतर की नई अध्यक्ष बनी थी। लेकिन अब एक साल के अंतराल में रविंद्रा डोगरा के कार्य से असंतुष्ट होकर 7 में से 5 पार्षदों ने अविश्वास प्रस्ताव लाया है।



डीसी को भुंतर नगर पंचायत की प्रधान के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव सौंपते हुए।

**डीसी को सौंपा अविश्वास पत्र, भुंतर नगर पंचायत में अध्यक्ष बदलने की मांग तेज**

# सरकार डिजास्टर एक्ट की आड़ में कर रही पंचायत चुनावों को टालने की तैयारी

**अनंत ज्ञान, मनाली**

**जनता महंगाई व बेरोजगारी में त्रस्त और सुक्खू जश्न की तैयारी में मस्त: गोविंद**

प्रदेश की जनता महंगाई और बेरोजगारी से त्रस्त है, लेकिन हिमाचल की सुक्खू सरकार अपने तीन साल पूरे होने की खुशी में जश्न मनाने की तैयारी कर रही है। ये बात मंगलवार को पूर्व मंत्री गोविंद सिंह ठाकुर ने पत्रकारों से बातचीत करते हुए कही। उन्होंने कहा कि सरकार डिजास्टर एक्ट के आड़ में पंचायतों के चुनावों को टालने की तैयारी कर रही है। ये कैसा डिजास्टर एक्ट है जो पंचायत चुनावों में लगता है, लेकिन जश्न मनाने में नहीं लगता है। उन्होंने कहा कि हिमाचल की सुक्खू सरकार ने हर मोर्चे पर प्रदेश वासियों को गुमराह करने का प्रयास किया है। तीन साल पहले जो सरकार ने लोगों से वादा किया था एक भी पूरा नहीं किया है। उन्होंने कहा कि हिमाचल की मातृ शक्ति आज उन नेताओं को ढूंढ रही है जिन्होंने 1500 रुपय हर महीने देने का वायदा किया था। जिस तरह महिलाओं ने बिहार में कांग्रेस की दुर्गति की है ठीक वैसे ही आने वाले पंचायत चुनावों में और विधान सभा चुनाव में हिमाचल कांग्रेस का होने वाला है। उन्होंने हैरानी जताते हुए कहा कि आज युवा बेरोजगारी से जूझ रहे हैं और वहीं कर्मचारी अपने हकों के लिए सड़कों पर हैं ऐसे में जश्न मनाना सरकार की संवेदनहीनता को दर्शाती है। उन्होंने कहा कि मनाली में तमाम विकास कार्य ठप पड़े हैं। कुल्लू-मनाली वामतट मार्ग की हालत बद से बदतर है। अलेउ के नजदीक जहां अगस्त के महीने में बारिश और बाढ़ से जो सड़क बह गई थी वहां पर आज तक ब्लैक टॉप नहीं किया गया है। उबड़-खाबड़ सड़क होने के कारण वाहन चालकों को खास कर टू व्हीलर वालों को कठिनाई का सामना करना पड़ रहा है। उन्होंने कहा कि मनाली थाने में उपयुक्त पुलिस बल नहीं है जिस कारण यातायात व्यवस्था बनाए रखने में उन्हें भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। पर्यटन सीजन सिर पर है अगर यही हाल रहा तो पर्यटकों के साथ-साथ स्थानीय लोगों को भी भारी परेशानी का सामना करना पड़ेगा।

# रोहतांग को छोड़ कोकसर, सिस्सु, अटल टनल और अंजनी महादेव में उमड़ी पर्यटकों की भीड़



कोकसर, सिस्सु, अटल टनल, सोलंग नाला व अंजनी महादेव में पर्यटकों की भीड़ उमड़ी रही है।

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू/केलांग**

लाहौल–स्पीति सहित मनाली के रोहतांग को छोड़ अन्य सभी निकटवर्ती पर्यटन स्थलों में भी दिन भर रौनक छाई रही। मंगलवार को रोहतांग दर्रा बंद होने के चलते कोकसर, सिस्सु, अटल टनल, सोलंग नाला व अंजनी महादेव में पर्यटकों की भारी भीड़ उमड़ी।

मंगलवार को मनाली के हामटा में भी पर्यटक भारी संख्या में पहुंचे। सुबह के समय पर्यटकों के अटल टनल होते हुए कोकसर व सिस्सु का रुख किया जबकि दोपहर के समय सोलंगनाला में दस्तक दी। सोलंग नाला में आज पैराग्लाइडिंग करने वाले पर्यटकों की संख्या अधिक रही। पर्यटक घुड़सवारी करते हुए आज अजनी महादेव भी पहुंचे। मनाली सहित लाहुल के पर्यटन स्थलों में दिन भर धूप छाई रही। पर्यटकों ने खिली धूप के बीच साहसिक खेलों का आनंद लिया।

दूसरी ओर हिमपात न होने से पर्यटन नगरी में पर्यटन कारोबार रफ्तार नहीं पकड़ पा रहा है। ट्रैवल एजेंट हीरा लाल, बुद्धि प्रकाश, सुरेश व प्रीतम ने बताया कि बाहरी राज्यों के बहुत से पर्यटक उनके संपर्क में हैं। उन्होंने बताया कि हिमपात होने की सूरत में पर्यटन कारोबार एक दम से रफ्तार पकड़ेगा। दिसंबर महीने में पर्यटन कारोबार बेहतर चलने की उम्मीद है। होटल एसोसिएशन के निवर्तमान उपाध्यक्ष रोशन ठाकुर ने बताया कि मनाली के अधिकतर होटलों में पर्यटकों को 25 से 30 प्रतिशत की छूट दी जा रही है। उन्होंने बताया कि पर्यटन कारोबार विंटर सीजन को लेकर तैयार है। ठाकुर ने कहा कि पर्यटन की दृष्टि से दिसंबर महीना बेहतर रहेगा।

# अब नूरपुर में भी मिलेंगे भुट्टिको के उत्पाद

## बौड़ नूरपुर में ग्राहकों की सुविधा के लिए खुला सोसायटी का 31वां शोरूम

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू**

विश्वभर में हथकरघा व कुल्लू शॉल के नाम से प्रसिद्ध कुल्लू की भुट्टिको सोसायटी ने अपना एक और शोरूम खोला है। बुनकर क्षेत्र की अग्रणी सहकारी सभा भुट्टि-वीवर्ज को-आप्रेटिव सोसायटी ( भुट्टिको) का सोसायटी का यह 31वां शोरूम बौड़ नुरपुर में एक बार फिर से अपने ग्राहकों की सुविधा के लिए खोला है। जिसका विधिवत पूजन एवं शुभारंभ भुट्टिको के उपाध्यक्ष रोहित ठाकुर ने किया।

भुट्टिको के अध्यक्ष एवं पूर्व बागवानी मंत्री ठाकुर सत्य प्रकाश ने बताया कि इस स्थान पर पहले से ही भुट्टिको का अपना अच्छा व्यवसाय था अपनी भूमि व शोरूम था जो फोरलेन की ज़द में आकर बंद हो गया था। अब भुट्टिको ने इस क्षेत्र में स्थित अपने ग्राहकों को सुविधा प्रदान करने के उद्देश्य से पुन:अपना शोरूम खोल दिया है जिसका मंगलवार से विधिवत शुरुआत हुई है। उन्होंने कहा कि भुट्टिको जहां गुणवता से लवरेज पारम्परिक शैली के परिधानों को सुदृढ़ कर रही है। वहीं नवीनतम शैली के डिजाईनों को भी फैशनाकूल बनाने में कामयाब हुई है यही वजह है कि भुट्टिको के पास वर्तमान में अपने ग्राहकों की एक लंबी श्रृंखला है।

उन्होंने आशा व्यक्त करते हुए कहा कि इस क्षेत्र के लोगों का सहयोग और आर्शीवाद हमारे उत्पादों के प्रति पूर्व की भांति मजबूती के साथ भुट्टिको को अवश्य प्राप्त होगा। भुट्टिको के हिमाचल के बड़े शहरों के अलावा दिल्ली व मसूरी में एक एक शोरूम सहित अब कुल 31 शोरूम हैं। इसके अलावा यूएसए, जापान सहित अन्य विभिन्न देशों में सोसायटी के उत्पाद निर्यात हो रहे हैं।



### देसी खड्डी पर विदेशी ऊन संग कारीगरी करके बनी ब्रांड

**सर्दियों** में तन ढांपने के लिए भेड़-बकरियों व अंगोरा की ऊन के धागों को पिरोकर गर्म वस्त्र तैयार करना पुरातन हस्तकला का ही नमूना रहा है। लेकिन भुट्टी वीवर्स इसी कला को देसी खड्डी पर विदेशी ऊन के साथ कारीगरी करके इसे ब्रांड बनाया है। परिणामस्वरूप आज यह सोसायटी अपने विभिन्न उत्पादों का निर्यात देश ही नहीं बल्कि विदेशों में भी करती है।

# कलवारी में राजीव गांधी डे बोर्डिंग स्कूल के निर्माण को मिली गति



एसडीएम बंजार डे बोर्डिंग स्कूल कलवारी के लिए चयनित भूमि का निरीक्षण करते हुए।

**अनंत ज्ञान, बंजार**

उपमंडलाधिकारी बंजार (नागरिक) पंकज शर्मा ने मंगलवार को राजीव गांधी डे बोर्डिंग स्कूल, कलवारी के लिए चयनित भूमि का संयुक्त निरीक्षण किया।

निरीक्षण के दौरान शिक्षा उपनिदेशक कुल्लू, हिमाचल प्रदेश लोक निर्माण विभाग, राजस्व विभाग सहित अन्य संबंधित विभागों के अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे। निरीक्षण के दौरान उपमंडलाधिकारी ने वन संरक्षण अधिनियम के प्रावधानों के अंतर्गत चयनित भूमि को विद्यालय के नाम हस्तांतरित करने संबंधी आवश्यक दिशा-निर्देश संबंधित अधिकारियों को प्रदान किए। उन्होंने विभागीय अधिकारियों को भूमि हस्तांतरण की प्रक्रिया में तेजी लाने के निर्देश भी दिए। उन्होंने कहा कि राजीव गांधी डे बोर्डिंग स्कूल के स्थापित होने से बंजार क्षेत्र की भौगोलिक परिस्थितियों को ध्यान में रखते हुए विद्यार्थियों को अत्यधिक लाभ मिलेगा। उन्होंने बताया कि यह विद्यालय शिक्षा के क्षेत्र में एक नई क्रांति लाएगा और क्षेत्र के बच्चों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा उपलब्ध करवाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा।

# युवाओं को होटल मैनेजमेंट का फ्री प्रशिक्षण करवाएगा विश्व जागृति मिशन कुल्लू मंडल

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू।** कुल्लू-मनाली के युवाओं के लिए होटल उद्योग में नि:शुल्क प्रशिक्षण एवं रोजगार का सुनहरा अवसर प्रदान किया जा रहा है। आनंदधाम ट्रस्ट, नई दिल्ली (अंतर्गत विश्व जागृति मिशन, नई दिल्ली द्वारा संचालित) अपने सामाजिक दायित्वों के निर्वाह हेतु एक विशेष सीएसआर प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन कर रहा है, जिसका उद्देश्य हिमाचल प्रदेश के जरूरतमंद युवाओं को होटल उद्योग में पेशेवर प्रशिक्षण देकर रोजगार के अवसर प्रदान करवाना है।

विश्व जागृति मिशन, कुल्लू मंडल के प्रधान पवन गुप्ता ने जानकारी देते हुए बताया कि यह छह माह का प्रशिक्षण कार्यक्रम होगा जिसमें 2 माह क्लास रूम और 4 माह ऑन द जॉब ट्रेनिंग दी जाएगी। विशेष रूप से उन युवाओं के लिए है जो 12वीं पास हैं और जिनकी आयु 18 से 24 वर्ष के बीच है। प्रशिक्षण स्थल आनंद वर्धन रिज़ॉर्ट्स, घुड़दौड़, नगर के पास, कुल्लू-मनाली रोड़ पर स्थित है। कार्यक्रम की प्रमुख विशेषताओं में प्रशिक्षण पूर्णत: नि:शुल्क रहेगा। स्टाइपेंड, आवास एवं भोजन की निशुल्क सुविधा उपलब्ध रहेगी। प्रशिक्षण के बाद इंटर्नशिप की व्यवस्थाभी होगी। प्रशिक्षण क्षेत्र: रिसेप्शन, हाउसकीपिंग, किचन हेल्पर, वेटर, अन्य होटल सेवाएं होगी। प्रशिक्षण का प्रारंभ जनवरी से होगा जबकि जून 2026 होगा। आनंद वर्धन रिज़ॉर्ट्स, जिला कुल्लू, हिमाचल प्रदेश में यह पूरा प्रशिक्षण होगा। चयनित ट्रेनीज को केवल 20,000 का रिफंडेबल डिपॉजिट देना होगा जो सफलता पूर्वक ट्रेनिंग करने पर वापस कर दिया जाएगा।

# अनुशासन और राष्ट्रसेवा का संदेश लेकर जीडीसी बंजार पहुंची एयर विंग एनसीसी टीम



एयर विंग एनसीसी साइक्लिंग टीम का जीडीसी बंजार में धूमधाम से स्वागत किया गया।

**अनंत ज्ञान बंजार**

1 एचपी एयर स्क्वाड्रन एनसीसी, कुल्लू द्वारा आयोजित उच्च प्रभाव वायु वाहिनी एनसीसी साइक्लिंग अभियान के तीसरे दिन साइक्लिंग टीम ने मंगलवार को राजकीय महाविद्यालय बंजार का दौरा किया। 23 से 30 नवम्बर तक चल रहे इस अभियान का उद्देश्य युवाओं में अनुशासन, फिटनेस, पर्यावरण संरक्षण और राष्ट्रीय चेतना को जागृत करना है। साइकिलिस्ट टीम दोपहर लगभग 12 बजे महाविद्यालय पहुंची, जहां कैडेट्स एवं अधिकारियों का गुलदस्तों से स्वागत किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत दीप प्रज्वलन और सरस्वती वंदना के साथ हुई। कार्यक्रम के दौरान अंडर ऑफिसर खुशबू ने मुख्य अतिथि का परिचय प्रस्तुत किया, जबकि सीनियर अंडर ऑफिसर मनोज ठाकुर ने स्वागत भाषण दिया। मुख्य अतिथि विंग कमांडर कुनाल शर्मा ने छात्रों को विभिन्न करियर अवसरों, सशस्त्र बलों में उपलब्ध संभावनाओं, तथा एनसीसी के माध्यम से व्यक्तित्व निर्माण पर विस्तृत और प्रेरक जानकारी दी। उन्होंने छात्रों से संवाद करते हुए उनके लक्ष्यों के बारे में जाना और उनकी शंकाओं का समाधान किया। उप-प्राचार्य डॉ. रेणुका थपलियाल ने मुख्य अतिथि का आभार व्यक्त किया। इसके बाद कैडेट सोहनी ठाकुर ने औपचारिक धन्यवाद प्रस्ताव प्रस्तुत किया। कार्यक्रम का समापन राष्ट्रीय गान के साथ हुआ।

अभियान का यह पड़ाव छात्रों और कैडेट्स के लिए अत्यंत प्रेरणादायक और ज्ञानवर्धक साबित हुआ। इस दौरे से युवाओं में टीमवर्क, अनुशासन, दृढ़ता और राष्ट्रसेवा की भावना को मजबूती मिली।

**कशमकश** सर्द मौसम में भी गरमाई कुल्लू जिले की सियासत, पुरुषों के अलावा कई महिलाओं के नाम पर हो सकती है चर्चा

# कुल्लू जिला कांग्रेस अध्यक्ष पद के लिए बिछ गई बिसात

**कमलेश वर्मा, अनंत ज्ञान ब्यूरो**

**कुल्लू।** लंबे समय से प्रदेश में कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष की तैनाती को लेकर चल रही कशमोकश जहां अब विनय कुमार के प्रदेशाध्यक्ष की नियुक्ति के साथ ही खत्म हो गई है। वहीं, अब प्रदेश के सभी जिलों में जिला अध्यक्षों की नियुक्ति के लिए पार्टी सक्रिय हो गई है। अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी ने संगठन सृजन कार्यक्रम के तहत हिमाचल में जिलाध्यक्षों की नियुक्ति प्रक्रिया शुरू कर दी है।

पार्टी हाईकमान ने इसके लिए हर जिले में पर्यवेक्षकों की नियुक्ति की है। साथ ही तीन-तीन पर्यवेक्षक हिमाचल से नियुक्त किए गए हैं। इन पर्यवेक्षकों को जिले भी आवंटित कर दिए गए हैं। अब हर जिला में चार-चार पर्यवेक्षक बैठकें कर जिलाध्यक्षों का चयन करेंगे। इसी कड़ी में जिला कुल्लू में भी अब कुल्लू में कांग्रेस जिला अध्यक्ष के पद के लिए बिसात बिछ गई है और सर्द मौसम में राजनीति की सियासत भी गर्मा गई है। संगठन सृजन अभियान के प्रभारी एवं राजस्थान के सांसद कुलदीप इंदौरा भी कुल्लू पहुंच गए हैं और अब जिला अध्यक्ष के पद के सही उम्मीदवार के चयन की प्रक्रिया भी शुरू हो गई है।। लिहाजा, कुल्लू जिला में कांग्रेस अध्यक्ष पद के लिए चयन प्रक्रिया शुरू हो गई है और पुरुष ही नहीं बल्कि कांग्रेस की कई महिलाएं भी इस पद की हकदार हो सकती हैं। अब देखना यह है कि कौन कौन अपनी दावेदारी जताते हैं और किस गुट का पलड़ा भारी होता है और किसे जिलाध्यक्ष की कमान मिलती है।

अब जिला अध्यक्ष पद की चाह रखने वाले दावेदारों ने जहां अपने अपने पत्ते बिछाने शुरू कर दिये हैं। वहीं, राजनीतिक गलियारों में कई नामों पर चर्चा भी शुरू हो गई है। सनद रहे कि जिला में कांग्रेस दो गुटों में बंटी है। ऐसे में जिलाध्यक्ष का चयन करना काफी ज्यादा चुनौतीपूर्ण रहेगा।

### कौन-कौन जिन्हें दिया जा सकता है पद

**हालांकि** जिला से दावेदारी कौन-कौन जताता है, अभी यह कुछ कहा नहीं जा सकता, लेकिन जिलाभर से काफी महिला व पुरुष पदाधिकारी ऐसे हैं जिनके नाम पर चर्चा हो सकती है। जिनमें पूर्व जिला अध्यक्ष सेसराम आज़ाद, पूर्व जिला परिषद अध्यक्ष एवं वरिष्ठ नेता हरि चंद शर्मा, कुल्लू मंडल के पूर्व अध्यक्ष उत्तम शर्मा, वरिष्ठ नेता चुनेश्वर ठाकुर, वरिष्ठ कांग्रेस नेता टहल सिंह राणा के अलावा यदि संगठन युवा नेता को अध्यक्ष पद बनाने बारे सोचती है तो युवा कांग्रेस कुल्लू के पूर्व अध्यक्ष एवं वर्तमान जिला परिषद उपाध्यक्ष वीर सिंह ठाकुर के अलावा महिला पदाधिकारियों में पूर्व मंत्री सत्य प्रकाश ठाकुर की धर्मपत्नी एवं वरिष्ठ कांग्रेस नेत्री व पूर्व महिला कांग्रेस की प्रदेश उपाध्यक्ष और पूर्व व वर्तमान में कई विभिन्न पदों पर आसीन प्रेमलता ठाकुर के अलावा वरिष्ठ कांग्रेस नेत्री एवं प्रदेश प्रवक्ता इंदु पटियाल, जिला परिषद सदस्य आशा ठाकुर, जिला परिषद सदस्य अरुणा ठाकुर, बंजार महिला कांग्रेस की अध्यक्ष पिंगला भंडारी, आनी से बीडीसी चेयरमैन विजय कवंर भी जिला अध्यक्ष पद की दावेदार हैं। हालांकि इनके अलावा और भी कई नेता-नेत्रियां हो सकते लेकिन अभी तक फिलहाल पूर्व जिला परिषद अध्यक्ष एवं वरिष्ठ नेता हरि चंद शर्मा, पूर्व कांग्रेस अध्यक्ष सेसराम आज़ाद व वरिष्ठ कांग्रेस नेता चुनेश्वर ठाकुर ने ही अभी तक नामांकन भरा है।

अनंत ज्ञान एक्सक्लूसिव

### जिला में शुरू हुआ अभियान

**राजस्थान** लोकसभा के सदस्य व जिला संगठन सृजन अभियान कुल्लू जिला के प्रभारी कुलदीप इंदौरा को चयन का जिम्मा सौंपा गया है। कुल्लू से संगठन सृजन अभियान की शुरुआत हो गई है और अब प्रभारी अन्य पदाधिकारियों के साथ जिला के चारों विधानसभा क्षेत्रों का दौरा कर जिलाध्यक्ष पद के लिए सही उम्मीदवार को लेकर कार्यकर्ताओं व लोगों से सुझाव लेने में जुट गए हैं। प्रभारी जिला से सात सदस्यों के पैनल की सूची हाईकमान को सौंपेंगे। जिसके बाद हाईकमान मुख्यमंत्री व प्रदेश अध्यक्ष से सलाह मशवरा करने के बाद जिला से अध्यक्ष की नियुक्ति करेंगे।

### किस गुट को मिलेगी तवज्जो

**वहीं,** अगर देखा जाए तो प्रदेश में सीएम गुट से अध्यक्ष की नियुक्ति हुई है ऐसे में जिला से भी इसी गुट के पदाधिकारी को तवज्जो दी जाने की भी राजनीतिक गलियारों में चर्चा है। ऐसे में अब देखना यह है कि किस गुट से अध्यक्ष बनता है।

**जिला में दो गुटों में बंटी कांग्रेस, अध्यक्ष का चयन चुनौती व अपने- अपने कुनबे को तवज्जो देने की जोड़-तोड़ शुरू**

**संगठन** सृजन अभियान के तहत कुल्लू जिला में जिला अध्यक्ष पद के लिए ऐसे उम्मीदवार का चयन किया जाएगा जो पार्टी के प्रति निष्ठावान, जनता की आवाज को प्रमुखता से उठाने वाला और जनता के बीच चर्चित चेहरा होगा। इसको लेकर जिला के सभी मंडलों में जाकर कार्यकर्ताओं व आम जनता की राय ली जाएगी। जिला से सात दावेदारों के पैनल की सूची हाईकमान को भेजी जाएगी जिसके बाद हाईकमान ही निर्णय लेगा।

**- कुलदीप इंदौरा, राजस्थान लोकसभा सदस्य व प्रभारी कुल्लू जिला संगठन सृजन अभियान।**

# सोलन में 33 केवी लाइन टूटने से शहर में 12 घंटे ब्लैकआउट

## कथेड़ सब स्टेशन की मुख्य लाइन धंसी, बिजली आपूर्ति दोपहर 2 बजे बहाल

आर मोहन चौहान, सोलन

सोलन में 33 केवी स्टेशन की मुख्य लाइन का शिव मंदिर कथेड़ के पास मुख्य लाइन का कंडक्टर टूटने से पूरे शहर में ब्लैक आउट हो गया। सोमवार देर रात को मुख्य लाइन का पोल धंस जाने से इसके कंडक्टर भी टूट गए। इससे शहर भर में अंधेरा छा गया।

हैरानी की बात है कि बिजली बोर्ड 12 घंटे के बाद भी विद्युत आपूर्ति सुचारु नहीं कर पाया। इससे जहां स्वास्थ्य सेवाएं प्रभावित हुई वहीं मोबाइल ठप पड़ने संचार सुविधा भी ठप पड़ गई। इससे सरकारी कार्यालयों के कामकाज प्रभावित होने के साथ व्यावसायिक गतिविधियां पर भी खासा असर देखा गया। आखिरकार दोपहर 2 बजे बिजली की आपूर्ति बहाल हो पाई।

सोलन में शहरीकरण से बिजली की खपत बढ़ रही है। सर्दियों के मौसम में कथेड़ स्थित 132/33 सबस्टेशन लोड बढ़ने से पावर कट की नौबत आ जाती है। इससे शहरवासियों सहित आसपास के उपनगरों के लोगों को खासी दिक्कते झेलनी पड़ती है। सोलन के विद्युत सब स्टेशन में 50 एमवीए बिजली के लोड की क्षमता है, लेकिन इन दिनों सब स्टेशनों पर 54 एमवीए का लोड पड़ रहा है। यही कारण है कि विद्युत बोर्ड को शहर में बिजली के कट लगाने पड़ रहे हैं।

विद्युत सब स्टेशन में अतिरिक्त रोड पड़ने से मशीनरी की मरम्मत पर लाखों रुपए खर्च करने पड़ रहे हैं। सब स्टेशन बनने से शहर सहित उपनगरों व ग्रामीण क्षेत्रों में आने वाले दिनों में बिजली की आपूर्ति सुचारु होगी। शहर के विद्युत सब स्टेशनों से सोलन के 11 फीडर में बिजली की आपूर्ति होती है। इसके अलावा सोलन के साथ लगते कंडाघाट के 6 फीडर, गढ़खल 4 फीडर और ओच्छघाट के 4 फीडर में बिजली की आपूर्ति की जा रही है।

यह मांग कथेड़ स्थित 132/33 केवी विद्युत सबस्टेशन अलावा कंडाघाट, गढ़खल, ओच्छघाट और सराहां के सबस्टेशनों से पूरी हो रही है। बिजली की मांग को पूरा करने के लिए सोलन के कथेड़ स्थित सब स्टेशन को अन्य सब स्टेशन की पावर लाइन से इंटर कनेक्ट किया जाना है। ऐसे में जरूरत पड़ने पर पावर सप्लाई को डाइवर्ट किया जा सकेगा। इससे आपात स्थिति से निपटना आसान होगा। योजना के तहत सोलन स्थित कथेड़ सब स्टेशन को कुनिहार व सुबाथू के रडियाना सबस्टेशन को सोलन के सब स्टेशन से जोड़ने के लिए 33 केवी की डबल लाइन बिछाई जाएगी। इससे सोलन में बिजली संबंधित मरम्मत की स्थिति में आवश्यक क्षेत्रों में बिजली के कट लगाने की जरूरत नहीं रहेगी। साथ ही पावर लोड को भी इसी तरह गौड़ा सबस्टेशन और ओच्छघाट सबस्टेशन में इंटर कनेक्ट लाइन बिछाई जाएगी।



सोलन में बिजली की मुख्य लाइन का कंडक्टर टूटने से आपूर्ति ठप हुई है। लाइन को ठीक करने में काफी समय लग गया। इसके बाद बिजली की आपूर्ति बहाल की गई।
-राहुल वर्मा, एक्सइन, बिजली बोर्ड सोलन।

## अस्पताल में न तो सीटी स्कैन हो पाए न ही एक्सरे, मरीज परेशान

हॉस्पिटल में बिजली की आपूर्ति बाधित होने से आपात स्थिति से निपटने की पोल भी खुल गई। इससे क्रस्ना डायग्नोस्टिक लैब की कार्य प्रणाली पर भी मरीजों ने सवाल खड़े किए हैं। मरीजों कहना है की क्रस्ना डायग्नोस्टिक लैब को हॉस्पिटल ने सिर्फ जगह उपलब्ध कराई है। यहां बिजली की पूरी व्यवस्था करने की जिम्मेदारी कंपनी की है, लेकिन यहां सिर्फ बिजली पर ही निर्भर रहना बहुत ही गलत है। मरीजों ने क्रस्ना डायग्नोस्टिक लैब से मांग की है कि वह जल्द से जल्द यहां अपने लिए एक जनरेटर की व्यवस्था कर ले, ताकि इमरजेंसी केस में सीटी स्कैन हो सके। स्वास्थ्य मंत्री डॉक्टर कर्नल धनीराम शांडिल का अपना विधानसभा क्षेत्र भी है। बावजूद यहां आज तक लाइट जाने की स्थिति में न तो अल्ट्रासाउंड हो पाते हैं और न ही सीटी स्कैन और अन्य टेस्ट। लिहाजा इसका मरीजों में खासा रोष है। मरीज का कहना है कि जब जनरेटर से ओपीडी चलाई जा सकती है तो आखिर टेस्ट क्यों नहीं हो पाए। डॉ. राकेश पंवर, एमएस, सोलन हॉस्पिटल का कहना है किअचानक से शहर में बिजली चली गई। हॉस्पिटल में तीन जनरेटर हैं, लेकिन उससे सिर्फ ओपीडी में ही काम चलता है। लिहाजा हॉस्पिटल में न तो आज एक्सरे हो पाए। ओर न ही सीटी स्कैन। लैब में टेस्ट न होने से मरीजों को भी परेशानी का सामना करना पड़ा।



## न्यूज ब्रीफ

### 11.22 ग्राम स्मैक समेत युवक गिरफ्तार

अनंत ज्ञान, पांवटा साहिब। नशा तस्करों की धर पकड़ के लिए सिरमौर पुलिस की विशेष जांच प्रकोष्ठ, उपमंडल पांवटा साहिब की छापेमारी जारी है। 24 नवंबर को जांच प्रकोष्ठ ने आदेश खान पुत्र इसरार, गांव कुन्जा, डाकघर धालीपुर, तहसील विकासनगर, जिला देहरादून, यूके, उम्र 19 वर्ष, भूपपुर, नए यमुना पुल के पास से 11.22 ग्राम स्मैक/हेरोइन बरामद की। इसके खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कर आरोपी को गिरफ्तार किया गया। जांच जारी है।

### सिक्योरिटी गार्ड और सुपरवाइजर के साक्षात्कार 3 को

अनंत ज्ञान, हमीरपुर। एसआईएस इंडिया लिमिटेड आरटीए हमीरपुर द्वारा सिक्योरिटी गार्ड और सुपरवाइजर के 70 पदों पर भर्ती के लिए 3 दिसंबर को सुबह 11 बजे जिला रोजगार कार्यालय हमीरपुर में साक्षात्कार लिए जाएंगे। जिला रोजगार अधिकारी सुरेंद्र शर्मा ने बताया कि इन पदों के लिए 19 वर्ष से 40 वर्ष तक के पुरुष उम्मीदवार भर्ती किए जाएंगे। दसवीं फेल या दसवीं पास अथवा इससे अधिक शैक्षणिक योग्यता वाले उम्मीदवार, जिनकी लंबाई कम से कम 168 सेंटीमीटर और वजन 52 से 95 किलोग्राम के बीच हो, इन पदों के लिए पात्र हैं। चयनित उम्मीदवारों को मौके पर ही ऑफर लैटर प्रदान किए जाएंगे तथा उन्हें 17,500 रुपए से लेकर 23 हजार रुपये तक मासिक वेतन एवं अन्य सुविधाएं दी जाएंगी। जिला रोजगार अधिकारी ने बताया कि अगर कोई युवा उपरोक्त योग्यता रखता है और उसका नाम किसी भी रोजगार कार्यालय में पंजीकृत है तो वह अपने मूल प्रमाण पत्रों तथा हिमाचली प्रमाण पत्र के साथ साक्षात्कार में भाग ले सकता है।

### सोलन में 90 पदों के लिए कैंपस इंटरव्यू आज

अनंत ज्ञान, सोलन। मैसर्ज जुपिटर सोलन टेक प्रा. लि., बद्दी ट्रेनी आईटीआई फीमेल कैंडिडेट के 90 पदों पर भर्ती के लिए 26 नवंबर को कैंपस इंटरव्यू जिला रोजगार कार्यालय सोलन में आयोजित किया जाएगा। यह जानकारी जिला रोजगार अधिकारी सोलन जगदीश कुमार ने दी। जगदीश कुमार ने कहा कि उक्त पदों के लिए शैक्षणिक योग्यता आईटीआई एनी ट्रेड (ब्यूटिशन व टेलरिंग के अतिरिक्त) व आयु 19 से 25 वर्ष के मध्य होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि इन पदों की विस्तृत जानकारी आवेदक विभागीय पोर्टल ईईएमआईएस में प्राप्त कर सकते हैं। सभी योग्य एवं इच्छुक आवेदक विभागीय पोर्टल ईईएमआईएस पर कैंडिडेट लाइन टैब के माध्यम से पंजीकृत करने के उपरांत अपनी रेजिस्ट्रेशन प्रोफाइल पर अधिसूचित रिक्तियों के लिए अपनी शैक्षणिक योग्यता के आधार पर आवेदन कर सकते हैं। उन्होंने कहा कि आवेदन करने से पूर्व आवेदक का नाम रोजगार कार्यालय में पंजीकृत होना अनिवार्य है। जगदीश कुमार ने कहा कि इच्छुक उम्मीदवार अपनी योग्यता संबंधी सभी प्रमाण पत्रों व दस्तावेजों सहित जिला रोजगार कार्यालय सोलन में 26 नवंबर, को प्रातः 10.00 बजे पहुंचकर कैंपस इंटरव्यू में भाग ले सकते हैं।

### विक्की ने जीता सोलनाइट अमेच्योर स्नूकर टूर्नामेंट

अनंत ज्ञान, सोलन। सोलनाइट स्नूकर अकादमी में आयोजित अमेच्योर स्नूकर टूर्नामेंट का खिताबी मुकाबला रोमांचक रहा। फाइनल में विक्की ने धर्मेंद्र डडवाल को हराकर ट्रॉफी और 10,000 रुपये कैश प्राइज अपने नाम किया, जबकि धर्मेंद्र को 4,000 रुपए सम्मानस्वरूप दिए गए। फाइनल बेस्ट ऑफ-7 फ्रेम के फॉर्मेट में खेला गया और दोनों खिलाड़ियों ने शानदार खेल दिखाया। पुरस्कार वितरण समारोह में जिला सोलन पत्रकार संघ के प्रधान पुनीत वर्मा और सोलन डिस्ट्रिक्ट के ओनर अभिजीत घोष मुख्यातिथि थे। संघ के महासचिव अश्वनी शर्मा और हिमाचल दस्तक के मार्केटिंग मैनेजर वेद आर्य भी उपस्थित रहे। मुख्यातिथियों ने कहा कि स्नूकर एक फोकस और कंसंट्रेशन का खेल है और सोलन में प्रतिभा की कमी नहीं है, बस सही मंच की आवश्यकता है। उन्होंने जिला बिलियर्ड एवं स्नूकर एसोसिएशन को फिर से सक्रिय करने पर जोर दिया। टूर्नामेंट में कुल 50 खिलाड़ियों ने हिस्सा लिया। पहली बार जिला सोलन पत्रकार संघ के दो खिलाड़ियों ने भी खेल में भाग लिया और बेहतरीन प्रदर्शन किया। आयोजक करण शर्मा ने कहा कि इंग्लिश मानक की टेबलों पर मुकाबले ने उत्साह और प्रतिस्पर्धा बढ़ाई।

### भोजिया डेंटल कॉलेज में स्टूडेंट्स को किया जागरूक

अनंत ज्ञान, बद्दी। भोजिया डेंटल कॉलेज एंड हॉस्पिटल, बद्दी में प्रथम वर्ष के विद्यार्थियों को रैगिंग के दुष्परिणामों के प्रति जागरूक करने तथा परिसर में एक सुरक्षित, सहयोगपूर्ण एवं रैगिंग मुक्त वातावरण सुनिश्चित करने के उद्देश्य से आज एक विस्तृत एंटी रैगिंग जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में डॉ. अमन सचदेवा, सदस्य डेंटल काउंसिल ऑफ इंडिया एवं प्रोफेसर, विभाग ऑर्थोडॉन्टिक्स, भोजिया डेंटल कॉलेज बद्दी विशेष रूप से उपस्थित हुए। डॉ. सचदेवा ने रैगिंग से संबंधित कानूनी, नैतिक एवं व्यावसायिक पहलुओं पर अत्यंत प्रभावशाली और प्रेरणादायक व्याख्यान प्रस्तुत किया तथा विद्यार्थियों को सम्मान, अनुशासन और आपसी सौहार्द बनाए रखने के दायित्व के प्रति जागरूक किया। कार्यक्रम में विद्यार्थियों एवं शिक्षकों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया, जो इस बात का प्रतीक है कि संस्थान एक सुरक्षित एवं सकारात्मक संस्कृति को बढ़ावा देने के लिए प्रतिबद्ध है।कार्यक्रम के दौरान डॉ. अमन सचदेवा को छात्रों के शैक्षणिक एवं व्यावसायिक विकास में उनके महत्वपूर्ण योगदान के लिए सम्मानित किया गया। इस अवसर पर विक्रम भोजिया चेयरमैन भोजिया ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशन्स, सचिव भोजिया, रजिस्ट्रार, भोजिया ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशंस डॉ. तरुण कालरा प्राचार्य, भोजिया डेंटल कॉलेज एंड हॉस्पिटल, डॉ. गीता कालरा डीन अकादमिक्स, डॉ. दीपक ग्रोवर प्रोफेसर एवं कार्यक्रम संयोजक, डॉ. ऋतिका शारदा आदि उपस्थित रहे।

### सोलन कॉलेज में विकासात्मक गतिविधियों पर संयुक्त बैठक

अनंत ज्ञान, सोलन। राजकीय महाविद्यालय सोलन में आज ओल्ड स्टूडेंट्स एसोसिएशन, पेरेंट्स टीचर्स एसोसिएशन, इंटरनल क्वालिटी एश्योरेंस सेल, कॉलेज एजुकेशन सोसाइटी और सीएससीए सदस्यों की एक संयुक्त बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में वर्तमान सत्र में महाविद्यालय की शैक्षणिक योजनाओं, अवसंरचनात्मक विकास तथा भविष्य की गतिविधियों पर विस्तार से चर्चा हुई। बैठक की अध्यक्षता महाविद्यालय की प्राचार्या डॉ. मनीषा कोहली ने की। उन्होंने अपने संबोधन में बताया कि आगामी समय में महाविद्यालय में विभिन्न विकासात्मक कार्य प्रस्तावित हैं, जिनमें कॉलेज भवन और छात्रावास में सोलर सिस्टम की स्थापना प्रमुख है। उन्होंने बताया कि इस परियोजना की प्रक्रिया आरंभ कर दी गई है। डॉ. कोहली ने कहा कि महाविद्यालय विद्यार्थियों को बेहतर शैक्षणिक वातावरण एवं आधुनिक सुविधाएँ उपलब्ध करवाने के लिए निरंतर प्रयासरत है। इसी उद्देश्य से उन्होंने सभी सदस्यों, अभिभावकों, पूर्व विद्यार्थियों तथा सीएससीए से विकासात्मक गतिविधियों में सहयोग करने की अपील की।बैठक में सभी संबंधित समितियों के सदस्य, शिक्षक वर्ग तथा गैर-शिक्षक कर्मचारी उपस्थित रहे।

## सोलन में 4.74 ग्राम चिट्टे सहित दो व्यक्ति गिरफ्तार

अनंत ज्ञान, सोलन। जिला सोलन पुलिस की एसआईयू टीम जब गश्त व अपराधों की रोकथाम के लिए सोलन शहर, सपरून, आंजी तथा शमलेच आदि की तरफ रवाना थी तो उक्त टीम द्वारा एक गुप्त सूचना के आधार पर वर्षा शालिका आंजी के समीप नाकाबंदी के दौरान परवाणू की तरफ से आ रही स्कार्पियो गाड़ी में सवार दो व्यक्तियों जन्मेजर सिंघा पुत्र सुरेंदर सिंघा निवासी गांव पीपलहट्ट व राकेश वर्मा पुत्र बिखम राम निवासी गांव कंथाडा, जिला कुल्लू को 4.74 ग्राम चिट्टे सहित काबू किया। जिस पर उपरोक्त अभियोग पुलिस थाना सदर सोलन में पंजीकृत किया गया। स्कार्पियो गाड़ी उपरोक्त को जब्त कर लिया है। इस अभियोग के अन्वेषण के दौरान ज्ञात हुआ है कि आरोपीगण उपरोक्त चिट्टा को शहर सोलन में छात्रों व युवाओं को बेचने की फिराक में थे जिन्हें पुलिस ने उससे पहले ही दबोच लिया दु आरोपियों के पूर्व अपराधिक रिकॉर्ड की पड़ताल की जा रही है। मामले में जांच जारी है।



## ग्रामीण आर्थिकी को मजबूत करना सरकार की प्राथमिकता : संजय अवस्थी

अनंत ज्ञान, सोलन

अर्की के विधायक संजय अवस्थी ने कहा कि प्रदेश सरकार सड़क, शिक्षा और स्वास्थ्य से जुड़ी अधोसंरचना को मजबूत करने के साथ-साथ स्वयं सहायता समूहों के माध्यम से ग्रामीण आर्थिकी को सुदृढ़ करने के लिए प्रतिबद्ध है। वे दाड़लाघाट में बहुउद्देशीय भवन के लोकार्पण अवसर पर जनसमूह को संबोधित कर रहे थे।



जन समस्याएं सुनते विधायक संजय अवस्थी।

उन्होंने कहा कि राज्य सरकार विकास प्रक्रिया में तेजी लाने के लिए काम कर रही है और इसमें महिलाओं व युवाओं की महत्वपूर्ण भूमिका है। महिलाओं के सशक्तिकरण हेतु जल्द ही अर्की क्षेत्र में स्वयं सहायता समूहों के उत्पादों की बिक्री के लिए नियत स्थानों पर दुकानें स्थापित की जाएंगी, जिससे उन्हें उचित मूल्य और बेहतर बाजार उपलब्ध होगा। विधायक ने कहा कि अर्की में अदरक का न्यूनतम समर्थन मूल्य शीघ्र घोषित किया जाएगा ताकि किसानों को बड़े पैमाने पर लाभ मिल सके। उन्होंने बताया कि जिला खनन फाउंडेशन न्यास के तहत क्षेत्र में 25 करोड़ रुपए व्यय किए जा रहे हैं, जिनसे कई विकास कार्य जारी हैं। उन्होंने कहा कि अर्की, दाड़लाघाट और कुनिहार के स्कूलों में अगले शैक्षणिक सत्र से सीबीएसई पाठ्यक्रम शुरू होगा।

## वंदे मातरम के 150 वर्ष पर सराहां में जिला स्तरीय कार्यक्रम आयोजित

अनंत ज्ञान, सराहां। राजकीय महाविद्यालय सराहां की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई और नेहरू युवा केंद्र नाहन के संयुक्त तत्वावधान में सरदार वल्लभभाई पटेल की जयंती तथा 'वंदे मातरम' के 150 वर्ष पूरे होने के उपलक्ष में जिला स्तरीय कार्यक्रम आयोजित किया गया।

कार्यक्रम में शिमला संसदीय क्षेत्र के सांसद सुरेश कश्यप मुख्य अतिथि रहे, जबकि पच्छाद विधायक रीना कश्यप और पांवटा साहिब के विधायक सुखराम विशेष अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। कार्यक्रम की शुरुआत जिला एनएसएस संयोजक डॉ. पंकज चांडक द्वारा स्वागत भाषण से हुई। इसके बाद प्राचार्य डॉ. गुलशन कुमार धीमान ने मुख्यातिथि को शॉल व टोपी पहनाकर सम्मानित किया। मुख्यातिथि ने मां सरस्वती और सरदार पटेल की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। एनएसएस स्वयंसेवियों ने राष्ट्रीय गीत 'वंदे मातरम' का सामूहिक गायन प्रस्तुत किया।

सांसद सुरेश कश्यप ने कहा कि सरदार पटेल ने 562 रियासतों को एकजुट कर भारत की अखंडता स्थापित की। उन्होंने वंदे मातरम के स्वतंत्रता आंदोलन में महत्व को भी रेखांकित किया। कार्यक्रम के उपरांत बस अड्डे से बीडीओ कार्यालय तक एकता पदयात्रा निकाली गई, जिसमें जनप्रतिनिधियों, अधिकारियों और 82 स्वयंसेवियों ने भाग लिया। कार्यक्रम का उद्देश्य सरदार पटेल के योगदान और वंदे मातरम के महत्व को जन-जन तक पहुंचाना रहा।

## शिलाई की तीन बेटियों ने निभाई विश्व कबड्डी में महत्वपूर्ण भूमिका

अनंत ज्ञान, नाहन

सिरमौर की बेटियों के नेतृत्व में दूसरी बार महिला कबड्डी विश्वकप में भारत विजेता बना है। विश्व विजेता बनने की जैसे ही जानकारी गांव में मिली, परिवार व आसपास के लोगों में खुशी का माहौल है। सिरमौर की तीनों बेटियों के माता-पिता ने जिला सहित सभी देशवासियों को बधाई के साथ-साथ आशिर्वाद के लिए आभार जताया है।

बता दें कि भारत की महिला कबड्डी टीम ने एक बार फिर इतिहास रचते हुए दूसरी बार कबड्डी विश्व कप का खिताब अपने नाम कर लिया है। रोमांचक फाइनल मुकाबले में भारतीय टीम ने चीन ताइपे को 35-28 से हराकर विश्व विजेता बनने का गौरव हासिल किया। पूरे मैच में दोनों टीमों के बीच कड़ा मुकाबला देखने को मिला, लेकिन निर्णायक पलों में भारतीय खिलाड़ियों ने दमदार खेल दिखाते हुए जीत पक्की कर दी। टीम में हिमाचल की कप्तान, उपकप्तान सहित पांच खिलाड़ी शामिल थीं, इनमें सिरमौर से तीन बेटियों ने भी न केवल अपनी जगह बनाई बल्कि कप्तान व उपकप्तान की जिम्मेदारी भी सिरमौर की बेटियों के कंधे पर थी। इन्होंने पूरी प्रतियोगिता में बखूबी निभाया भी है।



टीम की कप्तान रितु नेगी ने पूरे टूर्नामेंट में उत्कृष्ट नेतृत्व दिखाया। वहीं, उपकप्तान पुष्पा राणा ने हर निर्णायक क्षण में अपने खेल से टीम को मजबूती प्रदान की। साक्षी शर्मा ने भी शानदार प्रदर्शन करते हुए टीम की जीत में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। कप्तान रितु नेगी के शिलाई से दो किलोमीटर दूर गांव धकोली में जीत के बाद लोगों में काफी उत्साह है। रीतू नेगी के पिता भवान सिंह, पुष्पा राणा के पिता जयपाल राणा व साक्षी शर्मा के पिता राजेश शर्मा का कहना है कि उन्हें पूर्ण विश्वास था कि एक बार फिर उनकी बेटियां जीतकर ही वापस लौटेंगी।

## अपना बूथ सबसे मजबूत करने में जुट जाएं भाजपा कार्यकर्ता : डॉ. संजय ठाकुर

अनंत ज्ञान, नाहन। सिरमौर भाजपा जिला प्रवक्ता प्रताप सिंह रावत ने मीडिया को जारी बयान में कहा कि भाजपा प्रदेश सचिव एवं जिला सिरमौर के प्रभारी डॉ. संजय ठाकुर, भाजपा प्रदेश प्रवक्ता एवं जिला सिरमौर के सह प्रभारी राकेश डोगरा, भाजपा जिला अध्यक्ष धीरज गुप्ता, भाजपा जिला महामंत्री रणवीर ठाकुर का साथ दिवसीय सिरमौर प्रवास कार्यक्रम नाहन में सफलतापूर्वक पूर्ण हो गया है।

इस प्रवास कार्यक्रम के दौरान जिला प्रभारी डॉ. संजय ठाकुर ने भाजपा कार्यकर्ताओं से कहा है कि सभी कार्यकर्ता अपना बूथ सबसे मजबूत करने में अभी से जुट जाएं। उन्होंने कहा कि अगर बूथ जीता तो चुनाव जीता इसको ध्यान में रखते हुए उन्होंने विधानसभा के पांचो नवनियुक्त संयोजक एवं विधानसभा के सभी प्रमुख नेताओं से कहा है कि आप सभी लोग मिलकर पार्टी और संगठन को और अधिक मजबूती प्रदान करने के लिए हर बूथ पर अपना प्रवास कार्यक्रम बनाएं, ताकि बूथ समिति को मजबूत किया जा सके। भाजपा प्रदेश प्रवक्ता एवं जिला सह प्रभारी राकेश डोगरा ने कहा कि प्रदेश में कानून व्यवस्था पूरी तरह से चरमरा गई है जिसकी वजह से प्रदेश में अराजकता फैल रही है।

भाजपा जिला अध्यक्ष धीरज गुप्ता ने दायित्व वान एवं सभी पार्टी कार्यकर्ताओं से कहा है कि आप सभी कार्यकर्ता अपने-अपने क्षेत्र में पंचायत चुनाव को ध्यान में रखते हुए जुट जाएं ताकि पंचायत चुनाव में कांग्रेस को मुंह की खानी पड़े। उन्होंने भाजपा कार्यकर्ताओं से यह भी कहा है कि भाजपा कार्यकर्ता कांग्रेस की झूठी गारंटी का बखान भी जनता के सामने डटकर करें।

## पाइनग्रोव स्कूल में मनाया 78वां एनसीसी स्थापना दिवस



पाइनग्रोव स्कूल धर्मपुर में एनसीसी के स्थापना दिवस पर शपथ लेते कैडेट्स।

अनंत ज्ञान, सोलन

पाइनग्रोव स्कूल, धर्मपुर और सुबाथू में 78वां एनसीसी स्थापना दिवस बड़े उत्साह और देशभक्ति की भावना के साथ मनाया गया। इस अवसर पर एक विशेष सभा आयोजित की गई, जिसमें राष्ट्रीय कैडेट कोर द्वारा छात्रों में अनुशासन, नेतृत्व और राष्ट्रीय गौरव में निभाई जाने वाली महत्वपूर्ण भूमिका पर प्रकाश डाला गया। कार्यक्रम की शुरुआत कैडेट अधिराज ठाकुर और त्रिवशा शर्मा द्वारा एनसीसी पर प्रेरणादायक भाषण से हुई। इसके पश्चात कैडेट कुंवर गर्ग द्वारा एनसीसी प्रतिज्ञा का उत्साहपूर्वक वाचन किया गया। त्रिलोक चंद ठाकुर और विनीत ठाकुर द्वारा संचालित रोचक एनसीसी जागरूकता क्विज ने छात्रों के एनसीसी इतिहास, राष्ट्रीय प्रतीकों और रक्षा संबंधी तथ्यों के ज्ञान को परखा।

कार्यक्रम के दौरान छात्रों ने एनसीसी गीत भी सामूहिक रूप से गाया, जिससे देशभक्ति और एकता की भावना प्रबल हुई। कार्यक्रम का समापन टी/ओ सुनील के. वर्मा (एनओ) के प्रेरणादायक संबोधन से हुआ, जिसमें उन्होंने छात्रों से राष्ट्र-प्रेम, समर्पण भाव से सेवा करने, नागरिक जिम्मेदारियों का गर्वपूर्वक निर्वाह करने और एनसीसी से जुड़कर अनुशासन, नेतृत्व एवं सेवा भावना को विकसित करने का आग्रह किया।

## पंचायत चुनावों से भाग रही सुक्खू सरकार लोकतंत्र का गला घोंट रही : ओम आर्य

अनंत ज्ञान, सोलन। कसौली विधानसभा क्षेत्र के भाजपा युवा नेता और समाजसेवी ओम आर्य ने हिमाचल प्रदेश की सुक्खू सरकार पर तीखा हमला बोलते हुए आरोप लगाया कि कांग्रेस सरकार पंचायत चुनावों से बचने के लिए संवैधानिक संस्थाओं को कमजोर कर रही है। उन्होंने कहा कि पंचायत चुनाव लोकतंत्र की नींव हैं, लेकिन सरकार अपनी विफलताओं के कारण जनता का सामना करने से डर रही है। ओम आर्य के अनुसार कांग्रेस ने लोकसभा चुनावों के दौरान 'संविधान बचाओ' का नारा दिया, जबकि आज वही सरकार हिमाचल में संविधान की मूल भावना की अनदेखी कर रही है।



उन्होंने आरोप लगाया कि सरकार चुनाव आयोग के आदेशों को नजरअंदाज कर जिलाधीशों पर दबाव बनाकर मनगढ़ंत रिपोर्ट तैयार करवा रही है। चुनाव आयोग के सख्त रुख के बाद, कांग्रेस की युवा इकाई द्वारा राजभवन के बाहर किए गए प्रदर्शन को उन्होंने अराजकता की पराकाष्ठा बताया। आर्य ने कहा कि राजभवन जैसे गरिमामयी संस्थान का घेराव हिमाचल की शांत संस्कृति पर कलंक है और इसके दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि जनता कांग्रेस सरकार के 'लोकतंत्र विरोधी रवैये' को देख रही है और समय आने पर इसका जवाब देगी।

## जुड़ाव

### पांवटा साहिब में अंतरराष्ट्रीय शादी बनी चर्चा का विषय, न्यूजीलैंड से आई बारात

# श्रीलंका के दूल्हे ने पांवटा साहिब की दुल्हन से लिए सात फेरे

अनंत ज्ञान, नाहन

हिमाचल प्रदेश के सिरमौर जिले के पांवटा साहिब में हाल ही में एक भव्य और अंतरराष्ट्रीय शादी का आयोजन किया गया, जो पूरे क्षेत्र में चर्चा का विषय बनी हुई है। इस विवाह में श्रीलंका के मूल निवासी दुमिंदु विथानागे ने न्यूजीलैंड से बारात लेकर आकर हिमाचल के शिलाई क्षेत्र की हाटी समुदाय की बेटी राशिका नेगी (पुत्री राजेंद्र सिंह नेगी और राजकुमारी) से हिंदू रीति-रिवाजों के अनुसार सात फेरे लिए। दूल्हा और दुल्हन दोनों न्यूजीलैंड में नौकरी करते हैं, जहां उनकी मुलाकात हुई और दूल्हे का परिवार भी वहीं बसा हुआ है।

पांवटा साहिब के एक निजी रिजॉर्ट में आयोजित इस वैवाहिक कार्यक्रम में बैंड-बाजे के साथ आई बारात का दुल्हन के परिवार ने पूरे रीति-रिवाज और धूमधाम से स्वागत किया। दूल्हे दुमिंदु ने इस दौरान कहा कि भारत में आकर शादी करना उनके लिए सौभाग्य की बात है। यह शादी इसलिए भी खास रही, क्योंकि बरात में दूल्हे के दोस्त और परिवार के सदस्य अमेरिका, ऑस्ट्रेलिया, न्यूजीलैंड और श्रीलंका सहित लगभग आधा दर्जन देशों से बाराती बनकर पहुंचे थे। इन विदेशी मेहमानों ने भी बारात में हिमाचली और उत्तराखंड के लोक गीतों पर जमकर ठुमके लगाए और इस सांस्कृतिक मिलन का आनंद लिया। इस खास शादी में नवविवाहित जोड़े को आशीर्वाद देने के लिए कई स्थानीय दिग्गज भी पहुंचे। इनमें हिमाचल प्रदेश के उद्योग मंत्री हर्षवर्धन चौहान, पूर्व स्वास्थ्य मंत्री एवं भाजपा प्रदेश अध्यक्ष डॉ. राजीव बिंदल, पूर्व ऊर्जा मंत्री और स्थानीय विधायक सुखराम चौधरी तथा पूर्व विधायक शिलाई क्षेत्र बलदेव तोमर प्रमुख रूप से शामिल थे। इनके अलावा, विभिन्न राजनीतिक दलों के नेता, उद्यमी और जिला सिरमौर के व्यवसायी भी इस भव्य समारोह का हिस्सा बने। यह शादी भारत की 'वसुधैव कुटुंबकम' की भावना और समृद्ध सांस्कृतिक परंपरा को दर्शाने वाला एक यादगार आयोजन बन गई।



## सोलन जिला सहकारी संघ चुनाव : रोमांचक मुकाबलों में दो जोन में सिर्फ एक वोट से जीत

अनंत ज्ञान, सोलन

जिला सोलन सहकारी विपणन एवं उपभोक्ता संघ के तीन जोन के चुनाव में सोलन जोन एक से यादविंद्र सिंह ने बाजी मारी। उन्होंने नेक टू नेक फाइट में कांति स्वरूप को एक वोट से हराया। यादवेंद्र सिंह को कुल 10 वोट पड़े, जबकि कांति स्वरूप को आठ से ही संतुष्टि करनी पड़ी। इस जोन में कुल 19 वोटर्स थे, जबकि सोलन दो जोन में भी मुकाबला रोचक रहा। यहां दयाराम ने धर्मेंद्र ठाकुर को हराकर डायरेक्टर की कुर्सी पर कब्जा किया। दयाराम को कुल 8 वोट पड़े, जबकि धर्मेंद्र को पांच से ही संतुष्टि करनी पड़ी। वहीं, सबसे रोचक मुकाबला कंडाघाट जोन एक में देखने को मिला। यहां फाइट अशोक ठाकुर और कपिल शर्मा के बीच थी, जिसमें कपिल शर्मा को 11 तो अशोक ठाकुर को 10 वोट पड़े। यहां एक वोट से कपिल शर्मा ने जीत दर्ज की। वहीं, जिला सहकारी विपणन एवं उपभोक्ता संघ चुनाव अधिकारी नरेश चंद ने बताया कि 3 जोन के अलावा 6 जोन से निदेशक पहले ही निर्विरोध चुने जा चुके हैं।

इससे पहले भी जिले के 6 डायरेक्टर अनपोज ही सामने आ चुके हैं। इसमें धर्मपुर जोन से सुंदरम ठाकुर, नालागढ़ एक से रणजीत सिंह, नालागढ़ दो से मदनलाल, नालागढ़ तीन जोन से कर्म सिंह, कंडाघाट 2 से विजय ठाकुर, कुनिहार जोन से सुरेंद्र ठाकुर शामिल हैं। यह सभी निर्देशक पहले ही अनपोज ही समाने आए हैं। अब सरकार की तरफ से तीन डायरेक्टर नॉमिनेट किए जाएंगे, जिसमें एक बैंक से और दो अन्य लोग शामिल होंगे। 9 डायरेक्टर सामने आने के बाद अब अध्यक्ष पद के लिए लॉबिंग शुरू हो जाएगी। हालांकि, फिलहाल यहां भाजपा का बहुमत नजर आ रहा है। सरकार द्वारा तीन डायरेक्टर नॉमिनेट करने के बाद भी बीजेपी का ही लगभग अध्यक्ष बनने की दावेदारी है। इसके लिए पहले एक बैठक होगी। हालांकि सरकार इसमें एक रोडे के रूप में फिलहाल अपने तीन सदस्यों को नॉमिनेट करने में देरी कर सकती है। ऐसे में कोरम पूरा होना मुश्किल हो जाएगा। लिहाजा कुछ समय के लिए अध्यक्ष पद का चुनाव टाला जा सकता है। खैर इस समय धर्मपुर जोन से सुंदरम ठाकुर लगभग रेस में सबसे आगे चल रहे हैं।

## न्यूज ब्रीफ

### गुरुग्राम में ईडी ने ऑनलाइन गेमिंग कंपनियों की संपत्ति की फ्रीज

**अनंत ज्ञान, गुरुग्राम।** गुरुग्राम में मंगलवार को प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने मनी लॉन्ड्रिंग की जांच के तहत ऑनलाइन गेमिंग कंपनियों पर बड़ी कार्रवाई की। ईडी ने विन्जो गेम्स प्राइवेट लिमिटेड और एक अन्य कंपनी के चार ठिकानों पर छापेमारी करते हुए करीब 520 करोड़ रुपए की संदिग्ध संपत्ति फ्रीज की। एजेंसी के मुताबिक, कंपनियों पर गेमिंग प्लेटफॉर्म से अवैध कमाई को गलत तरीके से ट्रांसफर करने और टैक्स नियमों की अनदेखी करने का आरोप है। छापेमारी के दौरान ईडी ने अपराध की संभावित कमाई से जुड़ी 505 करोड़ रुपए की संपत्ति फ्रीज की, जिसमें बॉन्ड, एफडीआर, बैंक बैलेंस और म्यूचुअल फंड शामिल हैं। इसके साथ ही आठ बैंक खातों में मौजूद 18.57 करोड़ रुपए पर भी रोक लगा दी गई। जांच टीम ने कई मोबाइल फोन, लैपटॉप और अन्य इलेक्ट्रॉनिक डिवाइस भी जब्त किए। विन्जो भारत का प्रमुख सोशल गेमिंग ऐप है, जिसमें 100 से अधिक स्किल-बेस्ड गेम उपलब्ध हैं और इसके 25 करोड़ से ज्यादा भारतीय यूजर्स हैं। कंपनियों पर ऑनलाइन रियल मनी गेमिंग के जरिए सट्टेबाजी को बढ़ावा देने तथा मनी लॉन्ड्रिंग के आरोपों की जांच जारी है।

### हिसार में छात्र से 47.70 लाख की साइबर ठगी

**अनंत ज्ञान, हिसार।** हिसार में ऑनलाइन क्रिप्टो ट्रेडिंग के नाम पर एक छात्र से 47.70 लाख रुपए की ठगी का मामला सामने आया है। साइबर थाना पुलिस ने आठ मरला कॉलोनी निवासी 31 वर्षीय छात्र की शिकायत पर केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पीड़ित की कैंप चौक पर मिठाई की दुकान है। छात्र ने बताया कि 28 अगस्त को उसे एक लड़की का वॉट्सऐप मैसेज आया, जिसने खुद को इसानवी शर्मा बताया और क्रिप्टो मार्केट में निवेश करके अच्छा मुनाफा कमाने का दावा किया। विश्वास जमाने के लिए उसने पासपोर्ट और दिल्ली की लोकेशन भी भेजी। शुरुआत में कुकियन ऐप पर निवेश कराया गया, जहां से पीड़ित को लाभ भी हुआ और वह पैसे निकाल भी लेता था। इसके बाद आरोपी ने डेक्स ट्रेडिंग ऐप का लिंक भेजकर निवेश करने को कहा। पहले किए गए लाभ को देख छात्र ने कुकियन ऐप से खरीदे 4,992 यूएसडीटी भी डेक्स ऐप में भेज दिए और बाइनरी ट्रेडिंग में भी पैसे लगाने लगा। बाद में जब निकासी नहीं हुई तो उसे ठगी का एहसास हुआ। पीड़ित के अनुसार उससे कुल 47.52 लाख रुपए की साइबर धोखाधड़ी की गई। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

### ऑनर किलिंग के आरोपियों की रोहतक में पुलिस परेड

**अनंत ज्ञान, रोहतक।** रोहतक के गांव काहनी में अपनी बहन की ऑनर किलिंग करने वाले मुख्य आरोपी संजू सहित चारों आरोपियों की पुलिस ने बाजार में परेड करवाई। आरोपियों के हाथों में हथकड़ियां थीं और पैरों पर प्लास्टर बंधा था, क्योंकि चार दिन पहले हुई पुलिस मुठभेड़ में चारों को गोली लगी थी। पुलिस ने सभी आरोपियों संजू, आंकित, गौरव और राहुल को अदालत में पेश कर पांच दिन का रिमांड लिया है। पूछताछ के लिए इन्हें सदर थाना पुलिस सुखपुरा बाजार में परेड करवाते हुए ले गई। पुलिस का कहना है कि अपराधियों का इस तरह जुलूस निकालने से जनता के मन का डर कम होता है और अपराध के प्रति जागरूकता बढ़ती है। 19 नवंबर को गांव काहनी निवासी सपना की उसके भाई संजू ने अपने तीन साथियों के साथ मिलकर घर में घुसकर हत्या कर दी थी। आरोपी ने सपना के देवर को भी गोली मारी थी, जिसका इलाज पीजीआई में चल रहा है। पुलिस अब आरोपियों से हत्या की पूरी साजिश और हथियारों की जानकारी जुटा रही है।

### पूर्व मुख्यमंत्री भूपेंद्र हुड्डा की बहन का निधन

**अनंत ज्ञान, चंडीगढ़।** पूर्व मुख्यमंत्री भूपेंद्र सिंह हुड्डा की बहन बिमला देवी का मंगलवार को गुरुग्राम में निधन हो गया। वह 78 वर्ष की थीं और लंबे समय से अस्वस्थ चल रही थीं और सेक्टर-33 की द विलाज सोसायटी में अपने पोते के साथ रह रही थीं, वहीं उन्होंने अंतिम सांस ली। निधन की सूचना मिलते ही पूर्व सीएम भूपेंद्र हुड्डा, सांसद दीपेंद्र सिंह हुड्डा, आशा हुड्डा सहित पूरा परिवार गुरुग्राम पहुंचा और दिवंगत बिमला देवी को श्रद्धांजलि अर्पित की। कांग्रेस नेताओं सहित कई लोग अंतिम संस्कार में शामिल हुए। उनका अंतिम संस्कार झाड़सा गांव के मुक्ति धाम में किया गया। बिमला देवी के पति राजीव चौधरी हरियाणा एक्साइज एंड टैक्सेशन विभाग में संयुक्त आयुक्त रह चुके हैं।

# श्री गुरु तेग बहादुर के 350वें शहीदी दिवस पर सीएम सैनी ने निभाई पवित्र 'पालकी सेवा'

## पंज प्यारों की अगुवाई में हुआ श्री गुरु ग्रंथ साहिब जी का प्रकाश

**अनंत ज्ञान, चंडीगढ़**

कुरुक्षेत्र की पावन धरा पर मंगलवार को आयोजित श्री गुरु तेग बहादुर जी के 350वें शहीदी दिवस के राज्य स्तरीय समारोह में एक ऐतिहासिक और भावनात्मक दृश्य देखने को मिला, जब हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने स्वयं श्री गुरु ग्रंथ साहिब जी को सिर पर उठा कर मुख्य मंच तक ले जाने की पवित्र 'पालकी सेवा' निभाई।



'जो बोले सो निहाल... सत श्री अकाल' की गूंज के बीच संगत ने विनम्रता और भक्ति से भरे इस क्षण का स्वागत किया। मुख्यमंत्री द्वारा निभाई गई यह सेवा सिख परंपरा में अत्यंत सम्मान और समर्पण का प्रतीक मानी जाती है। संगत की उपस्थिति में श्री गुरु ग्रंथ साहिब जी को सम्मानपूर्वक दरबार हॉल में लाया गया और अरदास कर के विधिवत प्रकाश किया गया। पूरे परिसर में श्रद्धा, भक्ति और शांति का वातावरण बना रहा।

शहीदी दिवस के मुख्य कार्यक्रम में कीर्तन, गुरबाणी पाठ, समागम, और गुरु तेग बहादुर जी के बलिदान पर आधारित विशेष प्रस्तुतियां भी शामिल रहीं।

# चंडीगढ़ आई फिल्म फेस्टिवल एवं क्वेस्ट 2025 सीएमई में 100 नेत्र विशेषज्ञ शामिल



**अनंत ज्ञान, चंडीगढ़**

चौथा चंडीगढ़ आई फिल्म फेस्टिवल एवं क्वेस्ट 2025 सीएमई होटल शिवालिक व्यू, सेक्टर-17, चंडीगढ़ में आयोजित हुआ। इसे चंडीगढ़ ऑप्थैल्मोलॉजिकल सोसायटी एंड सिटी आई बैंक ने डॉ. अशोक शर्मा कॉर्निया सेंटर के सहयोग से आयोजित किया। सम्मेलन में चंडीगढ़, पंजाब, हरियाणा, हिमाचल प्रदेश और जम्मू-कश्मीर से लगभग 100 प्रमुख नेत्र विशेषज्ञ शामिल हुए।

उद्घाटन समारोह में पद्श्री प्रो. अमोद गुप्ता, पूर्व डीन एवं प्रमुख, एडवांस्ड आई सेंटर, पीजीआईएमईआर ने उद्घाटन किया, जबकि पद्मश्री प्रो. जगत राम, पूर्व निदेशक और विभागाध्यक्ष, एडवांस्ड आई सेंटर, पीजीआईएमईआर विशिष्ट अतिथि रहे। मुख्य आकर्षण रहा 'हार्ट टू हार्ट विद द लीजेंड' सत्र, जिसमें प्रो. गुप्ता ने पेशेवर उत्कृष्टता, अनुशासन, समय पालन और उप-विशेषज्ञता में विशेषज्ञ बनने पर विचार साझा किए।

वैज्ञानिक सत्रों में डॉ. एसके शर्मा, डॉ. संदीप महाजन, डॉ. कपिल वोहरा, डॉ. मोहित डोगरा, डॉ. शकीन सिंह, डॉ. सुधीर सल्होत्रा और अन्य विशेषज्ञों ने चुनौतीपूर्ण मामलों, फ्री पेपर्स और प्रतियोगी वीडियो प्रस्तुत किए। चीफ ऑर्गेनाइजिंग सेक्रेटरी डॉ. अशोक शर्मा ने शिशुओं और बच्चों में कॉर्निया ग्राफ्टिंग में अपने अग्रणी कार्य और फेम्टोसेकंड लेजर तकनीक की सफलता साझा की। डॉ. राजन शर्मा ने ग्लिसरीन संरक्षित ग्राफ्ट्स और स्टेम सेल कल्चर पर अपने शोध प्रस्तुत किए। सम्मेलन का संचालन बेंगलुरु के रेटिना विशेषज्ञ डॉ. केएस कुमार ने किया और इसे दूरदराज के क्षेत्रों में लाइव-स्ट्रीम भी किया गया।

# सुरिंद्र वर्मा को निवेशक शिक्षा में 'चैंपियन ऑफ इन्वेस्टर-2025' का मिला सम्मान

**अनंत ज्ञान, चंडीगढ़**



सिटीजन अवेयरनेस ग्रुप के चेयरमैन सुरिंद्र वर्मा को निवेशक जागरूकता और वित्तीय शिक्षा में योगदान के लिए प्रतिष्ठित राष्ट्रीय सम्मान 'चैंपियन ऑफ इन्वेस्टर एजुकेशन एंड अवेयरनेस-2025' से नवाज़ा गया। यह सम्मान उन्हें इंडिया इंटरनेशनल ट्रेड फेयर 2025 के दौरान, सेबी द्वारा आयोजित 'भारत का शेयर बाजार' पैवेलियन में प्रदान किया गया।

सम्मान सेबी, मुंबई के एग्जिक्यूटिव डायरेक्टर अमित प्रधान ने प्रदान किया। सेबी और एम्फी ने वर्मा के वर्षों से निवेशक शिक्षा, वित्तीय साक्षरता और निवेशकों को सशक्त बनाने के प्रयासों की सराहना की। उनका योगदान देशभर में निवेशकों पर सकारात्मक प्रभाव डाल रहा है। समारोह में नियामक संस्थाओं, उद्योग विशेषज्ञों और निवेशक शिक्षा से जुड़े सदस्यों ने वर्मा के प्रयासों को सराहा, जिनमें निवेश सुरक्षा बढ़ाना, वित्तीय साक्षरता सरल भाषा में जनता तक पहुंचाना और विभिन्न राज्यों में जागरूकता अभियान चलाना शामिल है। वर्मा ने कहा कि यह पुरस्कार उन्हें प्रेरित करता है और वे भविष्य में भी निवेशक शिक्षा और जागरूकता के कार्य को मजबूती से जारी रखेंगे।

# दिल्ली नगर निगम उपचुनाव के लिए हरियाणा सरकार ने घोषित किया सवेतन अवकाश

**अनंत ज्ञान, चंडीगढ़।** हरियाणा सरकार ने 30 नवंबर को दिल्ली नगर निगम के 12 वार्डों में होने वाले उपचुनाव के मद्देनजर राज्य में स्थित सरकारी कार्यालयों, शैक्षणिक संस्थानों, बोर्ड एवं निगमों में कार्यरत कर्मचारियों, जो दिल्ली के पंजीकृत मतदाता हैं, के लिए सवेतन अवकाश/विशेष आकस्मिक अवकाश (सवेतन) घोषित किया है।

मुख्य सचिव अनुराग रस्तोगी द्वारा इस संबंध में एक अधिसूचना जारी की गई है। यह अवकाश विनिमय लिखत अधिनियम (नेगोशिएबल इंस्ट्रूमेंट एक्ट), 1881 की धारा 25 तथा जन प्रतिनिधित्व अधिनियम, 1951 की धारा 135-बी (1996 के संशोधन सहित) के तहत प्रदान किया गया है। हरियाणा में स्थित कारखानों, दुकानों और निजी प्रतिष्ठानों में कार्यरत कर्मचारियों, जो दिल्ली के पंजीकृत मतदाता हैं, को भी जन प्रतिनिधित्व अधिनियम, 1951 की धारा 135-बी के अंतर्गत मतदान के उद्देश्य से सवेतन अवकाश दिया जाएगा ताकि सभी पात्र मतदाता दिल्ली नगर निगम उप-चुनाव में अपने मतदान के अधिकार का सुचारु रूप से उपयोग कर सकें।

# चंडीगढ़ पर कांग्रेस का दोहरा रुख हुआ उजागर: मल्होत्रा

**अनंत ज्ञान, चंडीगढ़**

भाजपा चंडीगढ़ प्रदेशाध्यक्ष जितेंद्रपाल मल्होत्रा ने कहा कि कांग्रेस पार्टी की दोहरी बयानबाजी से शहरवासियों में भ्रम और असंतोष फैल रहा है। उन्होंने स्पष्ट किया कि जनता जानना चाहती है कि कांग्रेस का चंडीगढ़ को लेकर असली रुख क्या है।



मल्होत्रा ने कहा कि कांग्रेस के दो वरिष्ठ नेता लोकसभा सांसद मनीष तिवारी और चंडीगढ़ कांग्रेस अध्यक्ष हरमोहिंदर सिंह लकी एक-दूसरे से उलट बयान दे रहे हैं। तिवारी का कहना है कि चंडीगढ़ पंजाब को सौंप दिया जाना चाहिए, जबकि लकी का कहना है कि यूटी का दर्जा बरकरार रहना चाहिए। यह विरोधाभासी बयान कांग्रेस के अंदरुनी असहमति, नेतृत्वहीनता और राजनीतिक अवसरवाद को उजागर करते हैं। भाजपा अध्यक्ष ने चेतावनी दी कि कांग्रेस की यह दोहरी राजनीति जनता की भावनाओं के साथ खिलवाड़ है। चंडीगढ़ 12 लाख से अधिक नागरिकों का घर है और इसकी पहचान पर बयानबाजी बेहद गैर-जिम्मेदाराना है। उन्होंने कांग्रेस से मांग की कि वह तुरंत स्पष्ट करे कि आधिकारिक रुख क्या है कि तिवारी की लाइन या लकी की?

मल्होत्रा ने कहा कि भाजपा चंडीगढ़ की स्थिरता, सुरक्षा, पहचान और विकास के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है और जनता के हितों से किसी भी स्थिति में समझौता नहीं करेगी।

## देश-विदेश

# सेंसेक्स 314 अंक गिरकर 84,587 पर बंद, निफ्टी भी 70 अंक लुढ़का

**एजेंसी, मुंबई**

**विदेशी** संस्थागत निवेशकों ने 24 नवंबर को नकद बाजार में 4,171 करोड़ रुपए की बिक्री की, जो बाजार पर लगातार दबाव डाल रही है। यह बिकवाली निफ्टी के 26,000 स्तर को तोड़ने में भी बाधा बन रही है। हफ्ते के दूसरे कारोबारी दिन मंगलवार को सेंसेक्स 314 अंक गिरकर 84,587 पर बंद हुआ। निफ्टी में 75 अंक की गिरावट रही, ये 25,885 पर बंद हुआ।

सेंसेक्स के 30 में 23 शेयरों में गिरावट रही। निफ्टी के 50 में से 33 शेयर्स नीचे बंद हुए। आज रियल्टी और बैंकिंग शेयरों में 1% से ज्यादा की तेजी रही। जबकि आईटी, एफएमसीजी और मीडिया सेक्टर गिरकर बंद हुए। 24 नवंबर को बाजार के आखिरी कुछ समय में प्रॉफिट बुकिंग बढ़ी, जिससे सेंसेक्स 331 अंक (0.39%) और निफ्टी 108.65 अंक (0.42%) गिरे। यह ट्रेंड आज भी जारी है, खासकर मेटल, कंज्यूमर ड्यूरेबल्स और रियल एस्टेट सेक्टरों में। आईटी, टेलीकॉम और एफएमसीजी सेक्टर गिरे हैं, जो बाजार को नीचे खींच रहे हैं। वहीं, मेटल और रियल्टी सेक्टर 0.5-1% ऊपर हैं, लेकिन ओवरऑल इंपैक्ट फ्लैट है। कोरिया का कोस्पी 1.09% ऊपर 3,887 पर, हांगकांग का हैंगसेंग 0.79% ऊपर 25,918 पर और जापान का निक्केई 0.39% ऊपर 48,815 पर कारोबार कर रहे हैं। (अनंत ज्ञान)

# भारत में नेपाल बॉर्डर के जरिए घुसपैठ कर रहा चीनी नागरिक गिरफ्तार

**एजेंसी, बहराइच।** इंडो-नेपाल अंतरराष्ट्रीय सीमा चेक पोस्ट पर एक बार फिर सुरक्षा में सेंध लगी है। सीमा सुरक्षा बल व पुलिस पार्टी की संयुक्त काम्बिंग ने सोमवार देर रात को एक चीनी नागरिक को अवैध गतिविधियों एवं सीमा पर अति संवेदनशील इलाकों में वीडियोग्राफी करने के आरोप में गिरफ्तार किया है। संदिग्ध चीनी नागरिक को रोक कर सुरक्षा बलों ने भारतीय क्षेत्र में घूमने का कारण पूछा, हालांकि वह इसका कोई संतोषजनक जवाब नहीं दे सका। तलाशी के दौरान तीन मोबाइल फोन, चीन, नेपाल और पाकिस्तानी मुद्रा बरामद हुई है। (अनंत ज्ञान)



एजेंसी, नई दिल्ली। नई दिल्ली में चल रहे भारत अंतरराष्ट्रीय व्यापार मेले में सौंदर्य विशेषज्ञ शहनाज हुसैन ने पवेलियन का दौरा किया। इस दौरान उन्होंने प्रशंसकों को सौंदर्य टिप्स दिए और ऑटोग्राफ दिए।

# सोना 1,811 और चांदी 3,369 रुपए हुई महंगी

**एजेंसी, नई दिल्ली**



**सोना** के दाम में मंगलवार को तेजी देखने को मिली है। इंडिया बुलियन एंड ज्वेलर्स एसोसिएशन के अनुसार 10 ग्राम सोना 1,811 रुपए महंगा हो गया है व 1,25,119 रुपए पर पहुंच गया है। सोमवार को 10 ग्राम सोना 1,23,308 रुपए का था। वहीं, चांदी 2,670 रुपए महंगी होकर 1,56,320 रुपए पर पहुंच गई है। इससे पहले चांदी की कीमत 1,53,650 रुपए प्रति 10 ग्राम थी। 17 अक्तूबर को सोने ने 1,30,874 रुपए और 14 अक्तूबर को चांदी ने 1,78,100 रुपए का ऑल टाइम हाई बनाया था। इस साल सोना 49,180 और चांदी 71,002 रुपए महंगी हुई है। 31 दिसंबर 2024 को 10 ग्राम 24 कैरेट सोना 76,162 रुपए का था, जो अब 1,25,342 रुपए हो गया है। चांदी का भाव भी इस दौरान 71,002 रुपए बढ़ गया है। 31 दिसंबर 2024 को एक किलो चांदी की कीमत 86,017 रुपए थी, जो अब 1,57,019 रुपए प्रति किलो हो गई है। (अनंत ज्ञान)

# पाक ने अफगानिस्तान में की एयरस्ट्राइक, 10 की मौत

**एजेंसी, इस्लामाबाद**

**पाकिस्तान** ने सोमवार रात अफगानिस्तान के तीन प्रांत खोस्त, कुनार और पक्तिका में एयरस्ट्राइक की। खोस्त पर किए गए हमले में 10 आम लोगों की मौत हो गई, जिनमें 9 बच्चे और एक महिला शामिल हैं।

तालिबान के प्रवक्ता जबीउल्लाह मुजाहिद ने बताया कि खोस्त प्रांत के मुगलगई इलाके में रात करीब 12 बजे पाकिस्तानी विमानों ने एक घर पर बमबारी की। इस हमले में 5 लड़के, 4 लड़कियां और एक महिला की मौत हो गई। वहीं कुनार और पक्तिका प्रांतों में पाकिस्तान के हमले और छापेमारी में चार नागरिक घायल हो गए। अफगानिस्तान का कहना है कि पाकिस्तान ने यह हमला करके इस्तांबुल में हुए सीजफायर करार को तोड़ा है। इस घटना पर पाकिस्तान की सेना और विदेश मंत्रालय की ओर से अभी तक कोई प्रतिक्रिया नहीं आई है। (अनंत ज्ञान)

### पाकिस्तान खुद भी सुरक्षा चुनौतियों से जूझ रहा

**यह** हमला ऐसे समय हुआ जब पाकिस्तान खुद भी सुरक्षा चुनौतियों से जूझ रहा था। इसी शाम पाकिस्तान के पेशावर शहर में फ्रंटियर कांस्टेबुलरी मुख्यालय पर हमला हुआ। यह मुख्यालय सैन्य कैंट क्षेत्र के पास स्थित है। इस आत्मघाती हमले में 6 लोग मारे गए, जिनमें 3 कमांडो और 3 हमलावर शामिल हैं। कई लोग घायल भी हुए हैं। पुलिस की शुरुआती रिपोर्ट के मुताबिक, हमलावर खुद को चादर से ढककर पहुंचा था। उसने चौकी पर पहुंचते ही खुद को उड़ा लिया। इसमें 3 पुलिसकर्मी मारे गए।

### पाकिस्तान ने पिछले महीने काबुल में बम गिराए थे

**पाकिस्तान** और अफगानिस्तान के बीच हाल के महीनों में तनाव काफी बढ़ा है। अक्तूबर में दोनों देशों की सेनाओं के बीच हुई झड़पों में दर्जनों लोग मारे गए थे, जो 2021 में तालिबान की सत्ता वापसी के बाद सबसे भीषण हिंसा थी। दोनों देशों ने अक्तूबर में दोहा में युद्धविराम समझौते पर हस्ताक्षर किए थे, लेकिन इसके बाद तुर्किये में हुई शांति वार्ता किसी लंबे समझौते पर नहीं पहुंच सकी। मतभेद उन उग्रवादी संगठनों को लेकर सामने आए, जिन्हें पाकिस्तान अपने खिलाफ बताता है और जो अफगानिस्तान में पनाह लेते हैं।

# संसद में बुर्का पहनकर पहुंची ऑस्ट्रेलियाई सांसद, 7 दिन के लिए किया सस्पेंड

**एजेंसी, मेलबर्न।** ऑस्ट्रेलिया की संसद के ऊपरी सदन सीनेट ने दक्षिणपंथी सांसद पॉलिन हैनसन को सात 7 दिन के लिए सस्पेंड कर दिया। वह संसद में बुर्का पहनकर आई थीं, जिसका काफी विरोध हुआ। कई सांसदों ने कहा कि यह मुस्लिम समुदाय का अपमान है। हैनसन संसद में बुर्का और चेहरे ढकने वाले कपड़ों पर बैन लगाने का प्रस्ताव लाना चाहती थीं, लेकिन उन्हें इसकी इजाजत नहीं मिली। इसके बाद उन्होंने विरोध जताने के लिए बुर्का पहन लिया। मुस्लिम सांसदों ने उन पर नस्लवाद और धार्मिक भेदभाव का आरोप लगाया। ऑस्ट्रेलिया की विदेश मंत्री पेनी वोंग ने उनकी आलोचना करते हुए कहा कि हैनसन की हरकत नफरत फैलाने वाली है और इससे समाज में फूट पड़ती है। (अनंत ज्ञान)

# आने वाले दशक में भारत बनेगा शिपबिल्डिंग, शिप रिपेयर और समुद्री इनोवेशन का ग्लोबल हब: राजनाथ

## बोले- हमारे कुछ शिपयार्ड 100 फीसदी स्वदेशी कंटेंट हासिल करने की राह पर

**एजेंसी, नई दिल्ली**

**रक्षा** मंत्री राजनाथ सिंह ने भरोसा जताया है कि आने वाले एक दशक में भारत शिपबिल्डिंग, शिप रिपेयर और समुद्री इनोवेशन के लिए एक ग्लोबल हब बनेगा। उन्होंने कहा कि आज हम एयरक्राफ्ट कैरियर से लेकर एडवांस्ड रिसर्च वेसल और एनर्जी बचाने वाले कमर्शियल जहाज तक सब कुछ डिलीवर करने में सक्षम हैं। दुनिया के समुद्री इतिहास में भारत की छाप है। हमारे पुरखों के लिए समुद्र सरहद नहीं थे, वे सांस्कृतिक, आर्थिक और स्ट्रेटेजिक जुड़ाव के पुल थे। आज इस विरासत का सम्मान करते हुए हम पुरानी यादों से पीछे मुड़कर नहीं देखते, बल्कि हम एक मकसद के साथ आगे देखते हैं। रक्षा मंत्री मंगलवार को नई दिल्ली में 'समुद्र उत्कर्ष' सेमिनार को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि हमारे पुरखों ने न सिर्फ मसालों, कपास और मोतियों का व्यापार किया, बल्कि वे महाद्वीपों के पार विचार, मूल्य और संस्कृति भी ले गए। भारत के लिए समुद्री व्यापार पर निर्भरता खास तौर पर ज्यादा है। भारत का लगभग 95 फीसदी व्यापार वॉल्यूम के हिसाब से और लगभग 70 फीसदी वैल्यू के हिसाब से समुद्री रास्तों से होता है। ऐसा हिंद महासागर में भारत की स्ट्रेटेजिक लोकेशन और 7,500 किमी. लंबी कोस्टलाइन की वजह से भी है। ट्रांसपोर्टेशन का यह तरीका महाद्वीपों के बीच बल्क कार्गो ले जाने, ग्लोबल सप्लाई चेन को आसान बनाने और राष्ट्रीय अर्थव्यवस्थाओं को सपोर्ट करने का सबसे सस्ता और कुशल तरीका बना हुआ है। (अनंत ज्ञान)

# मणिपुर पुलिस ने बॉर्डर इलाकों से बरामद किया हथियार व गोला बारूद, एक गिरफ्तार

**एजेंसी, इंफाल।** मणिपुर पुलिस ने बॉर्डर और संवेदनशील इलाकों में बड़े पैमाने पर सर्च ऑपरेशन चलाया। चुराचांदपुर जिले के बोल्नियो क्षेत्र से सुरक्षाबलों ने सात प्रोजेक्टाइल लॉन्चर, 11 पंपी प्रोजेक्टाइल एचई बम, सात देसी राइफलें, दो पिस्तौलें, मैगजीन, लाइव राउंड, बाओफेंग हैंडसेट और नौ बुलेटप्रूफ जैकेट सहित भारी मात्रा में हथियार-बारूद बरामद किया। वहीं, एक वायरल वीडियो मामले में पुलिस ने 25 वर्षीय डिजिटल कंटेंट क्रिएटर युम्खैबम शांतिकुमार को गिरफ्तार किया। वीडियो में लोगों से पूछे गए भड़काऊ सवालों को पुलिस ने सामाजिक अविश्वास और गलत सूचना फैलाने वाला बताया। पुलिस ने एनएच-37 पर आवश्यक वस्तुएं लेकर जा रहे 318 वाहनों की सुरक्षित आवाजाही भी सुनिश्चित की। (अनंत ज्ञान)

# तमिलनाडु में एसआईआर के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट में छठी याचिका दायर

**एजेंसी, नई दिल्ली**

**सुप्रीम कोर्ट ने चुनाव आयोग को नोटिस भेजा**

तमिलनाडु में एसआईआर के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट में छठी याचिका दायर हुई है। वहीं, सुप्रीम कोर्ट ने मरुमलार्ची द्रविड़ मुनेत्र कड़गम (एमडीएमके) प्रमुख वाइको की उस याचिका पर चुनाव आयोग से जवाब मांगा है, जिसमें उन्होंने तमिलनाडु की एसआईआर प्रक्रिया पर आपत्ति जताई थी। अगली सुनवाई 2 दिसंबर को होगी। उधर पश्चिम बंगाल के बोंगांव में एसआईआर के खिलाफ रैली में ममता बनर्जी ने कहा कि भाजपा उन्हें राजनीतिक रूप से नहीं हरा सकती। चुनाव आयोग अब निष्पक्ष नहीं रहा, यह भाजपा कमीशन बन गई है। बंगाल के मुख्य चुनाव अधिकारी मनोज कुमार अग्रवाल ने बताया कि एसआईआर में 10 लाख से ज्यादा फॉर्म अमान्य मिले, क्योंकि कई वोटर मौजूद नहीं हैं, डुप्लीकेट थे, मर चुके या कहीं और चले गए हैं। देश के 12 राज्यों में 4 नवंबर से एसआईआर चल रही है। तमिलनाडु के साथ बंगाल कांग्रेस, टीएमसी और केरल सरकार ने भी इसके खिलाफ सुप्रीम कोर्ट में चुनौती दी है। कोर्ट ने 11 नवंबर को मद्रास और कलकत्ता हाईकोर्ट की मामले में सुनवाई रोकने को कहा था। (अनंत ज्ञान)

# इथियोपिया में 12 हजार साल बाद फटा ज्वालामुखी

## राख का 15 किलोमीटर ऊंचा गुबार उठा; 4300 किलोमीटर दूर दिल्ली पहुंचा, एयर इंडिया की 11 उड़ानें रद्द

**एजेंसी, अदीस अबाबा**

इथियोपिया का हेली गुब्बी ज्वालामुखी 12 हजार साल बाद अचानक फट गया। इस विस्फोट से उठने वाली राख और सल्फर डाइऑक्साइड करीब 15 किमी ऊंचाई तक पहुंच गई। यह लाल सागर पार करते हुए यमन और ओमान तक फैल गई।



सोमवार रात करीब 11 बजे यह राख इथियोपिया से 4300 किमी दूर भारत के राजस्थान, गुजरात, महाराष्ट्र, दिल्ली-एनसीआर और पंजाब तक फैल गई। भारतीय मौसम विज्ञान विभाग ने कहा कि राख के बादल मंगलवार शाम तक भारत से साफ हो जाएंगे और चीन की ओर बढ़ जाएंगे। इस गुबार की वजह से एयर इंडिया ने अपनी 11 उड़ानें रद्द कर दी थीं। एक्सपर्ट्स ने बताया था कि इस गुबार की ऊंचाई इतनी ज्यादा थी कि आम लोगों की जिंदगी पर इसका असर काफी कम हुआ। यह विस्फोट अफार इलाके में हेली गुब्बी ज्वालामुखी में हुआ। यह इतना पुराना और शांत ज्वालामुखी था कि आज तक इसका कोई रिकॉर्ड नहीं था। इस घटना में किसी की मौत नहीं हुई, लेकिन यमन और ओमान की सरकार ने लोगों को सावधानी बरतने को कहा है, खासकर जिन्हें सांस की तकलीफ रहती है। (अनंत ज्ञान)

## स्पोर्ट्स विंडो

### फीफा अंडर-17: ब्राजील को 6-5 से हराकर पुर्तगाल फाइनल में

**एजेंसी, दोहा।** फीफा अंडर-17 वर्ल्ड कप में इस बार नया चैंपियन उभरने जा रहा है। सेमीफाइनल में पुर्तगाल और ऑस्ट्रिया ने इतिहास रचते हुए पहली बार फाइनल में जगह बनाई। पुर्तगाल ने रोमांचक पेनल्टी शूटआउट में ब्राजील को 6-5 से हराया, जबकि ऑस्ट्रिया ने इटली को 2-0 से मात दी। ऑस्ट्रिया की टीम का प्रदर्शन शानदार रहा। टीम के स्टार स्ट्राइकर जोहान्स मोजर ने 57वें मिनट में पहला और इंजरी टाइम में फ्री-किक से दूसरा गोल कर टीम को फाइनल में पहुंचाया। मोजर ने अब तक 8 गोल के साथ टूर्नामेंट की सूची में शीर्ष स्थान बनाए रखा है। पुर्तगाल और ब्राजील का सेमीफाइनल बेहद कड़ा रहा। पूरे मैच में केवल चार शॉट टारगेट पर लगे और कुल 35 फाउल हुए। पुर्तगाल के गोलकीपर रोमारीओ कुन्हा ने ब्राजील के हमलों को कई बार रोका। पेनल्टी शूटआउट में पुर्तगाल ने अंतिम गोल कर जीत दर्ज की और पहली बार -17 फाइनल में प्रवेश किया। फाइनल मुकाबला 27 नवंबर को दोहा के खलीफा इंटरनेशनल स्टेडियम में पुर्तगाल और ऑस्ट्रिया के बीच खेला जाएगा। उसी दिन तीसरे स्थान के लिए ब्राजील और इटली भिड़ेंगे। (अनंत ज्ञान)

### दुनिया के सबसे उम्रदराज ओलंपिक स्वर्ण पदक विजेता बने हंगरी के बेनेडेक

**एजेंसी, बुडापेस्ट।** हंगरी के आधुनिक पेंटाथलॉन खिलाड़ी गाबोर बेनेडेक (98) अब दुनिया के सबसे अधिक आयु वाले जीवित ओलंपिक स्वर्ण पदक विजेता बन गए हैं। यह उपलब्धि तब दर्ज हुई जब पूर्व सोवियत संघ के फुटबॉल खिलाड़ी निकिता सिमोनयान का 99 वर्ष की आयु में निधन हो गया। सिमोनयान, जो आर्मेनियाई मूल के थे, ने 1956 मेलबर्न ओलंपिक में सोवियत टीम के साथ स्वर्ण पदक जीता था। उन्होंने 12 अक्टूबर को अपना 99वां जन्मदिन मनाया था। सिमोनयान के निधन के बाद अब बेनेडेक सबसे उम्रदराज जीवित ओलंपिक स्वर्ण विजेता हैं। 23 मार्च 1927 को तिसापफ्यूरेड में जन्मे बेनेडेक ने 1952 के हेलसिंकी ओलंपिक में टीम स्वर्ण और व्यक्तिगत रजत पदक जीता था। इसके बाद उन्होंने व्यक्तिगत और टीम दोनों श्रेणियों में विश्व चैंपियनशिप खिताब भी अपने नाम किए। बेनेडेक 1970 से जर्मनी के बॉन शहर के पास रह रहे हैं। (अनंत ज्ञान)

### साउथ अफ्रीका के खिलाफ टी20 में टीम इंडिया में होगी ऋषभ पंत की वापसी

**एजेंसी, नई दिल्ली।** भारत और साउथ अफ्रीका के बीच गुवाहाटी टेस्ट के बाद 30 नवंबर से 3 मैचों की वनडे सीरीज और उसके बाद 9 दिसंबर से पांच मैचों की टी20 सीरीज खेली जाएगी। वनडे सीरीज के लिए हाल ही 15 सदस्यीय टीम की घोषणा की गई है। जल्द ही टी20 सीरीज के लिए स्क्वॉड का ऐलान किया जाएगा। इससे पहले माना जा रहा है कि क्रिकेट के इस सबसे छोटे फॉर्मेट में ऋषभ पंत की वापसी हो सकती है, जो कि भारत के लिए अपना आखिरी टी20 मुकाबला पिछले साल 28 जुलाई को श्रीलंका के खिलाफ पल्लेकेले में खेले थे। इसके साथ ही चर्चा है कि उनकी वापसी पर संजू सैमसन को बलि का बकरा बनाया जा सकता है। ऑस्ट्रेलिया दौरे पर भी हुई थी अनदेखी बता दें कि संजू सैमसन ऑस्ट्रेलिया दौरे पर भारतीय टी20 टीम का हिस्सा थे। उन्हें उस दौरान पहले टी20 के लिए प्लेइंग 11 में मौका मिला था, लेकिन मैच बारिश से धुलने के चलते उन्हें बल्लेबाजी का मौका नहीं मिल सका। (अनंत ज्ञान)

### अगाटा इसाबेला खूबसूरत अंदाज में


**इटली।** अगाटा इसाबेला सेंटासो का जन्म 19 जनवरी, 1990 को हुआ था। वह वर्तमान में सीरी बी क्लब वेनेजिया की महिला टीम का प्रतिनिधित्व करती हैं, सोशल मीडिया पर उनके बहुत सारे फॉलोअर्स हैं, उनके आधिकारिक इंस्टाग्राम अकाउंट पर 78,000 से ज्यादा फॉलोअर्स हैं।



## गुवाहाटी टेस्ट भारत ने गंवाए 2 विकेट, द. अफ्रीका को चाहिए 8 विकेट

# टीम इंडिया पर क्लीन स्वीप का खतरा

**एजेंसी, गुवाहाटी**




जायसवाल को आउट करने के बाद खुशी मनाते द. अफ्रीका के खिलाड़ी।

गुवाहाटी साउथ अफ्रीका के खिलाफ गुवाहाटी टेस्ट में भारतीय टीम पर हार और क्लीन स्वीप का खतरा मंडरा रहा है। जीत के लिए 549 रन के असंभव से टारगेट के जवाब में भारत ने चौथे दिन स्टंप्स तक 2 विकेट खोकर सिर्फ 27 रन बनाए हैं। साई सुदर्शन और कुलदीप यादव नाबाद लौटे। ओपनर यशस्वी जायसवाल 13 और केएल राहुल 6 रन बनाकर आउट हुए।

इससे पहले साउथ अफ्रीका ने अपनी दूसरी पारी 260/5 के स्कोर पर समाप्त घोषित कर दी। साउथ अफ्रीका ने पहली पारी में 489 रन बनाए थे। जवाब में भारत की पहली पारी 201 रन सिमट गई थी। इस तरह भारत को टेस्ट जीतने के लिए 549 रन का टारगेट मिला। साउथ अफ्रीका ने पहला टेस्ट मैच 30 रन से जीता था। अगर टीम गुवाहाटी टेस्ट भी जीत लेती है तो वह भारत के खिलाफ भारत में 25 साल बाद सीरीज जीतने और क्लीन स्वीप करने में कामयाब होगी। साउथ अफ्रीका ने साल 2000 में भारत को दो टेस्ट मैचों की सीरीज में 2–0 से हराया था। अब मैच के पांचवां और आखिरी दिन का खेल बुधवार को सुबह 9 बजे से शुरू होगा।

### भारत में सबसे सफल रन चेज टीम इंडिया के नाम

**भारत** में सबसे सफल रन चेज टीम इंडिया के नाम है, उसने 2008 में चेन्नई के एमए चिदम्बरम स्टेडियम में इंग्लैंड के खिलाफ 387 रनों का टारगेट चेज किया था। उस मैच में सचिन तेंदुलकर ने चौथी पारी में नाबाद 104 रन बनाए थे। यह एकमात्र अवसर रहा जब भारतीय पिच पर खेलते हुए किसी टीम ने 300 रन या उससे ज्यादा का लक्ष्य सफलतापूर्वक हासिल किया हो। भारत में दूसरा सबसे सफल रन चेज वेस्टइंडीज के नाम है। उसने 1987 में भारत के खिलाफ 276 रनों का टारगेट हासिल कर लिया था। वहीं, साल 2011 में भारत भी 276 रनों का टारगेट प्राप्त कर चुका है। उसने वेस्टइंडीज के खिलाफ ऐसा करके दिखाया था। बताते चलें कि यह पहली बार है जब गुवाहाटी के बारसपारा मैदान पर कोई टेस्ट मैच खेला जा रहा है। आमतौर पर भारत की पिचें चौथे-पांचवें दिन तक बल्लेबाजी के लिए कठिन होने लगती हैं, ऐसे में 549 रनों का लक्ष्य हासिल करना टीम इंडिया के लिए बहुत बड़ी चुनौती होगी।

## सैयद मुश्ताक ट्रॉफी में हार्दिक पांड्या की वापसी

**एजेंसी, हैदराबाद**

चोट के बाद वापसी कर रहे हार्दिक पांड्या पर बुधवार से शुरू हो रहे सैयद मुश्ताक अली टी20 टूर्नामेंट में सभी की नजरें होंगी, जबकि प्रतिभाशाली घरेलू क्रिकेटर आईपीएल की नीलामी से पहले अच्छा प्रदर्शन करके ध्यान खींचना चाहेंगे। हार्दिक ने सितंबर में एशिया कप के दौरान चोट लगने के बाद से प्रतिस्पर्धी क्रिकेट नहीं खेला है।



फरवरी मार्च में भारत में होने वाले टी20 विश्व कप से पहले हार्दिक सिर्फ टी20 प्रारूप ही खेलेंगे और दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ नौ दिसंबर से शुरू हो रही टी20 सीरीज से पहले अपनी फिटनेस साबित करने का उनके पास यह टूर्नामेंट ही एक मौका है। टूर्नामेंट हैदराबाद, अहमदाबाद, कोलकाता और लखनऊ में खेला जायेगा। शार्दुल ठाकुर की कप्तानी वाली मुंबई टीम गत चैंपियन के तौर पर उतरेगी। बड़ौदा की टीम आठ दिसंबर तक सात ग्रुप मैच खेलेगी और मुख्य कोच मुकुंद परमार को पंड्या के अधिकांश मैचों में खेलने की उम्मीद है।

परमार ने कहा,''वह अभी टीम से जुड़ा नहीं है, लेकिन हमें उम्मीद है कि वह अधिकांश मैच खेलेगा। उसकी मौजूदगी से टीम का मनोबल बढ़ेगा।'' कप्तान सूर्यकुमार यादव भी मुंबई के लिए अधिकांश ग्रुप मैच खेलेंगे। शिवम दुबे भी मुंबई टीम का हिस्सा है। वहीं, स्पिनर वरुण चक्रवर्ती को तमिलनाडु का कप्तान बनाया गया है जो ग्रुप चरण में खेलेंगे। केरल के कप्तान संजू सैमसन भी ग्रुप चरण में नजर आएंगे। एक समय भारतीय क्रिकेट में भविष्य का सितारा माने जा रहे पृथ्वी साव को पिछले साल नीलामी में किसी आईपीएल टीम ने नहीं खरीदा था। अब वह घरेलू क्रिकेट में मुंबई के लिए नहीं, बल्कि महाराष्ट्र के लिए खेलते हैं। वह भी अच्छा प्रदर्शन करके वापसी का दावा ठोकना चाहेंगे।

नीतिश राणा दिल्ली की कप्तानी करेंगे। असम के कप्तान रियान पराग और मध्यप्रदेश के वेंकटेश अय्यर की नजरें भी बेहतर प्रदर्शन पर होंगी। अय्यर को 23.75 करोड़ रुपए में खरीदने वाली कोलकाता नाइट राइडर्स ने रिलीज कर दिया है। (अनंत ज्ञान)

### भारतीय बल्लेबाज नाकाम कोच दोषी नहीं : सुरेश रैना

**एजेंसी, नई दिल्ली।** भारत के पूर्व क्रिकेटर सुरेश रैना ने राष्ट्रीय टीम के मुख्य कोच गौतम गंभीर का समर्थन करते हुए कहा कि घरेलू टेस्ट मैचों में टीम के खराब प्रदर्शन के लिए कोच को जिम्मेदार ठहराना उचित नहीं है। रैना के मुताबिक खिलाड़ियों को अपनी नाकामी की जिम्मेदारी खुद लेनी चाहिए। न्यूजीलैंड से घरेलू सीरीज में हार झेलने के बाद भारत मौजूदा दक्षिण अफ्रीका टेस्ट सीरीज में भी मुश्किल स्थिति में है। पहला मैच गंवाने के बाद टीम के पास दूसरा टेस्ट जीतने की संभावना बेहद कम है। रैना ने कहा कि गौतम भैया ने बहुत मेहनत की है। रन तो खिलाड़ियों को ही बनाने होंगे, कोच सिर्फ दिशा-निर्देश दे सकता है। उन्होंने गंभीर के भविष्य पर उठ रही शंकाओं को खारिज करते हुए कहा कि खिलाड़ियों को यदि कोई समस्या है, तो उन्हें खुलकर कोच से बात करनी चाहिए। रैना ने याद दिलाया कि गंभीर के नेतृत्व में भारत ने आईसीसी चैंपियंस ट्रॉफी और एशिया कप में बेहतरीन प्रदर्शन किया। टीम चयन को लेकर उठ रहे सवालों पर रैना ने कहा कि घरेलू क्रिकेट में प्रदर्शन ही चयन का पैमाना होना चाहिए। उन्होंने तीनों प्रारूपों से तालमेल में खिलाड़ियों की बढ़ती चुनौतियों और व्यस्त कार्यक्रम के प्रभाव पर भी बात की। रैना ने आगामी वनडे श्रृंखला में रोहित शर्मा, विराट कोहली और थोड़े अंतराल बाद वापसी कर रहे ऋषभ पंत से बेहतर प्रदर्शन की उम्मीद जताई। (अनंत ज्ञान)

## गौड़, दीप्ति, चरणी को डब्ल्यूपीएल नीलामी में मोटी धनराशि मिलने की उम्मीद

**एजेंसी, नई दिल्ली**

लॉरा वोलवार्ट और भारत की विश्व कप में जीत की नायिका दीप्ति शर्मा सहित कई शीर्ष अंतरराष्ट्रीय क्रिकेटर गुरुवार को यहां महिला प्रीमियर लीग (डब्ल्यूपीएल) की नीलामी में आकर्षण का केंद्र होंगे, जबकि घरेलू खिलाड़ी क्रांति गौड़ और श्री चरणी को भी मोटी धनराशि मिलने की उम्मीद है।




कुल 277 खिलाड़ी (194 भारतीय और 83 विदेशी) पहली बार होने वाली इस मेगा नीलामी का हिस्सा होंगे। पांच टीमें अधिकतम 73 स्थानों को भरने की कोशिश करेंगी, जिनमें 50 भारतीय और 23 विदेशी खिलाड़ी शामिल होंगे। कम से कम 15 और अधिकतम 18 खिलाड़ी टीम में शामिल किए जा सकते हैं। वनडे विश्व कप जीत के बाद भारतीय खिलाड़ियों की भारी मांग होगी। टूर्नामेंट की प्लेयर ऑफ द टूर्नामेंट दीप्ति शर्मा पर अच्छी बोली लगने की संभावना है। उन्हें विश्व कप फाइनल के तुरंत बाद यूपी वॉरियर्स ने रिलीज कर दिया था।

अगर क्रांति और चरणी जैसी युवा खिलाड़ी धनराशि के मामले में दीप्ति की बराबरी कर ले तो किसी को हैरानी नहीं होनी चाहिए। इन दोनों ने विश्व कप में शानदार प्रदर्शन करके प्रभावित किया था। हरलीन देओल, रेणुका सिंह और स्नेह राणा भी नीलामी का हिस्सा हैं।

जिन अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ियों पर दांव लगने के संभावना है उनमें ऑस्ट्रेलिया की पूर्व कप्तान मेग लैनिंग, वर्तमान ऑस्ट्रेलियाई कप्तान एलिसा हीली, इंग्लैंड की प्रमुख स्पिनर सोफी एक्लेस्टोन, न्यूजीलैंड की सोफी डिवाइन, उनकी हमवतन अमेलिया केर और दक्षिण अफ्रीकी कप्तान वोलवार्ट शामिल हैं।

सिर्फ एक खिलाड़ी को रिटेन करने के बाद यूपी वॉरियर्स के पास नीलामी में सबसे अधिक राशि (14.5 करोड़ रुपए) है, जबकि दिल्ली कैपिटल्स के पास सबसे कम राशि (5.70 करोड़) है। (अनंत ज्ञान)

### पड़ोसी देश के क्रिकेट प्रीमियर लीग पर सट्टेबाजी में 9 भारतीय समेत 10 गिरफ्तार

**एजेंसी, काठमांडू।** नेपाल प्रीमियर लीग (एनपीएल) के दौरान ऑनलाइन सट्टेबाजी में शामिल होने के आरोप में नेपाल में नौ भारतीयों सहित 10 लोगों को गिरफ्तार किया गया है। यह लीग काठमांडू के त्रिभुवन विश्वविद्यालय स्टेडियम में आयोजित की जा रही है। पुलिस ने उन्हें काठमांडू में दो अलग-अलग स्थानों पर छापों के दौरान गिरफ्तार किया। पुलिस द्वारा शनिवार को की गई एक छापेमारी के दौरान आठ भारतीय नागरिकों को गिरफ्तार किया गया और उनके पास से 15 मोबाइल फोन भी जब्त किए गए। पुलिस ने बताया कि शुक्रवार को एक अलग स्थान पर छापे के दौरान एक नेपाली और एक भारतीय सहित दो व्यक्तियों को पुलिस ने गिरफ्तार किया। पुलिस के अनुसार, वे एनपीएल क्रिकेट टूर्नामेंट को लेकर अवैध सट्टेबाजी में शामिल हैं। इस टूर्नामेंट का आयोजन काठमांडू में 17 नवंबर से 13 दिसंबर तक किया जा रहा है। (अनंत ज्ञान)

## भारत को 2030 कॉमनवेल्थ गेम्स की आज मिल सकती है मेजबानी

**एजेंसी, नई दिल्ली**

भारत को 2030 राष्ट्रमंडल खेलों (सीडब्ल्यूजी) की मेजबानी पर बुधवार को ग्लासगो में होने वाली आम सभा से औपचारिक मंजूरी मिलने की उम्मीद है। यह फैसला भारत को वैश्विक बहु-खेल आयोजन केंद्र बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है।

भारत ने 2010 में दिल्ली में सीडब्ल्यूजी आयोजित किए थे, जबकि 2030 के खेल अहमदाबाद में प्रस्तावित हैं, जहां पिछले वर्षों में खेल अधोसंरचना में उल्लेखनीय सुधार हुआ है। राष्ट्रमंडल खेल बोर्ड की सिफारिशों पर आम सभा मुहर लगाएगी। यह मूल्यांकन तकनीकी तैयारी, खिलाड़ियों के अनुभव, बुनियादी ढांचे और प्रशासनिक क्षमता के आधार पर किया गया था। मेजबानी की दौड़ में भारत को नाइजीरिया के अबुजा से चुनौती मिली थी, लेकिन कॉमनवेल्थ स्पोर्ट ने 2034 के खेलों के लिए अबुजा पर विचार करने का निर्णय किया। भारतीय प्रतिनिधिमंडल में संयुक्त सचिव (खेल) कुणाल, आईओए अध्यक्ष पीटी उषा और गुजरात के खेल मंत्री हर्ष संघवी शामिल होंगे। औपचारिक घोषणा भारतीय समयानुसार शाम 6:30 बजे होने की संभावना है।

कॉमनवेल्थ स्पोर्ट के अनुसार, 2030 की मेजबानी का निर्णय आंदोलन के 100 वर्ष के इतिहास में महत्वपूर्ण अध्याय जोड़ेगा। अहमदाबाद पहले ही भारोत्तोलन, एक्वेटिक्स और फुटबॉल टूर्नामेंट जैसे कई बड़े आयोजनों की सफल मेजबानी कर चुका है। आगामी वर्षों में शहर एशियाई भारोत्तोलन चैंपियनशिप, एशिया पैरा तीरंदाजी कप और 2029 के विश्व पुलिस व अग्निशमन खेलों की मेजबानी भी करेगा। सरदार वल्लभभाई पटेल खेल परिसर को इस आयोजन का मुख्य केंद्र बनाया जाएगा, जिसमें विश्व का सबसे बड़ा क्रिकेट स्टेडियम, नया जलक्रीड़ा केंद्र, फुटबॉल स्टेडियम और 3,000 क्षमता वाला खेल गांव शामिल होगा। आईओए ने स्पष्ट किया है कि 2030 में वे कुश्ती, निशानेबाजी, बैडमिंटन व हॉकी जैसे खेलों को शामिल करेंगे, जिन्हें ग्लासगो के 2026 संस्करण से हटाया गया है। (अनंत ज्ञान)

### पहली बार विश्व युवा चैंपियनशिप के फाइनल में पहुंची भारतीय अंडर-19 टेबल टेनिस टीम

**एजेंसी, नई दिल्ली।** रोमानिया में आयोजित अंतरराष्ट्रीय टेबल टेनिस फेडरेशन (आईटीटीएफ) विश्व युवा चैंपियनशिप में भारत के अंडर-19 लड़कों ने इतिहास रच दिया है। टीम ने सेमीफाइनल में चीनी ताइपे को 3-2 से हराकर पहली बार टूर्नामेंट के फाइनल में प्रवेश किया। अब भारत का मुकाबला फाइनल में जापान से होगा। टीम में अंकुर भट्टाचार्जी, पी. बी. अभिनंद और प्रियंजुन भट्टाचार्य शामिल हैं। सेमीफाइनल में अंकुर ने शानदार शुरुआत करते हुए हसु हसिएन-चिया को 3-2 से हराकर भारत को बढ़त दिलाई। इसके बाद कुओ गुआन-होंग ने अभिनंद को 3-1 से हराकर स्कोर बराबर कर दिया। प्रियंजुन ने लिन चिन-टिंग को 3-2 से मात देकर भारत को बढ़त वापस दिलाई। चीनी ताइपे के कुओ ने अंकुर को 3-0 से हराकर मुकाबले को निर्णायक मैच तक पहुंचा दिया। (अनंत ज्ञान)

## स्पेन और जापान को जूनियर हॉकी विश्व कप में अच्छे प्रदर्शन की उम्मीद

**एजेंसी, मदुरै**

दो बार की कांस्य पदक विजेता स्पेन को जूनियर विश्व कप में अच्छे प्रदर्शन का यकीन है और उनके कोच ने कहा कि टीम पूरी तैयारी के साथ उतरी है। स्पेन और आस्ट्रिया की टीमें मंगलवार को यहां पहुंचीं, जबकि जापान और चिली की टीमें चेन्नई पहुंचीं हैं।



स्पेन के कोच ओरियोल पुइग टोरास ने हॉकी इंडिया की एक विज्ञप्ति में कहा,''हम काफी रोमांचित हैं और इतने प्रतिष्ठित टूर्नामेंट का हिस्सा बनकर गौरवान्वित भी। हमारी तैयारियां अच्छी चल रही है और मेरा मानना है कि हमारे पास शीर्ष स्तर पर अच्छा प्रदर्शन करने वाली टीम है।'' स्पेन ने 2003 कुआलालम्पुर जूनियर विश्व कप में भारत को हराकर कांस्य पदक जीता था। स्पेन को पूल डी में बेल्जियम, नामीबिया और मिस्र के साथ रखा गया है। वह शुक्रवार को मिस्र से पहला मैच खेलेंगे। वहीं, चौथा पुरुष जूनियर विश्व कप खेल रही जापान की टीम पूल सी में अर्जेंटीना, चीन और न्यूजीलैंड के साथ है।

जापान के मुख्य कोच योशिहिरो अनाइ ने कहा,''हमने विश्व कप की अच्छी तैयारी की है। हम जापान की सीनियर टीम के खिलाफ खेलकर पुख्ता तैयारी से आए हैं। हमें उम्मीद है कि टूर्नामेंट में प्रदर्शन अच्छा रहेगा।'' (अनंत ज्ञान)

## कराटे की असल फिलॉसफी पर लौटना बेहद जरूरी: सुबोध

### रेनबूकाई चीफ ने कैंप में खिलाड़ियों को सिखाई पारंपरिक तकनीकें

**अश्वनी शर्मा, अनंत ज्ञान**

**कसौली।** रेनबूकाई कराटे-डू दस्मा जुकू इंडिया के चीफ टेक्निकल डायरेक्टर सुबोध धीमान ने कसौली में आयोजित एकदिवसीय कराटे कैंप में खिलाड़ियों को प्रशिक्षण दिया। सेंसेई संजीव की कराटे यूनिट द्वारा आयोजित इस कैंप में बच्चों, लड़कियों, युवाओं और ब्लैक बेल्ट खिलाड़ियों ने उत्साहपूर्वक हिस्सा लिया। प्रतिभागियों को रेनबूकाई कराटे की विशेष तकनीकें, स्टांस, फुटवर्क और शुरुआती आत्मरक्षा अभ्यास सिखाए गए।



कराटे कैंप प्रशिक्षण शिविर में पहुंचे खिलाड़ी।

सुबोध धीमान ने कहा कि कराटे का मूल उद्देश्य फिलॉसफी, अनुशासन और एथिक्स बढ़ती व्यावसायिकता के बीच कहीं खोते जा रहे हैं। बेल्ट ग्रेडिंग और प्रतियोगिताओं के नाम पर खिलाड़ियों को भ्रमित करने की प्रवृत्ति पर चिंता जताते हुए उन्होंने कहा कि कराटे की पहचान रंगीन बेल्टों में नहीं, बल्कि सही तकनीक, मेहनत और चरित्र निर्माण में है। उन्होंने प्रशिक्षकों और खिलाड़ियों से पारंपरिक कराटे के असली स्वरूप पर लौटने की अपील की।

धीमान ने बताया कि रेनबूकाई एक पारंपरिक कराटे शैली है, जो कियोन, काता, कुमिते, अनुशासन, आत्मरक्षा और मानसिक एकाग्रता के समन्वय पर आधारित है। यह शैली ताकत, गति और संतुलन के संतुलित विकास पर जोर देती है। खिलाड़ियों ने उनके प्रशिक्षण की सराहना की। सेंसेई संजीव ठाकुर ने कहा कि ऐसे कैंप खिलाड़ियों को अंतरराष्ट्रीय मानकों और पारंपरिक कराटे पद्धति से जोड़ते हैं। कैंप में पुनीत वर्मा सहित कई कोच उपस्थित रहे।

## सुल्तान अजलान शाह कप हॉकी अभिषेक-शिलानंद के गोल भी नहीं बचा सके टीम इंडिया को

# बेल्जियम ने भारत को 2-3 से हराया

**एजेंसी, इपोह (मलेशिया)**

भारत ने मंगलवार को यहां बारिश से प्रभावित सुल्तान अजलान शाह कप हॉकी टूर्नामेंट के मैच में डटकर मुकाबला किया, लेकिन आखिर में वह बेल्जियम से 2-3 से हार गया।

भारत के लिए अभिषेक (33वें मिनट) और शिलानंद लाकड़ा (57वें) ने, जबकि बेल्जियम के लिए रोमन डुवेकोट (16वें और 57वें) और निकोलस डी कर्पेल (45वें) ने गोल किए।

डिफेंडर संजय की अगुवाई में भारत ने छह टीमों की प्रतियोगिता में रविवार को तीन बार के चैंपियन दक्षिण कोरिया के खिलाफ पहला मैच 1-0 से जीता था। बेल्जियम को मैच शुरू होने के 10 मिनट बाद पहला पेनल्टी कॉर्नर मिला। इसके बाद उसने जल्द ही दूसरा पेनल्टी कॉर्नर भी हासिल कर लिया, लेकिन दोनों अवसरों पर भारतीय रक्षापंक्ति ने डटकर मुकाबला किया और सुनिश्चित किया कि पहले क्वार्टर के अंत तक वे बराबरी पर रहें। भारतीय गोलकीपर पवन ने अच्छा खेल दिखाया, लेकिन वह 17वें मिनट में रोमन डुवेकोट को गोल करने से नहीं रोक पाए जिससे बेल्जियम ने बढ़त हासिल कर ली।

### भारत का अगला मुकाबला मलेशिया से आज




भारत ने दूसरे हाफ में पूरी ताकत झोंक दी और 33वें मिनट में अभिषेक के शानदार गोल से स्कोर बराबर कर दिया, लेकिन बेल्जियम ने निकोलस डी कर्पेल (45वें मिनट) के पेनल्टी कॉर्नर पर किए गए गोल की मदद से फिर से बढ़त हासिल कर ली। रोमन डुवेकोट (46वें मिनट) ने चौथे क्वार्टर की शुरुआत में गोल करके बेल्जियम को अच्छी स्थिति में पहुंचा दिया। जब मैच खत्म होने में केवल तीन मिनट का समय बचा था तब शिलानंद लाकड़ा (57वें मिनट) ने रविचंद्र सिंह के शानदार क्रॉस पर गोल करके भारत को उम्मीद की किरण दिखाई लेकिन वह बराबरी का गोल नहीं कर पाया। भारत का अगला मुकाबला बुधवार को मलेशिया से होगा। (अनंत ज्ञान)